

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, बुधवार, 4 जून 2025 । वर्ष – 67 । अंक –49 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु
प्रेस पंजीयन- 06072/59



चिराग पासवान को आगामी विस चुनाव में उतरना चाहिए : अरुण पृष्ठ 2
■ पहली बार हो रहा सेना का निर्लज्ज इस्तेमाल
■ आतंकवादविरोधी राष्ट्रीय सर्वानुमति कौन तोड़ रहा है? पृष्ठ 6
■ आतंकवाद के खिलाफ भारत को मिला ब्रिटिश नेताओं का समर्थन
■ गाजा में मानवीय सहायता केंद्र पर इजरायल के हमले से 19 लोगों की मौत पृष्ठ 7
इंडोनेशिया ओपन : पीवी सिंधु ने नोजोमी ओकुहारा को हराया पृष्ठ 8

### विपक्षी दलों के 'इंडिया गठबंधन' ने की बैठक

# मोदी को लिखा पत्र, संसद सत्र बुलाने की मांग

- गठबंधन के 16 दलों ने लिया हिस्सा, आप व एनसीपी शरद ने किया किनारा
- पत्र पर 16 दलों के नेताओं ने हस्ताक्षर किए
- संजय राउत बोले, विपक्ष जनता की आवाज



जब अमेरिका ने सैन्य कार्रवाई रोकने की घोषणा की तो इसने सभी को चौंका दिया इसलिए देश जानना चाहता है कि आखिर ऐसा कैसे हुआ : दीपेंद्र हुड्डा, कांग्रेस नेता

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सैन्य कार्रवाई रोकने में अपनी भूमिका को लेकर 15 दिनों में 13 बयान दिए और उनके बयानों से भारत की भावनाएं आहत हुई हैं। इन बयानों से पूरा राष्ट्र आहत है: मनोज झा, राष्ट्रीय जनता दल

पहलगाम हमले के बाद आतंकवादी ठिकानों पर हमला और फिर पाकिस्तान के साथ सैन्य कार्रवाई हुई। उसमें हम कितना सफल हुए और आज हमारी स्थिति क्या है, किन देशों ने इस कार्रवाई के दौरान हमारा साथ दिया, यह यह देश जानना चाहता है: राम गोपाल यादव , समाजवादी पार्टी

**नई दिल्ली**, 3 जून (देशबन्धु)। विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन ने पहलगाम हमला, आपरेशन सिंदूर, सैन्य कार्रवाई तथा आतंकवाद को खत्म कर पाकिस्तान को अलग–थलग करने में देश कितना सफल रहा इन सब मुद्दों पर व्यापक चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मंगलवार को मांग करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है जिसमें 16 दलों के नेताओं ने हस्ताक्षर किए हैं।

इंडिया गठबंधन के नेताओं ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद की स्थिति और सांसदों के सात प्रतनिधि मंडलों को दुनिया के विभिन्न देशों की राजधानियों में भेजकर आतंकवाद पर हम अपना पक्ष रखने में कितना सफल रहे इसकी जानकारी देश चाहता है। विपक्षी दलों ने कहा कि सांसदों का प्रतिनिधि मंडल लौट रहा है और इसमें दुनिया को समझाने में हम कितना सफल रहे इस बारे में सारी जानकारी संसद में दी जानी चाहिए। उन्होंने इस बात पर आश्चर्य जताया कि पूरी दुनिया को बताने के लिए सांसदों का प्रतिनिधि मंडल विदेशों में भेजा जाता है लेकिन अपनी संसद और उसके माध्यम से देश की जनता को कुछ नहीं बताया जाता है। संसद सत्र को आवश्यक बताते हुए उन्होंने कहा कि विशेष सत्र बुलाकर सांसदों और देश को पूरे घटनाक्रम की जानकारी देना जरूरी है। बैठक के बाद कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद देश जानना चाहता है कि पाकिस्तान को आतंकवाद के नाम पर दुनिया में अलग थलग करने तथा आतंकवाद को खत्म करने में हमारी कोशिश कितना सफल रही है। यह बात संसद में बताई जानी चाहिए इसलिए संसद का विशेष सत्र बुलाना चाहिए।

कांग्रेस सांसद ने कहा कि आतंकी हमले के बाद पूरा देश एकजुट था और कांग्रेस पार्टी तथा सभी विपक्षी दल अपने सशस्त्र बलों और सरकार के समर्थन में खड़े थे। जब अमेरिका ने सैन्य कार्रवाई रोकने की घोषणा की तो इसने सभी को चौंका दिया इसलिए देश जानना चाहता है कि आखिर ऐसा कैसे हुआ। विपक्ष सरकार से लगातार संसद सत्र का विशेष सत्र बुलाकर जानकारी साझा करने की मांग कर रहा है ताकि सभी दल हमारे सशस्त्र बलों को धन्यवाद दे सकें। पहलगाम से लेकर ऑपरेशन सिंदूर और अमेरिका से सैन्य कार्रवाई रोकने की घोषणा तक की स्थिति पर संसद में बात होनी चाहिए और देश को बताया जाना चाहिए कि आतंकवाद को कैसे खत्म करना है और इस पर हमारी अगली रणनीति क्या है इसको लेकर संसद में ही व्यापक चर्चा होनी चाहिए।

**बैठक में ये दल हुए शामिल**

बैठक में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, शिवसेना उद्धव गुट, राजद, नेशनल कॉन्फ्रेंस, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, आईयूएमएल, आरएसपी, झारखंड मुक्ति मोर्चा सहित 16 दलों के नेताओं ने हिस्सा लिया।

# भूअर्जन मामले में बिलासपुर आरटीओ 5 साल पुराने केस में निलंबित, तब एसडीएम थे

## रायपुर के एक और अधिकारी निशाने पर

**रायपुर**, 3 जून (देशबन्धु)। अभनपुर भारतमाला सड़क के भूअर्जन में 200 करोड़ से ज़्यादा का घपला अभी गर्म है। एडिशनल और डिप्टी कलेक्टर समेत कुछ अधिकारी फ़रार चल रहे हैं। उधर बिलासपुर में अरपा की एक नहर के लिए भूअर्जन में बड़ा घपला फूट गया है। करोड़ों के इस खेल में भी अफसर ही सरकार के निशाने पर आ गए हैं। इस मामले में सरकार ने बिलासपुर के सीनियर आरटीओ आनंदरूप तिवारी को निलम्बित कर दिया है। सवाल यह भी पैदा हो गया है कि जब इस अफ़सर का आलरेडी करोड़ों के घपले में नाम था तो उसे परिवहन विभाग में डेपुटेशन पर क्यों भेजा गया। आरटीओ किन लोगों ने बनवाया था। सिर्फ आनन्दरूप ही नहीं, नहर भूअर्जन स्कैम में राज्यसेवा के रायपुर में पदस्थ सीनियर अफसर, एक–दो तहसीलदार और जल संसाधन विभाग के अफसरों पर भी आईएएस सौरभ कुमार की रिपोर्ट में उँगलियाँ उठाई गई थीं, लेकिन अभी उन पर एक्शन बाक़ी है।



अरपा भैसाझार नहर के भूअर्जन के समय आनंदरूप तिवारी कोटा के एसडीएम थे। शासन से जारी आदेश में कहा गया है कि तिवारी के भूअर्जन प्रभारी अफसर रहते हुए इस नहर के लिए भूअर्जन में शासन को भारी नुकसान पहुचाया गया।

अफसर का यह कृत्य अपने कार्य के प्रति उदासीनता और गंभीर लापरवाही का द्योतक है। शासन ने आरटीओ तिवारी को सस्पेंड कर बिलासपुर कमिश्नर ऑफिस में अटैच किया है। शेष अफसरों पर कार्रवाई कब होगी, क्या यह स्कैम भी भारतमाला भूअर्जन स्कैम की तरह ईओडब्लू को सौंपा जाएगा, ये सवाल अफसरों के बीच चर्चा में हैं।

## सार संक्षेप

### जी-7 सम्मेलन में शामिल नहीं होना कूटनीतिक विफलता : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि जी-7 यानी समूह सात के देशों के शिखर सम्मेलन में भारत को आमंत्रित किया जाता रहा है लेकिन पिछले छह साल में यह पहला मौका है जब भारत इस सम्मेलन में हिस्सा लेने नहीं जा रहा है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने मंगलवार को यहां एक बयान में कहा कि अमेरिका और फ्रांस के राष्ट्रपतियों, ब्रिटेन, जापान, इटली और कनाडा के प्रधानमंत्रियों तथा जर्मनी के चांसलर का जी-7 शिखर सम्मेलन 15 जून से कनाडा में अल्बर्टा के कनानास्किस में हो रहा है। इस शिखर सम्मेलन में ब्राजील, मैक्सिको, दक्षिण अफ्रीका और यूक्रेन के राष्ट्रपतियों और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री को भी आमंत्रित किया गया है।

### भारत ध्रुवीय अनुसंधान पोत बनाएगा, नॉर्वे के साथ समझौता

**नई दिल्ली।** भारत पहली बार नार्वे के सहयोग से अपना पहला पहला ध्रुवीय अनुसंधान पोत (पीआरवी) बनाने जा रहा है तथा नार्वे की कंपनियों को भारत के पोतनिर्माण और पुराने पोतों को तोड़ने के कारोबार में निवेश बढ़ाने का निमंत्रण दिया है। नार्वे की यात्रा पर गए बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल की उपस्थिति में भारत के स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) ने नार्वे के कोंग्सबर्ग समूह के साथ सहयोग के करार पर हस्ताक्षर किए गए।

### भारत ने पाकिस्तान के 9 से अधिक ठिकानों को पहुंचाया नुकसान

**नई दिल्ली।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकियों के ठिकाने को ध्वस्त किया था। इसी बीच पाकिस्तान डोजियर ने भारत के हमले में हुए नुकसान को लेकर बड़ा कबूलनामा किया है। पाकिस्तान के ऑपरेशन 'बुनयान उन मार्सोस' पर आधिकारिक डोजियर में बताया गया है कि भारत ने कम से कम आठ अतिरिक्त ठिकानों पर हवाई हमला किया है। जिनका खुलासा भारत की तरफ से पहले नहीं किया गया था।

### छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड का आदेश

# निकाह पढ़ाने के लिए ईमाम/मौलाना अब 11 सौ रूपये से ज्यादा नहीं ले सकेंगे

**रायपुर**, 3 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने समस्त वक्फ संस्थाओं (मस्जिद, मदरसा, दरगाह) के मुतवल्लीयों के लिए एक बड़ा आदेश जारी किया है जिसमें यह कहा गया है कि, छत्तीसगढ़ में अब निकाह पढ़ाने के लिए ईमाम/मौलाना द्वारा जो नजराना/उपहार लिया जाता है वह 11 सौ रूपये से अधिक नहीं ले सकेंगे।



डॉ.सलीम राज के पास विगत दिनों कुछ शिकायतें प्राप्त हुई थी कि किसी एक इमाम/मौलाना ने निकाह पढ़ाने के लिए 5100 रूपये नजराना/उपहार न दिये जाने पर निकाह पढ़ाने से इनकार कर दिया और वहां से चले गये। इस प्रकार की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डॉ.राज ने यह आदेश जारी किया है कि अब प्रदेश भर के इमाम/मौलाना निकाह पढ़ाने के लिए 11 सौ रूपये से अधिक नजराना/उपहार नहीं ले सकेंगे। इस्लाम में शरीयत का भी यह हुक्म है कि निकाह को आसान करें। पूरे प्रदेश में लगभग 800 से अधिक इमाम और मौलाना है जो निकाह पढ़ाने का काम करते हैं, यदि किसी इमाम या मौलाना द्वारा इस आदेश का उल्लंघन किया जाता है या किसी इमाम या मौलाना के विरूद्ध इस प्रकार की कोई शिकायत प्राप्त होती है तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जायेगा।

डॉ. सलीम राज ने कहा कि, यह फरमान जारी करने का मुख्य उद्देश्य यह है कि, समाज के अति पिछड़ा वर्ग और गरीब वर्ग के लोग को सहूलियत दी जाये, चूंकि एक गरीब परिवार के लिए 5100 रूपये बहुत महत्व रखता है उसे कमाने में बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। वक्फ बोर्ड अध्यक्ष के इस फरमान से समाज में जो एक विसंगती पैदा हो गई थी वह दूर होगी और गरीब परिवार के लोगों को निकाह पढ़ाने के लिए कोई बड़ी रकम नजराना नहीं देना होगा।

डॉ. सलीम राज ने कहा कि, देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि गरीब का हक गरीब को मिले। तीन तलाक का कानून लागू होने से मुस्लिम तलाकशुदा महिला आज सुखी जीवन व्यतीत कर रही है। तलाक में आज 35 प्रतिशत की कमी आई है।

# कमल हासन को हाई कोर्ट ने लगाई फटकार

**बेंगलुरु**, 3 जून (एजेंसियां)। कन्नड़ भाषा पर दिए कमल हासन के बयान को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। कर्नाटक हाई कोर्ट ने मंगलवार को अभिनेता को कन्नड़ भाषा की उत्पत्ति पर उनकी विवादास्पद टिप्पणी के लिए फटकार लगाई। कोर्ट ने सवाल किया कि अपनी गलती के लिए वे पुलिस सुरक्षा क्यों मांग रहे हैं? कोर्ट ने कहा, 'अभिव्यक्ति की आजादी का इस्तेमाल लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए नहीं करना चाहिए।' न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह टिप्पणी कमल हासन की उस याचिका पर सुनवाई के दौरान की, जिसमें उन्होंने अपनी फिल्म 'ठग लाइफ' को कर्नाटक के सिनेमाघरों में रिलीज करने के लिए सुरक्षा की मांग की थी। कमल हासन ने कहा था कि कन्नड़ भाषा तमिल से निकली है, जिसके बाद कर्नाटक में उनके खिलाफ विरोध शुरू हो गया।



### हर दो घंटे में मिलेंगे मतदान के सटीक आंकड़े

**नई दिल्ली**, 3 जून (एजेंसियां)। मतदाता मतदान प्रतिशत को लेकर लगातार विपक्ष के आरोपों का सामना कर रहा निर्वाचन आयोग एक नई व्यवस्था शुरू करने जा रहा है। चुनाव आयोग ने मंगलवार को कहा कि वह अनुमानित मतदाता मतदान प्रतिशत डेटा समय पर मिल सके इसके लिए वह एक सुव्यवस्थित, प्रौद्योगिकी–आधारित प्रणाली शुरू कर रहा है। जिससे पहले की मैन्युअल रिपोर्टिंग विधियों से जुड़ी समय–देरी 'काफी हद तक' कम हो जाएगी।

# युक्तियुक्तकरण के विरोध में कांग्रेस चलाएगी आंदोलन

**रायपुर**, 3 जून (देशबन्धु)। प्रदेश में युक्तियुक्तकरण के नाम पर 10463 स्कूलों को बंद करने के विरोध में कांग्रेस प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने घोषणा किया, चार चरणों में आंदोलन होगा।



- बीईओ एवं डीईओ कार्यालय का घेराव
- बंद स्कूलों में पालको, विधायकों के साथ विरोध प्रदर्शन किया जायेगा

पहले चरण में 5, 6 एवं 7 जून को जिला स्तरीय पत्रकार वार्ता आयोजित होगा। जिसमें वरिष्ठ नेता मीडिया के माध्यम से इसका विरोध करेंगे।

दूसरा चरण में 9, 10 एवं 11 जून को ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (बीईओ) कार्यालय का घेराव किया जायेगा।

तीसरा चरण 16 से 25 जून तक 3 से 5 किलोमीटर की जिला स्तरीय च्चशिक्षा न्याय यात्राज्ज निकालकर जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालय का घेराव किया जायेगा।

चौथा चरण 1 से 10 जुलाई तक प्रत्येक ब्लाक में 5 से 10 बंद स्कूलों में पालको, विधायकों के साथ विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार द्वारा शिक्षा विभाग में नये सेटअप के नाम पर किये जा रहे युक्तियुक्तकरण से 10463 स्कूल सीधे तौर पर बंद ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### राहुल ने प्रधानमंत्री मोदी पर साधा निशाना

# ट्रंप का फोन आया और बस सरेंडर

**भोपाल**, 3 जून (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश दौरे पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने पाकिस्तान के साथ सीजफायर में ट्रंप के दावों का जिक्र करते हुए केंद्र सरकार से सवाल पूछे। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में संगठन सृजन अभियान की शुरुआत करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा, ट्रंप का एक फोन आया और नरेंद्र जी तुरंत सरेंडर हो गए। इतिहास गवाह है यही बीजेपी–आरएसएस का कैरेक्टर है, ये हमेशा झुकते हैं।



- इतिहास गवाह है, यही बीजेपी-आरएसएस का कैरेक्टर है
- कांग्रेस के शेर-शेरनियां कभी झुकते नहीं
- अमेरिकी धमकी के भी पाकिस्तान तोड़ा

कांग्रेस सासंद राहुल गांधी ने कहा, भारत ने 1971 में अमेरिका की धमकी के बावजूद पाकिस्तान को तोड़ा था। कांग्रेस के बब्बर शेर और शेरनियां सुपर पावर से लड़ते हैं और कभी झुकते नहीं हैं। इंदिरा गांधी के समय फोन कॉल नहीं सातवां बेड़ा आया था, लेकिन इंदिरा गांधी ने कहा मुझे जो करना है वो करूंगी। कांग्रेस पार्टी सरेंडर नहीं होती है. महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल ये सरेंडर वाले लोग नहीं हैं, बल्कि सुपरपावर से लड़ने वाले लोग है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, एक तरफ कांग्रेस पार्टी है और देश का संविधान है। दूसरी तरफ बीजेपी–आरएसएस है, जो संविधान को खत्म करने में लगी है. जातिगत जनगणना को लेकर भी उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधा।

**हम सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ेंगे**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, हमने कह दिया कि हम सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ेंगे और लोकसभा में जातिगत जनगणना पास करवा के दिखाएंगे। इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मोहन भागवत, नितिन गडकरी ने कई बातें कहीं, लेकिन इन पर थोड़ा सा दबाव पड़ा और ये सरेंडर कर गए। बीजेपी–आरएसएस के लोग दबाव में आकर जातिगत जनगणना की बात बोल गए हैं, लेकिन जातिगत जनगणना नहीं कराना चाहते हैं। ये लोग देश में न्याय नहीं चाहते हैं।

**जिलाध्यक्षों की भूमिका बढ़ाएंगे**–उन्होंने आगे कहा कि जिलाध्यक्षों की भूमिका विधानसभा के उम्मीदवार से लेकर लोकसभा के उम्मीदवार के चयन में अहम होगी। जिलाध्यक्ष ताकतवर होंगे। पार्टी आने वाले समय में ब्लॉक स्तर पर जाएगी। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में पार्टी ताकतवर है और उन्हें 55 नेताओं की जरूरत है। इसके लिए पार्टी बेहतर और ऊर्जावान लोगों की तलाश करेगी। यहां के नेताओं में भाजपा को हराने की क्षमता है मगर उनके हाथ बंधे हुए हैं। राहुल गांधी ने राज्य में सक्षम कार्यकर्ता को जिम्मेदारी सौंपे जाने की बात कही।

# आतंकी संबंधों के चलते तीन सरकारी कर्मचारी बर्खास्त

**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू**, 3 जून (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर प्रशासन ने पाकिस्तान समर्थित आतंकी गुटों के संबंध रखने के आरोपों के चलते तीन सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। इन तीनों का संबंध लश्करे तौयबा और हिज्बुल मुजाहिदीन से बताया जाता था जबकि इन्हें संविधान के अनुच्छेद 311 (2) (सी) के तहत लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा द्वारा जारी किए गए आदेश के द्वारा नौकरियों से निकाल दिया गया। जानकारी के लिए यह अनुच्छेद राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित मामलों में विभागीय जांच के बिना बर्खास्तगी की अनुमति देता है। बर्खास्त व्यक्तियों में मलिक इशफाक नसीर, एक पुलिस कांस्टेबल शामिल हैं, अजाज अहमद, एक सरकारी स्कूल शिक्षक

- लश्करे तौयबा व हिज्बुल से बताया जाता था संबंध

और वसीम अहमद खान, गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, श्रीनगर में एक जूनियर सहायक है। तीनों वर्तमान में सलाखों के पीछे हैं। राज्य प्रशासन ने इन तीनों की बर्खास्तगी का ब्यौरा देते हुए बताया कि सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, 2007 में जम्मू कश्मीर पुलिस में शामिल होने वाले मलिक इशफाक नसीर ने लश्करे तौयबा के हैंडलर्स के साथ निकटता बढ़ाते हुए उसके साथ काम कर रहे थे और जम्मू क्षेत्र में हथियारों को ड्रोन से गिराने में की सुविधा प्रदान की थी। जांच से पता चला कि उन्होंने सीमा पार से जीपीएस–सक्षम हथियारों को कश्मीर तक पहुंचाने में मदद करने के लिए अपनी स्थिति का उपयोग किया और घाटी में सक्रिय आतंकवादियों को हथियारों को ले जाने में सहायता की ।वर्ष 2011 से स्कूली शिक्षा विभाग में सेवा दे रहे अजाज ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# उप्र में पूर्व अग्निवीरों को पुलिस में मिलेगा 20 फीसदी आरक्षण

**लखनऊ**, 3 जून (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में अग्निवीरों को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। कैबिनेट बैठक में फैसला लिया गया कि अब यूपी पुलिस और पीएसी में भर्ती के दौरान अग्निवीरों को 20 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। साथ ही इन्हें आयु सीमा में भी विशेष छूट दी जाएगी।

योगी कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी, पीएसी, आरक्षी घुडसवार और फायरमैन की सीधी भर्ती में पूर्व अग्रिवीरों को (4 साल की सेवा के पश्चात) 20 प्रतिशत पदों को आरक्षित रखते हुए क्षैतिज आरक्षण प्रदान किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। भूतपूर्व सैनिक की तरह अग्निवीर के रूप में की गई सेवा अवधि को घटाते हुए अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि भारत सरकार द्वारा अग्निपथ योजना शुरू की गई है, जो देशभक्त और प्रेरित युवाओं को सशस्त्र बलों (भारतीय सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना) में सेवा करने का अवसर देती है। इसके तहत अग्निवीरों का पहला बैच 2026 में सेवा से बाहर आएगा। उत्तर प्रदेश के पूर्व अग्निवीरों को प्रदेश सरकार के इस निर्णय का लाभ मिलेगा।

### भर्ती घोटाला — चयनित उम्मीदवारों और चयन समिति के लोगों के कॉल डिटेल की हो जांच

# शहीद महेंद्र कर्मा विवि में दो और अभ्यर्थियों ने अनुसूचित जनजाति आयोग में की शिकायत

**जगदलपुर, 3 जून (देशबन्धु)। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर के कुलपति आरोपो का सीधा सीधा जवाब देने की बजाए यूजीसी नियम का हवाला देकर सबको गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।**

*बस्तर के वरिष्ठ कॉंग्रेस नेता उमाशंकर शुक्ल ने कुलपति द्वारा मीडिया के समक्ष कही गई बातों को गलत ठहराते हुए कहा है कि कुलपति यह क्यों नही बता रहे हैं कि शैक्षणिक पदो की भर्ती में छत्तीसगढ़ के आरक्षण रोस्टर नियम का अक्षरश: पालन किया गया है या नहीं। श्री शुक्ल ने कहा कि कुलपति को यह भी स्पष्ट करना चाहिए था कि जब आपने अधिकतम आयु सीमा निर्धारित करते हुए विज्ञापन निकाला जिसका प्रमाण यह है कि आपने इंटरव्यू में अधिकतम आयु सीमा के लोगों को अवसर दिया, तो यह भी बताए कि अधिकतम आयु सीमा को शिथिल करने का संशोधित विज्ञापन या शुद्धि पत्र कब और किस माध्यम से प्रकाशित किया गया। इस बात का जवाब देने की बजाय बार बार यूजीसी नियम की आड़ लेकर खुद को बचाने का प्रयास किया जा रहा है।*




- उमाशंकर शुक्ल ने की जांच की मांग

*जिस यूजीसी रेगुलेशन 2018 की बार बार आड़ ले रहे कुलपति यह बताए कि यूजीसी नियम में कहाँ नाट फाउंड सुटेबल का प्रावधान परिभाषित किया गया है। कुलपति यह ना समझे कि बस्तर और छत्तीसगढ़ के लोगों को यूजीसी रेगुलेशन और नियम की जानकारी नहीं है। श्री शुक्ल ने कहा कि कुलपति ने यह भी झूठ कहा है कि एक केंडिडेट होने पर नाट फार सुटेबल किया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी लिस्ट के अनुसार मैनेजमेंट विषय में ऐसोसिएट प्रोफेसर के लिए 6 उम्मीदवार आए थे तो फिर आपने छह के छह उम्मीदवारों को क्यों नॉट फाउंड सुटेबल कर दिया और प्रेस वार्ता लेकर झूठा वक्तव्य दिया ।*

➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# देश

उवाच



"हेमंत सरकार मेरे और मेरे परिवार, मेरे करीबियों पर हमला करने केलिए अपराधियों को सुपारी दे रही। मैं प्रदेश में केवल नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में नहीं, बल्कि उन लाखों झारखंडवासियों की आवाज बनकर उपस्थित हुआ हूं जो भ्रष्टाचार, दमन और भय की राजनीति से पीड़ित हैं।"
–बाबूलाल मरांडी, भाजपा नेता

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 32.0 | 27.0 |
| मुंबई | 31.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 33.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 34.0 | 29.0 |

# आतंक के खिलाफ एकजुट हों सभी देश : ओम बिरला

## ब्राजील में 11वें ब्रिक्स संसदीय मंच की बैठक को किया संबोधित

**नई दिल्ली/लिस्बन,** 3 जून (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को कहा कि भारत आतंकवाद के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति का कड़ाई से पालन करता है और सभी देशों को इस वैश्विक लड़ाई में एकजुट होना चाहिए। उन्होंने इस

- **लोकसभा अध्यक्ष के नेतृत्व में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल पुर्तगाल पहुंचा**

बात पर जोर दिया कि आतंकवाद वैश्विक शांति, स्थिरता और मानवाधिकारों के लिए सबसे बड़ा खतरा है। उन्होंने यह भी कहा कि आतंकवाद के खतरे को समाप्त करने के लिए सभी प्रगतिशील देशों को मिलकर संयुक्त रणनीति बनानी चाहिए। जम्मू और कश्मीर में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बारे में बात करते हुए बिरला ने कहा कि यह हमला भारत की प्रगति और सामाजिक सद्भाव में बाधा डालने के उद्देश्य से किया गया था। लेकिन भारतीय सुरक्षा बलों ने अपने साहस, शौर्य और बुद्धिमत्ता से इन दुर्भावनापूर्ण इरादों को विफल कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सैन्य अभियान के अंतर्गत भारत ने आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट कर इस खतरे का सफलतापूर्वक मुकाबला किया। बिरला ने यह टिप्पणियां लिस्बन, पुर्तगाल में पुर्तगाल गणराज्य की असेंबली के प्रेसिडेंट, जोस पेड्रो अगुइर ब्रैंको के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान कीं। श्री बिरला वर्तमान में 3-6 जून 2025 को ब्राजीलिया, ब्राजील में 11वें ब्रिक्स संसदीय मंच की बैठक में भाग ले रहे भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं।



भारत आतंकवाद के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति का कड़ाई से पालन करता है और इस वैश्विक लड़ाई में सभी देशों को एकजुट होना चाहिए : ओम बिरला

### तकनीक-आधारित पहलें कर रही भारत की संसद

लोस अध्यक्ष ओम बिरला ने यह जानकारी दी कि भारत की संसद आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप तकनीक-आधारित पहलें कर रही है। उन्होंने कहा एआई कि मदद से भारत की विधायी प्रक्रियाएं अधिक पारदर्शी, कुशल और जन-केन्द्रित हुई हैं। बिरला ने यह भी कहा कि डिजिटल संसद टेक्नोलॉजी आधारित प्लेटफॉर्म है जिसने भारत की संसद को आधुनिक रूप दिया है। इससे सांसद, नागरिक, मंत्रालय और सभी हितधारक एक-दूसरे के साथ जुड़े हैं तथा कार्य संचालन त्वरित, पारदर्शी और सुविधाजनक हुआ है। इससे विधायी कार्यवाही में जनता की भागीदारी भी बढ़ी है। उन्होंने आगे कहा कि एआई की मदद से पुराने संसदीय अभिलेखों का डिजिटलीकरण किया जा रहा है, जिससे भारत की विधायी विरासत का संरक्षण हो रहा है और इससे जुड़ी जानकारी व्यापक रूप से सुलभ हो रही है। भारत की विशालता और विविधता के बारे में बात करते हुए बिरला ने कहा कि भारत की भाषाई विविधता को ध्यान में रखते हुए, संसद एआई टूल्स की मदद से संसदीय कार्यवाही लोगों को उनकी अपनी भाषा में उपलब्ध करा रही है। उन्होंने बताया कि इन टूल्स के माध्यम से संसद की कार्यवाही को भारत की 22 संवैधानिक भाषाओं में उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे संसद के कार्यों में लोगों की भागीदारी अधिक प्रभावी हुई है।

### भारत-पुर्तगाल के संबंध पांच सौ वर्षों से भी अधिक पुराने : लोस अध्यक्ष

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस बात का उल्लेख किया कि भारत और पुर्तगाल के संबंध 500 वर्षों से भी अधिक पुराने हैं। यह ऐतिहासिक संबंध व्यापार और वाणिज्य तक ही सीमित नहीं है, बल्कि दोनों देशों के नागरिकों के बीच भी गहरा जुड़ाव है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच दशकों में हमारे द्विपक्षीय संबंध और अधिक मजबूत हुए हैं। आज भारत और पुर्तगाल हमारी सांझा सांस्कृतिक विरासत को सुदृढ़ करने और परस्पर लाभकारी विकास की दिशा में सक्रियता से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की लोकतांत्रिक मूल्यों, शांति, बहुलतावाद और मानवाधिकारों के प्रति समान प्रतिबद्धता है और इसलिए दोनों देशों वैश्विक मंचों पर एक दूसरे के भागीदार हैं। बिरला ने यह भी कहा कि दोनों देश के बीच उच्च स्तरीय यात्राओं और संवाद से हमें वर्तमान वैश्विक संदर्भ में मिलकर कार्य करने की प्रेरणा मिली है। बिरला ने आगे कहा कि दोनों देशों के बीच आर्थिक भागीदारी भी निरंतर बढ़ रही है और हाल के वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि भारत पुर्तगाल को एक विश्वसनीय और तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था मानता है। नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल टेक्नोलॉजी और रक्षा विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाएं हैं।

# विकसित राष्ट्र की परिवर्तन यात्रा में पीछे न रह जाए कमजोर वर्ग : मुर्मु

## देश के नवनियुक्त प्रशासनिक अधिकारियों से किया आह्वान

**नई दिल्ली,** 3 जून (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देश के नवनियुक्त प्रशासनिक अधिकारियों का मंगलवार को आह्वान किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए यह सुनिश्चित करें कि हाशिए पर पड़े कमजोर वर्ग एक विकसित राष्ट्र की परिवर्तन की यात्रा में पीछे न रह जाएं। विभिन्न राज्य सिविल सेवाओं से शामिल किए गए और लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी (एलबीएसएनएए) में 127वें प्रेरण प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों ने मंगलवार को यहां राष्ट्रपति भवन में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

राष्ट्रपति ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सिविल सेवाओं के अधिकारियों के रूप में उनके प्रयास राज्य-विशिष्ट प्राथमिकताओं पर आधारित होने चाहिए। उन्हें जमीनी स्तर पर लोगों की भलाई और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए और सीधे स्थानीय समुदायों को प्रभावित करने वाले मुद्दों को निपटाना चाहिए। आगे भी वे इन मुद्दों के लिए जिम्मेदार होंगे लेकिन उनकी भूमिका और जिम्मेदारियां दायरे और जटिलता में और बढ़ेंगी। वे अब केवल एक क्षेत्र के प्रशासक नहीं हैं। उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर शासन के मानकों का पालन करना पड़ता है। उन्होंने



अधिकारियों से कहा कि उनके काम को विकसित भारत के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप होना चाहिए। राष्ट्रपति ने अधिकारियों से कहा कि समावेशी विकास में उनका योगदान महत्वपूर्ण हो सकता है। उनके प्रयासों को विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए कि हाशिए पर पड़े और कमजोर वर्ग एक विकसित राष्ट्र में राष्ट्र के परिवर्तन की यात्रा में पीछे न रहें। उन्होंने कहा कि जब गरीब और वंचित लोग विकास और समृद्धि का अनुभव करेंगे तभी हम एक विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को साकार करने के करीब पहुंचेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रौद्योगिकी और नवाचार अपने कार्य करते समय निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। सेवा वितरण में सुधार से लेकर डेटा-संचालित निर्णय लेने को सक्षम करने तक, डिजिटल उपकरण कुशल, पारदर्शी और नागरिक-अनुकूल शासन प्रणालियों के निर्माण में मदद कर सकते हैं।

## सार संक्षेप

### चंडीगढ़ व हिमाचल प्रदेश का दैरा करेंगे धनखड़

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पांच जून से सात जून तक चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश की तीन दिवसीय यात्रा पर रहेंगे। यात्रा के दौरान धनखड़ की पत्नी और डॉ. सुदेश धनखड़ भी साथ होंगी। उप राष्ट्रपति हिमाचल प्रदेश के सोलन स्थित डॉ. वाई.एस. परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों से भी संवाद करेंगे।

### डॉ. मोहन यादव ने आम महोत्सव का किया शुभारंभ

**पचमढ़ी।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पचमढ़ी के राज भवन परिसर में 'आम महोत्सव' का शुभारंभ किया। डॉ. यादव ने मणि प्रभा एवं बॉम्बे ग्रीन किस्म के आम का स्वाद भी लिया। आम का रसास्वादन कर उन्होंने आम की मिठास और स्वाद की सराहना की।

# कटरा-श्रीनगर रेल लिंक का उद्घाटन करेंगे मोदी

**जम्मू,** 3 जून (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी छह जून को बहुप्रतीक्षित कटरा-श्रीनगर रेल लिंक का उद्घाटन करेंगे। इससे पहले गत 19 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस रेल लिंक का उद्घाटन कार्यक्रम खराब मौसम के पूर्वानुमान के कारण स्थगित कर दिया गया था। गत 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादी हमले और इसके बाद भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के पश्चात प्रधानमंत्री का केन्द्रशासित प्रदेश में पहला दौरा होगा। प्रधानमंत्री कार्यालय में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि इतिहास रचा जा रहा है, बस तीन दिन बाकी हैं। दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल, शक्तिशाली चिनाब ब्रिज, जम्मू कश्मीर में खड़ा है। उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक का हिस्सा। प्रकृति की सबसे कठिन परीक्षाओं को झेलने के लिए बनाया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह जून को चिनाब ब्रिज का उद्घाटन करेंगे। नए भारत की ताकत और दूरदर्शिता का गौरवपूर्ण प्रतीक। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री छह जून को दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेल पुल और अंजी खाद रेल पुल का उद्घाटन करेंगे और माता वैष्णो देवी कटरा रेलवे स्टेशन से श्रीनगर के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस के विशेष कश्मीर संस्करण को हरी झंडी दिखाएंगे।



रेप पीड़िता लड़की की मौत मामले में बिहार सरकार की बड़ी कार्रवाई

# पीएमसीएच के प्रभारी उपाधीक्षक अभिजीत को पद से हटाया

**पटना,** 3 जून (देशबन्धु)। मुजफ्फरपुर रेप पीड़िता लड़की की मौत मामले में सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में दोषी पाए गए पीएमसीएच के प्रभारी डीएस को सरकार ने पद से हटा दिया है तो वहीं मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच की डॉक्टर को सस्पेंड कर दिया है। विपक्ष के भारी दवाब के बाद सरकार ने यह कार्रवाई की है। बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जारी आदेश में कहा गया कि एक जून को नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता की हुई मृत्यु का मामला संज्ञान में आया है। इस संबंध में विस्तृत जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि प्रभारी उपाधीक्षक, पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल द्वारा अपने कर्तव्यों का सही तरीके से निर्वहन नहीं किया गया, जो उनकी प्रशासनिक विफलता का परिचायक है। ऐसे में डा. अभिजीत सिंह, प्रभारी उपाधीक्षक, पीएमसीएच, पटना को तत्काल प्रभाव से प्रभारी उपाधीक्षक, पीएमसीएच, पटना के पद से मुक्त किया जाता है। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने मुजफ्फरपुर स्थित एसकेएमसीएच में तैनात डॉक्टर कुमारी बिभा को सस्पेंड कर दिया है। विभाग की तरफ से जारी आदेश में कहा गया कि एक जून को नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता की हुई मृत्यु का मामला संज्ञान में आया है। इस संबंध में विस्तृत जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि अधीक्षक, कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मुजफ्फरपुर द्वारा रेफरल पॉलिसी का अनुपालन नहीं किया गया एवं अपने कर्तव्यों का सही तरीके से निर्वहन नहीं किया गया है। साथ ही पीड़िता के इलाज में घोर संवेदनहीनता बरती गई है। इन तथ्यों के आलोक में डा. कुमारी बिभा को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली-2005 के नियम-9 के संगत प्रावधानों के तहत् तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक निलंबित किया जाता है। जांच प्रतिवेदन के आलोक में अलग से आरोप पत्र गठित करने की कार्रवाई की जाएगी।

निलंबन अवधि में डॉ. कुमारी बिभा का मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना निर्धारित किया जाता है। बता दें कि मुजफ्फरपुर में कुढ़नी के जगन्नाथपुर में एक दलित लड़की के साथ हुए रेप और फिर चाकू से उसका गला और सीना काटा गया था। घटना के 6 दिनों बाद उसकी मौत हो गई। बच्ची की मौत बिहार के सबसे बड़े अस्पताल पटना के पीएमसीएच में हुई थी। इस दौरान अस्पताल की ओर से असंवेदनशीलता और लापरवाही बरतने के आरोप लगे। परिजनों ने इसको लेकर मीडिया के सामने भी अपनी बात रखी थी। नाबालिग दलित लड़की से बलात्कार और हत्या का दर्दनाक मामला सामने आने के बाद अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लग रहे थे।




- एसकेएमसीएच की महिला डॉक्टर पर भी गिरी निलंबन गाज
- विपक्ष के भारी दवाब के बाद सरकार ने लिया निलंबन का फैसला

### डॉक्टरों की लापरवाही को लेकर मचा बवाल

जब पीएमसीएच में असंवेदनशील व्यवहारऔर डॉक्टरों की लापरवाही को लेकर बिहार में सत्ताधारी एनडीए गठबंधन के भीतर ही बवाल मचा तो स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने उच्चस्तरीय कमिटी का गठन करने की बात कही और इस पूरे मामले पर सफाई भी दी। बता दें कि इसके पहले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और एनडीए के राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने इस मुद्दे को उठाया था। इसको लेकर कांग्रेस पार्टी लगातार प्रदर्शन कर रही है और मामले में पीएमसीएच की लापरवाही और असंवेदनशीलता को लेकर सवाल उठा रही है।

# चिराग पासवान को आगामी विस चुनाव में उतरना चाहिए : अरुण

## चिराग पासवान को बताया बिहार की राजनीति का सच्चा नेता

**पटना,** 3 जून (देशबन्धु)। बिहार की राजनीतिक गरमाहट बढ़ती जा रही है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के सांसद अरुण भारती ने स्पष्ट रूप से कहा है कि पार्टी अध्यक्ष चिराग पासवान को आगामी विधानसभा चुनाव में उतरना चाहिए। उन्होंने चिराग पासवान को बिहार की राजनीति का सच्चा नेता बताया और उनकी तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट के नारे को अपनी राजनीति की नींव बनाया है। अरुण भारती ने बताया कि चिराग पासवान ने केंद्रीय मंत्री रहते हुए बिहार के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिनमें मखाना बोर्ड की स्थापना, जातीय जनगणना को केंद्र की मंजूरी दिलाना और बायर-सेलर मीट के माध्यम से किसानों को देशभर से सीधा लाभ पहुंचाना शामिल है। उन्होंने कहा कि चिराग बिहार के हर वर्ग के नेता हैं और जनता चाहती है कि वे जनरल सीट से चुनाव लड़ें ताकि वे बिहार के व्यापक तबकों का प्रतिनिधित्व कर सकें। अरुण भारती ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यकाल में पलायन और अपराध को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार में जंगलराज को खत्म कर सुशासन स्थापित किया है। हालांकि, अब वक्त आ गया है कि बिहार को एक नई युवा शक्ति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ताकत के साथ आगे बढ़ाया जाए।




## ADMISSION NOTICE

The Sports Authority of India, Lakshmibai National College of Physical Education (SAI-LNCPE) in Thiruvananthapuram, Kerala, is one of the leading institutions in the field of Physical Education and Sports Sciences. We are inviting applications for the BPEd (4-year Innovative) and MPES programs for the academic year 2025-26. Applications can be submitted online from April 30, 2025, to June 19, 2025, until 6 p.m.
Test Centres- SAI-LNCPE, Thiruvananthapuram, LNIPE, Gwalior & LNIPE-NERC, Guwahati
For more details, please visit: www.Incpe.ac.in.
Contact numbers: 0471-2412189, 2418712.

cbc47115/12/0001/2526 (Principal) SAI-LNCPE



## OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (CIVIL-PROJECT-I), CSPGCL,
Shed No. 02, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2574567 website www.cspc.co.in E-mail:- cspgcl.coal@gmail.com

No.04-02/885 Raipur, date 02.06.2025

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited in three-part tendering system through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from contractors registered in appropriate class in CSPGCL. The unregistered contractor having similar work experience in Govt./Public Sector Undertaking/Power Generating Companies in India only may also be considered on submission of experience certificate for following works as mentioned below: -

| Sl. No. | Tender Specification No. | Description | NIT value i/c GST (Rs.) | EMD (Rs.) | Completion period (incl. Rainy season) | Rfx No. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ED(C-P-I)/GP-III/W/2025-26/T-109 | Deployment of 16 numbers Data Entry Operators (DEO)/Computer Operators on job work basis at Gare Pelma Sector -III Coal Mine and Railway siding (Robertson and Gharghoda) for dispatch of coal from GP-III Coal Mines to Designated Railway Siding. | 39,23,793/- | 39,500/- | 12 Months including rainy season | 8100043639 |

Cost of tender form is Rs. 885/- (Rs.750/- + 18% GST). Due date & time for submission of bids, Tender Cost & EMD is 20.06.2025 (up to 15:00 Hrs) and bid opening date (Techno commercial bids) is 23.06.2025 (at 15:00) Hrs respectively. The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in: 50724/irj/portal.

SAVE ELECTRICITY

Executive Director (Civil-Project-I)
CSPGCL, Raipur


# झारखंड के रांची में ग्रामीणों ने पुलिस पर बोला हमला

## थाना प्रभारी सहित दो पुलिसकर्मी घायल

**रांची,** 3 जून (एजेंसियां)। झारखंड की राजधानी रांची के लापुंग थाना क्षेत्र में जमीन विवाद के मुद्दे को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों ने पुलिस पर हमला बोल दिया। हमले में लापुंग थाना प्रभारी संतोष यादव सहित दो पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए रांची लाकर एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। हमले में कुछ अन्य पुलिसकर्मियों को चोटें आई हैं। घटना की सूचना पाकर रांची से ग्रामीण एसपी सहित पुलिस की टीम मौके पर पहुंची है। बताया गया कि लापुंग थाना क्षेत्र के कोईनारा गांव में एक जमीन को लेकर दो पक्षों में विवाद है। इसे सुलझाने के लिए ग्रामीणों की सभा चल रही थी। पुलिस को सूचना मिली कि सभा में कुछ असामाजिक तत्व मौजूद हैं, जो गड़बड़ी फैला सकते हैं। लापुंग थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ जैसे ही गांव पहुंचे, भीड़ ने उन पर हमला बोल दिया। थाना प्रभारी संतोष यादव सिर में चोट लगने से जख्मी हो गए। इस घटना की जानकारी के बाद ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर सहित कई अधिकारी पहुंचे। तनाव को देखते हुए गांव में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। पुलिस पर हमला करने वालों की पहचान की जा रही है। बता दें कि इसके पहले शनिवार की रात को रांची के बेड़ो थाने में करीब 300 लोगों की भीड़ ने हमला कर दिया था। इस दौरान भीड़ ने थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान और अन्य पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की थी। हमले में एएसआई बिमलेश चौधरी, आशीष रंजन, भानू प्रसाद रजक समेत कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।




## कार्यालय मुख्य अभियंता, लो.नि.वि., राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र, रायपुर ( छ.ग. )

दिनांक 02.06.2025

सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है

| क्रं. | नि.आ.सू. क्रं. दिनांक | सिस्टम आई.डी.क्रं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 38/CE/NH/TC /44-21/2025 (1 Call) | 2025 MoRTH _862688_1 | Short term maintenance contract (STMC) of road from km 0.000 to 10.900 of NH 130B & km 4.325 to 10.000 of NH-30. | Rs. 388.41 Lakhs |
| 2. | 39/CE/NH/TC /44-22/2025 (1" Call) | 2025_MoRTH _862689_1 | Short term maintenance to Raipur-Balodabazar-Sarangarh Road section of NH-130B from Km 10.900 to Km 51.900 in the state of Chhattisgarh. | Rs. 227.38 Laklis |
| 3. | 40/CE/NH/TC /44-23/2025 (1ª Call) | 2025_MoRTH _862690_1 | Short term maintenance to Raipur-Balodabazar-Sarangarh Road section of NH-130B from Km 51.900 to Km 86.000 in the state of Chhattisgarh. | Rs. 174.71 Lakhs |
| 4. | 41/CE/NH/TC /44-24/2025 (1 Call) | 2025_MoRTH _862691_1 | Short term maintenance to Raipur-Balodabazar-Sarangarh Road section of NH-1308 from Km 86.000 to Km 133.300 in the state of Chhattisgarh. | Rs. 164.57 Lakhs |
| 5. | 42/CE/NH/TC /44-25/2025 (1 Call) | 2025_MoRTH _862692_1 | Short term maintenance to Raipur-Balodabazar-Sarangarh Road section of NH-130B from Km 133.300 to Km 186.750 in the state of Chhattisgarh. | Rs. 241.05 Lakhs |
| 6. | 43/CE/NH/TC /44-26/2025 (1" Call) | 2025_MoRTH _862693_1 | short term maintenance contract (STMC) of road from km 0.000 to km 30.600 of NH 930. | Rs. 110.96 Lakhs |
| 7. | 44/CE/NH/TC /44-27/2025 (1 Call) | 2025_MoRTH _862694_1 | Short term maintenance to Ghodari-Mahasamund-Bagbahara-Odissa Border Road section of NH-353 from Km 0.000 to Km 65.900 in the state of Chhattisgarh. | Rs. 454.51 Lakhs |
| 8. | 45/CE/NH/TC /44-28/2025 (1 Call) | 2025_MoRTH _862695_1 | Short term maintenance to Simga-Kawardha-Jabalpur Road section of NH-30 (12A) from Km 50. 878 to Km 55.430 in the state of Chhattisgarh. | Rs. 66.52 Lakhs |
| 9. | 46/CE/NH/TC /44-29/2025 (1" Call) | 2025_MoRTH _862696_1 | Short term maintenance to Abhanpur-Rajim-Gariyaband-Devbhog road section of NH-130 C from Km 40.400 to Km 61.800, Km 66.000 to 99.800 in the state of Chhattisgarh. | Rs. 301.62 Lakhs |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 23.06.2025 सुबह 17.30 बजे तक है। 2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (स्ह्रक्रञ्ज× ॥%ह्य) के ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eprocure.gov.in/eprocure/app से डाऊनलोड की जा सकती है।

मुख्य अभियंता
लो.नि.वि. राष्ट्रीय राजमार्ग
परिक्षेत्र, रायपुर ( छ.ग. )

जी-252501327/1



## ROHA HOUSING FINANCE — GROW WITH YOUR OWN HOME
## रोहा हाउसिंग फायनेंस प्रायवेट लिमिटेड
**कॉर्पोरेट ऑफिस :** युनिट नं. 1117 एवं 1118, 11वीं मंजिल, वर्ल्ड ट्रेड टॉवर, सेक्टर 16, नोएडा, उत्तर प्रदेश - 201 301.

**आधिपत्य सूचना** (प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियम 8(1) के अतंर्गत)

**रोहा हाउसिंग फायनेंस प्रायवेट लिमिटेड** ("RHFPL" के रूप मे संदर्भित) पंजीकृत कार्यालय : जजेटी हाउस, ए44/45, रोड़ नं.2, एमआईडीसी, अंधेरी इस्ट, मुम्बई -400093 के निम्न हस्ताक्षरकर्ता प्राधिकृत अधिकारी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का 54) की धारा 13 (12) सपठित नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रवर्तन करके कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ऋणी(यों)(नीचे वर्णित नाम एवं पता) से उक्त वर्णित अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत सूचना प्राप्ति दिनांक से 60 दिन के अंदर निम्न वर्णित ऋण राशि अदा करने की मांग की गई थी। चूंकि नीचे दर्शाए गए ऋणी(यों) ने अदायगी में त्रुटि की है अत: नीचे दर्शाए गए ऋणी(यों) तथा सर्वसाधारण जनता को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता ने नीचे वर्णित सम्पत्तियों का **भौतिक आधिपत्य** प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 की धारा 13 की उपधारा (4) के सपठित उपरोक्त नियमों के नियम 8 के अंतर्गत प्राप्त कर लिया है। नीचे दर्शाए गए ऋणी(यों) को विशेषत: तथा समस्त जनता को साधारणत: सतर्क किया जाता है कि उक्त सम्पत्तियों के संबंध में कोई संव्यवहार न करें और यदि कोई संव्यवहार किया गया तो वह रोहा हाउसिंग फायनेंस प्रायवेट लिमिटेड के ऋणी(यों) के समक्ष वर्णित राशि एवं ब्याज के चार्ज (प्रभार) के अधीन होगा। धरोहर संपत्ति के एवज में संपत्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय सीमा पर कानून की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों पर ऋणकर्ताएं ध्यान देवे।

| ऋणीयों / सह-ऋणीयों के नाम/ ऋण खाता सं./शाखा | संपत्ति का विवरण | मांग पत्र की दिनांक एवं बकाया राशि | आधिपत्य की दिनांक |
|---|---|---|---|
| **लोन नं.: HLRAICPPSC000005007932/ शाखा: रायपुर क्लस्टर** **1. श्री अमित कुमार पिता तरूण कुमार** **2. कुसुम देवी पति तरूण कुमार, दोनों का पता:** लक्ष्मी नगर वार्ड नंबर 4 एकता द्वार के पास सुपेला भिलाई, भिलाई, छत्तीसगढ़-490023, **दोनों का अन्य पता:** (मौजा कुरूद, प.ह. नं.14 19, आर.एन.एम. कोहका, तहसील एवं जिला दुर्ग (सी.जी.), खसरा नं. (भाग) 1099/1, प्लॉट नं. 23, क्षेत्रफल 1048.75 वर्गफुट, राजनंदग्राम, छत्तीसगढ. 491885 | **सम्पत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग** खसरा नं. (भाग) 1099/1, प्लाट नं. 23, क्षेत्रफल 1048.75 वर्ग फीट मौजा कुरूद, प.ह. नं. 14 19, आर.एन.एम. कोहका, तहसील एवं जिला दुर्ग (छ.ग.) 491885 | 15-05-2025 एवं ₹ 5,61,869/- | 30-05-2025 |

स्थान : छत्तीसगढ़
दिनांक : 04.06.2025

प्राधिकृत अधिकारी
तर्फे – रोहा हाउसिंग फायनेंस प्रायवेट लिमिटेड

उल्टा पुल्टा

राजू पहाड़ों पर पैराशूट बेच रहा था
ग्राहक- अगर पैराशूट नहीं खुला तो?
राजू- तो आपके पूरे पैसे वापिस ।

संपादकीय

## नशे और अपराधों में फंसते नाबालिग

*छत्तीसगढ़ के युवा जिस तरह से विभिन्न तरह के नशों का शौक पूरा करने के लिये अपराधों की ओर मुड़ रहे हैं, वह बेहद चिंताजनक है। वैसे तो यह स्थिति कमोवेश देश भर की है, लेकिन प्रदेश जो पहले से ही बहुत सम्पन्न नहीं है और यहां शिक्षा का स्तर भी अत्यंत असंतोषजनक है, यदि यहां के नाबालिग व युवा इसकी गिरफ़्त में आकर बड़े पैमाने पर अपराधों की दुनिया में प्रवेश करते हैं तो यह कानून-व्यवस्था के साथ कई सामाजिक समस्याओं को जन्म दे सकता है। इसलिये सरकार और स्वयंसेवी संगठनों को चाहिये कि नाबालिगों-युवाओं को छोटे-बड़े नशों से दूर रहने के लिये जागरूक करें जो कि बहुत से अपराधों की जड़ है।*

*इस समस्या की तह में जाएं तो पाते हैं कि बड़ी संख्या में युवाओं की न तो शिक्षा में रुचि रह गयी हैं और न ही वे रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। विशेषकर अल्प शिक्षित नौजवान जो ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं, उनकी दिलचस्पी कृषि कार्यों में भी नहीं रह गयी है। कई बार वे शहरों या कस्बों में चले जाते हैं परन्तु उन्हें कोई काम नहीं मिलता तो वे अपनी ज़रूरतों को पूरा करने के लिये अपराध करने लगते हैं। इसकी शुरुआत अक्सर छोटी-मोटी वस्तुओं की चोरियों से होती है जो बाद में मोटर साइकल, मोबाइल, जेवर आदि चोरी में तब्दील हो जाती हैं। इनमें एक वर्ग रहता है जो नाबालिगों का होता है। वे अपने से बड़े अपराधियों के मार्गदर्शन और संगत में अधिक गम्भीर अपराधों की ओर बढ़ जाते हैं। ज्यादातर अपराधियों का रूझान नशीले पदार्थों की सेवन की ओर होता है। गांजा-शराब से लेकर नशे के इंजेक्शनों से टेबलेटों का सेवन तक इसमें शामिल है।*

*नाबालिगों का एक और वर्ग होता है जो मोबाइल, बाइक आदि के शौक पूरा करने के लिये चोरी-डकैती करते हैं। कई बार मित्रों की टोलियां बनाकर ये अवयस्क किशोर जेब काटने, दुकानों या घरों से उठाईगिरी करने लग जाते हैं। जेबों से मोबाइल, पैसे या बटुवे निकाल लेना, बस-ट्रेनों या भीड़-भाड़ वाली जगहों से चारी कर वे अपने न केवल शौक पूरा करते हैं बल्कि नशे के पदार्थ खरीदते हैं। इस तरह देखें तो नशे और अपराधों का निकट का सम्बन्ध होता है। नशे की लत इतनी अधिक होती है कि वे उसके लिये किसी भी हद तक जा सकते हैं।*

*पिछले दिनों खरोरा में हुई डकैती में तक कुछ नाबालिग शामिल थे। अब रायगढ़ में जो वारदात हुई है वह बतलाती है कि नाबालिग नशे के लिये कहां तक जा सकते हैं। रविवार की रात नशे के आदी तीन किशोरों और एक युवक ने एक ट्रेलर को देहजरी गांव के पास रोका। चालक का मोबाइल तथा 2600 रुपये नगद छीन लिये। ट्रेलर लेकर भी वे फरार हो गये। हालांकि पकड़ लिये गये।*

## पंडरी कपड़ा मार्केट की 23 दुकाने सील निगम की कार्रवाई से भड़के व्यापारी




**■ विरोध में बंद रही अन्य दुकाने**
**■ बाद में आश्वासन पर खोला गया**

**रायपुर**, 3 जून (देशबन्धु)। पंडरी कपड़ा मार्केट में नगर निगम द्वारा मंगलवार को 22 दूकानों को सील किए जाने की कार्रवाई की गई।52 और दुकानदारों को नोटिस जारी की जा रही है।नियम विरुद्ध सड़क की ओर मुख्य दरवाजा खोलने के चलते यह कारवाई की गई।इसके पूर्व भी दो बार दुकानों को सील किया जा चुका है।

नगर निगम जोन 2 की टीम भारी पुलिस बल के साथ आज दोपहर वहां पहुंची।साथ में काफी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद था।निगम कर्मियों ने बारी बारी से सभी 22 दुकानों को सील करना शुरू कर दिया।

नगर निगम की टीम ने आज सुबह सड़क के दोनों किनारों पर बनी उन दुकानों को सील किया है, जिनके गेट सड़क की ओर खुले हैं।निगम अधिकारियों का कहना है कि यह नियमों का उल्लंघन है और दुकान का मुख्य प्रवेश द्वार अंदर की ओर होना चाहिए, ताकि फुटपाथ और सड़क पर अतिक्रमण न हो।

वहां मौजूद पंडरी के कारोबारियों ने अपने स्तर पर विरोध किया।उन्होंने निगम द्वारा की गई कारवाई के विरोध में पंडरी थोक कपड़ा मार्केट के व्यापारियों ने बाजार के सभी प्रवेश द्वारों पर ताले जड़ दिए।उन्होंने कहा जब तक समाधान नहीं होगा, तब तक गेट नहीं खुलेंगे।

इस कार्रवाई से नाराज़ व्यापारियों ने एकजुट होकर सभी गेट बंद कर दिए और कारोबार पूरी तरह ठप कर दिया।व्यापारियों का कहना है कि वे वर्षों से वहीं पर व्यापार कर रहे हैं और अब अचानक ऐसी कार्रवाई से उनकी रोज़ी-रोटी पर असर पड़ रहा है।

स्थानीय विधायक पुरंदर मिश्रा और चैंबर अध्यक्ष सतीश थारानी पंडरी पहुंचे और व्यापारियों से बातचीत हुई।मौके पर पुलिस बल भी तैनात किया गया था। ताकि हालात काबू में रहें।व्यापारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक उन्हें उचित समाधान और आश्वासन नहीं मिलेगा, तब तक कपड़ा मार्केट का कोई भी गेट नहीं खोला जाएगा।

इसके बाद उतर विधायक पुरंदर मिश्र वहां पहुंचे।उन्होंने अधिकारियों से चर्चा कर सील की गई दुकानों को खुलवाने का आश्वासन दिया है।इसके लिए बुधवार को कारोबारियों को बुलाया गया है।

### पंडरी की 52 और दुकानों को नोटिस

जानकारी के अनुसार पंडरी थोक कपड़ा मार्केट की 52 और दुकानों को सील करने की तैयारी है।इसके लिए उन्हें नोटिस जारी की जा रही है।निगम सूत्रों की माने तो बुधवार को नोटिस उन्हें जाएगी। पूर्व में भाजपा और कांग्रेस दोनों के शासन काल में भी इन दुकानों को सील किया गया था।बाद में फिर दुकाने खोल दी गई।सूत्रों की माने तो आज कारवाई के दौरान कारोबारी चैंबर के नेताओं को फोन कर बुलाते रहे।लेकिन नहीं पहुंचे।शाम को वे आए और खाली आश्वासन देकर चले गए।

## रायपुर में बढ़ रहे हैं कोविड के मामले



**■ मिले 3 नए संक्रमित, कुल 10 एक्टिव केस, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट**

**रायपुर**, 3 जून (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में कोविड-19 संक्रमण के मामलों में एक बार फिर बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। मंगलवार को कोविड के 3 नए मरीज सामने आए हैं। इससे पहले दो दिनों में 7 एक्टिव केस दर्ज किए गए थे। इस तरह रायपुर जिले में अब कुल 10 एक्टिव मरीज हैं।

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, इन 10 में से 9 मरीज होम क्वारंटाइन में हैं, जबकि 1 मरीज को एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। राहत की बात यह है कि अब तक 2 मरीज रिकवर भी हो चुके हैं, जिससे जिले में कुल 12 केस सामने आ चुके हैं।

**लगातार बढ़ रहे सर्दी-खांसी और बुखार के मामले**

स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि राजधानी में सर्दी, खांसी, जुकाम और बुखार के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसे देखते हुए विभाग ने नई एडवाइजरी जारी की है।

इसके तहत इन्फ्लुएंजा लाइक इलनेस (ILI) और सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी इलनेस (SARI) के लक्षणों वाले मरीजों की पहचान और स्क्रीनिंग पर जोर दिया गया है। सभी ऐसे मरीजों की कोविड जांच के लिए सैंपल तुरंत भेजे जाने के निर्देश दिए गए हैं।

**सभी अस्पतालों को अलर्ट, सैंपल भेजे जाएंगे एम्स**

सरकारी और निजी अस्पतालों को निर्देश दिए गए हैं कि इस तरह के लक्षण वाले मरीजों की तत्काल रिपोर्टिंग की जाए। जरूरत पड़ने पर जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए सैंपल एम्स रायपुर भेजे जाएंगे ताकि किसी नए वैरिएंट की पुष्टि की जा सके।

**मितानिनों को भी जिम्मेदारी, दवाइयों और संसाधनों की तैयारी**

स्वास्थ्य विभाग ने समुदाय स्तर पर निगरानी बढ़ाने के लिए मितानिनों को सक्रिय करने का फैसला लिया है। साथ ही सभी अस्पतालों को आवश्यक दवाइयों और सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

स्वास्थ्य विभाग ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि किसी भी तरह के लक्षण महसूस होने पर तुरंत जांच कराएं और एहतियात बरतें।

## समस्याओं को लेकर जीएसटी कमिश्नर से मिले चेम्बर पदाधिकारी



**रायपुर**, 3 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सतीश थौरानी के साथ चेम्बर के प्रतिनिधि मंडल ने जीएसटी कार्यालय, नया रायपुर में जीएसटी कमिश्नर पुष्पेंद्र मीणा से मुलाकात कर जीएसटी से संबंधित व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा किया तथा मुख्य 11 बिंदुओं का ज्ञापन सौंपा तथा जिसमें विभिन्न मुद्दे शामिल थे जैसे जीएसटी के आदेश मेल के द्वारा व्यापारियों तक पहुंचते हैं चूंकि स्थानीय व्यापारी लंबे समय तक मेल चेक नहीं कर पाते इसलिए अक्सर उन्हें आदेश देखने में देर हो जाती है और अपील का समय निकल जाता है।

इसे लेकर चेम्बर को आश्वासन दिया गया कि आगे से पोस्ट के द्वारा हार्ड कॉपी भी भेजी जाएगी जिससे यह समस्या न हो। इसके साथ ही चेम्बर ने कहा कि जीएसटी के अंतर्गत सर्वे या रेड आदि की कार्रवाई होती है तो अधिकारी व्यापारी पर अत्यधिक दबाव बनाते हुए दहशत का माहौल बना देते हैं जिससे व्यापारियों को बहुत समस्या होती है।

इसपर चेम्बर को आश्वासन मिला कि अधिकारियों को ट्रेनिंग दी जाएगी जिससे वे दहशत का माहौल न बनाएं और सही धारा का प्रयोग कर कार्यवाही करें।इसके अलावा चेम्बर ने कहा कि अक्सर छोटी-छोटी त्रुटियों के कारण धारा 129 के अंतर्गत 200 प्रतिशत की पैनल्टी लगा दी जाती है जबकि वर्ष 2018 में यह सर्कुलर आ चुका है कि छोटी-छोटी त्रुटियों के लिए सिर्फ़ 1 हजार रुपए की पैनल्टी लगाई जानी चाहिए।

इसपर जीएसटी कमिश्नर ने अधिकारियों को आदेश दिया कि त्रुटियों पर कार्रवाई करें लेकिन इस प्रकार की छोटी-छोटी त्रुटियों के कारण 200 प्रतिशत की पैनल्टी न लगाए बल्कि 1 हजार रुपए की पैनल्टी लगाएं। इसके साथ ही विभिन्न विषयों पर चेम्बर के प्रतिनिधि मंडल और जीएसटी के अधिकारियों के बीच चर्चा हुई।

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स से चेम्बर अध्यक्ष सतीश थौरानी के साथ चेम्बर के वाइस चेयर मैन चेतन तारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष राधा कृष्ण सुंदरानी, राजेश वासवानी, विनय बजाज, जसप्रीत सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष निकेश बरडिया तथा दयाल राजपाल एवं दिलीप इसरानी उपस्थित रहे।

## प्रदेश के 8 जिलों में निकलेगी नई रेल लाइन, बनेंगे 21 नए स्टेशन

**रायपुर**, 3 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य के लिए एक बड़ी और बहुप्रतीक्षित सौगात सामने आई है। केंद्र सरकार की ओर से प्रस्तावित एक नई रेलवे परियोजना के तहत प्रदेश के 8 अहम जिलों को आपस में जोड़ा जाएगा। यह न केवल राज्य के बुनियादी ढांचे को मजबूती देगा बल्कि रोजगार, व्यापार, परिवहन और पर्यटन के नए रास्ते भी खोलेगा। आने वाले वर्षों में यह रेल परियोजना छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था में जान फूंकने का काम करेगी और दूरदराज के इलाकों को मुख्यधारा से जोड़ने में क्रांतिकारी कदम साबित होगी।

इस नई रेलवे लाइन से प्रदेश के कुल 8 जिले सीधे तौर पर जुड़े होंगे। इनमें बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, महासमुंद, बलौदाबाजार, धमतरी और गरियाबंद जैसे महत्वपूर्ण जिले शामिल हैं। ये सभी जिले राज्य के औद्योगिक, खनिज संपन्न और कृषि आधारित क्षेत्र हैं, जिनकी कनेक्टिविटी बढ़ने से पूरे राज्य में संतुलित विकास संभव हो सकेगा।

**यात्री और माल परिवहन दोनों को होगा फायदा**-रेलवे विभाग ने कहा कि इस रेललाइन का फायदा केवल यात्रियों तक सीमित नहीं रहेगा। यह मालगाड़ियों के आवागमन के लिए भी एक बड़ा जरिया बनेगी। इससे उद्योगों को कच्चा माल पहुंचाने और तैयार उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने में आसानी होगी। छोटे व्यापारियों से लेकर बड़े उद्योगों तक सभी को इस कनेक्टिविटी का प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। जिन जिलों को इस रेलवे लाइन से जोड़ा जाएगा, उनमें कई प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहरें मौजूद हैं। बेहतर परिवहन सुविधा के चलते इन क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही स्थानीय हस्तशिल्प, कृषि उत्पाद और अन्य छोटे व्यवसायों के लिए नए बाजार खुलेंगे।

## पीएम आवास योजना में लापरवाही 14 पंचायत सचिवों का रोका गया वेतन

**रायपुर**, 3 जून (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने पर सरगुजा जिले के 14 ग्राम पंचायत सचिवों का मई माह का वेतन रोक दिया गया है। यह कार्रवाई जिला पंचायत सरगुजा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय कुमार अग्रवाल के निर्देश पर की गई है।

सीईओ अग्रवाल ने 30 मई 2025 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के सभी जनपदों की समीक्षा बैठक ली थी। बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, केंद्र व राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण और जनकल्याणकारी योजना है, जिसका उद्देश्य जरूरतमंद ग्रामीण परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराना है। इस योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले को जो लक्ष्य प्राप्त हुआ है, उसकी पूर्ति सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है। इसके बावजूद कुछ पंचायत सचिवों द्वारा कार्य में लापरवाही बरती जा रही थी, जिससे प्रगति बाधित हो रही थी। इसी के मद्देनज़र विगत एक माह से लगातार कम प्रगति दर्ज करने वाले सचिवों के विरुद्ध वेतन रोकने की कार्रवाई की गई है।

जिन ग्राम पंचायत सचिवों का वेतन रोका गया है, उनमें बड़ादमाली के रामवृक्ष यादव, टपरकेला के नंदलाल केरकेट्टा, लटोरी के अरुण सोनवानी, खुटिया के शिवभरोष राम, मानपुर के उर्मिला यादव, महेशपुर के राजकुमार, बकनाकला के मंगेश्वर, चंगोरी के प्रकाश यादव, ललाती के गजानंद राम, सरमना के प्रकाश तिग्गा, बंशीपुर के सुखलाल राम, सरगा के युवराज पवन गुप्ता, चैनपुर के सोनेकमल लकड़ा एवं उरंगा की सचिव सुषमा महंत शामिल हैं।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सभी ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देशित किया है कि वे प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में गंभीरता से कार्य करें, अन्यथा भविष्य में कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## बाढ़ से बचाव को लेकर प्रशासन सजग, कलेक्टर ने की तैयारियों की समीक्षा

**रायपुर**, 3 जून (देशबन्धु)। लेक्टर डॉ गौरव सिंह ने जिले में बाढ़ और आपदा से राहत के लिए तैयारियों की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि कुछ दिनों के भीतर मानसून आने की संभावना है। जिले की सभी तहसीलों और नगर निगम में बाढ़ के संभावित स्थानों को चिन्हित करें। सभी एसडीएम अपने राजस्व अमलों के साथ स्वयं तहसीलों का दौरा करें और ग्रामीणों से चर्चा कर आपदा राहत की कार्य योजना बनाएं। गांव-नदी तट में गोताखोरों की तैनाती रखें। तैयारियां समय से पूर्व कर लें जिससे बाढ़ जैसी आपदा का सामना सक्षमता और प्रभावी ढंग से कर सकें। बैठक में नगर निगम कमिश्नर विश्वदीप उपस्थित थे।

डॉ सिंह ने कहा कि संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र और संकटग्रस्त व्यक्ति समूहों की पहचान कर लें। दिव्यांग, बीमार व्यक्तियों, गर्भवती महिलाओं एवं धातृ माताओं की सूची विशेष रूप से तैयार कर लें। अभी से ऐसे स्थल को चिन्हांकित कर लें जिनका उपयोग सुरक्षित स्थान के लिए किया जा सके और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि बाढ़ से सबसे अधिक मवेशी प्रभावित होते हैं। उनके लिए भी सुरक्षित स्थान रखें। साथ ही पशुओं को होने वाली संक्रामक बीमारी से बचाव के लिए दवाईयों का इंतजाम कर लें। खाद्य विभाग उचित मूल्य की दुकानों में राशन की उपलब्धता सुनिश्चित करें और यह भी जायजा लें कि बाजार में चना, चावल, आटा, गुड़, दाल, नमक आदि खाद्य पदार्थ पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो, ताकि आवश्यकता एवं समयानुसार उपलब्धता में विलंब न हो।

कलेक्टर डॉ सिंह ने कहा कि बाढ़ प्रभावित गांवों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था हेतु परिवहन आदि से संबंधित व्यवस्था पूर्व से ही सुनिश्चित कर ली जाए। पेयजल की गुणवत्ता शुद्धता को सुनिश्चित करने हेतु पर्याप्त संख्या में क्लोरिन टेबलेट की व्यवस्था कर ली जाए। चिकित्सा विभाग अभी से बारिश के समय फैलने वाली महामारी जैसे डायरिया, मलेरिया, पीलिया आदि के लिए दवाईयों तथा टेस्ट किट इत्यादि की व्यवस्था कर लें, ताकि उस समय किसी प्रकार परेशानी का सामना ना करना पड़े।

# तीन दिवसीय राष्ट्रीय आम महोत्सव में आएगी आमों की बहार

### 200 से अधिक किस्मों और 56 भोगों का किया जाएगा प्रदर्शन

**रायपुर**, 3 जून (देशबन्धु)। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर तथा संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, छत्तीसगढ़ शासन तथा प्रकृति की ओर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में 6, 7 एवं 8 जून को कृषि महाविद्यालय परिसर रायपुर में "फलों के राजा" आम के राष्ट्रीय महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय आम महोत्सव में आम की 200 से अधिक किस्मों एवं आम से बने 56 व्यंजनों का प्रदर्शन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में आम की विभिन्न किस्मों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है जिसमें छत्तीसगढ़ एवं विभिन्न राज्यों के आम उत्पादक शामिल होंगे। इस अवसर पर आम से बने विभिन्न व्यंजनों की प्रतियोगिताएं भी आयोजित हैं। आम की सजावट प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है जिसमें विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थी, महिलाएं तथा अन्य सामान्यजन भी पंजीयन कर भागीदारी कर सकते हैं। महोत्सव में पंजीयन एवं प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क है। राष्ट्रीय आम महोत्सव में संस्थागत एवं व्यक्तिगत प्रतियोगी भी सहभागी हो सकते हैं।

राष्ट्रीय आम महोत्सव में 6 से 8 जून तक विभिन्न श्रेणियों में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा जिसमें किसानों द्वारा उत्पादित आम की व्यावसायिक किस्मों के अंतर्गत दशहरी, लंगड़ा, बाम्बे ग्रीन, चौसा, मालदा, हिमसागर, सुन्दरजा, केसर, अलफान्सो, तोतापरी, नीलम, बैगनफल्ली, पैरी, सिन्दूरी, फज़ली किस्मों की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। संकर किस्मों की प्रतियोगिता के अंतर्गत मल्लिका, आम्रपाली, पूसा अरूणिमा, अम्बिका, रत्ना, सिंधु, अर्का पुनीत किस्मों को शामिल किया गया है। विशिष्ट किस्मों की प्रतियोगिता के अंतर्गत हाथीझुल, नूरजंहा, लड्डु, गुलाब खास किस्मों के उत्पादक भाग ले सकते हैं। एक्जोटिक (आयातित किस्म) की प्रतियोगिता में मियाजाकी, टॉमी एटकिन्स एवं गोल्डन नगेट्स किस्मों को शमिल किया गया है।



इस अवसर पर आम से निर्मित उत्पादों की प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रतिभागी आम से निर्मित उत्पाद ड्ड नेक्टर/आर.टी.एस., शर्बत, पना, आम के अचार, आम की चटनी, आम पापड़, आमरस, जैम एवं मिठाई आदि व्यंजनों के साथ प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय आम महोत्सव में प्रतिभागियों हेतु आम आधारित मॉडल एवं बोनसाई, आम आधरित सजावट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रकृति की ओर सोसायटी की ओर से आम की पांच गुठलियाँ लाने वाले व्यक्तियों को एक उन्नत किस्म के आम का पौधा दिया जाएगा।

आयोजन के प्रथम दिवस 6 जून को प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक प्रविष्टियों का पंजीयन किया जाएगा। पंजीयन के बाद प्रदर्शनी आम लोगों के अवलोकनार्थ तीनों दिन रात 9 बजे तक खुली रहेगी। प्रदर्शनी में आम की विभिन्न किस्मों के फल, आम के विभिन्न उत्पाद एवं आम के पौधे भी विक्रय के लिए उपलब्ध रहेंगे। द्वितीय दिवस 7 जून को आम उगाने वाले कृषकों एवं जिज्ञासुओं के लिए 12 बजे से 4 बजे तक "आम उत्पादन -समस्या एवं समाधान" विषय पर तकनीकी मार्गदर्शन एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ में उच्च गुणवत्ता के आम की विभिन्न किस्मों का उत्पादन, आम के विभिन्न उत्पाद एवं उनके विपणन के साथ ही आम उत्पादन हेतु छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं की भी जानकारी प्रदान की जाएगी, जिससे नयी पीढ़ी के लोग आम उत्पादन की ओर आकृष्ट हो सकें। आम उत्पादन को पर्यावरण के संरक्षण के साथ एक स्वास्थ्यवर्धक व्यवसाय के रूप में अपनाने की जानकारी आम लोगों को प्रदान की जा जाएगी। तृतीय दिवस 8 जून को आम उत्पादक कृषकों एवं उद्यमियों की सफलता की कहानी उन्हीं की जुबानी 12 से 4 बजे तक आयोजित होगा।

राष्ट्रीय आम महोत्सव के अंतिम दिन प्रदर्शनी के अवलोकन के साथ ही प्रतिभागियों के लिए पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन भी किया जाएगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय फल "आम" जो कि आम जनता का प्रिय फल है उसकी समस्त सामान्य एवं खास किस्मों, विशिष्ट उत्पादों एवं भविष्य में अधिक उत्पादन के लिए रोजगार के साधनों की जानकारी नागरिकों, महिलाओं, विद्यार्थियों, नव उद्यमियों एवं कृषकों को प्रदान करना है। राष्ट्रीय आम महोत्सव के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभागी न्यूनतम 5 से 10 आम प्रति किस्म के साथ भाग ले सकते हैं। आम से बने विभिन्न व्यंजनों की प्रतियोगिता में न्यूनतम 250 ग्राम आम के उत्पाद के साथ पंजीयन कर इस प्रतियोगिता में शामिल हो सकते हैं। आयोजन में पंजीयन एवं प्रवेश निःशुल्क है। आयोजकों ने लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में इसमें भाग लेकर सहभागिता प्रदान करने की अपील की है।

# डीएड अभ्यर्थियों ने भाजपा कार्यालय में किया प्रदर्शन

**रायपुर**, 3 जून (देशबन्धु)। सहायक शिक्षक भर्ती के रिक्त 1316 पदों पर जल्द 6वीं लिस्ट जारी करने की मांग को लेकर डीएड अभ्यर्थियों ने आज एकात्म परिसर भाजपा कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट के आदेश का पालन करने की बात कही। अभ्यर्थियों ने बताया कि डीएड के अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने का निर्देश था। 1299 लोगों को नियुक्ति दी गई. 1316 पदों में नौकरी देना बाकी है। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों को बस में भरकर तूता में छोड़ा।

डीएड/डिप्लोमा अभ्यार्थियों का कहना है कि पंचम चरण के कॉउंसलिंग में 2600 पदों पर भर्ती हुई थी, जिसमें नॉन डीएड अभ्यर्थी के अलावा कुछ अपात्र लोग भी शामिल थे। जिनके पास डीएड और ह्लद्गह्ल की डिग्री नहीं थी उन्हें भी केवल 1ऱ्1 में बुलाया गया था। दस्तावेज सत्यापन में मात्र 1299 अभ्यर्थी पात्र हुए और 1316 पद रिक्त रह गए, जिसमें अभी तक किसी को नियुक्ति नहीं मिली है। इसकी वैलिडिटी भी अभी 1 जुलाई 2025 तक बची हुई है।

अभ्यर्थियों का कहना है कि जब अभी भी 1316 पद रिक्त है और भर्ती की वैलिडिटी भी बची है और हम योग्य कैंडिडेट भी बच्चे हैं।भर्ती में मेरिट लिस्ट में भी आए हैं।विभाग रिक्त पदों पर छठवें चरण की काउंसलिंग क्यों प्रारंभ नहीं कर रही है। अभ्यर्थियों ने बताया कि इस संदर्भ में विभाग कई बार जा चुके हैं लेकिन विभाग से स्पष्ट जानकारी नहीं मिलती और अधिकारियों का कहना कि वह अभी लिस्ट के बारे में कुछ नहीं कह सकते कि आएगी या नहीं।

इससे परेशान होकर अभ्यर्थियों ने कोर्ट की ओर रुख किया।29 तारीख को हुई सुनवाई में कोर्ट ने विभाग को फटकार लगाई और अगली सूची क्यों जारी नहीं की जा रही है वह पूछा, लेकिन सरकारी वकील के पास कोई जवाब नहीं था। जज नाराज होकर नोटिस जारी किए और 9 जून को फिर से लिस्टेड करने का आदेश दिए हैं।जिसमें विभाग को लिखित रूप से जवाब भी देना होगा। इससे पहले अभ्यर्थी छठवें चरण की काउंसलिंग जल्द प्रारंभ करने की मांग को लेकर रायपुर में कई प्रकार प्रदर्शन कर चुके हैं। बहुत से कैबिनेट मंत्री के साथ विधायकों से भी मिल चुके हैं और सभी तरह से गुहार लगा चुके हैं, जिसमें प्रदेश भाजपा कार्यालय के सामने प्रदर्शन भी शामिल है। सहायक शिक्षक भर्ती के रिक्त 1316 पदों पर जल्द 6वीं



## प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने बस में भरकर तूता में छोड़ा

लिस्ट जारी करने की मांग को लेकर डीएड / डिप्लोमा अभ्यर्थी बड़ी संख्या में रायपुर कैबिनेट मंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व उपाध्यक्ष से मिलने पहुंचे थे, उनसे मिलकर अपनी मांगों को रखा।

बता दें कि छत्तीसगढ़ सहायक शिछक भर्ती 2023 का मामला हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट तक गया था, जिसमें कोर्ट ने आदेश पारित किया था कि बीएड अभ्यर्थियों की जगह योग्य डीएड अभ्यर्थियों की जल्द नियुक्ति की जाए. इसके पश्चात डीएड अभ्यर्थियों की पंचम चरण की कॉउंसलिंग प्रक्रिया प्रारंभ की गई, जिसमें लगभग 2615 अभ्यर्थियों को केवल 1ऱ्1 में बुलाया गया था, जिसमें नॉन डीएड अभ्यर्थी व अपात्र लोगों को भी बिना डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के स्कूल अलॉट कर दिया गया, जिसके कारण अभी 50त्न सीटे रिक्त रह गई है. वर्तमान में रिक्त पदों की संख्या 1316 है. पंचम चरण की कॉउंसलिंग के 2 माह पश्चात भी अब तक विभाग द्वारा इन रिक्त पदों पर 6वीं चरण की लिस्ट जारी नहीं की जा रही है, न हीं किसी प्रकार की प्रक्रिया को आगे बढ़ाई जा रही है. अभ्यर्थी बार बार विभाग जाकर थक चुके हैं. विभाग जाने पर भी अधकारियों द्वारा स्पष्ट और सही जानकारी नहीं दिया जा रहा है. बस टालमटोल कर बातों को घुमा दिया जा रहा है.

नियमत: विभाग को पंचम चरण की काउंसलिंग पश्चात तत्काल छठवे चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया प्रारंभ करनी थी क्योंकि अभी भी भर्ती की वैधता 1 -07-2025 तक बची हुई है, लेकिन विभाग नियमों को दरकिनार कर अभ्यर्थियों की मांग को अनदेखा कर रही है. इससे अभ्यर्थी दर-दर की ठोकर खाने को मजबूर हो रहे हैं.

अभ्यर्थियों ने यह भी बताया कि वर्तमान में 984 पद ऐसे हैं, जिसमें विभाग में आज तक किसी को नियुक्ति ही नहीं दी. उसमें टालमटोल व देरी करते हुए उस पद को अभी नियुक्ति से बाहर रखा है, जिसका मामला भी अभी हाईकोर्ट में चल रहा है. कोर्ट द्वारा इस मामले पर 8-05-2025 को नोटिस भी जारी किया गया है और 15 दिवस के भीतर विभाग से जवाब मांगा गया है. अभ्यर्थियों की मांग है कि 984 रिक्त पदों को भी छठवें चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया में शामिल करते हुए जल्द रिक्त पूरे 2300 पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रारम्भ किया जाए, जिससे पीड़ित योग्य अभ्यर्थियों को बार-बार विभाग, कोर्ट और नेता मंत्री के चक्कर लगाना न पड़े और जल्द उन्हें अपने हक अधिकार की नौकरी मिले और कोर्ट के आदेश का भी पालन हो सॉके।

# नकली खाद, बीज बेचने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : नेताम

**रायपुर.** 3 जून (देशबन्धु)। कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री श रामविचार नेताम ने प्रदेश में नकली खाद और बीज बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इसमें अधिकृत विक्रेताओं की संलिप्तता पाए जाने पर एफआईआर के साथ ही लाइसेंस रद्द करने को कहा है। श्री नेताम ने विभागीय अधिकारियों को खाद व बीज विक्रेताओं पर नजर रखने, स्टॉक का नियमित परीक्षण करने, गुणवत्ता व मानकों की जांच करने तथा इस संबंध में किसानों की शिकायतों पर शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। प्रदेश में नकली (डुप्लीकेट) खाद की बिक्री और जमाखोरी की बढ़ती घटनाओं को सरकार गम्भीरता से ले रही है। कृषि मंत्री श्री नेताम ने कहा है कि किसानों को गुणवत्तायुक्त खाद और बीज उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो भी व्यापारी या अधिकृत विक्रेता नकली खाद, बीज की बिक्री में संलिप्त पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। दोषियों के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से रद्द किए जाएंगे और उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। श्री नेताम ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे खाद विक्रेताओं पर नियमित निगरानी रखें, खाद व बीज के स्टॉक का नियमित परीक्षण करें तथा खाद मानक के अनुरूप है या नहीं, इसकी भी जांच नियमित करें। उन्होंने किसानों से प्राप्त शिकायतों पर शीघ्र कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए हैं। श्री नेताम ने किसानों से अपील की है कि वे खाद और बीज के अधिकृत विक्रय केन्द्रों से ही इन्हें खरीदें। किसी भी तरह की अनियमितता या गड़बड़ी की सूचना तुरंत नजदीकी कृषि कार्यालय को दें।



## एफआईआर के साथ लाइसेंस भी रद्द होंगे

# राजधानी में 6 को कैट का प्रादेशिक व्यापारी सम्मेलन

## लोकल सामानों की खरीदी को लेकर बनेगी कार्ययोजना

**रायपुर,** 3 जून (देशबन्धु)। राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) एवं कैट के संयुक्त तत्वाधान में ऑपरेशन सिन्दूर, संकल्प, वोकल फॉर लोकल, प्रदेश स्तरीय व्यापारी सम्मेलन का आयोजन 6 जून को मैक कॉलेज ऑडीटोरियम में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह, विधानसभा अध्यक्ष कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील सिंघी, अध्यक्ष राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार), तथा कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि राजेश मूणत विधायक रायपुर पश्चिम होगें।

देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी, प्रदेश एक्सक्यूटिव चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने बताया सम्मेलन में पूरे प्रदेश से कैट के पदाधिकारी,सदस्य और बड़ी संख्या में कारोबारी शामिल होने आ रहे है।6 जून शुक्रवार को दोपहर 3:30 बजे से कार्यक्रम शुरू होगा। सम्मेलन में लोकल उद्योगों को बढ़ावा देने और उनके द्वारा बनाए गए समानों की खरीदी के लिए बाजार उपलब्ध कराने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी।सम्मेलन स्थल पर इसके लिए 10 स्टाल भी लगाए जाएंगे। कार्यक्रम में मौजूद व्यापारियों को 20 सूत्रीय मुद्दे को लेकर शपथ भी दिलाई जाएगी।कैट के पदाधिकारी अपने जिलो में जाकर शपथ दिलाएंगे।लोकल सामानों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में जन जागरण अभियान भी चलाया जाएगा।



डॉ. रमन सिंह एवं राजेश मूणत से कैट टीम ने मुलाकात कर उन्हें विधिवत कार्यक्रम में आमंत्रित किया ।कैट युवा कैट एवं राजनांदगांव इकाई के पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।जिनमें अमर पारवानी, जितेन्द्र दोशी, परमानन्द जैन, सुरिन्द्र सिंह, राजेन्द्र खटवानी, गोल्डी जैन, विजय पटेल, भास्कर साहू, राजू डागा, राजा मखीजा, संजय तेजवानी, शरद अग्रवाल, गुरुमुख दास वाधवा, अपठित संदेश, अकरम कुरैशी, अरुण शुक्ला, आलोक बिंदल, चिन्टू बग्गा, आकाश चोपडा, अमित खण्डेलवाल एवं संजय रिजवानी शामिल थे।

### ऑपरेशन साइबर शील्ड

# म्यूल बैंक खाता चलाने वाले 8 आरोपी रायपुर, धमतरी और ओडिशा से गिरफ्तार

**रायपुर**, 3 जून (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस का ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई जारी है एक बार फिर म्यूल बैंक खाता के संचालक 8 आरोपियों को ओडिशा धमतरी रायपुर से गिरफ्तार किया गया हैण् कुछ गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध पूर्व में एनडीपीएस एक्ट आर्म्स एक्ट व प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा ने साइबर अपराध अनुसंधान एवं म्यूल बैंक खाता की जांच कर फ्राड में शामिल मुख्य आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करने रेंज साइबर थाना रायपुर को निर्देश दिया है इसका पालन करते हुए रायपुर पुलिस ऑपरेशन साइबर शील्ड चला रही थाना सिविल लाइन रायपुर में उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक शाखा सिविल लाइन में खोले गए 104 म्यूल अकाउंट के विरुद्ध 36 लाख रुपए की साइबर क्राइम थाना आजाद चौक में इंडियन ओवरसीज बैंक के 22 म्यूल अकाउंट के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर रेंज साइबर थाना रायपुर में विवेचना किया जा रहा है इस प्रकरण में म्यूल बैंक खाता से संबंधित खाता धारक संवर्धक संचालक सिम विक्रय केंद्र के प्रतिनिधि और बैंक अधिकारी को गिरफ्तार किया गया है पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ एवं तकनीकी विश्लेषण से म्यूल बैंक खाता को किराया में लेकर साइबर ठगी की रकम प्राप्त करने रकम को इधर.उधर करने में शामिल 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तार आरोपियों के द्वारा जगह बदल बदल कर म्यूल बैंक खातों को खुद ऑपरेट किया जाता था और ठगी की रकम को इधर उधर किया जाता था आरोपियों ने अत्यधिक मात्रा में ठगी की रकम प्राप्त की है गिरफ्तार आरोपी रवि राज पाण्डेय के विरुद्ध पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध है सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।




## ठगी की रकम को करते थे इधर-उधर

# धारदार चाकू के साथ 4 युवक पकड़ाए

**रायपुर**, 3 जून (देशबन्धु)। थाना खमतराई पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि गंगा नगर भनपुरी तालाब के पास एक व्यक्ति हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित कर रहा है कि तत्काल खमतराई पुलिस टीम द्वारा गंगा नगर भनपुरी तालाब पहुंचकर आरोपी रवि कुमार साहू पिता कोमल प्रसाद साहू उम्र 20 वर्ष निवासी रामेश्वर नगर जुट मिल के पास थाना खमतराई जिला रायपुर के कब्जे से एक धारदार चाकू जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया। इसी प्रकार खमतराई पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि हनुमान मंदिर के पास धनलक्ष्मी नगर में एक व्यक्ति हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित कर रहा है कि तत्काल खमतराई पुलिस टीम द्वारा हनुमान मंदिर के पास धनलक्ष्मी नगर पहुंचकर आरोपी पारस साहू पिता हरिराम साहू उम्र.26 वर्ष निवासी हनुमान मंदिर के पास पोखराज किराना स्टोर के पास भनपुरी थाना खमतराई जिला रायपुर के कब्जे से एक धारदार चाकू जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। इधर एक अन्य मामले में पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि अंग्रेजी शराब दुकान भाटा गांव के पास दो लड़के अपने पास अवैध रूप से चाकू रखकर संदिग्ध रूप से घूम रहे हैं की सूचना पर तत्काल कोई गंभीर अपराध की घटना घटित न हो की आशंका पर घटनास्थल पर रवाना हुआ आरोपी गण पुलिस को देखकर भागने की कोशिश कि किन्तु पुलिस के तत्परता से दोनों आरोपी भागने में असफल रहे दोनों आरोपी को पकड़ कर तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से एक .एक नग लोहे का चाकू अवैध रूप से रखे मिला



# कलेक्टर ने ली राजस्व विभाग की बैठक

**रायपुर,** 3 जून। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशों का पालन करते हुए जिले में लंबित राजस्व प्रकरणों का जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सिंह ने स्पष्ट कहा कि राजस्व कार्यालयों में कोई भी प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। त्रुटि सुधार के मामलों में अधिकारी स्वयं संज्ञान लेकर त्वरित कार्रवाई करें। उन्होंने सीमांकन एवं पात्र खसरे के बटांकन जैसे प्रकरणों को शीघ्रता से निपटाने तथा भू-अर्जन, भू-आवंटन मामलों में जल्द आवेदन बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पंचायत एवं आरसीसी (राजस्व न्यायालय) से संबंधित मामलों में पेशी की संख्या बढ़ाने एवं आवेदकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने की आवश्यकता पर बल दिया। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व प्रकरणों में आम जनता को शीघ्र राहत मिले, यह शासन की प्राथमिकता है। इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप, जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन, अपर कलेक्टर कीर्तिमान राठौर, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें : कलेक्टर



**रायपुर,** 3 जून। रामगढ़िया सेवक सभा एवम महिला विंग द्वारा आज 3 जून को शहीद स्मारक ऑडिटोरियम, बॉम्बे मार्केट के पास जी. ई. में *बाणी दे बोहित, शांति दे पुंज, शहीदाँ दे सरताज, कौम दे पहले शहीद, धन धन श्री गुरु अरजन देव साहिब दे पावन शहीदी दिवस नू समर्पित* छबील की सेवा की , जिसमे सभी राहगीर को ठंडे मीठे पानी का शरबत पिलाया गया , जिसमे समाज के सभी लोगो ने सेवा दी।

# माहेश नवमी के अवसर पर स्वास्थ्य,रक्तदान शिविर एवं खेलकूद प्रतियोगता

**रायपुर,** 3 जून (देशबन्धु)। माहेश्वरी सभा द्वारा प्रदेश माहेश्वरी सभा के सानिध्य मे आगामी बुधवार को महेश नवमी पर्व के अवसर पर रविवार को विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। महेश छात्रावास जी.ई रोड मे थायोकेयर के सहयोग से विशेष रियायती दर पर रक्त द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।लगभग डेढ़ सौं सामाजिक बंधुओं ने सुबह ख़ाली पेट इस जाँच मे हिस्सा लिया।प्रदेश अध्यक्ष सुरेश मुँधड़ा,प्रदेश मंत्री नंदू राठी एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ रवि राठी ने कहा कि *स्वस्थ समाज सशक्त समाज* के संकल्प के साथ ही समाज ने इसका आयोजन किया था । इसके पश्चात सिटी ब्लड सेंटर मे समाज ने आयोजित रक्तदान शिविर मे हिस्सा लेते हुए लगभग अस्सी बंधुओं ने रक्तदान किया। महेश नवमी अवसर पर ही खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन वॉलफोर्ट हाईट्स भाटागाँव मे किया गया।बड़ी संख्या मे बच्चो ने कैरम,चेस,बैडमिंटन,टेबल टेनिस मे भाग लिया।



# कबीर नगर बाजार में 15 दुकानों में गन्दगी मिलने पर स्वच्छता दीदियों ने वसूला 2000 जुर्माना

**रायपुर**, 3 जून (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे और आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन 8 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल के मार्गनिर्देशन एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन और स्वच्छता निरीक्षक रितेश झा की उपस्थिति में आज नगर निगम जोन 8 स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों की सहायता से जोन के अंतर्गत कबीर मगर बाजार में 15 सब्जी / फल दुकानों में निरीक्षम में गन्दगी पाए जाने पर सम्बंधित दुकानदारों से कुल 2000 रूपये जुर्माना उन्हें भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देकर वसूला. वहीं माधव राव सप्रे वार्ड क्रमांक 69 के तहत रायपुरा क्षेत्र में हरमन ढाबा में जनशिकायत मिलने पर स्वच्छता व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान गन्दगी पाए जाने और भारी मात्रा में पॉलीथिन कचरा नाली में मिलने पर सम्बंधित ढाबा संचालक पर तत्काल 2000 रूपये का जुर्माना उन्हें भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए वसूला. जोन 8 स्वास्थ्य विभाग के अभियान के अंतर्गत स्वसहायता समूहों की स्वच्छता दीदियों द्वारा कपड़े का बैग दुकानदारों को वितरित कर उसका पूर्ण सदुपयोग करने की स्पष्ट समझाईश दी गयी।



# भाठागांव रोड में कंडम वाहन जप्त



**रायपुर,** 3 जून। भाठागांव रोड में यातायात पुलिस बल की सहायता से जनहित में जनसुविधा हेतु सडक यातायात सुगम व सुव्यवस्थित बनाने हेतु अभियान चलाकर सडक पर रखे कंडम वाहनो को जप्त करने की कार्यवाही जोन 6 कमिश्नर हितेन्द्र यादव एवं कार्यपालन अभियंता अतुल चोपडा के मार्गदर्शन एवं उपअभियंता नगर निवेश हिमांशु चंद्राकर की उपस्थिति में की गई। इससे तत्काल नागरिको और वाहन चालको को सडक यातायात भाठागांव रोड में सुगम और सुव्यवस्थित होने से त्वरित राहत प्राप्त हुई।

# सेवा कार्यों के साथ संपन्न होगा महेश नवमी पर्व

**रायपुर,** 3 जून (देशबन्धु)। माहेश्वरी सभा द्वारा बुधवार को महेश नवमी पर्व के अवसर पर दिन भर सेवा कार्य किए जाएँगे ।सुबह शास्त्री चौक पर विशाल भंडारा एवं शरबत वितरण आयोजित है ।इसके साथ ही मेकाहारा मंगल भवन मे मरीजो एवं उनके परिजनों को भोजन सेवा दी जाएगी। शाम को माहेश्वरी भवन डुण्डा मे सम्मान समारोह एवं पुरस्कार वितरण होगा।अध्यक्ष राजेश तापडीया, महामंत्री आलोक बागड़ी ने बताया कि भगवान महेश की महाआरती महिला समिति द्वारा की जाएगी,पश्चात शिक्षा,खेलकूद एवं अन्य विधाओ के लिये सामाजिक बंधुओं का स्वागत होगा।गोपीकृष्ण राठी,ज्योति राठी,सुरेश मूँधड़ा,शशि गट्टानी,राजकुमार केला,आनंद राठी,सागर बजाज एवं सिविल जज रायपुर सुश्री भामिनी राठी अतिथिगण होंगे।

## निधन

### जेके पाण्डे

**नवापारा राजिम,** 3 जून। समीपस्थ ग्राम पारागांव निवासी हरि हर हाईस्कूल के सेवानिवृत्त व्याख्याता जेके पाण्डेय 86 वर्ष का आकस्मिक निधन सोमवार शाम को हो गया। जिनकी अंत्येष्ठी आज मंगलवार को स्थानीय मुक्तिधाम में की गई। वे संतोष पाण्डेय स्व..राकेश पाण्डेय के पिता, शुभम, रजत पांडे के दादा थे।



### मेघराज रूपरेला

**महासमुंद**, 3 जून। स्थानीय महामाया पारा निवासी मेघराज रूपरेला 58 वर्ष का मंगलवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे जतिन रूपरेला के पिता व मनीष, दिनेश, दीपक, अभिषेक रुपरेला के चाचा थे।



### श्रीमती शांतिबाई लुनिया

**महासमुंद,** 3 जून । स्थानीय गांधी चौक निवासी श्रीमती शांतिबाई लुनिया 75 वर्ष का 3 जून को निधन हो गया। अंतिम संस्कार भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे नरेंद्र लुनिया की धर्मपत्नी, अशोक लुनिया की भाभी, अजय, कमल, मुकेश, अभिषेक, अखिलेश, अंकित लुनिया की बडी मां एवं हर्ष भंसाली की नानी थी।



### श्रीमती सुलोचना देवी सोनी

**रायपुर,** 3 जून। श्रीमती सुलोचना देवी सोनी पति स्व रघुनाथ प्रसाद सोनी का स्वर्गवास 3 जून को हो गया है वह एकता परिसर अश्वनी नगर ए रायपुर की निवासी थी। उनकीअंतिम यात्रा बुधवर 4 जून को सुबह 10 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी मुक्तिधाम बुढ़ापारा जाएगी शोकाकुल पुत्र संजय अजय मनीष, शिव, ओम एवं समस्त सोनी परिवार।



**हरियाणवी बोलने वालों को समझा जाता है अनपढ़ : एल्विश यादव**

**मुंबई।** यूट्यूबर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर एल्विश यादव ने हरियाणवी भाषा के साथ जुड़ी गलतफहमी पर बात की। एल्विश यादव ने बताया कि मेरे मन में ये चीजें चलती रहती हैं। मैंने कहीं पढ़ा था कि ज्यादातर लोग सोचते हैं कि हमारी जैसी भाषा होती है, वैसी ही इमेज बना ली जाती है। जैसे हरियाणवी, जो 'खड़ी' बोली है, कुछ लोगों को अनपढ़ लोगों की भाषा लगती है। उन्हें लगता है कि हम ठीक से बोलना नहीं जानते। लेकिन यह सच नहीं है। एल्विश यादव के रूप में लोकप्रिय सिद्धार्थ यादव हरियाणा से हैं और उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज से कॉमर्स में ग्रेजुएशन किया है। 28 वर्षीय एल्विश 'बिग बॉस ओटीटी 2' और 'एमटीवी रोडीज डबल क्रॉस' जैसे शो के विजेता रहे हैं।

# हिन्दू समुदाय की आस्था को दर्शाता है क्षीर भवानी





■ सुरेश एस डुग्गर

- मंदिर कश्मीर के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक
- मंदिर के चारों ओर चिनार के पेड़ और नदियों की धाराएं
- महाराग्य देवी, रग्न्या देवी, रजनी देवी, रग्न्या भगवती इस मंदिर के अन्य प्रचलित नाम
- 1912 में महाराजा प्रताप सिंह द्वारा करवाया गया मंदिर का निर्माण

**जम्मू,** 3 जून (देशबन्धु)। क्षीर भवानी मंदिर श्रीनगर से 27 किलोमीटर दूर तुलमुला गांव में स्थित है। ये मंदिर मां क्षीर भवानी को समर्पित है। यह मंदिर कश्मीर के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है। मां दुर्गा को समर्पित इस मंदिर का निर्माण एक बहती हुई धारा पर किया गया है। इस मंदिर के चारों ओर चिनार के पेड़ और नदियों की धाराएं हैं, जो इस जगह की सुंदरता पर चार चांद लगाते हुए नज़र आते हैं। ये मंदिर, कश्मीर के हिन्दू समुदाय की आस्था को बखूबी दर्शाता है।

महाराग्य देवी, रग्न्या देवी, रजनी देवी, रग्न्या भगवती इस मंदिर के अन्य प्रचलित नाम है। इस मंदिर का निर्माण 1912 में महाराजा प्रताप सिंह द्वारा करवाया गया जिसे बाद में महाराजा हरी सिंह द्वारा पूरा किया गया।

इस मंदिर की एक ख़ास बात ये है कि यहां एक षट्कोणीय झरना है जिसे यहां के मूल निवासी देवी का प्रतीक मानते हैं। इस मंदिर से जुड़ी एक प्रमुख किवदंती ये है कि सतयुग में भगवान श्री राम ने अपने निर्वासन के समय इस मंदिर का इस्तेमाल पूजा के स्थान के रूप में किया था। निर्वासन की अवधि समाप्त होने के बाद भगवान राम द्वारा हनुमान को एक दिन अचानक ये आदेश मिला कि वो देवी की मूर्ति को स्थापित करें। हनुमान ने प्राप्त आदेश का पालन किया और देवी की मूर्ति को इस स्थान पर स्थापित किया, तब से लेके आज तक ये मूर्ति इसी स्थान पर है।

इस मंदिर के नाम से ही स्पष्ट है यहां क्षीर अर्थात 'खीर' का एक विशेष महत्त्व है और इसका इस्तेमाल यहां प्रमुख प्रसाद के रूप में किया जाता है। क्षीर भवानी मंदिर के सन्दर्भ में एक दिलचस्प बात ये है कि यहां के स्थानीय लोगों में ऐसी मान्यता है कि अगर यहां मौजूद झरने के पानी का रंग बदल कर सफेद से काला हो जाये तो पूरे क्षेत्र में अप्रत्याशित विपत्ति आती है। प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ (मई-जून) के अवसर पर मंदिर में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जाता है। यहां मई के महीने में पूर्णिमा के आठवें दिन बड़ी संख्या में भक्त एकत्रित होते हैं। ऐसा विश्वास है कि इस शुभ दिन पर देवी के कुंड का पानी बदला जाता है। ज्येष्ठ अष्टमी और शुक्ल पक्ष अष्टमी इस मंदिर में मनाये जाने वाले कुछ प्रमुख त्यौहार हैं। माता क्षीर भवानी के मंदिर के बारे में मान्यता है कि यहां पर हनुमान जी माता को जल स्वरूप में अपने कमंडल में लाए थे। यह भी कहा जाता है कि जिस दिन इस जल कुंड का पता चला वह ज्येष्ठ अष्टमी का दिन था। इसलिए हर साल इसी दिन मेला लगता है। माता को प्रसन्न करने के लिए दूध और शक्कर में पकाए चावलों का भोग चढ़ाने के साथ-साथ पूजा अर्चना और हवन किया जाता है।

भक्तों का मानना है कि माता आज भी इस जल कुंड में वास करती हैं। यह जल कुंड वक्त के साथ साथ रंग बदलता रहता है, जिससे भक्तों को अच्छे और बुरे समय का ध्यान हो जाता है। यह कुंड लाखों लोगों के लिए आस्था का केंद्र बना हुआ है। एक भक्त ने बताया कि 90 के दशक में जब कश्मीर में हालात खराब थे तो उस समय जल कुंड का रंग काला हो गया था जो बुरे समय का प्रतीक है। क्षीर भवानी मंदिर की खासियत यह भी है कि आज भी इस स्थान पर सदियों से चला आ रहा कश्मीरी भाईचारा जिंदा है। मंदिर में चढ़ने वाली सामग्री इलाके के स्थानीय लोग बेचते हैं जो भाईचारे का एक बहुत बड़ा उदाहरण है। एक कथा के अनुसार, रावण की भक्ति से प्रसन्न होकर मां राज्ञा माता (क्षीर भवानी या राग्याना देवी) ने रावण को दर्शन दिए। जिसके बाद रावण ने उनकी स्थापना श्रीलंका की कुलदेवी के रूप में की। लेकिन कुछ समय बाद रावण के व्यवहार और बुरे कर्म के चलते देवी उससे रूष्ठ हो गईं और श्रीलंका से जाने की इच्छा व्यक्त की। मान्यता है कि जब राम ने रावण का वध कर दिया तो राम ने हनुमान को यह काम दिया कि वह देवी के लिए उनका पसंदीदा स्थान चुनें और उनकी स्थ्थापना करें। इस पर देवी ने कश्मीर के तुलमुल्ला को चुना। माना जाता है कि वनवास के दौरान राम राग्याना माता की आराधना करते थे तो मां राज्ञा माता को रागिनी कुंड में स्थिपित किया गया। मान्यता है कि क्षीर भवानी माता किसी भी अनहोनी का संकेत पहले ही दे देती हैं और उनके कुंड यानि चश्मे के पानी का रंग बदल जाता है। इतना ही नहीं क्षीर भवानी के रंग परिवर्तन का जिक्र आइने अकबरी में भी है। प्राचीन समय में एक कश्मीरी पुरोहित को माता ने सपने में बताया कि इस मंदिर का नाम क्षीर या खीर भवानी रखें। हर साल पूजा से पहले मंदिर के कुंड में दूध और खीर डालते हैं। इस खीर से चश्मे का पानी रंग बदलता है। खीर का मतलब दूध और भवानी का मतलब भविष्यवाणी है। यही कारण है कि झरने की मंदिर में बहुत महत्ता है। इस विचार से यहां के मुसलमान और पंडित दोनों सहमत हैं। यहां के मुस्लिमों का मानना है कि, ये हमारे लिए तीर्थ है, हमारी मुराद पूरी होती है, एक स्थानीय मुस्लिम के अनुसार, उनकी दादी कहती थीं, माता भगवान की चहेती महिला थीं जो कभी मछली तो कभी कोयल का रूप धारण कर कश्मीर में बसती रही हैं।

# लू, तपन व गर्मियों को दूर करे आम का पन्ना

- आम का पन्ना एंटीऑक्सीडेंट्स से भी भरपूर
- कच्चे आम को उबालकर, भूना जीरा, काली मिर्च, पुदीना, नमक से होता है तैयार

**नई दिल्ली,** 3 जून (एजेंसियां)। देशभर के कई हिस्सों में भीषण गर्मी जारी है। ऐसे में गर्म हवा, लू, तपन, चिलचिलाती धूप और उमस से आम जनजीवन बेहाल है। हालांकि, एक चीज है, जो चुटकियों में इन समस्याओं से राहत दिलाने में मददगार हो सकती है और वो है 'आम का पन्ना', जिसे पीने से मन तरोताजा महसूस करता है तो तन स्वस्थ रहता है।

गर्मी के दिनों में जब हम चिलचिलाती धूप, लू और उससे होने वाली समस्याओं को अनदेखा कर बाहर जाते थे तो दादी-नानियां हमें बचाव के लिए आम का पन्ना पिलाती थीं। आम का पन्ना आज भी देश के कई कोने में गर्मी के दिनों में घर के सदस्यों के साथ ही मेहमानों को दिया जाता है। आम का पन्ना एक पारंपरिक भारतीय पेय है, जो कच्चे आम को उबालकर और उसमें भूना जीरा, काली मिर्च, पुदीना, नमक समेत कुछ मसालों को मिलाकर बनाया जाता है। यह सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होता है। आयुर्वेदाचार्य बताते हैं कि आम पन्ना विटामिन सी का अच्छा स्रोत है, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। यह प्राकृतिक कूलिंग एजेंट है, जो शरीर को ठंडक पहुंचाता है और गर्मी से राहत दिलाता है। यही नहीं, आम का पन्ना पाचन एंजाइमों को उत्तेजित करता है, जिससे भोजन का पाचन बेहतर होता है और पाचन तंत्र मजबूत बनता है। आम का पन्ना एंटीऑक्सीडेंट्स से भी भरपूर होता है, जो शरीर को ऑक्सीडेटिव तनाव से बचाता है और कई बीमारियों से बचाव में मदद करता है। आम का पन्ना बनाने का तरीका भी बेहद सरल है। कच्चे आम को उबालकर इसका गूदा निकाला जाता है, फिर इसे पानी में घोलने के बाद चीनी, जीरा, काली मिर्च और काला, सादा नमक मिलाए जाते हैं। अभिनेत्री गीतांजलि मिश्रा ने भी बताया था कि वह गर्मियों से बचाव के लिए फलों के जूस और मां के हाथ का बना 'आम पन्ना' लेती हैं। गर्मियों के लिए अपनी फिटनेस रूटीन को शेयर करते हुए गीतांजलि ने बताया कि गर्मियों में वह फलों के जूस और आम पन्ना का सहारा लेती हैं। गर्मियों में एक्टिव रहना भले ही चुनौतीपूर्ण हो सकता है, लेकिन रूटीन में कुछ बदलाव और सही व्यायाम के साथ गर्मी से होने वाली समस्याओं को मात दिया जा सकता है।



# दिल्ली जू को निजी हाथों में सौंपकर 'वनतारा' मॉडल पर रीडेवलपमेंट की तैयारी

■ डॉ. कला अय्यर




- नेशनल जूलॉजिकल पार्क अब गुजरात के जामनगर स्थित 'वनतारा' मॉडल पर संवारा जाएगा

**नई दिल्ली,** 3 जून (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित ऐतिहासिक चिड़ियाघर को नए और आधुनिक स्वरूप में विकसित करने की तैयारी शुरू हो गई है। 1959 में स्थापित नेशनल जूलॉजिकल पार्क अब गुजरात के जामनगर स्थित 'वनतारा' मॉडल पर संवारा जाएगा। इसे निजी कंपनी ग्रीन्स जूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर जामनगर के हवाले किए जाने की तैयारी चल रही है। जानकारी के अनुसार, यही संस्था गुजरात के जामनगर में अनंत अंबानी की बहुचर्चित वनतारा परियोजना का संचालन करती है। इसको लेकर दिल्ली चिड़ियाघर में लगातार बैठकों का दौर चल रहा है, जिसमें तमाम केंद्रीय विभागों के अधिकारी शामिल हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि, वन मंत्रालय और प्रधानमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस प्रस्तावित योजना पर विचार-विमर्श शुरू कर दिया है। दिल्ली चिड़ियाघर के रीडेवलपमेंट के तहत यहां घायल, संकटग्रस्त व लुप्तप्राय प्रजातियों के लिए विश्वस्तरीय रेस्क्यू व रिहैबिलिटेशन सेंटर, एयर-कंडीशनर मेडिकल यूनिट व प्राकृतिक आवास जैसी संरचनाएं विकसित की जाएंगी। वन मंत्रालय और प्रधानमंत्री कार्यालय का मानना है कि निजी क्षेत्र या सोसाइटी को संचालन सौंपने से चिड़ियाघर का रखरखाव बेहतर होगा और आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करके वन्यजीव संरक्षण को एक नई दिशा मिल सकेगी। अधिकारियों से योजना के बारे में प्राप्त जानकारी के अनुसार, विशेष प्रजातियों के लिए भूमिगत टनल बनाई जाएगी, जहां जलवायु नियंत्रण की व्यवस्था रहेगी. साथ ही मृग, घड़ियाल, दुर्लभ पक्षियों समेत अन्य जीवों के संरक्षण की व्यवस्था भी बेहतर करने का काम किया जाएगा। फिलहाल चिड़ियाघर के रीडेवलपमेंट योजना के तहत पहले चरण में भैरो मार्ग पर एक नया व भव्य प्रवेश द्वार बनया जाएगा। यहां पर पांडव कालीन भैरो मंदिर और उसके समीप भारत मंडपम में आने वाले लोग भी आसानी से चिड़ियाघर में प्रवेश कर सकेंगे, जिससे इस नए गेट से कनेक्टिविटी बढ़ेगी। दिल्ली चिड़ियाघर के डायरेक्टर डॉक्टर संजीत कुमार ने बताया कि जू के मथुरा रोड की ओर वाले गेट को भव्य बनाया जाएगा। गेट बनाने के साथ पर्यटकों के लिए कैफेटेरिया, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, टिकट काउंटर, क्लाक रूम जैसी अन्य आधुनिक सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। चिड़ियाघर में अभी पक्षियों को केबिन में रखा जाता है, लेकिन चिड़ियाघर में एक विशाल वाक-थ्रू एवियरी बनाने की योजना है। अंदर विभिन्न प्रजाति की पक्षियां रहेंगी।

# पीठ के पुराने दर्द से परेशान हैं तो प्रकृति कर सकती है आपकी मदद



**नई दिल्ली,** 3 जून (एजेंसियां)। अगर आपको लंबे समय से पीठ दर्द की समस्या है, तो एक नए अध्ययन के अनुसार जंगल में सैर करने से इस दर्द को बेहतर तरीके से नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है।

'द जर्नल ऑफ पेन' में छपे एक अध्ययन के मुताबिक, प्रकृति के बीच समय बिताने से पुराने पीठ दर्द से परेशान लोगों को कुछ राहत मिल सकती है। इससे उन्हें अपने शारीरिक दर्द को बेहतर तरीके से मैनेज करने में मदद मिलती है। ब्रिटेन के प्लायमाउथ विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने एक प्रयोग किया। उन्होंने 10 ऐसे लोगों से बात की, जो लंबे समय से (कुछ तो 40 साल से) पीठ दर्द की समस्या से जूझ रहे थे। शोधकर्ताओं ने उनसे पूछा कि वे अपने दर्द को कम करने के लिए प्रकृति का कैसे इस्तेमाल करते हैं।

शोधकर्ताओं ने पाया कि जो लोग प्रकृति में बाहर निकल पाते थे, उन्हें इससे दूसरों से जुड़ने का मौका मिलता था। वरना, वे ज्यादातर समय घर के अंदर अकेले बिताते थे। इससे उन्हें अपने दर्द में कुछ राहत मिली और रोजमर्रा की जिंदगी से थोड़ा सुकून महसूस हुआ। उन्हें प्रकृति के खुशनुमा माहौल में कसरत करने का मौका मिला, जो उन्हें जिम या ऐसी दूसरी जगहों की तुलना में ज्यादा पसंद आया।

साक्षात्कार देने वालों ने बताया कि ताजी हवा, पानी की आवाज और प्राकृतिक नजारे उन्हें शांति देते हैं। इससे उनके दर्द के कारण होने वाले तनाव और चिंता में राहत मिली।

विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के शोधकर्ता और लेखक अलेक्जेंडर स्मिथ ने बताया कि पीठ के निचले हिस्से का दर्द, कई अन्य शारीरिक समस्याओं की तरह, बहुत परेशान करने वाला, अकेलेपन को बढ़ाने और थकाने वाला हो सकता है। लेकिन, पुराने दर्द के इलाज के लिए नए तरीकों पर ध्यान दिया जा रहा है और प्रकृति को इसके लिए एक संभावित विकल्प माना जा रहा है।

स्मिथ ने कहा कि हमारे शोध से पता चला कि लोग प्रकृति में टहल सके, उन्हें इससे शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से फायदा हुआ।

अपने शोध के आधार पर, शोधकर्ताओं ने सुझाव दिया कि पुराने पीठ दर्द से पीड़ित लोग और उनके डॉक्टर प्रकृति की मदद से स्वास्थ्य और बेहतरी को बढ़ावा देने पर ज्यादा ध्यान दें।

स्मिथ ने कहा कि छोटे बदलाव, जैसे बेहतर रास्ते और बैठने की जगहें, साथ ही वर्चुअल रियलिटी जैसी तकनीक, इन फायदों को सबके लिए उपलब्ध करा सकते हैं। हमें उम्मीद है कि हमारे निष्कर्ष इस बात की और अधिक खोज के लिए रास्ता खोलेंगे कि इसे कैसे प्राप्त किया जा सकता है।

# सेल्वाराघवन ने मोहनलाल को बताया भारत का सर्वश्रेष्ठ अभिनेता!



**चेन्नई,** 3 जून (एजेंसियां)। तमिल सिनेमा के बेहतरीन निर्देशकों में से एक सेल्वाराघवन ने मंगलवार को मलयालम अभिनेता मोहनलाल की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'थुडारम' में उनके उत्कृष्ट अभिनय की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह भारत के सर्वश्रेष्ठ अभिनेता से मंत्रमुग्ध हैं। निर्देशक सेल्वाराघवन अभिनेता धनुष के बड़े भाई भी हैं। सेल्वाराघवन ने 'एक्स' पर अपनी टाइमलाइन पर लिखा कि थुडारम बहुत बढ़िया फिल्म है! केवल मोहनलाल ही इस फिल्म को बना सकते हैं! क्या अभिनेता हैं! भारत के सर्वश्रेष्ठ अभिनेता को देखकर मंत्रमुग्ध हो गया। इस वर्ष की शुरुआत में रिलीज हुई थरुन मूर्ति निर्देशित थुडारम एक बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्म बनकर उभरी और इसने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। वास्तव में, इस फिल्म ने केरल बॉक्स ऑफिस के इतिहास में एक नया अध्याय लिखा, जिसने अकेले केरल में 100 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की।

# 'राजमाता' की भूमिका के लिए पद्मिनी ने की खूब मेहनत



**मुंबई,** 3 जून (एजेंसियां)। फिल्म इंडस्ट्री को एक से बढ़कर एक फिल्म देने वाली बीते जमाने की मशहूर अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरी 11 साल बाद छोटे पर्दे पर वापसी करने जा रही हैं। पद्मिनी 'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान' में राजमाता की भूमिका में नजर आएंगी। अभिनेत्री ने बताया कि 'राजमाता' के किरदार के लिए उन्होंने कैसे और क्या तैयारी की। पद्मिनी ने बताया कि राजमाता की भूमिका उनके करियर का एक खास अनुभव रहा है। उन्होंने इस किरदार को निभाने के लिए खूब मेहनत की। अभिनेत्री ने बताया कि मैंने ऐतिहासिक किताबें, लोक कथाएं और डॉक्यूमेंट्री देखी ताकि उस दौर को समझ सकूं। राजमाता सिर्फ पृथ्वीराज की मां ही नहीं थीं, बल्कि उनकी ताकत और मार्गदर्शक भी थीं। एक मां के तौर पर मैं उनकी भावनाओं को समझ सकती हूं। इस किरदार को निभाना मेरे लिए बड़ी जिम्मेदारी थी।

पद्मिनी ने मजाकिया अंदाज में बताया कि उन्होंने इस विषय पर इतना सर्च किया कि उनका फोन अब भी सिर्फ पृथ्वीराज और उस युग से जुड़ी चीजें ही सुझाता है। उन्होंने राजमाता की शांत ताकत और गरिमा को पर्दे पर लाने के लिए हर छोटी-बड़ी बात पर ध्यान दिया।

टेलीविजन पर वापसी को लेकर उत्साहित पद्मिनी कोल्हापुरी ने कहा कि चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान की दुनिया में कदम रखना मेरे लिए बेहद खास है, न केवल इसलिए कि मैं इसमें दमदार भूमिका निभा रही हूं, बल्कि इसलिए भी कि यह लगभग 11 वर्षों के बाद टेलीविजन पर मेरी वापसी है। टेलीविजन पर मेरा सफर सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के साथ शुरू हुआ था और अब, इतने सालों के बाद मैं उसी चैनल पर एक ऐसी भूमिका के साथ लौट रही हूं, जो चुनौतीपूर्ण और संतोषजनक दोनों है। उन्होंने कहा कि जब मुझे राजमाता की भूमिका के लिए ऑफर मिला तो मुझे इससे जुड़ाव महसूस हुआ। ऐसी भूमिका मिलना दुर्लभ है, जिसमें इतनी गहराई हो। वह सिर्फ एक रानी या मां नहीं है, वह राज्य की आत्मा हैं। राजमाता की भूमिका निभाना उन सभी मजबूत महिलाओं को सम्मान देने जैसा है, जिन्होंने पर्दे के पीछे से शांति के साथ देश की मजबूती में अहम भूमिका निभाई।

# पेट की तकलीफ व घुटने के दर्द में रामबाण है भद्रासन




- भद्रासन गर्भवती महिलाओं के लिए बहुत फायदेमंद आसन
- सिरदर्द, कमर दर्द, आंखों की कमजोरी, अनिद्रा व हिचकी जैसी समस्याओं में भी राहत

**नई दिल्ली,** 3 जून (एजेंसियां)। योग केवल शरीर को नहीं, मन को भी सुकून देता है। भद्रासन एक ऐसा ही सरल और शांत योग आसन है, जिसे करने से शरीर मजबूत होता है और मन खुश रहता है। रोजाना कुछ मिनट इस आसन को करने से दिमाग तनावमुक्त रहता है। भद्रासन दो शब्दों से मिलकर बना है- 'भद्र' मतलब शुभ और 'आसन' मतलब बैठने की मुद्रा। इस आसन को लेकर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कह चुके हैं कि भद्रासन करने से शरीर मजबूत बनता है।

भद्रासन करने से पूरे शरीर की मांसपेशियां मजबूत होती हैं। यह खासकर जांघ, घुटने और कूल्हों की मांसपेशियों को ताकत देता है। नियमित अभ्यास से शरीर में लचीलापन बढ़ता है और खिंचाव की समस्या दूर होती है। साथ ही, यह आसन पीठ और कमर की मांसपेशियों को भी मजबूती प्रदान करता है, जिससे शरीर स्वस्थ और स्थिर रहता है। इस आसन से पेट से जुड़ी कई समस्याओं को दूर करने में मदद मिलती है। साथ ही पाचन तंत्र बेहतर बनता है और कब्ज जैसी परेशानियां कम होती हैं। भोजन अच्छे से पचता है। इससे शरीर में ऊर्जा बनी रहती है। भद्रासन गर्भवती महिलाओं के लिए बहुत फायदेमंद आसन है। यह उनके कूल्हों और जांघों की मांसपेशियों को मजबूत करता है, जिससे प्रसव में आसानी होती है। साथ ही, यह मन को शांत करता है और तनाव कम करता है। इसके अलावा, मासिक धर्म के दौरान होने वाली तकलीफों को भी दूर करता है। इस आसन को करने से एकाग्रता बढ़ती है और दिमाग तेज होता है। सिरदर्द, कमर दर्द, आंखों की कमजोरी, अनिद्रा और हिचकी जैसी समस्याओं में भी राहत मिलती है। पीएम मोदी भी अपने 'एक्स' पोस्ट में भद्रासन की तारीफ कर चुके हैं। उन्होंने एक वीडियो शेयर किया था जिसमें जोड़ों के लिए इसके लाभ के बारे में बताया गया है, जो घुटनों के दर्द को भी कम करता है। भद्रासन योग मुद्रा पेट की तकलीफों को दूर रखने में भी मददगार है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, भद्रासन का अभ्यास जोड़ों को मजबूत बनाता है और घुटने के दर्द को कम करता है। यह पेट की तकलीफों को दूर रखने में भी मददगार है। भद्रासन करने के लिए सबसे पहले, पालथी मारकर जमीन पर बैठ जाएं। पैर फर्श से अच्छी तरह संपर्क में होने चाहिए।

## काकासन से घटाएं चर्बी, लिवर-किडनी भी होगी दुरुस्त



आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी और गलत खानपान की वजह से लोग कई बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। ऐसे में जरूरी है कि हम अपने खाने-पीने की आदतों के साथ-साथ दिनचर्या में भी कुछ अच्छे बदलाव लाएं। फाइबर युक्त खाना खाएं और खूब पानी पीएं, साथ ही योग को भी अपनी दिनचर्या में शामिल करें। योग में कई ऐसे आसन हैं जो कई शारीरिक समस्याओं को दूर करने में मदद करते हैं। इन्हीं में से एक है 'काकासन', इसे 'क्रो पोज' भी कहते हैं। इस आसन को करते समय शरीर कौआ की आकृति बनाता है। चलिए आपको बताते हैं आयुर्वेद के अनुसार इस आसन को करने के फायदे क्या हैं। काकासन करने से पेट पर असर पड़ता है और पाचन तंत्र सक्रिय होता है। आसन के समय पेट पर पड़ने वाला हल्का दबाव आंतों को सही तरीके से काम करने में मदद करता है, जिससे मल त्याग आसान हो जाता है। इससे कब्ज से राहत मिलती है और पेट हल्का महसूस होता है। इस आसन को रोजाना करने से पाचन बेहतर होता है। यह पेट की बढ़ी हुई चर्बी को घटाने में मदद करता है। इसे करने से पेट की मांसपेशियों पर खिंचाव आता है, जिससे चर्बी धीरे-धीरे घटने लगती है। यह आसन शरीर को मजबूत बनाता है और पेट को शेप में लाने में मदद करता है। रोजाना अभ्यास से पेट की चर्बी कम होती है और शरीर फिट रहता है।

रायपुर, बुधवार 4 जून 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## चिड़ियाघर पर भी निजी क्षेत्र का कब्जा!

खबर है कि दिल्ली चिड़ियाघर को जल्द ही निजी हाथों के जिम्मे सौंपा जा सकता है। पर्यावरण एवं वन मंत्रालय और प्रधानमंत्री कार्यालय के बीच इस संदर्भ में कई बैठकें हो चुकी हैं, जिसमें गुजरात के जामनगर में स्थित वनतारा परियोजना की तर्ज पर दिल्ली चिड़ियाघर को आधुनिक रूप देने की योजना पर चर्चा हुई है। नई योजना के तहत चिड़ियाघर में वन्यजीवों को उनकी प्राकृतिक जीवनशैली के करीब वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जिनमें वातानुकूलित चिकित्सा केंद्र, आधुनिक पुनर्वास केंद्र आदि शामिल होंगे। जानवरों को खुले जंगल जैसी आज़ादी देने की भी योजना है ताकि वे अपनी प्राकृतिक प्रवृत्ति के अनुसार जीवन बिता सकें।

जानवरों को बेहतर परिस्थितियों में रखना, उनके इलाज की उत्कृष्ट व्यवस्था और लुप्तप्राय प्राणियों के संरक्षण का प्रयास, यह सब सुनने में काफी अच्छा लगता है। मगर गौर करें तो इसमें निजीकरण का बड़ा षड्यंत्र दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि 214 एकड़ में फैला दिल्ली चिड़ियाघर एशिया के बेहतरीन चिड़ियाघरों में से एक है। यहां अलग-अलग महाद्वीपों से लाए गए पशु- पक्षियों की लगभग 22 हजार प्रजातियां और 200 प्रकार के पेड़ हैं। एक पुस्तकालय भी है, जहां वन्यजीव, जैव विविधता आदि पर ढेरों पुस्तकें हैं। कहने का आशय यह कि इतने उम्दा चिड़ियाघर को और बेहतर बनाने की मंशा अगर सरकार की है तो उसके लिए दीर्घकालिक योजना बनाकर चरणबद्ध तरीके से उसे लागू किया जा सकता है। अब तक जिस तरह वन्य जनजीवन पर पूरी तरह सरकार का नियंत्रण रखकर संरक्षण-संवर्धन किया जाता रहा है, वही सिलसिला जारी रखने में आखिर अब क्यों अड़चन आ रही है, क्यों चिड़ियाघर के आधुनिकीकरण के नाम पर निजी क्षेत्र के लिए दरवाजे खोले जा रहे हैं।

इसका जवाब सरकार अच्छे से जानती है, लेकिन शायद कार्पोरेट पूंजी का दबाव इतना बढ़ चुका है कि अब सरकार के लिए किसी भी बात पर ना कहना संभव नहीं रहा। पूंजीवाद का मुंह सुरसा की तरह बढ़ता जा रहा है और इसमें जितने भी निवाले चले जाएं, सब कम ही पड़ेंगे। तीन-चार दशक पहले जब बोतलबंद पानी की बिक्री शुरु हुई तो सवाल उठे थे कि प्रकृति के इस अनुपम देन पर सौदेबाजी कैसे की जा सकती है, क्या कल को हवा भी बिकेगी। और देखिए कि अब पानी भी बिकता है, प्राणवायु यानी ऑक्सीजन भी बिकती है, इसे न्यू नॉर्मल मान लिया गया है। छत्तीसगढ़ में नदी और तालाब बिकते सबने देखा है। निजीकरण का दायरा बढ़ता गया तो विमानतल, रेलवे, दूरसंचार, खनिज संपदा से भरी खदानें, बंदरगाह, सब बिक गए। शिक्षा और स्वास्थ्य तो पहले ही निजी हाथों के हवाले हो चुके हैं। एक तरह से देखा जाए तो मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताओं, बुनियादी सुविधाओं से लेकर जीवन को बेहतर बनाने वाले हर क्षेत्र में व्यापार का शिकंजा कस गया। यह सब अकेले कारोबारियों के बस की बात नहीं थी, अगर ऐसा तो पुराने जमाने में सेठ-साहूकार ही सरकार चलाते। लेकिन जब तक लोकतंत्र और सत्ता का इकबाल बुलंद था, तब तक कारोबारियों, उद्योगपतियों को मुनाफाखोरी की खुली छूट नहीं मिली थी। उन्हें अपनी पीठ पर हाथ रखने की इजाज़त न किसी प्रधानमंत्री ने दी, न किसी मुख्यमंत्री ने दी। लेकिन अब यह सब पूरी निर्लज्जता के साथ होता है। अब सरकारी अस्पतालों, शिक्षा संस्थानों का भूमिपूजन या शिलान्यास प्रधानमंत्री करते हैं, और जनता को बताते हैं कि आपको सौगात दे रहा हूं। उसके बाद वह बना या नहीं बना, इसकी चर्चा नहीं होती। सौगात सरकारी फाइलों में बंद हो जाती है। लेकिन निजी अस्पतालों, शिक्षा संस्थानों का उद्घाटन प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों के हाथ होता है और समाज सवाल भी नहीं करता कि इनकी मुनाफाखोरी में आप हिस्सेदार हैं या नहीं, क्योंकि आखिर उसे पढ़ने, इलाज करने, आवागमन, वार्तालाप करने सबके लिए निजी क्षेत्रों पर निर्भर रहने की मजबूरी हो गई है। जबकि इन बुनियादी सुविधाओं के लिए वह भारी शुल्क अदा करता है और सरकार को कर चुकाता है, वह अलग।

जब इंसानी ज़िंदगी के नाम पर इतना मुनाफा निजी क्षेत्र कमा रहे हैं, तो फिर जल, जंगल, जमीन, जानवर क्यों बख्शे जाएं।

लिहाजा अब दिल्ली चिड़ियाघर के निजीकरण की सुगबुगाहट चल रही है। अगर यह योजना वाकई सफल हो जाती है, तो दिल्ली के पुराना किले के पास की इतनी बड़ी जमीन पर मनमाने खेल करने की छूट उस कंपनी को मिल जाएगी, जिसके पास चिड़ियाघर का मालिकाना हक हो जाएगा। जामनगर में बना वनतारा बनने की हकीकत तो देश देख ही चुका है। खुद प्रधानमंत्री उसका उद्घाटन कर आए। प्राणिविशेषज्ञ सवाल करते रह गए कि किस तरह दुनिया भर के वन्यजीवों को इस तरह लाने और निजी जंगल में पालने की अनुमति दी गई। बीमार जानवरों की देखभाल की आड़ में अगर कोई अवैध कारोबार हो रहा होगा, तो उसकी जवाबदेही कैसे तय होगी, लेकिन उसका कोई जवाब नहीं मिला। जानवरों की खाल, नाखून, सींगों समेत उनके अंदरूनी अंगों की वैश्विक बाजार में बड़ी मांग है। दवा, वस्त्र, सौंदर्यप्रसाधन आदि में इनका इस्तेमाल होता है। ऐसे में क्या गारंटी है कि पशु संरक्षण की आड़ में अवैध कारोबार नहीं होगा, न आगे होगा। वनतारा के प्रचार के लिए प्रधानमंत्री पहुंचे तो फिल्म, खेल और मीडिया जगत के तथाकथित सितारों ने भी इसकी तारीफ की। इनसे पूछा जाना चाहिए कि आप किस हैसियत से निजी जंगल और वहां पल रहे जानवरों की हिमायत कर सकते हैं, क्या वे वन्यजीव संरक्षण के जानकार हैं। अगर नहीं तो फिर इस प्रचार से उन्हें कौन सा लाभ मिल रहा है, यह पूछा जाना चाहिए।

वनतारा की तर्ज पर दिल्ली चिड़ियाघर को विकसित करने की खबर सावधान करने के लिए काफी है कि निजीकरण कैसे केवल इंसानों नहीं बल्कि प्रकृति को भी अपनी जद में लेता जा रहा है। फिलहाल लोकतंत्र में आवाज़ उठाने के लिए कुछ स्वतंत्र मंच बचे हैं, लेकिन कहीं चिड़ियाघर के बाद इन मंचों की भी बारी आ गई तब क्या होगा, यह सोचकर ही डर लगता है।

# पहली बार हो रहा सेना का निर्लज्ज इस्तेमाल

जम्मू-कश्मीर के कारगिल में भारत और पाकिस्तान के बीच 1999 में मई से जुलाई के बीच तीन महीने तक सैन्य संघर्ष चला था, जिसमें भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना को अपनी जमीन से खदेड़ने में कामयाब रही थी। उससे पहले केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार गिर चुकी थी, जिसकी वजह से लोकसभा के मध्यावधि चुनाव होने वाले थे। भारतीय जनता पार्टी के उत्साही कार्यकर्ताओं ने चुनाव के मद्देनजर कारगिल की लड़ाई में भारतीय सेना को कामयाबी को वाजपेयी सरकार की उपलब्धि के तौर पर प्रचारित करने के लिए दिल्ली में कुछ स्थानों पर पोस्टर लगाए थे, जिनमें वाजपेयी के साथ ही भारत के तीनों सेना प्रमुखों को भी दिखाया गया था। भारत के पूर्व थल सेनाध्यक्ष वेद प्रकाश मलिक ने अपनी किताब 'कारगिल' फ्रॉम सरप्राइज टु विक्ट्री' में खुलासा किया है कि उन्हें जब ऐसे पोस्टरों की जानकारी मिली तो उन्होंने इस बारे में प्रधानमंत्री वाजपेयी से शिकायत की और कहा कि यह नहीं होना चाहिए। वाजपेयी ने उन्हें आश्वासन दिया कि ऐसा नहीं होगा और फिर वाकई ऐसा नहीं हुआ।

इससे पहले भी पाकिस्तान को भारतीय सेना 1965 और 1971 के युद्ध में धूल चटा चुकी थी। यही नहीं, बहुत कम लोगों को जानकारी है कि भारत का चीन के साथ 1962 के बाद 1967 में एक सीमित युद्ध भी सिक्किम के सीमांत में हुआ था, जिसमें भारतीय सेना ने अपने पराक्रम से चीन को उसकी सीमा में धकेलने में कामयाबी हासिल की थी। तब भी सेना की इस कामयाबी का तत्कालीन सरकारों ने चुनावों में कभी भी राजनीतिक इस्तेमाल नहीं किया। इसके अलावा पिछले 27 वर्षों के दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ 11 मर्तबा सर्जिकल स्ट्राइक की है, जिनमें से 9 सर्जिकल स्ट्राइक 2014 के पहले तक और दो बार 2014 के बाद हुई। 2014 के पहले तक किसी भी सरकार ने भारतीय सेना के पराक्रम का चुनावी इस्तेमाल नहीं किया।

इधर पिछले एक दशक से सरकार ने सेना की हर कार्रवाई को अपने राजनीतिक कार्यक्रम का हिस्सा और सेना को प्रकारांतर से सत्तारूढ़ दल का एक मोर्चा संगठन जैसा मान लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी पार्टी हर चुनाव में सेना के नाम का खुलकर इस्तेमाल करती है, उसके किसी भी कारनामे को अपनी उपलब्धि बता कर वोट मांगती है। चुनावी रैलियों के मंच पर लगे बैनर-पोस्टरों में प्रधानमंत्री की तस्वीर के साथ सैन्य प्रतीकों का इस्तेमाल किया जाता है। यही नहीं, कभी-कभी तो सरकार की ओर से सेना के अफसरों को भी अपने प्रवक्ता की तरह काम करने के लिए मजबूर कर दिया जाता है।

चूंकि चुनाव आयोग का चरित्र भी अब पूरी तरह बदल चुका है, लिहाजा वह भी यह सब खामोश रहकर देखता रहता है। मीडिया पूरी तरह सरकार और सत्तारूढ़ दल के प्रचार तंत्र का हिस्सा बन चुका है, इसलिए वह सेना के इस बेजा इस्तेमाल पर कोई सवाल नहीं उठाता। न्यायपालिका का रवैया भी इस मामले में कमोबेश चुनाव आयोग और मीडिया जैसा ही रहता है। कुल मिलाकर कोई भी सक्षम संवैधानिक संस्था सेना के इस तरह राजनीतिकरण किए जाने की कोशिशों के खतरों को समझते हुए उन कोशिशों पर अंकुश लगाने की अपनी भूमिका निभाती नहीं दिखती।


अनिल जैन

चुनाव आयोग का चरित्र भी अब पूरी तरह बदल चुका है, लिहाजा वह भी यह सब खामोश रहकर देखता रहता है। मीडिया पूरी तरह सरकार और सत्तारूढ़ दल के प्रचार तंत्र का हिस्सा बन चुका है, इसलिए वह सेना के इस बेजा इस्तेमाल पर कोई सवाल नहीं उठाता। न्यायपालिका का रवैया भी इस मामले में कमोबेश चुनाव आयोग और मीडिया जैसा ही रहता है।

इस समय भी यही सब कुछ हो रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं कि कश्मीर के पहलगाम में हुए पिछले दिनों हुए आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के संरक्षण में आतंकवादियों के खिलाफ भारतीय सेना ने एक बार फिर अपने पराक्रम का सटीक प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान में उसके कब्जे वाले कश्मीर में स्थित आतंकवादियों के कई ठिकानों को नष्ट करने किया है। लेकिन लक्ष्य पूरा होने से पहले ही भारतीय सेना की कार्रवाई अचानक क्यों और किसके दबाव में रोक दी गई, इस सवाल का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार के पास कोई जवाब नहीं है। यह सवाल विपक्षी दलों के अलावा, भारतीय सेना के कई पूर्व अधिकारी, सामरिक मामलों के जानकार, वैकल्पिक मीडिया के पत्रकार और सोशल मीडिया में आम लोग भी पूछ रहे हैं। यह सवाल उन हलकों को भी बेचैन और निराश किए हुए हैं, जो आम तौर पर राष्ट्रीय सुरक्षा और उसमें भी विशेष रूप से पाकिस्तान से जुड़े मसले पर हमेशा सत्ताधारी राजनीतिक समूह के नजरिये से इत्तफाक रखते हैं। साथ ही नरेंद्र मोदी को भारत का ही नहीं बल्कि समूचे विश्व का सर्वाधिक लोकप्रिय, दूरदर्शी और शक्तिशाली नेता मानते हैं।

युद्ध छोटा हो या बड़ा, दोनों पक्षों को कुछ न कुछ नुकसान उठाना ही पड़ता है और दोनों पक्ष एक दूसरे को भारी नुकसान पहुंचाने का दावा भी करते हैं। इसलिए पाकिस्तान का यह दावा करना स्वाभाविक है कि उसने भारत के कई लड़ाकू विमानों नुकसान पहुंचाया है। ऐसा पहली बार हुआ है जब भारत के साथ सैन्य संघर्ष के बाद पाकिस्तान में लोगों ने जश्न मनाया है और 1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद यह भी पहली बार हुआ है कि पाकिस्तानी सैन्य प्रतिक्रिया का भारतीय सेना द्वारा बहादुरी से जवाब देने के बावजूद भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदगी का सामना करना पड़ रहा है।

भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के चौथे दिन दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम का सबसे पहले ऐलान करने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अब तक 11 मर्तबा यह दावा कर चुके हैं कि दोनों देशों को उन्होंने ही संघर्ष विराम के लिए मजबूर किया ताकि परमाणु युद्ध को टाला जा सके। वे कश्मीर मसले पर दोनों देशों के बीच मध्यस्थ बनने की बात भी कह चुके हैं, जो कि भारत की स्थापित और सुविचारित विदेश नीति के खिलाफ है। प्रधानमंत्री मोदी इन सारे सवालों का जवाब देने के बजाय सेना की आड़ में छिपते दिख रहे हैं।

सत्ताधारी पार्टी और उससे जुड़े अन्य संगठन देश भर में सैन्य वर्दी में प्रधानमंत्री की तस्वीरों वाले पोस्टर और होर्डिंग्स के जरिये पाकिस्तान को सबक सिखाने का प्रचार कर रहे हैं। यही नहीं, सेना के जरिये भी झूठे वीडियो जारी कराए जा रहे हैं। खुद प्रधानमंत्री देश भर में रैलियों के माध्यम से 'घर में घुस कर मारूंगा', 'ठोंक दूंगा', 'मिट्टी में मिला दूंगा', 'रोटी खाओ और चैन से रहो, नहीं तो मेरी गोली खाओ' जैसे सस्ते फिल्मी डॉयलॉगों के जरिये लोगों को बहलाने का प्रयास कर रहे हैं। हर जगह एक जैसी भाषा और एक जैसा चिंघाड़ता हुआ अंदाज।

दरअसल प्रधानमंत्री के पास सवालों के जवाब नहीं हैं, इसलिए उनकी सरकार के किसी मंत्री या सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ताओं के पास भी जवाब होने का सवाल ही नहीं उठता। इसलिए उनकी पार्टी के प्रवक्ता टीवी चैनलों की डिबेट में विपक्षी पार्टी के प्रवक्ताओं को उनके सवालों का जवाब देने के बजाय मां-बहन की गालियां दे रहे हैं और चैनल के एंकर-एंकरनियां उन्हें गालियां देते देख मुदित होते हुए देख रहे हैं।

ऑपरेशन सिंदूर का राजनीतिकरण करते हुए सत्तारूढ़ दल की योजना तो देश भर में महिलाओं के लिए घर-घर सिंदूर पहुंचाने की भी थी। उसके प्रवत्ताओं की ओर से टीवी चैनलों पर बाकायदा इसका औचित्य भी बताया जा रहा था, लेकिन इस मामले को लेकर सोशल मीडिया में प्रधानमंत्री के निजी जीवन पर उठते तीखें सवालों ने सत्तारूढ पार्टी को इस योजना पर अपने कदम पीछे खींचने पर मजबूर कर दिया।


मोदी की हताशा इस बात से भी समझी जा सकती है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी मलिन हो चुकी छवि को चमकाने के लिए उन्हें कांग्रेस के उसी नेता यानी शशि थरूर का सहारा लेना पड़ा जिसे नीचा दिखाने के लिए उन्होंने एक बार उनकी पत्नी को 'पचास करोड़ की गर्ल फ्रेंड' बताने जैसा भद्दा फिकरा कसा था और उन्हीं शशि थरूर ने मोदी को 'शिवलिंग से लिपटा बिच्छू' करार दिया था। प्रधानमंत्री ने थरूर सहित पक्ष-विपक्ष के कई सांसदों और पूर्व सांसदों के सात प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों में भारत का पक्ष रखने के लिए भेजने की जो कवायद की थी, वह भी बेमतलब साबित हुई है।

कुल मिलाकर पूरा सूरत-ए-हाल यह बता रहा है कि प्रधानमंत्री सहित पूरा सत्तापक्ष जिस राष्ट्रीय सुरक्षा और जिस राष्ट्रवाद के मुद्दे को वह अपना तुरुप का इक्का समझता था, उसका कथानक अब उसके हाथ से फिसल चुका है। ऐसा पिछले 11 साल में पहली बार हुआ है। इसीलिए अब वह सेना के पीछे छिपने की भौंडी कोशिश करता दिख रहा है।

**( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं )**

# आतंकवादविरोधी राष्ट्रीय सर्वानुमति कौन तोड़ रहा है?

पहलगाम की दरिंदगी और उसके बाद के घटनाक्रम पर, जिसमें ऑपरेशन सिंदूर भी शामिल है, राष्ट्रीय सर्वानुमति की मियाद पूरी हो गयी लगती है। और यह विपक्ष के बावजूद और मुख्य रूप से सत्ताधारी संघ-भाजपा की, इस घटनाक्रम से उठी देश की चिंताओं व भावनाओं को, अपने राजनीतिक/ चुनावी लाभ के लिए भुनाने की हड़बड़ी की वजह से हो रहा है। और इस मुहिम का नेतृत्व सबसे बढ़कर खुद प्रधानमंत्री मोदी और उनके नंबर-दो माने जाने अमित शाह और भाजपा के अन्य सभी शीर्ष नेता कर रहे हैं। यह सिलसिला उस मुकाम पर पहुंच चुका है, जहां स्वयं प्रधानमंत्री की सभा में, 'अब ऑपरेशन सिंदूर की तरह प. बंगाल में ऑपरेशन बंगाल चलाने' के आह्वान किए जा रहे हैं! कहने की जरूरत नहीं है कि यह आह्वान प. बंगाल के आगामी विधानसभा चुनाव के लिए किया जा रहा था, जो अगले साल के शुरू के महीनों में होने हैं। तभी असम, केरल, तमिलनाडु तथा पुदुच्चेरी की विधानसभाओं के भी चुनाव होने हैं। इसी बीच, बिहार में जहां चुनाव अब कुछ ही महीने दूर रह गए हैं, खुद प्रधानमंत्री ने अपनी व्यावहारिक मायनों में चुनावी सभाओं में याद दिलाना जरूरी समझा है कि पहलगाम के बाद बिहार की धरती पर उन्होंने जो आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देने का वादा किया था, उसे उन्होंने पूरा कर दिया है! जाहिर है कि पहलगाम की दरिंदगी के बाद उठे आतंकवादी-विरोधी भावनाओं के ज्वार और 'ऑपरेशन सिंदूर' की कामयाबी के दावों को, अपने चुनावी राजनीति के थैले में बंद करने की मोदीशाही की हड़बड़ी ही है जो, राष्ट्रीय सर्वानुमति के टुकड़े करने पर आमादा है।


राजेन्द्र शर्मा

इंडिया गठबंधन के माध्यम से विपक्ष अगर अब, इस पूरे घटनाक्रम पर चर्चा करने के लिए, संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने की आग्रहपूर्वक मांग करना जरूरी समझ रहा है, तो यह न सिर्फ बहुत ही जरूरी है बल्कि वास्तव में कुछ देरी से ही आ रही मांग है। याद रहे कि पहलगाम की घटना के लिए जिम्मेदार सुरक्षा चूक से लेकर, ऑपरेशन सिंदूर के हानि-लाभ तक, तमाम सवाल अब तक अनुत्तरित ही बने हुए हैं।

वास्तव में, पहलगाम की घटना के बाद से सामने आयी राष्ट्रीय सर्वानुमति में और खासतौर पर इस सर्वानुमति में विपक्ष की हिस्सेदारी में, एक प्रकार का इकतरफापन शुरूआत से ही था। एक ओर लगभग समूचे विपक्ष ने न सिर्फ पहलगाम की दरिंदगी की दो-टूक स्वर में निंदा की थी, आतंकवादियों तथा उनके आकाओं के खिलाफ सरकार द्वारा उठाए जाने वाले कदमों के लिए भी आम तौर पर अपने समर्थन का ऐलान किया था। इसमें 'ऑपरेशन सिंदूर' का आमतौर पर समर्थन भी शामिल था। यह समर्थन, पहले पहलगाम की घटना के तीसरे दिन और उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में बुलायी गयी, सर्वदलीय बैठकों के मंच से किया गया था। यहां तक कि बाद में इस समर्थन का अंतरराष्ट्रीय स्तर तक विस्तार करते हुए, विपक्ष ने सांसदों के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिन्हें आतंकवाद तथा उसके लिए पाकिस्तान के समर्थन के मुद्दे पर भी भारत का पक्ष रखने के लिए, करीब तीन दर्जन देशों की राजधानियों में भेजा गया है, जो कार्यक्रम इन पंक्तियों के लिखे जाने तक भी चल ही रहा था।

इतना ही नहीं, इस इकतरफापन को और भी गहरे रंग में रंगते हुए, विपक्ष ने आम तौर पर सत्ताधारियों से असुविधाजनक सवाल करने से भी परहेज किया था। मिसाल के तौर पर पहलगाम की घटना के पीछे 'सुरक्षा चूक' के लिए जवाबदेही का सवाल गंभीरता से उठाने से प्राय: परहेज किया गया। यह इसके बावजूद था कि हालात के दबाव में, सर्वदलीय बैठक के बाद सरकार के प्रवक्ता के रूप में मंत्री किरण रिजिजू ने खुद कुछ 'चूक' होने की बात स्वीकार की थी, हालांकि बाद में सरकार ने इस 'स्वीकृति' से पीछा छुड़ाने की तमाम कोशिशें की थीं। यहां तक कि सर्वदलीय बैठक से प्रधानमंत्री के अनुपस्थित रहने और बाद में बिहार में मधुबनी में जनसभा में पहुंचकर प्रधानमंत्री के 'मिट्टी में मिलाने' के ऐलान करने पर भी, गंभीरता से सवाल उठाने से आम तौर पर बचा ही गया। ऐसा ही एक बार फिर हुआ जब ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में हुई सर्वदलीय बैठक में, एक बार फिर प्रधानमंत्री ने अनुपस्थित रहना ही पसंद किया।

इतना ही नहीं, न सिर्फ ऑपरेशन सिंदूर से लेकर उसकी सफलता के दावों तक पर किसी भी तरह के गंभीर सवालों से आम तौर पर बचा गया बल्कि 10 मई की शाम से अचानक शस्त्र विराम किए जाने के तर्क और यहां तक शस्त्र विराम कराने के श्रेय के लिए अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बार-बार दोहराए जा रहे दावों पर, सवाल उठाने से भी प्राय: इसकी चिंता से बचा गया कि इससे कहीं राष्ट्रीय सर्वानुमति कमजोर न पड़ जाए। और तो और विदेश भेजे जाने वाले बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों के लिए सत्ताधारी पार्टियों से इतर, अन्य पार्टियों के सांसदों के चयन में मोदीशाही की मनमानी पर भी कोई बलपूर्वक विरोध नहीं जताया गया। यह इसके बावजूद था कि सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी, कांग्रेस से चार नाम मांगने के बाद, उसके दिए नामों में से एक प्रतिनिधि के लिए ही मंजूरी दी गयी, जबकि प्रतिनिधिमंडलों के लिए उसके तीन अन्य नेता सत्ताधारी पार्टी ने खुद ही चुन लिए।

बहरहाल, हद तो तब हो गयी जब मोदीशाही ने आतंकवाद के विरुद्ध जनाक्रोश को अपने राजनीतिक/ चुनावी प्रचार की ओर मोड़ने की खुल्लमखुल्ला कोशिशें शुरू कर दीं। शीर्ष पर खुद प्रधानमंत्री मोदी ने, बीकानेर के सरकारी कार्यक्रम के अपने चुनावनुमा भाषण से इसकी शुरूआत कर दी, जिसे उसके फौरन बाद गुजरात में प्रधानमंत्री के ही रोड शो तथा आम सभाओं के जरिए, भाजपा के और भी खुले राजनीतिक प्रचार के साथ सीधे-सीधे जोड़ दिया गया। और उसके बाद से इसे इस तरह के आयोजनों का आम स्वर ही बनाया जा चुका है। इसी दौरान, संघ-भाजपा ने सैन्य पोशाकों में विभिन्न मुद्राओं में प्रधानमंत्री मोदी के बड़े-बड़े कटआउटों तथा बैनरों आदि के जरिए, आतंकवादविरोधी कार्रवाई को प्रधानमंत्री 'मोदी की निजी वीरता' के मिथक का हिस्सा बनाने की कोशिशें की हैं।

इसी सिलसिले को शीर्ष तक पहुंचाने के लिए, संघ-भाजपा ने मोदी सरकार के स्थापना दिवस, 7 जून से ऑपरेशन सिंदूर का संदेश घर-घर ले जाने के लिए, 'घर-घर सिंदूर' अभियान की कल्पना की थी, लेकिन इसकी संभावित प्रतिक्रियाओं का पूर्वानुमान कर, इसे फेक न्यूज ही बताकर, जल्दी-जल्दी में इस विचार से ही पीछा छुड़ाने की कोशिश की गयी है। यहां यह ध्यान दिलाना अप्रासांगिक नहीं होगा कि 'घर-घर सिंदूर' के ख्याल से पीछा छुड़ाने की हड़बड़ी के पीछे भी कोई इसकी चिंता नहीं थी कि इस तरह ऑपरेशन सिंदूर को संघ-भाजपा के राजनीतिक प्रचार का हिस्सा बनाए जाने का, इस पूरे दौर में सामने आयी राष्ट्रीय सर्वानुमति पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। इस ख्याल से पीछा छुड़ाने के पीछे तो सिर्फ इसी की चिंता थी कि 'सिंदूर दान' के सांस्कृतिक प्रतीक के संदर्भ में, घर-घर सिंदूर भेजना उल्टा पड़ सकता था। बहरहाल, 'घर-घर सिंदूर' योजना भले खटाई में पड़ गयी हो, पहलगाम और उसके बाद के घटनाक्रम का क्षुद्र राजनीतिकरण अब मुकम्मल हो चुका है।

इसी पृष्ठभूमि में इंडिया गठबंधन के माध्यम से विपक्ष अगर अब, इस पूरे घटनाक्रम पर चर्चा करने के लिए, संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने की आग्रहपूर्वक मांग करना जरूरी समझ रहा है, तो यह न सिर्फ बहुत ही जरूरी है बल्कि वास्तव में कुछ देरी से ही आ रही मांग है। याद रहे कि पहलगाम की घटना के लिए जिम्मेदार सुरक्षा चूक से लेकर, ऑपरेशन सिंदूर के हानि-लाभ तक, तमाम सवाल अब तक अनुत्तरित ही बने हुए हैं। बेशक, सत्ताधारी संघ-भाजपा की ओर से इन प्रश्नों के उत्तरों की हरेक मांग को, इस मामले में राष्ट्र के पक्ष को कमजोर करने की ही मांग बताया जा रहा है। लेकिन, यह सिर्फ सत्ताधारियों का सुविधा का तर्क है। वास्तव में इन प्रश्नों को और टाला नहीं जा सकता है। इसका पता सीडीएस यानी सेना प्रमुख के सिंगापुर के एक साक्षात्कार में ऑपरेशन सिंदूर की शुरूआत में भारतीय 'विमानों को नुकसान' पहुंचने की स्वीकृति से लगता है, हालांकि ऐसे विमानों की संख्या उनके अनुसार छ: से कम ही थी।

इस सब का एक ही अर्थ है कि बाकी सारी दुनिया तक तो किसी न किसी तरह सारी जानकारी पहुंच रही होगी, लेकिन भारतीयों को ही तमाम आधिकारिक जानकारियों से वंचित रखा जाएगा, जिससे राष्ट्र के अस्तित्व से जुड़े सवालों पर भी, वे जानकारियों के आधार पर कोई राय नहीं बना सकें। और यह सब सिर्फ इसलिए किया जा रहा होगा ताकि सत्ताधारी संघ-भाजपा के लिए, लोगों की वैचारिक रूप से अंधी भावनाओं का राजनीतिक/ चुनावी दोहन करना, आसान बना रहे। यह जनतंत्र के न्यूनतम तकाजों का निषेध है, जिसकी अब और इजाजत नहीं दी जा सकती है। विपक्ष को स्पष्ट रूप ये यह कहना होगा कि मोदीशाही ही है जो इस मामले में राष्ट्रीय सर्वानुमति को तोड़ रही है और विपक्ष पर ही इस सर्वानुमति को तोड़ने का आरोप लगाने की उसकी बंदर घुड़की में, विपक्ष अब और नहीं आने वाला है।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

## आपके पत्र

### सत्ता और नैतिकता में विरोधाभास क्यों?

महात्मा गांधी जी ने कहा था कि सिद्धांतों के बिना राजनीति पाप है। इसके अलावा प्रसिद्ध विचारक हेनरी एडम ने कहा है कि 'मानव स्वभाव का ज्ञान ही राजनैतिक शिक्षा का आदि और अंत हैज्ज भारतीय राजनीति का उद्भव प्राचीन काल से हुआ है,किंतु इसकी प्रकृति में परिवर्तन तब आया जब भारत विश्व स्तर पर एक आधुनिक राज्य के रूप में स्थापित हुआ। भारतीय राजनीति में स्वतंत्रता के पूर्व नैतिकता एवं संस्कृति की एकता के दम पर स्वतंत्रता संग्राम पर विजय प्राप्त की थी। विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री,सरदार वल्लभभाई पटेल, लाला लाजपत राय और ना जाने कितने महान व्यक्तियों ने नैतिकता और संस्कृति में एकजुट होकर ब्रितानी हुकूमत को देश से भगाया था। देश का स्वतंत्रता संग्राम जनप्रतिनिधियों को नैतिकता के पालन के लिए प्रोत्साहित करता रहा है। जब भारत में स्वतंत्र लोकतांत्रिक राजनीति का आरंभ हुआ तो नैतिकता का पतन, क्षरण आरंभ हो गया। राजनीति धीरे धीरे सिद्धांत से विमुख होती गई तथा इसकी दशा और दिशा मैं नैतिकता का क्षरण तथा पतन धीरे-धीरे प्रारंभ हो गया। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात यह माना जाता रहा है की राजनीति में अनैतिकता के पनपने के दो प्रमुख कारण माने गए धनबल और बाहुबल। राजनीति में ऐसा कहा जाता है कि जिसके पास धन होता है उसके पास बल भी होता है, और भारतीय राजनीति में और कई प्रदेशों के संदर्भ में यह बात सर्वथा उचित प्रतीत होती है। भारतीय राजनीति में धनबल और बाहुबल का नकारात्मक प्रभाव नैतिकता के पतन के रूप में सामने आया है। स्वतंत्रता के पश्चात राजनेताओं में स्वयं के लिए धन एकत्र करना एवं येन केन प्रकारेण सत्ता स्थापित करने के प्रयास के कारण नैतिकता धीरे-धीरे स्खलित होती गई है। नेताओं का बेईमानी और भ्रष्ट कार्य में लिप्त होना भी राजनीति में नैतिकता के पतन का प्रमुख कारण है,और यही कारण है कि आज अधिकतर भारतीय राजनेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए हैं, एवं उन पर मुकदमा भी चल रहा है। यह सर्व विदित है कि सार्वजनिक संपत्ति को अपनी स्वयं की संपत्ति बनाने की होड़ में राजनेताओं को कर्तव्य पथ से विमुख होते देखा गया है। राजनीति में राजनेताओं ने इसे संपत्ति कमाने का जरिया ही मान लिया है। सार्वजनिक संसाधनों का पूरा नियंत्रण राजनेताओं के पास होता है इसका उपयोग में अपने संसदीय, विधानसभा क्षेत्र के लिए करते हैं। इस तरह पूरे राज्य स्वदेश के संसाधनों का किसी एक क्षेत्र में निवेश करते जाते हैं, जो अनैतिकता का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। राजनीति में भाई भतीजावाद एक सामान्य बहुत चर्चित लक्षण है, कोई भी राजनेता आज यह चाहता है कि योग्यता हो ना हो कोई भी बड़ा पद उसके भाई, भतीजे ,पत्नी ,बेटे आदि को मिल जाए, इतना ही नहीं कई बार सगे संबंधियों के अपराधी होते हुए भी राजनीतिक पद अथवा चुनावी टिकट दिलाने का प्रयास करते हैं। भारतीय राजनीति में क्रोनी कैपिटलिस्म यानी उद्योगपतियों एवं राजनीतिज्ञों का आपस में गठजोड़ को क्रोनी कैपिटलिस्म माना जाता है।

**-संजीव ठाकुर**



## ललित सुरजन की कलम से

### इस्लाम बनाम आतंकवाद

*'पिछले तीन दशक में मुजाहिदीन, तालिबान, लश्कर-ए-तैयबा, अलकायदा, बोको हराम इत्यादि संगठनों की करतूतें विश्व समाज ने देखी और भोगी हैं। यहां ध्यान रखना चाहिए कि इन क्रूर कठमुल्लों के निशाने पर गैर-मुस्लिम ही नहीं, मुस्लिम बहुल देश भी रहे हैं। इसमें कोई शक नहीं कि ऐसे अमानुषिक कृत्यों का पुरजोर विरोध होना चाहिए तथा इन्हें जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए हर संभव उपाय किए जाना चाहिए। यह काम कैसे हो? इक्कीसवीं सदी के विश्व को जो किसी अतीत की गुफा में ले जाना चाहते हों उनकी मानसिकता क्या है? वे प्रेरणा कहां से पाते हैं? अपने हिंसक इरादों को अमल में लाने के लिए उन्हें हथियार और रसद कहां से मिलते हैं? उनके शरणस्थल कहां हैं? उनका प्रशिक्षण कहां होता है? वे कौन सी ताकतें हैं जो उन्हें उकसा रही हैं? इन सब बातों को जाने बिना आईएस और उस जैसे अन्य संगठनों से कैसे लड़ा जाए?'*

**( देशबन्धु में 15 नवंबर को प्रकाशित विशेष संपादकीय का परिवर्द्धित रूप )**

**( अक्षर पर्व दिसंबर 2015 अंक की प्रस्तावना )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/12/blog-post_13.html

## पावन प्रसंग

### जीवन को नहीं, मृत्यु को भी उद्देश्यपूर्ण बनाएं

मृत्यु इस जीवन का अंतिम सत्य है, एक अकाट्य तथ्य है, फिर भी इसे सामान्यतया स्वीकार नहीं किया जाता, हृदयंगम नहीं किया जाता, बल्कि इसके प्रति इतना भय रहता है कि सामान्य इनसान मृत्यु पर विचार करने तक से कतराता है, इसका सामना करने का साहस भी नहीं कर पाता।

विरले ही इस पर गंभीर विचार कर इसका सामना करने व इसके पार निकलने की युक्ति पर चिंतन-मनन का दुस्साहस कर पाते हैं और शाश्वत जीवन के अधिकारी बनते हैं। फिर अपनी मृत्यु के बारे में विचार नहीं कर पाना भी इस अस्तित्व का एक कटु सत्य एवं शाश्वत आश्चर्य है। जब पांडवों से यक्ष ने प्रश्न किया था कि इस संसार का सबसे बड़ा आश्चर्य क्या है? तो इसका उत्तर देते हुए धर्मराज युधिष्ठिर ने कहा था कि संसार का सबसे बड़ा आश्चर्य यह है कि नित्यप्रति दूसरों को मरते हुए देखकर भी मनुष्य अपनी मृत्यु पर विश्वास करने को तैयार नहीं। उसे लगता है कि और कोई भले ही मर जाए, पर वह स्वयं सदा-सर्वदा इस धरती पर बना रहेगा साथ ही मृत्यु को जीवन का सबसे बड़ा भय माना गया है; जिसके कई कारण हैं। प्रमुख कारण तो देह के प्रति आसक्ति का भाव है। अपनों के प्रति मोह तथा अर्जित संपदा के प्रति लोभ इसके दूसरे कारण हैं, जिनके खोने-छिनने का भय सदा बना रहता है।

मृत्यु में तो उसे सब कुछ यहीं पीछे छूटता दिखता है। फिर मृत्यु से जुड़े कष्ट का कल्पित भय भी उसकी आत्यंतिक दुविधा का एक बड़ा कारण रहता है साथ ही यह सोच भी रहती है कि हम नहीं रहेंगे तो घर-परिवार, समाज-संसार का काम कैसे चलेगा, हमारे बिना आश्रितों का क्या होगा। यह सत्य है कि आश्रितों की चिंता स्वाभाविक है और उनके लिए उचित व्यवस्था करना पावन कर्त्तव्य है, लेकिन स्वयं को सृष्टि का कारण मानना भी एक बड़ा भ्रम है। दूसरों के लिए अपने को सब कुछ समझना दंभ है; क्योंकि सृष्टि मूलत: ईश्वरीय संकल्प एवं इच्छा से चल रही है। जब हम नहीं थे, तब भी संसार का सारा काम चल रहा था और जब नहीं रहेंगे, तब भी सब काम चलता रहेगा। संसार का कोई काम किसी के न रहने से रुकने वाला नहीं। कितने शूरमा, विभूतियां, महापुरुष और अवतारी पुरुष आए और मृत्यु को प्राप्त हुए, लेकिन समाज एवं सृष्टि की व्यवस्था अपनी गति से चल रही है और अपने गंतव्य की ओर बढ़ रही है। इस तरह मृत्यु ईश्वर के अटल विधान का हिस्सा है और इस सृष्टि के शाश्वत सौंदर्य का एक अभिन्न अंग भी, जिसके पीछे प्रकृति मां के करुणा विधान को काम करते हुए देखा जा सकता है, जिसे कई उपमाओं से परिभाषित किया गया है।

कुछ इसे महानिद्रा की संज्ञा देते हैं। दिन भर कठिन श्रम करते हुए जब हमारा शरीर थक जाता है, तो रात को सोना एक तरह से इस थकावट को मिटाने की प्रक्रिया है। रात को पूरी नींद लेने के बाद फिर हम अगले दिन के लिए तरोताजा एवं स्वस्थ होकर तैयार हो जाते हैं। नई शक्ति , स्फूर्ति और चेतनता के साथ दिन भर शाम तक अथक श्रम करते हैं।

मृत्यु भी जीवात्मा के लिए ठीक ऐसी ही स्थिति है। जीवन भर की थकावट मृत्यु की गोद में जाकर ही दूर होती है। ऐसे में अगले जीवन के लिए शक्तिदायिनी स्थिति का नाम ही मृत्यु है। इस तरह से विचार करें तो फिर मृत्यु से भय कैसा? जबकि मृत्यु के उपरांत हमें नया जीवन, नई चेतना और नई स्फूर्ति प्राप्त होने वाली है। इस तरह देखा जाए तो मृत्यु ईश्वरीय योजना का एक करुण विधान है।

दार्शनिक बेकन के शब्दों में, मृत्यु से नया जीवन मिलता है, केवल वहीं से जहां मनुष्य मृत्यु की गोद में सोता है, पुनरुत्थान का शुभारंभ होता है। विचारक कोल्टन के शब्दों में मृत्यु उन्हें मुक्त कर देती है, जिन्हें स्वतंत्रता भी मुक्त नहीं कर सकती। यह उनकी प्रभावशाली चिकित्सा है, जिन्हें औषधियां ठीक नहीं कर सकीं। यह उनके लिए आनंद और शांति की विश्रामस्थली है, जिन्हें समय सांत्वना नहीं दे पाता।

मृत्यु मानो एक लंबी छुट्टी पर जाने जैसा है। लोग अपने काम से छुट्टी लेकर किसी सुरम्य क्षेत्र में नदी, सागर के तट पर भ्रमण के लिए निकल पड़ते हैं। मृत्यु के द्वारा भी हम अनंत-जीवन के समुद्र में गोता लगाने, एक सुरम्य प्रदेश की यात्रा में निकल पड़ते हैं।

**- अखण्ड ज्योति**

# देश विदेश

## द. कोरिया में राष्ट्रपति चुनाव के लिए हो रहा मतदान

**सियोल।** दक्षिण कोरिया में मंगलवार को मतदान हो रहा है। पूर्व राष्ट्रपति यून सुक येओल द्वारा देश में मार्शल लॉ लगाने और इसके बाद उनके खिलाफ महाभियोग चलाए जाने से मचे सियासी उठा-पटक के बाद यह चुनाव हो रहा है। राष्ट्रपति पद के चुवाव में पांच उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ कोरिया (डीपी) के उम्मीदवार ली जे-म्यांग और सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पीपुल पावर पार्टी (पीपीपी) के किम मून-सू के बीच है। हाल के जनमत सर्वेक्षणों में श्री ली को 45 प्रतिशत और श्री किम को 36 प्रतिशत लोगों का समर्थन मिला है। विजेता उम्मीदवार को पांच साल के कार्यकाल के लिए बुधवार को बिना शपथ दिलाई जाएगी।

# आतंकवाद के खिलाफ भारत को मिला ब्रिटिश नेताओं का समर्थन

■ लेबर इंडिया फ्रेंडशिप ग्रुप्स ने भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की और आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई का समर्थन



**लंदन,** 3 जून (एजेंसियां)। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने लंदन में ब्रिटिश सरकार के मंत्रियों, सांसदों, पार्टी नेताओं, थिंक टैंक्स और भारत मैत्री समूहों के साथ उच्च-स्तरीय बैठकें कीं। इनमें 'ऑपरेशन सिंदूर' और भारत की आतंकवाद-विरोधी रणनीति में महत्वपूर्ण बदलाव के बारे में जानकारी दी गई। प्रतिनिधिमंडल ने सीमा-पार आतंकवाद के खिलाफ भारत-ब्रिटेन सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की और वैश्विक सुरक्षा, न्याय और रणनीतिक साझेदारी के लिए साझा प्रतिबद्धता को दोहराया। ब्रिटिश संसद में यूके की नागरिकता और आव्रजन मंत्री सीमा मल्होत्रा के साथ बातचीत में प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ संकल्प को रेखांकित किया। प्रतिनिधिमंडल ने लेबर पार्टी के भारत-मैत्री समूहों, जैसे लेबर फ्रेंड्स ऑफ इंडिया, लेबर कन्वेंशन ऑफ इंडियन ऑर्गेनाइजेशंस, सिख फॉर लेबर और हिंदू फॉर लेबर से मुलाकात कर आतंकवाद के खिलाफ भारत के एकजुट रुख को रखा। उन्होंने आतंकवाद से निपटने के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराई और इसे वैश्विक स्थिरता के लिए खतरा बताया। साथ ही उन्होंने स्थायी शांति, सुरक्षा और मानवता के लिए मजबूत सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया।लेबर इंडिया फ्रेंडशिप ग्रुप्स ने भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की और आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई का समर्थन किया। उन्होंने सहमति जताई कि आतंकी ढांचे को नष्ट करना और आतंकवाद के वित्तपोषण को रोकना जरूरी है।

## ब्रिटिश संसद के स्पीकर ने आतंकवाद को लोकतंत्र के लिए खतरा बताया

**लंदन।** ब्रिटेन की संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स के स्पीकर सर लिंडसे हॉयल ने माना है कि आतंकवाद किसी भी रूप में लोकतंत्र के लिए एक गंभीर खतरा है। भारतीय जनता पार्टी के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाले भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने यहां हाउस ऑफ कॉमन्स के स्पीकर सर लिंडसे हॉयल से मुलाकात की। इस महत्वपूर्ण बैठक में श्री प्रसाद ने पाकिस्तान से उत्पन्न सीमा पार आतंकवाद पर गहरी चिंता व्यक्त की, जहां अनिर्वाचित और अनियंत्रित सैन्य अधिकारी आतंकवाद को एक सरकारी उपकरण के रूप में उपयोग करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह दृष्टिकोण न केवल लोकतंत्र को कमजोर करता है, बल्कि लोकतांत्रिक समाज की नींव को भी नष्ट करता है। स्पीकर ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए स्वीकार किया कि आतंकवाद किसी भी रूप में लोकतंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा है।

# गाजा में मानवीय सहायता केंद्र पर इजरायल के हमले से 19 लोगों की मौत



मई में संघर्ष में हुई उल्लेखनीय वृद्धि के बीच इज़रायल के अधिकारियों ने गाजा पट्टी के लोगों को मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए एक नई योजना की घोषणा की : अल जज़ीरा

**गाजा,** 3 जून (एजेंसियां)। दक्षिणी गाजा पट्टी के मानवीय सहायता वितरण केंद्र में फिलिस्तीनियों के एक समूह पर इजरायल कर सेना द्वारा की गई गोलीबारी में कम से कम 19 फिलिस्तीनी मारे गए। मीडिया रिपोर्टों से यह जानकारी मिली है। सूत्रों के अनुसार पश्चिमी राफा में मानवीय सहायता वितरण का इंतजार कर रहे लोगों के एक समूह पर इजरायल की सेना द्वारा की गयी गोलाबारी में 19 लोग मारे गए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि मई के अंत से मानवीय सहायता वितरण केंद्रों पर इसी प्रकार के कई इजरायली हमले हुए हैं, जिनमें 75 लोग मारे जा चुके हैं जबकि 400 से अधिक घायल हुए हैं। अल जज़ीरा ने रिपोर्ट में कहा कि मई में संघर्ष में हुई उल्लेखनीय वृद्धि के बीच इज़रायल के अधिकारियों ने गाजा पट्टी के लोगों को मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए एक नई योजना की घोषणा की।

## इज़रायल की सेना ने रामल्लाह के निकट फिलिस्तीनी युवक को मारी गोली

रामल्लाह। इजरायल की सेना ने एक फिलिस्तीनी युवक की गोली मार दी, जो कथित तौर पर पश्चिमी तट के शहर रामल्लाह के पास सेना पर पत्थर और मोलोटोव कॉकटेल फेंक रहा था। रामल्लाह स्थित स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि नागरिक मामलों के प्राधिकरण ने हमें सोमवार को रामल्लाह के उत्तर में सिंजिल शहर में इजरायली सेना की गोलीबारी में 14 वर्षीय यूसुफ फुआद फुकाहा की मौत की सूचना दी। इस बीच फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि इजरायली बलों ने फुकाहा को उस समय गोली मार दी जब वह शहर के उत्तरी हिस्से में था। सूत्रों ने कहा कि बाद में इजरायली बलों ने पास के एक फिलिस्तीनी घर पर छापा मारा कर निगरानी कैमरे की फुटेज मिटा दी। इसी क्षेत्र में वह युवक मारा गया था। उधर इजरायली सेना ने एक बयान में कहा है कि उसके बलों ने एक फिलिस्तीनी की पहचान की थी जो सड़क पर पत्थर फेंकने और सैनिकों पर खतरनाक पदार्थ वाली बोतलें फेंक रहा था।

## सुडोकू 6933

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 9 | 3 | 7 | | 4 |
| | | | | | 4 | | | 5 |
| | | | 2 | | | 6 | | |
| | 2 | | | 1 | | | | |
| | 1 | 8 | 6 | | 7 | 3 | 9 | |
| | | | | 8 | | | 5 | |
| | | 2 | | | 9 | | | |
| 6 | | | 4 | | | | | |
| 9 | | 1 | 7 | 2 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 4 जून, 2025 ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 9

### राशिफल

मेष - आज शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। मानसिक रूप से भी प्रसन्न रहेंगे। अपनी रचनात्मकता से कुछ नया कर पाने की स्थिति में रहेंगे। आज आपका मन साहित्य और कला में लगेगा। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

वृषभ - आज आपको वाणी पर नियंत्रण रखने की सलाह दी जाती है। पानी वाली जगहों से दूर रहें। जमीन और संपत्ति के कागजात पर ध्यान से हस्ताक्षर करें। दोपहर के बाद स्थिति में सुधार होगा।

मिथुन - आज का दिन सुख- शांतिपूर्वक गुजरेगा। भाइयों के साथ रखे मेल-जोल से आपको लाभ होगा। मित्रों और स्वजनों से भी आज मुलाकात होगी। दोपहर के बाद नकारात्मक विचारों से मन में किसी बात की चिंता हो सकती है।

कर्क - आज आप के लिए लाभ के कई अवसर मिलने वाले हैं। परिजनों का साथ मिलेगा। वाणी की सुंदर शैली से अपना काम आसानी से बना पाएंगे। दोपहर के बाद प्रवास या पर्यटन का कार्यक्रम बन सकता है।

सिंह - आज आप दृढ़शक्ति के साथ सभी काम कर पाएंगे। घर के बड़ों से आप को लाभ होगा। मैरीड कपल के बीच प्यार ज्यादा रहेगा। आज दोपहर बाद वाणी में उग्रता हो सकती है। पारिवारिक वातावरण में भी मेल-जोल रहेगा।

कन्या - मन को आज भावना के प्रवाह में न बहने दें। किसी बात की उलझन हो, तो आज उसे किसी भी तरह दूर करने का प्रयास करें। किसी के साथ उग्र चर्चा और झगड़े में न पड़ें।

तुला - नए काम आज शुरू ना करें। आज बहुत सोच-विचार में रहने वाले हैं। इससे मनोबल में कमी आएगी। मित्रों से आप को विशेष लाभ होगा। व्यापार में भी लाभ होगा, लेकिन दोपहर के बाद इमोशनल रहेंगे।

वृश्चिक - व्यापार में आज आपकी प्रतिभा की बहुत प्रशंसा होगी। काम बहुत सरलता से पूरे होंगे। स्थायी संपत्ति के मामलों के लिए समय अच्छा है। सरकारी काम से लाभ होगा। गृहस्थ जीवन में मधुरता रहेगी।

धनु - आज आप के स्वभाव में उग्रता रहेगी। साथ में स्वास्थ्य कुछ कमजोर भी रहेगा। धार्मिक यात्रा की भी संभावना है। व्यापार में विवाद होने की आशंका बनी रहेगी, परंतु दोपहर के बाद काम में कुछ सुधार होगा।

मकर - आज बीमारी पर खर्च अधिक होगा। आकस्मिक खर्च भी हो सकता है। पारिवारिक सदस्यों के साथ उग्र बहस न हो जाएं, इसका ध्यान रखें। बाहर के खाने-पीने से आज परहेज करें। गलत कामों से आप दूर रहें।

कुंभ - आज व्यापार में भागीदारों के साथ वाद-विवाद हो सकता है। वैवाहिक जीवन में मनदु:ख के प्रसंग बनेंगे। विद्यार्थियों का विद्याभ्यास में प्रदर्शन अच्छा रहेगा। घर का वातावरण शांतिमय रहेगा। दैनिक कार्य में कुछ विघ्न आ सकते हैं।

मीन - आज का आप का दिन मध्यम फलदायी है। परिवार के सदस्यों के साथ आज मेल-जोल बने रहेंगे। दैनिक कामों में विलंब होंगे। ऑफिस में साथियों का सहयोग कम मिलेगा। जीवनसाथी के साथ मनमुटाव हो सकता है।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

# कराची में पाक मलीर जिला जेल से 200 कैदी भाग निकले, 78 फिर से पकड़े गए

■ दो हजार से अधिक कैदियों को उनकी बैरकों से गिनती के लिए लाया गया था



कैदियों को खुले मैदान में इकट्ठा होने देने का फ़ैसला करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी : मुराद अली शाह

**कराची,** 3 जून (एजेंसियां)। पाकिस्तान में कराची के मलीर जिला क्षेत्र में कम तीव्रता के भूकंप के कारण जेल अधिकारियों द्वारा अस्थायी आपातकालीन निकासी के दौरान 200 से अधिक कैदी जेल से भाग निकले।

भ्रम और अफरातफरी के बीच बचाव कार्य बड़े पैमाने पर जेलब्रेक में बदल गया और कई कैदियों को भागने का मौका मिल गया।सिंध के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) गुलाम नबी मेमन के अनुसार निकासी प्रक्रिया के दौरान दो हजार से अधिक कैदियों को उनकी बैरकों से गिनती के लिए लाया गया था। लेकिन सुरक्षा उपाय जल्द ही पूरी तरह से अराजकता में बदल गए, क्योंकि सैकड़ों ने भागना शुरू कर दिया। जेल में तैनात फ्रंटियर कोर के जवानों ने उन्हें पीछे धकेलने के लिए बड़े पैमाने पर हवाई फायरिंग की, लेकिन उनमें से 213 भाग निकले।

अब तक केवल 78 भागने वालों को पकड़ा गया है, जिनमें से एक को फ्रंटियर कोर ने जेलब्रेक के दौरान मार गिराया, जबकि स्थिति और बिगड़ गई। तीन से ज़्यादा एफसी कर्मी भी बुरी तरह घायल हो गए। सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने जेल से बड़े पैमाने पर भागने की घटना के बाद कहा कि कैदियों को खुले मैदान में इकट्ठा होने देने का फ़ैसला करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पत्रकारों से कह कि मैं कोई भी निर्णयात्मक बात नहीं कहना चाहता, लेकिन मेरा शुरुआती विचार यह है कि उन्हें (मैदान में) बाहर जाने देना ग़लत था। एसएसपी मलीर ने बताया कि मलीर जिला जेल से 500 से 600 कैदियों ने भागने की कोशिश की। 100 से ज़्यादा कैदी भाग निकले और उनमें से 73 को फिर से पकड़ लिया गया, जबकि भागने वाले अन्य लोगों की तलाश जारी है। जेल अधीक्षक अरशद शाह के मुताबिक भूकंप के दौरान जेल की बैरक में 6,000 से ज़्यादा लोग मौजूद थे। घटना के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि निकासी के दौरान कुछ कैदी ताले तोड़कर भागने लगे और दीवारों पर चढ़ने लगे। यह घटना मैरी गेट के पास हुई, जहाँ 1,000 से ज़्यादा कैदी जमा थे। उन्होंने बताया कि जब कर्मचारियों ने स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की, तो एक कैदी ने अधिकारी से राइफल छीन ली और गोली चला दी। इससे फ्रंटियर कोर के जवान और एक पुलिस अधिकारी घायल हो गए। कैदियों ने जेल कर्मचारियों पर पत्थरों और डंडों से हमला भी किया। सिंध के जेल मंत्री अली हसन ने मलीर जेल से कैदियों के भागने की घटना का संज्ञान लिया है और आईजी जेल और डीआईजी जेल से रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने निर्देश दिया है कि इलाके की घेराबंदी की जाए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**युक्तियुक्तकरण के विरोध में...**

कर दिये जायेंगे। जिससे प्रदेश में लगभग 45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो जायेंगे। शिक्षकों के साथ-साथ स्कूल में कार्यरत रसोईयों, भृत्य, स्वीपर महिला समूहों के रोजगार पर प्रभाव पड़ेगा व रोजगार के रास्ते बंद हो जायेंगे। राज्य के इस रोजगार विरोधी नीति के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कमेटी द्वारा च्शिक्षा न्यायज्ञ आंदोलन किया जा रहा हैं।

**आतंकी संबंधों के चलते ...**

अहमद ने कथित तौर पर पूनच में हिज्ब-उल-मुजाहिदीन संचालकों के साथ सक्रिय संपर्क बनाए रखा। नवंबर 2023 में उनके आतंकवादी लिंक सामने आए जब पुलिस ने एक नियमित जांच के दौरान उनके वाहन को रोक दिया और अपने टोयोटा फारचूनर के अंदर हथियारों, गोला -बारूद और हिज्ब के पोस्टर पाए गए।

इसी तरह से 2007 से जीएमसी श्रीनगर के एक कर्मचारी वसीम अहमद खान पर आतंकवादी रसद को पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आरोप लगाया गया है। विशेष रूप से, सुरक्षा अधिकारियों ने उन्हें 2018 में पत्रकार शुजात बुखारी और उनके पुलिस गार्डों की हत्या से जोड़ा है। जांचकर्ताओं का कहना है कि खान ने लक्षित हमलों के बाद आतंकवादियों को सुरक्षित मार्ग प्रदान किया और सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस कर्मियों पर कई हमलों की सुविधा प्रदान की।

सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि से बर्खास्तगी उन तत्वों की पहचान करने और हटाने के लिए एक व्यापक प्रयास का हिस्सा हैं जो सिस्टम के भीतर से खतरा पैदा करते हैं।

**शहीद महेंद्र कर्मा विवि में...**

यदि किसी विषय में एक उम्मीदवार भी थे तो उस प्रतिभाशाली दिव्यांग उम्मीदवार को इतनी दूर क्यों बुलाया गया।

कुलपति जिस यूजीसी नियम 2018 का हवाला बार बार दे रहे हैं उसका असल कारण यह है कि इस रेगुलेशन में साक्षात्कार पर आधारित चयन का प्रावधान है परंतु यूजीसी ने यह नहीं कहा है या नियम में यह नहीं लिखा है कि कुल आए आवेदकों में मेरिट में आए सबसे पीछे के उम्मीदवार को 17-17 सालो के अनुभवी और गोल्ड मेडलिस्ट उम्मीदवारों से साक्षात्कार में बढ़त दिलाकर अवैधानिक रूप से चयन करा दिया जाए। जब ऐसे संदेहास्पद चयन को लेकर सभी आवेदकों ने चयन पूर्व ही कुलपति, कुलसचिव को सूचित कर दिया गया था तो इसकी जानकारी कार्य परिषद को क्यों नही दी गई। इसका साफ साफ मतलब है कि कुलपति ने कार्य परिषद को अंधेरे में रखकर लिफाफा खोला। । जहां तक पारदर्शिता की बात है तो साक्षात्कार प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग क्यों नहीं कि गई इन सारी बातों से स्पष्ट हो रहा है कि इस भर्ती प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर धांधली की गई है। ।

उमाशंकर शुक्ल ने कहा है कि चूंकि बहुत से महिला,दिव्यांग, आदिवासी उम्मीदवारों और गोल्ड मेडलिस्ट उम्मीदवारों ने खुद आगे आकर अनूसूचित जनजाति आयोग, महिला आयोग, मानवाधिकार आयोग, कुलाधिपति और समाजिक अधिकारिता मंत्रालय में शिकायत की है और लगातार इस भर्ती को लेकर मीडिया में खबरें आ रही हैं। ऐसे में तत्काल प्रशासन और शासन को इंटरव्यू रोककर स्वत= संज्ञान लेकर उच्च स्तरीय जांच कमेटी का गठन कर जांच करवानी चाहिए। जो संदेही चयनित हुए है उन सभी के बैंक खातों सहित कुलपति और इस भर्ती में शामिल सभी चयन समिति के सदस्यों के मोबाइल नंबर के काल डिटेल निकाले जाने चाहिए।

**दो अन्य अभ्यर्थियों ने भी की शिकायत-**

सहायक प्राध्यापक ग्रामीण प्रौद्योगिकी के पद के लिए यहां साक्षात्कार दे चुके दो गोल्ड मेडलिस्ट अभ्यर्थियों डॉ नीलम भगत और संजीव भगत ने भी खुद को नॉट फाउंड सुटेबल करार दिए जाने के बाद राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के समक्ष शिकायत करते हुए जांच की मांग की है।

## वर्ग पहेली 6933

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. हानिकारक, अपकार करम वाला, अल्याणकारी
४. 'एजेंट'
६. रुकना, ठहरना चालू न रहना, बंद हो जाना
७. ओर, पक्ष (उर्दू)
८. झूठ बोलने वाला
१०. जो भारी न हो
११. पूरी ताकत के साथ
१३. अनुवाद (उर्दू)
१४. गुरूता, भारीपन,गौरव, महत्व
१५. बंधुत्व
१७. रानी (उर्दू)
१९. अग्नि
२१. उपवन. बगीचा
२२. अवलंबित होना, आश्रयहीन होकर नीचे की ओर झूलना, टंगना
२४. निर्माण संबंधी, सृजनात्मक

**ऊपर से नीचे:-**

१. चेतनाहीन, जड़
२. पक्षपात (उर्दू)
३. सारथि
४. छोटी ऊंगली के ओर की बीच की ऊंगली
५. जलपान, नाश्ता
९. दीपावली
११. हित, कल्याण, उपकार
१२. आश्रय, टेक, आलंब भरोसा
१३.संपूर्ण, समाप्त (उर्दू)
१४. आकाष .नभ
१५. किस्मतवर
१६. चापलूस
१८ लेखक, लिपिकार
१९. पूजा, उपासना
२०. लालसा, तीव्र इच्छा
२३. स्त्री, महिला

### वर्ग पहेली-6932

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | स्थि | २ क | ल | ३ श | ■ | ४ ग | ड़ | ५ ब | ड़ी |
| किं | ■ | म | ■ | ६ शि | क्षि | त | ■ | ल | ■ |
| ७ च | तु | र | ■ | व | ■ | ८ का | रा | वा | ९ स |
| न | ■ | तो | | १० द | ला | ल | ■ | ■ | म |
| ■ | ११ भ | ड़ | १२ क | ना | ■ | ■ | १३ वि | ज | य |
| ■ | ला | ■ | ट | ■ | १४ क | दा | पि | ■ | पा |
| १५ भा | ई | १६ चा | रा | ■ | रू | ■ | १७ न | १८ के | ल |
| ग्य | | टु | ■ | १९ मृ | णा | २० ल | | व | ■ |
| २१ वा | टि | का | ■ | गां | | २२ स | फ | ल | २३ ता |
| न | ■ | २४ र | वि | क | र | ■ | ■ | ■ | ली |

यूसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास


1896- हेनरी फॉर्ड ने अमेरिका के डेट्रॉइट शहर में अपना पहला मॉडल परीक्षण के लिए उतारा।
1919- अमेरिकी नौसेना ने कोस्टारिका पर हमला किया।
1928- चीन के राष्ट्रपति हांग जोलिन की जापानी एजेंट ने हत्या की।
1929- जॉर्ज ईस्टमेन ने पहली रंगीन फिल्म का नमूना पेश किया।
1936- हिंदी सिनेमा की जानी मानी अभिनेत्री नूतन का जन्म। उन्हें बंदिनी, सुजाता, अनाड़ी सहित अनेक फिल्मों में उनकी सदाबहार अदाकारी के लिए जाना जाता है।
1940- द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी की सेना ने फ्रांस की राजधानी पेरिस में प्रवेश किया।
1944- अमेरिकी सेना ने द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान रोम में प्रवेश किया।
1959- सी राजगोपालाचारी ने स्वतंत्र पार्टी बनाने की घोषणा की।
1964- मालदीव ने संविधान का निर्माण किया।
1970- ब्रिटेन से अलग होकर टोंगा एक स्वतंत्र देश बना।
1975- अमेरिकी अभिनेत्री एंजेलिना जोली का जन्म।
1982- इस्राइल ने दक्षिण लेबनान पर हमला किया।
1989- चीन की राजधानी बीजिंग में थ्येनआनमन चौक पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे नागरिकों पर सैन्य कार्रवाई।
1991- द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पहली गैर साम्यवादी सरकार यूरोपीय देश अल्बानिया में बनी।
1997- दूरसंचार उपग्रह 2डी कक्ष में पहुंचा।
2001- नेपाल नरेश दीपेन्द्र का अस्पताल में निधन। वीर बिक्रम शाह ने नेपाल के सम्राट का पद संभाला।
2003- डोमिनिक गणराज्य की 18 वर्षीय सुंदरी एमीलिया वेगा मिस यूनिवर्स-2003 बनीं।

**समस्या** फिलीपींस ने की हेल्थ इमरजेंसी की घोषणा

# युवाओं में बढ़े एचआईवी के 500 प्रतिशत मामले

■ पिछले 10 सालों में नए एचआईवी मामले दोगुने से भी ज्यादा हो गए हैं

**मनीला, 3 जून (एजेंसियां)। फिलीपींस के स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को देश में एचआईवी को राष्ट्रीय स्वास्थ्य आपातकाल घोषित करने की सिफारिश की, क्योंकि युवाओं में एचआईवी के मामले 500 प्रतिशत बढ़ गए हैं। स्वास्थ्य सचिव टेओडोरो हर्बोसा ने एक वीडियो संदेश में बताया कि 15 से 25 साल के युवाओं में एचआईवी के मामलों में वृद्धि हुई है। इस साल जनवरी से मार्च तक हर दिन 57 नए मामले सामने आए, जो पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में सबसे ज्यादा हैं। डीओएच के अनुसार, पिछले 10 सालों में नए एचआईवी मामले दोगुने से भी ज्यादा हो गए हैं।**



साल 2014 में रोजाना 21 मामले थे, जो 2024 में बढ़कर 48 हो गए। जनवरी से अप्रैल 2025 तक हर दिन 56 मामले दर्ज किए गए, जो पिछले साल की तुलना में 44 प्रतिशत ज्यादा हैं। फिलीपींस में एचआईवी के मरीजों की उम्र कम होती जा रही है।

डेटा के मुताबिक, 2006 से सबसे ज्यादा मामले 25 से 34 साल की उम्र वालों में देखे गए हैं। एचआईवी का मुख्य कारण यौन संपर्क है, खासकर पुरुषों के साथ यौन संबंध बनाने वाले पुरुषों में यह ज्यादा देखा गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, एचआईवी एक वायरस है, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर करता है। इसका सबसे गंभीर रूप एड्स है। एचआईवी शरीर की श्वेत रक्त कोशिकाओं पर हमला करता है, जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है और टीबी, संक्रमण या कैंसर जैसी बीमारियां आसानी से हो सकती हैं। एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के खून, स्तन के दूध आदि से फैलता है। यह किस, गले लगाने या खाना बांटने से नहीं फैलता। यह मां से बच्चे को भी हो सकता है। एंटी रेट्रोवाइरल थेरेपी से एचआईवी की रोकथाम और इलाज किया जा सकता है। अगर इलाज न हो तो एचआईवी कई साल बाद एड्स बन सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वयस्कों और किशोरों के एचआईवी रोग के लिए अपनी परिभाषा तय की है। साथ ही 5 साल से कम उम्र के एचआईवी पॉजिटिव बच्चों को भी एडवांस एचआईवी रोग की श्रेणी में रखा जाता है।

## दुनिया को जानें

### 25 वर्ष या उससे कम आयु वर्ग के युवा भारतीय 45 से 55 की उम्र में होना चाहते हैं रिटायर : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** युवा भारतीय, खासकर 25 वर्ष या उससे कम आयु वर्ग के लोग जल्दी रिटायरमेंट लेना पसंद करते हैं। इस ग्रुप में से 43 प्रतिशत युवा 45 से 55 वर्ष की आयु के बीच रिटायर होना चाहते हैं। यह जानकारी मंगलवार को जारी एक नई रिपोर्ट में दी गई। 56 प्रतिशत पार्टिसिपेंट्स ने 55 से 65 वर्ष की आयु के बीच रिटायर होने की योजना बनाई है, जो भारत में स्टैंटडर्ड रिटायरमेंट प्रैक्टिस के अनुरूप है। ग्रांट थॉर्नटन भारत की सर्वे-रिपोर्ट में कहा गया है कि 55 प्रतिशत पार्टिसिपेंट्स को 1 लाख रुपए से अधिक मासिक पेंशन की उम्मीद है। हालांकि, केवल 11 प्रतिशत का मानना है कि उनके मौजूदा निवेश इन अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त हैं। रिपोर्ट के अनुसार, सरकार समर्थित योजनाएं सबसे पसंदीदा विकल्प बनी हुई हैं, जिसमें 39 प्रतिशत पार्टिसिपेंट्स ऐसी योजनाओं के पक्ष में हैं। युवा पार्टिसिपेंट्स को हाई-रिस्क, हाई-रिटर्न प्लान पसंद आते हैं। 25 वर्ष से कम उम्र के 31 प्रतिशत पार्टिसिपेंट्स ने इस तरह के विकल्पों में रुचि व्यक्त की है। यह निष्कर्ष युवा जनसांख्यिकी के बीच रिस्क लेने की बढ़ती महत्वकांक्षा को दिखाता है।

# खेल जगत

## गुकेश की जीत के लिए धनुष ने दी 'बहुत-बहुत बधाई'

**चेन्नई।** विश्व नंबर एक शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराने और पूरे देश को गौरवान्वित करने के लिए विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश को देशभर से बधाई मिल रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद अब अभिनेता धनुष ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि वह देश के लिए प्रेरणा हैं। गुकेश ने नॉर्वे शतरंज 2025 टूर्नामेंट में क्लासिकल फॉर्मेट में कार्लसन को हराकर बड़ी जीत हासिल की। यह जीत दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी के खिलाफ क्लासिकल शतरंज प्रतियोगिता में उनकी पहली जीत थी। गुकेश को बधाई देने के लिए अभिनेता धनुष ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' का सहारा लिया। उन्होंने लिखा, 'वर्ल्ड के नंबर 1 खिलाड़ी को हराने और पूरे देश को गौरवान्वित करने के लिए डी गुकेश को बहुत-बहुत बधाई। आपका धैर्य सराहनीय है और सभी के लिए प्रेरणा है।



# 17 साल बाद आरसीबी ने पहली बार जीता आईपीएल खिताब









- पंजाब किंग्स को 6 विकेट से दी मात
- आईपीएलको मिला नया चैंपियन
- शशांक सिंह की झुझारू 61 रनों की नाबाद पारी नहीं जीता सकी खिताब

**अहमदाबाद**, 3 जून (एजेंसी)। आरसीबी ने इतिहास रचते हुए 17 साल बाद अपना पहला आईपीएल खिताब जीता। आईपीएल 2025 के फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को धूल चटाई। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने 190 रन बनाए। इसके जवाब में पंजाब किंग्स 184 रन ही बना सकी। शशांक सिंह ने नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली। कृणाल पांड्या ने बेहतरीन गेंदबाजी के लिए मैन आफ द मैच का खिताब जीता। इस सीजन में साई सुदर्शन ने पर्पल कैप जीती उन्होंने 15 मैचों में सर्वाधिक 759 रन बनाए। वहीं प्रसिद्ध कृष्णा ने सबसे ज्यादा 25 विकेट लेकर पर्पल कैप जीती।

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मंगलवार को आईपीएल फाइनल में इतिहास रचा गया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 18 साल में पहली बार आईपीएल खिताब जीता। पंजाब किंग्स को फाइनल में आरसीबी ने 6 रन से हराया। लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स ने तेज शुरुआत की। पहले विकेट के लिए 43 रन की साझेदारी हुई। इसके बाद हेजलवुड ने प्रियांश आर्य (24) को आउट कर पहला झटका दिया। 79 के स्कोर पर प्रभसिमरन आउट हुए। कप्तान श्रेयस अय्यर मात्र एक रन बनाकर आउट हुए।

कृणाल पांड्या ने 4 ओवर में 17 रन देकर दो विकेट चटकाए। उन्होंने सेट बल्लेबाज जोश इंगलिस (39) को आउट कर मैच में वापस लगा दिया। इसके बाद 17वें ओवर में दो विकेट लेकर पंजाब की हार में आखिरी कील ठोक दी। पंजाब किंग्स 20 ओवर में 7 विकेट पर 184 रन ही बना सकी।

पंजाब किंग्स के लिए जोश इंगलिस के बाद शशांक सिंह ने अंत कमाल की लड़ाई लड़ी। शशांक सिंह ने 30 गेंद पर नाबाद 61 रन की पारी खेली। इस दौरान तीन चौके और 6 छक्के लगाए। उन्होंने अंत तक पंजाब किंग्स की उम्मीद को जिंदा रखा।

फाइनल मुकाबले में पंजाब के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय किया। काइल जैमीसन (3/48) और अर्शदीप सिंह (3/40) की अगुआई में पंजाब किंग्स के गेंदबाजों ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 190 रन पर रोक दिया। अर्शदीप ने पारी के अंतिम ओवर में कमाल की गेंदबाजी करते हुए केवल तीन रन दिए और तीन विकेट चटकाए।

आईपीएल के 18 साल के करियर में चौथी बार फाइनल खेल रहे विराट कोहली ने सर्वाधिक 43 रन बनाए, लेकिन उन्होंने धीमी बल्लेबाजी की। कोहली ने पहले नौ ओवर में केवल एक चौका लगाया और उन्होंने 18 डाट गेंद खेलीं। आरसीबी और पंजाब दोनों ही पहली बार ट्रॉफी जीतने उतरी। पंजाब ने 11 साल बाद तो आरसीबी ने 9 साल बाद फाइनल में जगह बनाई है।

बेंगलुरु की टीम ने बड़ा स्कोर खड़ा करने के मौके को गंवा दिया। पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी थी, लेकिन आरसीबी के बल्लेबाजों ने एक के बाद एक विकेट गंवाए और कोई भी बड़ी पारी नहीं खेल पाया। फिल साल्ट (16) और विराट ने टीम को सधी शुरुआत दिलाई, लेकिन दूसरे ही ओवर में जैमीसन ने साल्ट को आउट कर आरसीबी को पहला झटका दिया। इसके बाद कोहली ने मयंक अग्रवाल (24) के साथ पारी को आगे बढ़ाया और टीम का स्कोर 50 के पार पहुंचाया। पावरप्ले तक आरसीबी की टीम 55 रन बना लिए थे। इसके बाद श्रेयस ने गेंद अपने सबसे भरोसेमंद गेंदबाज चहल को सौंपी और चहल ने अपने कप्तान का निराश नहीं किया। दूसरी ही गेंद पर उन्होंने मयंक को फंसाया और स्लाग स्वीप के चक्कर में वह डीप में अर्शदीप को कैच दे बैठे।

चहल ने आईपीएल में सातवीं बार मयंक को आउट किया। दूसरा विकेट गिरने के बाद आरसीबी की रनों की गति थोड़ी धीमी हुई। विराट कोहली ने एक बार फिर पारी को संभालने की कोशिश की लेकिन उनका योगदान महज 43 रन रहा, वो भी 35 गेंद में 122.85 के स्ट्राइक रेट से। उनकी पारी में सिर्फ तीन चौके लगे, जिनमें से दो नौ ओवर के बाद आए। टीम छह से 11 ओवर के बीच सिर्फ 42 रन ही जोड़ सकी।

रजत पाटीदार (26) और लियाम लिविंगस्टन (25) भी अपनी अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर सके। जैमीसन ने बेहतरीन लेंथ और विविधता से आरसीबी के बल्लेबाजों को बांधे रखा। जैमीसन के आंकड़े 17वें ओवर में थोड़ा बिगड़े जब जितेश शर्मा (24) व लिविंगस्टन ने मिलकर 23 रन बटोरे। जैमीसन ने तुरंत वापसी करते हुए लिविंगस्टन को फुल टॉस पर एलबीडब्ल्यू कर दिया। पहले तीन ओवर में 37 रन लुटाने के बाद भारत के स्टार गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने आखिरी ओवर में शानदार वापसी करते हुए क्रुणाल पांड्या, भुवनेश्वर कुमार और रोमारियो शेफर्ड के विकेट झटके। शेफर्ड ने एक छक्का और एक चौका लगाकर स्कोर 200 के पार ले जाने की कोशिश की लेकिन अर्शदीप ने उनका भी काम तमाम कर दिया।

**तीन फाइनल हारने के बाद बनी चैंपियन**=रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इससे पहले तीन बार और फाइनल खेल चुकी है, लेकिन पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने के बाद फाइनल में चोक कर जाती थी. 2009 में डेक्कन चार्जर्स, 2011 में चेन्नई सुपरकिंग्स, 2016 में सनराइजर्स हैदराबाद से फाइनल हारने के बाद आखिरकार 2025 में आरसीबी के खिलाड़ियों ने अपनी नब्ज पर काबू रखा।

## कोहली-रोहित को शानदार विदाई देने की योजना बना रहा क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया



- भारत को 19-25 अक्टूबर तक पर्थ, एडिलेड और सिडनी में तीन वनडे मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है

**नई दिल्ली,** 3 जून (एजेंसियां)। रोहित शर्मा और विराट कोहली पिछले 12 महीनों के भीतर टेस्ट और टी20आई से संन्यास ले चुके हैं। वह अब भारत के लिए केवल वनडे फॉर्मेट खेलते नजर आएंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग को उम्मीद है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली को साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया में आखिरी बार खेलने पर एक यादगार विदाई दी जाएगी। भारत को 19-25 अक्टूबर तक पर्थ, एडिलेड और सिडनी में तीन वनडे मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है। इसके बाद 29 अक्टूबर से 8 नवंबर तक पांच टी20आई मैच खेले जाएंगे। महिला टीम भी डब्ल्यूपीएल-2026 खत्म होने के बाद मल्टी-फॉर्मेट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करने वाली है। टॉड ग्रीनबर्ग ने मंगलवार को एक वर्चुअल बातचीत में आईएएनएस के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि यह भारतीय महिला और पुरुष दोनों टीमों के जरिए हाइलाइट किया गया क्रिकेट का एक बड़ा समर सीजन है। इसके साथ ही एशेज भी है। लगभग दो दशकों में पहली बार, ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट पूरे देश में हर एक शहर की राजधानी और क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलेगा। ये आश्चर्यजनक है, जब आप इसके साथ होने वाली लॉजिस्टिक एक्सरसाइज के बारे में सोचते हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को अपनी प्री-सेल विंडो खोलते हुए आधिकारिक तौर पर एक दिन में सर्वाधिक टिकट बेचने की घोषणा की है। ऐसे में ऑस्ट्रेलियाई फैंस और विदेशी दर्शकों को निश्चित रूप से उम्मीद होगी कि वे भारत की पुरुष और महिला टीम के दौरे के अलावा एशेज के दौरान पैसा वसूल कर पाएंगे, खास तौर पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में दर्शकों की संख्या और टिकट बिक्री के नए आयाम छूने के बाद। ग्रीनबर्ग ने कहा कि मुझे लगता है कि पिछले साल बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में टिकट बिक्री के कुछ रिकॉर्ड तोड़ने वाले आंकड़े देखे थे। मुझे उम्मीद है कि हम गर्मियों में कई टिकट्स बिकते हुए देखेंगे, जो वास्तव में अगस्त से शुरू होकर मार्च तक चलेगा। इसलिए इस बार की गर्मी ऐसी हो सकती है, जैसा हमने पहले कभी नहीं देखा होगा।

## इंडोनेशिया ओपन : पीवी सिंधु ने नोजोमी ओकुहारा को हराया, लक्ष्य सेन बाहर




- सिंधु ने इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत करने के साथ दूसरे राउंड में अपनी जगह को पक्का कर लिया है

**जकार्ता,** 3 जून (एजेंसियां)। दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु ने इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बना ली है। वहीं, लक्ष्य सेन मंगलवार को पहले दौर के कड़े मुकाबले में हारकर बाहर हो गए।

सिंधु ने एक घंटे 19 मिनट तक चले महिला सिंगल्स मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी जापान की नोजोमी ओकुहारा को 22-20, 21-23, 21-15 से मात दी। पीवी सिंधु और नोजोमी ओकुहारा के बीच कड़ी टक्कर हुई। इस दौरान कई गेम और मैच प्वाइंट शामिल थे। शुरुआती गेम में भारतीय शटलर ने दमखम दिखाया। सिंधु ने एक गेम प्वाइंट बचाया और आक्रामक शॉट लगाकर 22-20 से मैच अपने नाम किया। दूसरे गेम में सिंधु ने शुरुआती बढ़त हासिल की, लेकिन इंटरवल तक वह 7-11 से पीछे चल रही थीं। इसके बाद उन्होंने जोरदार वापसी की और पावरफुल क्रॉस-कोर्ट स्मैश के साथ दो मैच प्वाइंट जुटाए, लेकिन बार-बार की गई सिंधु की गलतियों ने ओकुहारा को 20-20 से बराबरी पर ला दिया और जापानी शटलर ने आखिरकार गेम 23-21 से अपने नाम कर लिया। निर्णायक गेम में दोनों खिलाड़ियों ने गैर-जरूरी जोखिम से बचते हुए सतर्क रुख अपनाया। सिंधु ब्रेक के समय 11-9 से आगे थीं। इसके बाद उन्होंने अपनी लय हासिल की, लगातार जीत हासिल करते हुए 20-12 से आगे निकल गईं। उन्होंने आठ मैच प्वाइंट जुटाए और पांचवें को गोल में बदलकर जीत सुनिश्चित करते हुए राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया। मैच के बाद सिंधु ने 14 साल में ओकुहारा के साथ अपने पिछले मुकाबलों को याद किया।

## सार संक्षेप

### खो-खो के वैश्विक विकास को सशक्त बना रहा है केकेएफआई

**गुरुग्राम।** खो-खो के वैश्विक विकास को सशक्त बनाने और इसके वैज्ञानिक व तकनीकी आधार को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया (केकेएफआई) ने अंतर्राष्ट्रीय खो-खो महासंघ (आईकेकेएफ) के तत्वावधान में विश्वभर के कोचों और तकनीकी अधिकारियों के लिए एडवांस्ड लेवल III-ए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किया है। यह कोर्स 2 जून को श्री गुरु गोबिंद सिंह टर्सेंटेनरी (एसजीटी) विश्वविद्यालय, बुढेड़ा में शुरु हुआ है और 15 जून तक चलेगा। इस गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्रीलंका, बांग्लादेश, ईरान, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, कोरिया और मलेशिया जैसे सात देशों के लगभग 20 अंतरराष्ट्रीय कोच और अधिकारी भाग ले रहे हैं, जिनके साथ भारत के विभिन्न हिस्सों से आए 50 कोच और 65 तकनीकी अधिकारी भी शामिल हैं। कोचों के प्रशिक्षण सत्र 2 जून से 11 जून तक आयोजित किए जा रहे हैं, इसके बाद 12 जून से 15 जून तक तकनीकी अधिकारियों के लिए सत्र आयोजित किए जाएंगे।

### रोड्रिग्स 'मई प्लेयर ऑफ द मंथ' के लिए नामित

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने भारतीय महिला टीम की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स को मई महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में नामित किया हैं।

## मंधाना मई के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नामित



**दुबई,** 3 जून (एजेंसियां)। भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना को पिछले महीने श्रीलंका में एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला के दौरान उनके शानदार प्रदर्शन के बाद मई के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नामित किया गया है। वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज और दक्षिण अफ्रीका की ऑलराउंडर क्लो ट्रायोन को भी सीमित ओवरों के प्रारूप में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए महिला वर्ग में नामित किया गया है। पुरुष वर्ग में, स्कॉटलैंड के ऑलराउंडर ब्रेंडन मैकमुलेन और संयुक्त राज्य अमेरिका के मिलिंद कुमार और संयुक्त अरब अमीरात के सलामी बल्लेबाज मुहम्मद वसीम को सफेद गेंद के प्रारूप में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद नामित किया गया है। रॉड्रिग्स ने श्रीलंका में त्रिकोणीय श्रृंखला के तीन मैचों में 204 रन बनाए, जिसमें मेजबान टीम के खिलाफ फाइनल में उपयोगी 44 रन शामिल हैं। इस दौरान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 1]01 गेंदों में 123 रन की पारी खेली, क्योंकि उन्होंने भारत को तीन टीमों के टूर्नामेंट में जीत दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई। वेस्टइंडीज की कप्तान मैथ्यूज, जो वर्तमान में टी20 में नंबर 1 ऑलराउंडर और वनडे में दूसरे स्थान पर हैं।

## 5 जुलाई को होगा नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 का आयोजन



नीरज चोपड़ा क्लासिक को इतनी जल्दी वापस लाने के लिए बड़े सामूहिक प्रयासों की जरूरत पड़ी है : **करण यादव**

**बेंगलुरु,** 3 जून (एजेंसियां)। नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 का आयोजन अब 5 जुलाई को बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में होगा। आयोजकों ने मंगलवार को इसकी घोषणा की है। इससे पहले यह आयोजन 24 मई को होना था, लेकिन भारत-पाकिस्तान विवाद के चलते सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए और राष्ट्र के साथ एकजुटता दिखाने के लिए इसे स्थगित कर दिया गया था। भारत की पहली अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता का ऐतिहासिक आयोजन जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इसे एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) द्वारा मंजूरी दी गई है। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के चीफ कमर्शियल ऑफिसर करण यादव ने कहा कि नीरज चोपड़ा क्लासिक को इतनी जल्दी वापस लाने के लिए बड़े सामूहिक प्रयासों की जरूरत पड़ी है। हमें 5 जुलाई को इसकी वापसी की पुष्टि करते हुए खुशी हो रही है। हमारी टीमों ने काफी मेहनत की है। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया, कर्नाटक ओलंपिक एसोसिएशन, कर्नाटक सरकार और हमारे सहयोगियों के अटूट समर्थन ने इसे मुमकिन बनाया है। इस आयोजन के इर्द-गिर्द मौजूद उत्साह पहले से कहीं ज्यादा है। हम भाला फेंक का ऐसा जश्न मनाने के लिए तैयार हैं, जो पहले से ज्यादा बेहतर और भी यादगार होगा। वर्ल्ड एथलेटिक्स से स्वीकृत गोल्ड इवेंट के रूप में नीरज चोपड़ा क्लासिक, ग्लोबल एथलेटिक्स मैप पर भारत की स्थिति को ऊपर लाता है। इसमें एलीट जैवलिन थ्रोअर्स की शानदार लाइन-अप शामिल होगी, जिसमें टोक्यो ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा, थॉमस रोहलर, एंडरसन पीटर्स समेत कई ओलंपिक मेडलिस्ट हिस्सा लेंगे।

## प्रदीप नरवाल ने कबड्डी से लिया संन्यास

**मुम्बई,** 3 जून (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के मुंबई में प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) 2025 की नीलामी में किसी भी टीम द्वारा नहीं खरीदे जाने पर प्रदीप नरवाल ने कबड्डी खेल से संन्यास ले लिया है। परदीप ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम लाइव में कहा कि सच कहूं तो उस वक्त मुझे कुछ महसूस नहीं हुआ। मैंने सोचा था कि कोई न कोई टीम जरूर खरीदेगी। उन्होंने कहा कि जब मैं पटना के लिए खेलता था, तब मैं 200-300 प्वाइंट्स बनाता था। अब तो 111 या 122 भी कम लगते हैं। मैं हर मैच में 15-16 प्वाइंट्स बनाना चाहता था, सिर्फ तीन-चार नहीं। परदीप ने कहा कि वह संन्यास लेन के बाद कोचिंग में हाथ आजमाएंगे। परदीप को प्रो कबड्डी के इतिहास के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक माना जाता है। उन्होंने कबड्डी को देशभर में लोकप्रिय बनाने में बड़ा योगदान दिया। उन्होंने पटना पाइरेट्स को लगातार तीन सीजन (सीजन तीन से पांच तक) में चैंपियन बनाया।

### सुडोकू 6933 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 3 | 7 | 1 | 4 |
| 1 | 9 | 7 | 8 | 6 | 4 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 |
| 7 | 2 | 9 | 3 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 |
| 5 | 1 | 8 | 6 | 4 | 7 | 3 | 9 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 | 5 | 7 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 3 | 9 | 5 | 7 | 6 |
| 6 | 7 | 3 | 4 | 5 | 8 | 9 | 2 | 1 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 2 | 6 | 8 | 4 | 3 |




## बुब्लिक ने ड्रेपर को हराया, पहले ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल में पहुंचे

बुब्लिक, जिन्होंने पहले दौर में ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर को हराने के लिए दो सेट से वापसी की

**पेरिस,** 3 जून (एजेंसियां)। कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक ने फ्रेंच ओपन 2025 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए ग्रैंड स्लैम स्तर पर पहली बार क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। जैक ड्रेपर को चार सेटों में हराकर अंतिम आठ में अपना स्थान पक्का किया।

अपने जूनियर दिनों से क्ले-कोर्ट मेजर में दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए बुब्लिक ने ड्रेपर के खिलाफ 5-7, 6-3, 6-2, 6-4 की जीत के साथ सप्ताह के अपने दूसरे शीर्ष 10 शिकार को हराया। बुब्लिक, जिन्होंने पहले दौर में ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर को हराने के लिए दो सेट से वापसी की, खेल के इतिहास में एकल ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाले कजाकिस्तान के पहले व्यक्ति बन गए। कोर्ट सुजैन-लेंगलेन की भीड़ के एक मिनट तक खड़े होकर तालियां बजाने के बाद, भावुक बुब्लिक ने कोर्ट पर दिए गए साक्षात्कार में कहा कि कभी-कभी जीवन में केवल एक ही मौका होता है, और मुझे लगता था कि यह मेरा मौका है, और मैं इसे हाथ से जाने नहीं दे सकता। यहां खड़े होकर, यह मेरे जीवन का सबसे अच्छा पल है, बस। एटीपी रैंकिंग में 62वें स्थान पर, बुब्लिक, रौला गैरो में दो शीर्ष 10 जीत हासिल करने वाले सबसे कम रैंक वाले व्यक्ति हैं, जब से 100वें स्थान पर काबिज आंद्रेई मेदवेदेव ने पीट सम्प्रास और गुस्तावो कुर्टेन को हराकर 1999 के फाइनल में प्रवेश किया था। 27 वर्षीय बुब्लिक, जिन्होंने पिछले मई में करियर का सर्वोच्च विश्व नंबर 17 हासिल किया था, अपनी चार पेरिस जीत के बाद शीर्ष 40 के कगार पर पहुंच गए हैं। इंफोसिस स्टैट्स के अनुसार, एटीपी लाइव रैंकिंग में इस सप्ताह नंबर 4 पर पहुंचने वाले ड्रेपर के खिलाफ, बुब्लिक ने अपने पहले सर्व पॉइंट्स में से 79 प्रतिशत अंक जीते और छह में से पांच ब्रेक पॉइंट्स को कन्वर्ट किया। ब्रिटिश नंबर 1 के साथ तीन लेक्सस एटीपी हेड2हेड मुकाबलों में यह उनकी पहली जीत थी। बुब्लिक 2023 में विंबलडन में एक बार पहले भी एक मेजर में चौथे राउंड तक पहुंचे थे।

## जोकोविच ने फ्रेंच ओपन में नोरी को हराकर 100वीं जीत हासिल की



मैं एक और जीत की तलाश जारी रखूंगा, जाहिर है कि मेरे लिए यह यहीं खत्म नहीं हुआ है : **नोवाक जोकोविच**

पेरिस, 3 जून (एजेंसियां)। सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने फ्रेंच ओपन में ब्रिटेन के कैमरून नोरी को एकल वर्ग में हराकर अपनी 100वीं जीत हासिल की है। खेले गए प्री क्वार्टर फाइनल में 38 वर्षीय जोकोविच ने ब्रिटेन के नोरी पर सीधे सेटों में 6-2, 6-3, 6-2 से जीत दर्ज की और लगातार 16वें साल रोलांड गैरोस के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मैच के बाद जोकोविच ने कहा कि यह बहुत सुंदर संख्या है, लेकिन 101 जीत बेहतर लगती है। मैं एक और जीत की तलाश जारी रखूंगा, जाहिर है कि मेरे लिए यह यहीं खत्म नहीं हुआ है। मैं इस खेल में इतिहास रचकर बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं, जिसने मुझे मेरे जीवन में सब कुछ दिया है। एक अन्य मुकाबले में डेनमार्क के टैलोन ग्रिक्सपूर के 6-4, 3-0 से पिछड़ने के दौरान उन्हें पेट में परेशानी के कारण मैच से हटने से जर्मनी के अलेक्जेंडर जेवरेव ने आठ साल में सातवीं बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व नंबर वन इटली के जैनिक सिनर ने 17वीं वरीयता प्राप्त रूस के एंड्री रूबलेव को 6-1, 6-3, 6-4 से हराया। अगले दौर में इटली के सिनर का अगला मुकाबला कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक से होगा। महिला वर्ग में 22 वर्षीय फ्रांसीसी वाइल्डकार्ड लोइस बोइसन ने तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को 3-6, 6-4, 6-4 से हराकर शानदार वापसी की।



# अर्थ जगत

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| ग्रासिम | 1.12 प्रतिशत |
| बजाज ऑटो | 0.58 प्रतिशत |
| शिपला | 0.20 प्रतिशत |
| हिन्डाल्को | 0.14 प्रतिशत |
| डॉ रेड्डी लैब | 0.05 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| अडानी पोर्ट्स | 2.42 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.74 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.69 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 1.62 प्रतिशत |
| इटरनल | 1.53 प्रतिशत |

### सर्राफा

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)/स्टैंडर्ड | 97,000 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,00,460 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूं एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

## डीआरआई बड़े तस्करी नेटवर्क को तोड़ने और मादक पदार्थों के व्यापार पर अंकुश लगाए: सीतारमण

**नई दिल्ली,** 3 जून (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) से तेजी से जटिल होते भू-राजनीतिक वातावरण और सुरक्षा खतरों के बीच तस्करी नेटवर्क और मादक पदार्थों के व्यापार से निपटने के लिए टेक्नोलॉजी-ड्रिवन अप्रोच अपनाने को कहा। डीआरआई के नए मुख्यालय का उद्घाटन करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि सतही स्तर के प्रवर्तन से आगे जाकर गहरे प्रणालीगत खतरों को सामने लाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण तस्करी नेटवर्क को ध्वस्त करना किसी भी जांच का अंतिम लक्ष्य होना चाहिए, जो केवल ऊपरी जब्ती तक ही सीमित नहीं होना चाहिए।

वित्त मंत्री ने कहा, 'अगर आप छोटी मछलियां पकड़ते हैं तो यह अच्छा नहीं है। बड़ी तस्करी की चेन को ट्रैक करके उस पर कार्रवाई करनी होगी। हमें उन नापाक चेन को खत्म करना होगा।' सीतारमण ने मादक पदार्थों को सबसे गंभीर राष्ट्रीय खतरा बताया और स्कूलों और कॉलेजों को मादक पदार्थ तस्करों के निशाने पर आने से रोकने के लिए भी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ तत्काल समन्वय का आह्वान किया। वित्त मंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' मंत्र को वह भावना बताया जिसके साथ प्रवर्तन एजेंसियां आगे बढ़ती हैं।



सतही स्तर के प्रवर्तन से आगे जाकर गहरे प्रणालीगत खतरों को सामने लाने की आवश्यकता है। सम्पूर्ण तस्करी नेटवर्क को ध्वस्त करना किसी भी जांच का अंतिम लक्ष्य होना चाहिए: निर्मला सीतारमण, वित्त मंत्री

उन्होंने प्रवर्तन ढांचे में आधुनिक टेक्नोलॉजी के गहन और तेज एकीकरण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने डेटा-संचालित, खुफिया-संचालित कार्रवाई पर जोर देते हुए कहा, 'एआई के बारे में बहुत सारी बातें हो रही हैं, लेकिन अब मैं एआई का उपयोग करके ठोस परिणाम देखना चाहती हूं।' वित्त मंत्री ने प्रवर्तन एजेंसियों के लिए तीन मार्गदर्शक सिद्धांत बताए, जिसमें नियमों को निष्पक्ष रूप से लागू करना, व्यापार प्रणाली में जनता का विश्वास बनाए रखना और प्रवर्तन को उच्च प्रभाव वाला बनाना शामिल हैं। उन्होंने कहा, 'अधिक आधुनिक टेक्नोलॉजी जैसे डेटा एनालिटिक्स और इसी तरह की अन्य चीजों के उपयोग को सिस्टम में गहराई से और अच्छी तरह से एकीकृत करने की आवश्यकता है।'

### नीति आयोग ने राज्यों के साथ स्ट्रक्चर्ड एंगेजमेंट को बढ़ावा देने के लिए वर्कशॉप की आयोजित

*नई दिल्ली। नीति आयोग ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि राज्यों के साथ स्ट्रक्चर्ड एंगेजमेंट को बढ़ावा देने के लिए देहरादून में स्टेट सपोर्ट मिशन (एसएसएम) के अंतर्गत एक दिवसीय रिजनल वर्कशॉप आयोजित की गई। इस वर्कशॉप का आयोजन नीति आयोग ने उत्तराखंड सरकार के स्टेट इंस्टीट्यूट फॉर एम्पावरिंग एंड ट्रांसफॉर्मिंग उत्तराखंड (सेतु) आयोग के सहयोग से किया था। नीति आयोग की ओर से एक आधिकारिक बयान में कहा गया, 'सेंट्रल सेक्टर स्कीम के तहत स्टेट इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफोर्मेशन (एसआईटी) के माध्यम से नीति आयोग और राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के बीच स्ट्रक्चर्ड एंगेजमेंट को बढ़ावा देने के लिए यह सीरीज की पहली वर्कशॉप है।' इस वर्कशॉप का उद्देश्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एसएसएम पहलों पर अपने अनुभव साझा करने और एक-दूसरे से सीखने के लिए एक साथ एक मंच पर लाना है।*

## भारत और फ्रांस को द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए करना चाहिए काम: पीयूष गोयल

**पेरिस,** 3 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और फ्रांस को द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए काम करना चाहिए, क्योंकि दोनों देशों के बीच व्यापार को मौजूदा 15 अरब डॉलर के स्तर से बढ़ाने की पर्याप्त गुंजाइश है। भारत-फ्रांस सीईओ फोरम में केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि दोनों देशों को उभरते और रणनीतिक क्षेत्रों में गहन सहयोग की दिशा में काम करना चाहिए। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा, 'हम केवल 15 अरब डॉलर से संतुष्ट नहीं हो सकते। क्योंकि इसकी गुंजाइश कहीं ज्यादा है।' उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, पर्यटन, मैन्युफैक्चरिंग और वैश्विक क्षमता केंद्रों में सहयोग की संभावनाओं का पता लगाने के लिए सीईओ फोरम के तहत निजी क्षेत्र में संयुक्त कार्य समूह बनाने का सुझाव दिया। केंद्रीय मंत्री गोयल ने यह भी घोषणा की कि भारत और फ्रांस व्यापार और नियामक बाधाओं को दूर करने में व्यवसायों की मदद करने के लिए राजदूत स्तर पर एक फास्ट-ट्रैक मैकेनिज्म को एक्टिव करेंगे। उन्होंने कहा, 'इससे हमें व्यापार के नए क्षेत्र खोजने और विनिमयन के दायरे को पार करने में एक-दूसरे का समर्थन करने में मदद मिलेगी।' उन्होंने बताया कि भारतीय व्यवसाय अक्सर यूरोपीय संघ के जटिल नियामक वातावरण से भ्रमित होते हैं। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा, 'यह एक उलझन है, खासकर तब जब प्रत्येक यूरोपीय संघ के सदस्य देश के अपने नियम हैं।' केंद्रीय मंत्री ने फिर से पुष्टि की कि भारत और यूरोपीय संघ 2025 के अंत से पहले एक व्यापक व्यापार समझौते को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री गान किम योंग के साथ भी बैठक की और आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के तरीकों और भारतीय शिपिंग सेक्टर में बड़े अवसरों पर चर्चा की।



'हम केवल 15 अरब डॉलर से संतुष्ट नहीं हो सकते। क्योंकि इसकी गुंजाइश कहीं ज्यादा है': पीयूष गोयल

केंद्रीय मंत्री गोयल ने पेरिस में ब्रिटेन के कारोबार एवं व्यापार सचिव जोनाथन रेनॉल्ड्स और सऊदी अरब के वाणिज्य मंत्री डॉ. माजिद बिन अब्दुल्ला अल-कसाबी के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने की भी योजना बनाई है। पीयूष गोयल फ्रांस और इटली की आधिकारिक यात्रा पर हैं, जो प्रमुख यूरोपीय भागीदारों के साथ रणनीतिक और आर्थिक संबंधों को गहरा करने के लिए भारत की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। साथ ही, केंद्रीय मंत्री गोयल की यात्रा एक मजबूत और समावेशी वैश्विक विकास के लिए एक साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने पर केंद्रित है।

## सोने की कीमत बढ़कर करीब 97,000 रुपए हुई, चांदी एक लाख रुपए के पार

**नई दिल्ली,** 3 जून (एजेंसियां)। सोने और चांदी की कीमतों में मंगलवार को तेजी देखने को मिली और 24 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर करीब 97,000 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमत एक लाख रुपए प्रति किलो के पार पहुंच गई है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के सोने की कीमत 187 रुपए बढ़कर 96,867 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि सोमवार को 96,680 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 88,730 रुपए हो गई है, जो कि पहले 88,559 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 72,650 रुपए हो गया है, जो कि पहले 72,510 रुपए प्रति 10 ग्राम था।



सोने के साथ चांदी की कीमत में भारी इजाफा देखने को मिला है। बीते 24 घंटे में चांदी की कीमत 2,669 रुपए बढ़कर 1,00,460 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 97,761 रुपए प्रति किलो थी।

एलकेपी सिक्योरिटीज के जतिन त्रिवेदी ने कहा कि 2000 रुपए की रैली के बाद गोल्ड का प्रदर्शन एमसीएक्स पर 97,700 रुपए प्रति 10 ग्राम पर करीब सपाट रहा। अमेरिकी में अहम आर्थिक आंकड़ों से पहले सोना कंसोलिडेशन फेस में है। उन्होंने आगे कहा कि सोने आने वाले समय में 95,000 रुपए प्रति 10 ग्राम से लेकर 99,500 रुपए प्रति 10 ग्राम की रेंज में रह सकता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखी जा रही है। सोना 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,384 डॉलर प्रति औंस और चांदी 0.67 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 34.46 डॉलर प्रति औंस पर था। 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 20,705 रुपए या 27.18 प्रतिशत बढ़कर 96,867 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 14,443 रुपए या 16.17 प्रतिशत बढ़कर 1,00,460 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गया है। इसके अतिरिक्त रुपए में आज 16 पैसे की गिरावट हुई, जिसके कारण डॉलर के मुकाबले घरेलू मुद्रा 85.53 पर बंद हुई।

## तुर्की की कंपनी सेलेबी का मध्यस्थता आवेदन भारत में खारिज

**नई दिल्ली,** 3 जून (एजेंसियां)। तुर्की की ग्राउंड हैंडलिंग कंपनी सेलेबी का भारत में मध्यस्थता आवेदन खारिज हो गया है। यह जानकारी तुर्की की प्रवर्तक कंपनी की ओर से एक्सचेंज फाइलिंग में दी गई। सेलेबी ने अहमदाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट द्वारा कंपनी से करार रद्द किए जाने के बाद मध्यस्थता आवेदन अहमदाबाद की वाणिज्यिक अदालत में दायर किया था। जब भी दो कंपनियों के बीच कोई विवाद हो जाता है, तो उसे सुलझाने के लिए मध्यस्थता आवेदन को वाणिज्यिक अदालत में एक पक्ष के द्वारा दायर किया जाता है। सेलेबी ग्राउंड हैंडलिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में 61 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाली सेलेबी एयरपोर्ट होल्डिंग ने कहा, 'अहमदाबाद वाणिज्यिक अदालत में अदाणी अहमदाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के विरुद्ध 27 मई को दायर मध्यस्थता आवेदन को 02 जून को खारिज कर दिया गया था।' कंपनी ने कहा कि इस मुद्दे के खिलाफ अब वह सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर करेगी। पहलगाम आतंकवादी हमलों और 26 पर्यटकों की हत्या का बदला लेने के लिए भारत द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद तुर्की द्वारा पाकिस्तान को दिए गए समर्थन के मद्देनजर भारत सरकार ने भारतीय हवाई अड्डों पर तुर्की की ग्राउंड-हैंडलिंग कंपनी सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी है।


**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SURESH PINJANI S/O CHANDRAPAL PINJANI resident of BANGLOW NO. D-3, ASHOKA PARK, KHAMARDIH ROAD, BESIDE DEVKRIPA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, WARD NO. 28, RAIPUR (C.G.) 492007 have changed my old name SURESH PINJANI S/O CHANDRAPAL PINJANI so in future I should be recognized by my new name that is SURESH KUMAR PINJANI S/O CHANDRAPAL PINJANI in all Government and other documents.

**SURESH KUMAR PINJANI**
BANGLOW NO. D-3, ASHOKA PARK, KHAMARDIH ROAD, BESIDE DEVKRIPA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, WARD NO. 28, RAIPUR (C.G.) 492007

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, VIJAY PINJANI S/O CHANDRAPAL PINJANI resident of BANGLOW NO. D-2, ASHOKA PARK, KHAMARDIH ROAD, BESIDE DEVKRIPA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, WARD NO. 28, RAIPUR (C.G.) 492007 have changed my old name VIJAY PINJANI S/O CHANDRAPAL PINJANI so in future I should be recognized by my new name that is VIJAY KUMAR PINJANI S/O CHANDRAPAL PINJANI in all Government and other documents.

**VIJAY KUMAR PINJANI**
BANGLOW NO. D-2, ASHOKA PARK, KHAMARDIH ROAD, BESIDE DEVKRIPA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, WARD NO. 28, RAIPUR (C.G.) 492007

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MANOJ JAIN S/O MAHENDRA JAIN resident of WARD NO. 12, BAJAR PARA TILDA PO. NEORA DISTT. RAIPUR (C.G.) 493114 have changed my old name MANOJ JAIN S/O MAHENDRA JAIN so in future I should be recognized by my new name that is MANOJ KUMAR JAIN S/O MAHENDRA JAIN in all Government and other documents.

**MANOJ KUMAR JAIN**
WARD NO. 12, BAJAR PARA TILDA PO. NEORA DISTT.RAIPUR (C.G.) 493114

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, HIMANSHU BATAVIA S/O NEMCHAND BATAVIA resident of LABHANDI, RAIPUR TAHSIL & DISTT RAIPUR (C.G.) have changed my daughter old name YASHVI HIMANSHU BATAVIA D/O HIMANSHU BATAVIA so in future I should be recognized by my daughter new name that is YASHVI BATAVIA D/O HIMANSHU BATAVIA in all Government and other documents.

**HIMANSHU BATAVIA**
LABHANDI, RAIPUR TAHSIL & DISTT RAIPUR (C.G.)

**न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**
राजस्व प्रकरण क्रमांक ब/121
ग्राम जरौद

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तोरण लाल साहू पिता श्री पुसऊ राम साहू ग्राम जरौद तहसील आरंग द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने दादी श्रीमती जैनबती साहू मृत्यु दिनांक 11.01.2018 है। का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक जन्म/मृत्यु को आदेश जारी करने की मांग किया है, ताकि जन्म/मृत्यु का प्रमाण पत्र आवेदक को प्राप्त हो सके।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 10.06.2025 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर | तहसीलदार आरंग

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र./202505110200155/अ-6/वर्ष/2024-25
ग्राम-मोवा प.ह.नं. 109/45
रायपुर, दिनांक 27.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक अजय सिंह पिता स्व. नरेन्द्र बहादुर सिंह पता म.नं. सी-79 सेक्टर-4, देवेन्द्र नगर रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम मोवा प.ह.नं. 109/45, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि संधारण खसरा शीट नं. 02. भूखण्ड क्रमांक 19 का भाग खसरा नंबर 409, 404/5, 406/2, 407/2 408/5 का भाग रकबा 1160 वर्गफुट भूमि को विक्रेता श्री सूरज माखीजा पिता श्री निरंजन लाल माखीजा निवासी मकान नंबर ए 43 एल.आई.सी. कॉलोनी मोवा, सड्डू बिन्द्रवानगढ़ रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 21.04.2025 के माध्यम से क्रय किया है। आवेदक द्वारा पंजीकृत बैनामा के आधार पर अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 13.06.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर | तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**
क्रमांक/वाचक/तह./2025
मंदिर हसौद, दिनांक 28.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक कुँवर लाल साहू पिता भगतराम साहू, साहू, निवासी-135, विधान सभा रोड पानी टंकी के पास सेमरिया, तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि ग्राम-सेमरिया, प.ह.नं.-01, रा.नि.मं.-चंदखुरी, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 546/2 रकबा 0.200 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में डिहवार सिंह वो कुबेर सिंह, विक्रम चंद, चमन लाल, वो भानू प्रताप पिसरान भगतराम साहू के नाम पर संयुक्त रूप से भूमिस्वामी हक में दर्ज है। आवेदित भूमि के राजस्व अभिलेख बी-1 एवं ऋण पुस्तिका में सहखातेदार का नाम कुबेर सिंह गलत दर्ज हो गया है जबकि आधार कार्ड में कुँवर लाल साहू पिता भगतराम साहू दर्ज है जिसके अनुसार राजस्व अभिलेख में त्रुटि सुधार कराना चाहता है। आवेदक के द्वारा राजस्व अभिलेख में त्रुटि सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति का दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 12.06.25 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अत: यह ईश्तहार आज दिनांक 28.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर | तहसीलदार मंदिर हसौद

**न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**
क्रमांक/वाचक/तह./2025
मंदिर हसौद, दिनांक 28.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक छोली प्रसाद प्रजापति पिता माखन प्रसाद प्रजापति, निवासी-नरदहा, तहसील मंदिर हसौद, जिला-रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि ग्राम-नरदहा, प.ह.नं.-01, रा.नि.मं. चंदखुरी, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 453 रकबा 0.0400 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में बैसाखु, पोलनी, छोटी, कुमारी, कृष्णा, संतो संतोषी सभी पिता माखन के नाम पर संयुक्त रूप से भूमिस्वामी हक में दर्ज है। आवेदित भूमि के ऑनलाईन नक्शा, खसरा बी-1 में आवेदक का नाम छोटी प्रदर्शित हो रहा है जो कि त्रुटि पूर्ण है। आवेदक का नाम आधार कार्ड के अनुसार छोली प्रसाद प्रजापति दर्ज है। आवेदक के द्वारा आवेदित भूमि के राजस्व अभिलेख में छोटी को सुधार कर छोटी उर्फ छोली प्रसाद प्रजापति दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति का दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 12.06.25 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अत: यह ईश्तहार आज दिनांक 28.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर | तहसीलदार मंदिर हसौद

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**
संदर्भ:- जिला रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं.-00040 उरकुरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरणक क्रमांक आरडी-202425440723200144

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00040 के अंतर्गत ग्राम उरकुा के वर्तमान भूमिस्वामी लता बाई वर्मा पिता/पति तीरथ राम वर्मा पता भाठागांव झाड़मोखली दुर्ग छ.ग. के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 361/7 0.0090 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती लता बाई नायक पिता/पति ज्ञान चन्द नायक पता कैलाश नगर बिरगांव रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17.06.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02.06.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर | अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी रायपुर
**ईश्तहार**
**पत्र क्र./21113/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025**
**रायपुर, दिनांक 02.06.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 21113**
**वार्ड का नाम- 53-बाबू जगजीवनराम वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR651K12402 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती PURNIMA SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती TRILOKI-NATH SAHU के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती GOPALA PRASAD SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती TRILOKINATH SAHU ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**श्री विवेकानन्द दुबे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन 10 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार अंजय शुक्ला पिता स्व. विजय शंकर शुक्ला एवं अजीत कुमार थरवानी पिता श्री जेठानंद थरवानी, दोनों निवासी सी.एम. हाऊस के सामने, सिविल लाईन, रायपुर (छ.ग.) द्वारा मौजा-ग्राम मुनगेसर, प.ह.नं. 04. रा.नि.मं. चंदखुरी, तहसील मंदिर हसौद, जिला- रायपुर (छ.ग.) में स्थिति भूमि जिसका खसरा नंबर क्रमश: 32/44 एवं 32/32, रकबा क्रमश: 0.1075 हे. एवं 0.0478 हे., कुल खसरा 02, कुल रकबा 0.1553 हे. भूमि धारित की जाती है, जिसमें से वर्तमान राजस्व अभिलेखों में लगभग 3500 वर्गफुट शेष भूमि आधिपत्य हक में धारित की जाती है एवं उक्त वर्णित व उल्लेखित भूमि के सबंध में पूर्व में मेरे पक्षकार द्वारा श्री राकेश वाधवा पिता श्री चंद्रपाल वाधवा, निवासी 1083, गली नं. 02, पोशाक टेलर्स के पास, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) को देख रेख किये जाने हेतु पंजीकृत मुख्यारआम बिना प्रतिफल के 02 वर्ष हेतु दिनांक 26.07.2024 को निष्पादित कर उप-पंजीयक कार्यालय में पु.क्र. अ-4, ग्रंथ क्रं. 148, पृष्ठ क्रं. 317 से 339 तथा विलेख क्र. सीजी-2024-25-108-4-142 देकर एस.आर. 03 में पंजीबद्ध किया गया है उक्त मु.आम को मेरे पक्षकार द्वारा दिनांक को 29.04.2025 मुख्त्यारआम निरस्तीकरण निष्पादित कर उप-पंजीयक कार्यालय में पु.क्र. अ-3, ग्रंथ क्र. 23, पृष्ठ क्र. 334 से 349 तथा विलेख क्रं. सीजी-2025-26-108-3-4 देकर एस.आर. 03 में पंजीबद्ध किया गया है अर्थात् वर्तमान में उपरोक्त मु.आम निरस्त होकर विधिक शून्य हो गया है।

अत: उपरोक्त मु.आम के द्वारा किसी प्रकार किया गया इकरारनामा / संव्यवहार अवैध व शून्य मानी जावेगी तथा उक्त हेतु किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म, सोसायटी, बैंक, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय, नगर निगम, वित्तीय संस्था, दोस्त, रिश्तेदार को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति या उजर दावा हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिवस (15 दिन) के भीतर हमारे नीचे लिखे कार्यालय के पते पर मय दस्तावेज प्रत्यक्ष रूप से अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। मियाद अवधि गुजरने के पश्चात् की गई आपत्ति अवैध एवं शून्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार के द्वारा इकरारशुदा संपत्ति का पंजीयन एवं नामांतरण करने हेतु स्वतंत्र रहेगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगा।

सो सूचना जाने।
स्थान- रायपुर (छ.ग.)
दिनांक- 28.05.2025

**हितेन्द्र कश्यप**
**पता - राम जानकी सामुदायिक भवन के पास जानकी चौक, कुशालपुर, रायपुर ( छ.ग. )**
**मो.नं.-93298 80813**

**न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र./ब-121/2024-2025
ग्राम-नवागांव प.ह.नं. 24 रा.नि.मं. पलौद
तहसील-मंदिर हसौद, जिला रायपुर

एतद् आपको सूचित किया जाता है कि, आवेदक कमला बाई पति काशिराम, निवासी ग्राम नवागाँव, सेक्टर-28, रायपुर के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम-नवागाँव, प.ह.नं.- 24, रा.नि.मं.- पलौद, तहसील मंदिर हसौद, जिला- रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 173 रकबा 0.09 हे. भूमि आवेदक के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका आवेदक को पुर्व में प्राप्त हुआ था, जो असावधानी पुर्वक कहीं गुम हो गया है। आवेदक के द्वारा आवेदित भूमि का डुप्लिकेट ऋण पुस्तिका जारी किए जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को दावा आपत्ति को तो वे इस न्यायालय में दिनांक 18.06.25 तक स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 03.06.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर | तहसीलदार मंदिर हसौद

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, PRAKASH KUMAR S/O GHANSHYAM SENDE resident of SHANTA VIHAR COLONY,CHIKHALAKSA, WARD NO 13, DALLIRAJHARA, BALOD, (C.G.) 491228 have changed my old name PRAKASH KUMAR S/O GHANSHYAM SENDE so in future I should be recognized by my new name that is PRAKASH SHENDE S/O GHANSHYAM SENDE in all Government and other documents.

**PRAKASH SHENDE**
SHANTA VIHAR COLONY,CHIKHALAKSA, WARD NO 13, DALLIRAJHARA, BALOD, (C.G.) 491228

**न्यायालय नायब तहसीलदार 8 ए रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**
संदर्भ:- जिला रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं.-00067 पुरेना ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440725300211

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00067 के अंतर्गत ग्राम पुरेना के वर्तमान भूमिस्वामी छ.ग. गृह निर्माण मण्डल रायपुर पिता/पति रायपुर पता रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 331/1 0.0342 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता आदर्श अग्रवाल पिता/पति ब्यासनारायण अग्रवाल पता परमानंद नगर मार्ग महोबा बाजार रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.06.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार 8 ए रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर | नायब तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**
संदर्भ:- जिला रायपुर तहसील-आरंग प.ह.नं. 00009 तुलसी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक सीजी-2025-26-104-1-137

तहसील आरंग के प.ह.नं. 00009 के अंतर्गत ग्राम तुलसी के वर्तमान भूमिस्वामी मेहत्तर पिता/पति लाखन पता तुलसी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 909 0.2300, 887 0.0400 में प्रस्तावित भूमिस्वाी/क्रेता भानु प्रताप साहू पिता/पति पवन कुमार साहू पता तुलसी के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर | नायब तहसीलदार आरंग

**न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**
संदर्भ:- जिला रायपुर तहसील-आरंग प.ह.नं. 00009 तुलसी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक सीजी-2025-26-104-1-135

तहसील आरंग के प.ह.नं. 00009 के अंतर्गत ग्राम तुलसी के वर्तमान भूमिस्वामी मेहत्तर पिता/पति लाखन पता तुलसी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 909 0.7100 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता गोपी साहू पिता/पति संतोष कुार साहू पता तुलसी के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर | नायब तहसीलदार आरंग

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-16 तहसील-धरसींवा, जिला-रायपुर**
**सीमांकन सूचना**
दिनांक 01.06.2025
प्रति,

1. कार्तिक राम पिता कंठूराम ग्राम मांढर 2. मिलाप पिता डेरहा ग्रा मांढर 3. सुखनंदन पिता झड़ी राम ग्राम मांढर 4. कोंदा पिता सुखऊ राम ग्राम मांढर विषय-आवेदक/आवेदिका मोहन लाल साहू पिता/पति ढोला राम साहू निवासी मांढर द्वारा आवेदित ग्राम मांढर प.ह.नं. 22 रा.नि.मं. सारागांव स्थित भूमि खसरा नंबर 385/3, 631/4, 885/2, क्षेत्रफल 0.040, 0.040, 0.041 हे. का सीमांकन बटांकन में उपस्थित होने के संबंध में।
संदर्भ- न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के सीमांकन आदेश ज्ञापन क्र. वा/तह./202 धरसींवा दिनांक 05.05.2025 के संदर्भ में।

उपरोक्त विषयांकित भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के संदर्भित ज्ञापन के परिपालन में दिनांक 06.06.2025 को पूर्वान्ह/अपरान्ह 12 बजे से मेरे द्वारा हल्का पटवारी के सहयोग से किये जाने हेतु नियत है।

क्योंकि आप उक्त खसरा नंबर की भूमि के संलग्न भूमि धारक/बटांकन धारी है। अत: उल्लेखित नियत दिनांक को पटवारी हल्का नं. 22 के मांढर स्थित कार्यालय में स्वयं या अपने अभिभावक वैध अभिकर्ता के माध्य से अपनी भूमि के स्वत्व संबंधी आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर दस्तावेज के अनुरूप आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

सुचानोपरांत अनुपस्थिति की स्थिति में भी सीमांकन कार्य किया जावेगा एवं पश्चात् की गई आपत्ति अमान्य होगा।

अत: सूचना जाने।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर 16 सारागांव**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**
**क्रमांक 6196/रा.शा./रा.वि.प्रा./25**
**रायपुर दिनांक 03/06/25**

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक-04 कौशल्या माता विहार (कमल विहार) सेक्टर-06 योजनांतर्गत श्री नन्द किशोर केशरवानी पिता स्व. किशन लाल केशरवानी को भूखंड क्रमांक ए-83ए रकबा 178.5 वर्गमीटर आबंटित है। आबंटिती द्वारा भूखंड क्रमांक ए-83ए रकबा 178.5 वर्गमीटर दिनांक 26.03.2025 को श्री महेश नचरानी एच.यू.एफ. कर्ता महेश नचरानी पिता श्री राधा किशन नचरानी को विक्रय कर दिया है। क्रेता द्वारा बैनामा की फोटो प्रति प्रस्तुत करते हुए प्राधिकरण नामांतरण हेतु आवेदन किया है।

उक्त भूखंड का नामांतरण श्री महेश नचरानी एच.यू.एफ. कर्ता महेश नचरानी पिता श्री राधा किशन नचरानी के नाम से करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर प्राधिकरण के राजस्व कक्ष में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नामांतरण की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राह्य नहीं होगा।
दिनांक 03.06.25 को जारी ।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**
**क्रमांक 6026/आर.सी./वि.प्रा./25**
**रायपुर दिनांक 30/05/25**

प्राधिकरण की डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी आवास योजना हीरापुर योजनांतर्गत श्री भरत सिंह ठाकुर पिता स्व. कलिका सिंह ठाकुर को फ्लैट क्रमांक बी-102 भूतल रकबा 290 वर्गफुट पर आबंटित है। आबंटिती श्री भरत सिंह ठाकुर पिता स्व. कलिका सिंह ठाकुर की मृत्युपरांत इनकी पत्नि श्री सुशीला ठाकुर पति स्व. भरत सिंह ठाकुर, नेहा ठाकुर, निशा ठाकुर (पुत्री) पिता स्व. भरत सिंह ठाकुर के द्वारा उक्त फ्लैट को अपने नाम से प्राधिकरण में नामांतरण हेतु आवेदन किया है।

उक्त फ्लैट का नामांतरण श्री सुशीला ठाकुर पति स्व. भरत सिंह ठाकुर, नेहा ठाकुर, निशा ठाकुर (पुत्री) पिता स्व. भरत सिंह ठाकुर के नाम से करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर प्राधिकरण के राजस्व कक्ष में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नामांतरण की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।
दिनांक ........को जारी ।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, PREMSHANKAR S/O BHIKHARI resident of 177, SPOS, SANKRA, MAHASAMUND, (C.G.) 492112 have changed my old name PREMSHANKAR S/O BHIKHARI so in future I should be recognized by my new name that is PREMSHANKAR PATEL S/O BHIKHARI in all Government and other documents.

**PREMSHANKAR PATEL**
177, SPOS, SANKRA, MAHASAMUND, (C.G.) 492112

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, KRUTI BEN SAGAR KUMAR KANSAGARA W/O SAGAR KUMAR RAMESH CHANDRA KANSAGARA resident of FLAT 511 TOWER A-1 CHAITANYA GREENS SADDU RAIPUR (C.G.) have changed my old name KRUTI BEN SAGAR KUMAR KANSAGARA W/O SAGAR KUMAR RAMESH CHANDRA KANSAGARA so in future I should be recognized by my new name that is KRUTI BEN KANSAGARA W/O SAGAR KUMAR RAMESH CHANDRA KANSAGARA in all Government and other documents.

**KRUTI BEN KANSAGARA**
FLAT 511 TOWER A-1 CHAITANYA GREENS SADDU RAIPUR (C.G.)

# जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से जिले के 275 ग्राम होंगे समृद्ध

**कवर्धा, 3 जून (देशबन्धु)।** धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान से कबीरधाम जिले 275 आदिवासी ग्रामों और वहां रहने वाले ग्रामीणों की तकदीर तस्वीर बदलने वाली है। जिले के पंडरिया, बोड़ला, सहसपुर लोहारा और कवर्धा विकासखण्ड के आदिवासी बाहुल्य ग्रामो में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आगामी 15 जून से 30 जून तक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आदिमजाति विकास विभाग, पँचायत ग्रामीण विकास विभाग, जनपद, सहित अन्य विभागों के अधिकारियों की साझा बैठक लेकर 15 जून से शुरू होने वाले इस अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यह अभियान राज्य तथा केंद्र सरकार की प्राथमिकता में शामिल है,पूरी संवेदनशीलता के साथ चिन्हांकित ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन करें और शासकीय योजनाओं से वंचित परिवारों तथा ग्रामीणों को इस अभियान के माध्यम से लाभ दिलाए।

कलेक्टर ने बताया कि आदिवासी क्षेत्रों के समग्र विकास और वहां निवासरत अनुसूचित जनजातियों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ 2 अक्टूबर 2024 को किया गया। यह अभियान पीएम-जनमन योजना की तर्ज पर तैयार किया गया है, जिसके अंतर्गत 17 मंत्रालयों द्वारा संचालित 25 गतिविधियों को समन्वित रूप से आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में लागू किया जा रहा है। इसी कड़ी में कबीरधाम जिले के 275 आदिवासी बहुल ग्रामों में आगामी 15 जून से 30 जून 2025 तक व्यापक स्तर पर जागरूकता एवं संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जहां विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही प्रदान किया जाएगा।

**15 से 30 जून तक जागरूकता शिविरों का आयोजन**

जिले के अंतर्गत विकासखंड बोड़ला के 226, पंडरिया के 41, स.लोहारा के 07 एवं कवर्धा के 01 ग्राम इस अभियान में शामिल किए गए हैं। इन शिविरों में अनुसूचित जनजाति वर्ग के परिवारों और सदस्यों को आधार कार्ड, राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जनधन खाता, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन योजनाओं का लाभ मिलेगा। साथ ही मनरेगा, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, मुद्रा ऋण जैसी रोजगारोन्मुखी योजनाएं तथा पीएम मातृवंदना योजना के अंतर्गत भी पंजीयन की सुविधा दी जाएगी। शिविरों में संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों की उपस्थिति में मौके पर ही पंजीयन, दस्तावेजीकरण और सत्यापन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

यह अभियान केवल तात्कालिक सुविधाओं के वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके अंतर्गत आगामी पांच वर्षों की दीर्घकालिक योजना के तहत इन ग्रामों को पूर्ण रूप से संतृप्त किया जाना है। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान, गांवों में सड़क, बिजली, शुद्ध पेयजल, मोबाइल मेडिकल यूनिट्स, आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों का उन्नयन, कौशल विकास केंद्रों की स्थापना तथा स्थानीय युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण की व्यवस्था सम्मिलित है। धरती आबा अभियान के माध्यम से शासन की मंशा है कि आदिवासी ग्राम केवल सुविधासंपन्न ही नहीं, बल्कि सशक्त, आत्मनिर्भर और अवसरों से परिपूर्ण बनें। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कबीरधाम श्री स्वर्णिम शुक्ला ने बताया कि सभी विभागों को परस्पर समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे शिविरों के माध्यम से योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों तक पहुंचाया जा सके।

**धरती आबा अभियान में 275 ग्राम होंगे लाभान्वित:** कबीरधाम जिले में धरती आबा अभियान के तहत आगामी 15 जून से 30 जून तक जागरूकता एवं संतृप्ति शिविर आयोजन शुरू होने जा रहा है। इस अभियान एवं योजना में 17 मंत्रालयों की 25 योजनाओं को शामिल किया गया है। उस योजना भारत और राज्य सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। जिसमें जिले के बोड़ला के 226, पंडरिया के 41, सहसपुर लोहारा के 7, कवर्धा का 1 ग्राम शामिल है। इस अभियान एवं शिविर के माध्यम से आधार, राशन, आयुष्मान, किसान सम्मान निधि, बीमा, पेंशन, रोजगार, मातृवंदना जैसी योजनाएं शामिल है, इन योजनाओं से वंचित परिवार, व्यक्तियों को शामिल किया जाएगा। आगामी 5 वर्षों में पक्के मकान, सड़क, बिजली, पानी, मोबाइल स्वास्थ्य सेवा, कौशल विकास के कार्य शामिल है।

# नशीली टेबलेट बिक्री के मामले में एक आरोपी बिहार से गिरफ्तार



**डोंगरगढ़, 3 जून (देशबन्धु)।** 11.05.2025 को डोंगरगढ़ पुलिस को सूचना मिला कि दंतेश्वरी पारा डोंगरगढ़ में रहने वाला साजन कुमार कनसारा खैरागढ़ रोड कक्कड़ पेट्रोल पंप के सामने डोंगरगढ़ में अवैध रूप से नशीली टेबलेट बेंच रहा है कि सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये साजन कुमार कनसारा पिता गंगाराम कनसारा उम्र- 35 वर्ष निवासी दन्तेश्वरी पारा डोंगरगढ़, स्थायी पता- ग्राम सबोर, ठठेरीटोला, पोस्टथाना सबोर जिला भागलपुर बिहार को पकड़ कर आरोपी से नशीली टेबलेट NITRAZEPAM TABEETS I.P. NITZASCEN- 10 कुल 20 पत्ता प्रत्येक पत्ता में 10 नग टेबलेट कुल- 200 नग एवं बिक्री नगदी रकम 500/-रू0 जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 21 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। कार्यवाही दौरान आरोपी से पुछताछ करने पर बिहार भागलपुर के ग्राम सबोर के पास एक बस्ती में असलम नाम के व्यक्ति से खरीदना बताया था। पुलिस अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर मामला में शुरूआत से अंत की इनवेस्टीगेशन कर रही है। थाना प्रभारी डोंगरगढ़ जितेन्द्र वर्मा द्वारा आरोपी पता तलाश हेतु एक टीम गठित कर बिहार राज्य भेजी गई जहां गठित टीम द्वारा आरोपी साजन कुमार कनसारा को नशीली टेबलेट बेचने वाले आरोपी नफीज परवेज उर्फ अक्षय उर्फ असलम पिता मोहम्मद गुलाम उम्र- 29 साल निवासी फतेहपुर मुकेरीटोला, थाना जीरो माईल, आद्यौगिक प्रक्षेत्र भागलपुर जिला भागलपुर बिहार को गिरफ्तार कर ट्रांजिस्ट रिमाण्ड में बिहार से लाकर डोंगरगढ़ न्यायालय में पेश किया गया है।

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**

एतद द्वारा सर्वसाधारण व आम जनता निवासी ग्राम पौसरी प.ह.नं. 08 तहसील नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.) को सूचना प्रकाशित किया जाता है आवेदक श्री रामकल्याण पति भैयाराम जाति तेली साकिन पौसरी प.ह.नं.08 ने आवेदन पत्र वास्ते मृत्यु पंजीयन करने बाबत् आवेदन पेश किया गया है, कि अपने माता स्व. सुमित्रा बाई पति भैयाराम का मृत्यु दिनांक 05/10/2005 में ग्राम पौसरी में हुआ है। जिसका मृत्यु पंजीयन भूलवश: आज तक दर्ज नहीं करा पाये है जिसका मृत्यु पंजीयन का प्रमाण पत्र प्रदान करने बाबत निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त के मृत्यु पंजीयन में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो दिनांक 08/05/2025 तक अपना आपत्ति एवं दावा कर सकते है। तत्पश्चात् बाद में प्राप्त आपत्ति एवं दावों पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

अत: दिनांक19/05/2025 को मेरे स्वत: के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील — कार्यपालिक दण्डाधिकारी नांदघाट जिला बेमेतरा

# पुलिस ने एक म्यूल एकाउंट खाता धारक को किया गिरफ्तार

**डोंगरगढ़, 3 जून (देशबन्धु)।** पुलिस के द्वारा आज फिर एक म्यूल एकाउंट धारक के विरूद्ध कार्यवाही किया है। भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा संचालित भारतीय सायबर अपराध समन्वय केन्द्र के समन्वय पोर्टल में ऐसे म्यूल बैंक एकाउंट जिसका इस्तेमाल सायबर धोखाधड़ी से प्राप्त राशि का व्ययन करने, उपयोग करने व संवर्धन करने के लिये उपयोग में लाया गया है की जानकारी समन्वय पोर्टल में प्रदर्शित होता है। पुलिस द्वारा अपने थाना क्षेत्र में खोले गये म्यूल एकाउंट के धारकों के संबंध में जानकारी संकलित कर वैधानिक कार्यवाही कर रही है। इसी तारतम्य में थाना डोंगरगढ़ में समन्वय पोर्टल से प्राप्त जानकारी अनुसार म्यूल बैंक खाता क्रमांक- 5260101004072 शाखा केनरा बैंक डोंगरगढ़ के खाता धारक के विरूद्ध दिनांक 18.03.2025 को अप0क्र0- 112/2025 धारा- 411, 413, 414 भादवि0 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना दौरान खाता क्रमांक- 5260101004072 के धारक गुमेन्द्र वर्मा पिता अरूण कुमार उम्र- 29 निवासी ग्राम ठाकुरटोला थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव का पता तलाश कर पुछताछ किया जो दिनांक- 15.05.2024 को सायबर धोखाधड़ी से प्राप्त धनराशि 710/-रू0 तथा दिनांक- 03.06.2024 को 70000/-रू0 अपने खाता में जमा होना बताया। आरोपी ऐसे रकम प्राप्त करने के लिये अपने खाता क्रमांक- 5260101004072 को उपयोग करना बताये। आरोपी के विरूद्ध साक्ष्य सबुत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।


**न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोमाखान जिला-महासमुंद (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

ग्राम-कोमाखान, प.ह.नं.-09
तहसील-कोमाखान (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपेश यादव पिता भंवरसिंग यादव जाति राउत निवासी कोमाखान प.ह.नं. 09 तहसील कोमाखान जिला-महासमुंद छ.ग. द्वारा अपनी माता श्रीमती अमेरिका यादव पति श्री भंवर सिंग यादव की मृत्यु दिनांक 30.08.1990 को ग्राम कोमाखान में हुआ है। उक्त मृत्यु का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण उक्त तिथि में अपनी माता श्री अमेरिका यादव के मृत्यु तिथि 30.08.1990 घटना पंजीकृत किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/ उजर/दावा या आपत्ति हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 04.06.2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त का आक्षेप, उजर, दावा/आपत्ति अथवा आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार कोमाखान

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोमाखान जिला-महासमुंद (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

ग्राम-मनकी, प.ह.नं.-22
रा.नि.मं..-मुनगासेर
तहसील-कोमाखान (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पन्नाराम पिता दामोदर निवासी मनकी तहसील कोमाखान जिला महासमुंद छ.ग. के द्वारा अपनी माता श्रीमती सुकमत पति दामोदर की मृत्यु दिनांक 12.05.2008 को ग्राम मनकी में हुआ है। उक्त मृत्यु का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण आवेदक पन्नाराम द्वारा उक्त तिथि में अपनी माता सुकमत पति दामोदर के मृत्यु दिनांक 12.05.2008 घटना पंजीकृत किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/ उजर/दावा या आपत्ति हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 05.06.2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त का आक्षेप, उजर, दावा/आपत्ति अथवा आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार कोमाखान

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सिमगा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक/तह./वा./2025
सिमगा, दिनांक 23.05.2025
रा.प्र.क्र./ब-121/2024-2025
ग्राम-केसदा प.ह.नं. 19

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता आवेदक राजकुमार यदु पिता बाबूराम यदु जाति निवासी ग्राम केसदा थाना सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. ने आवेदन मय शपथ पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवेदक के दादी सुकरिया पति पीलूराम का मृत्यु दिनांक 07.08.2016 को ग्राम केसदा में होने पर भूलवश मृत्यु का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 10.06.2025 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार सिमगा

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सिमगा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक/तह./वा./2025
सिमगा, दिनांक 23.05.2025
रा.प्र.क्र./ब-121/2024-2025
ग्राम-केसदा प.ह.नं. 19

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता आवेदक राजकुमार यदु पिता बाबूराम यदु जाति निवासी ग्राम केसदा थाना सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. ने आवेदन मय शपथ पत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनकी बुआ इन्द्रा यदु पिता पीलूराम का मृत्यु दिनांक 18.02.2012 को ग्राम केसदा में होने पर भूलवश मृत्यु का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 10.06.2025 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार सिमगा

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सिमगा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक/तह./वा./2025
सिमगा, दिनांक 23.05.2025
रा.प्र.क्र./ब-121/2024-2025
ग्राम-तेंदूभाठा प.ह.नं. 14

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता आवेदक रामदयाल निषाद पिता स्व. सदाराम निषाद जाति केवट निवासी ग्राम तेंदूभाठा थाना सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. ने आवेदन मय शपथ पत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनकी पिता सदाराम पिता दशरू का मृत्यु दिनांक 26.06.2011 को ग्राम तेंदूभाठा में होने पर भूलवश मृत्यु का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 16.06.2025 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार सिमगा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

ई कोर्ट नं.......
ग्राम बालोद, तहसील बालोद

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जुगल किशोर पिता श्री गुहरी राम निवासी ग्राम बालोद तहसील बालोद जिला बालोद द्वारा ग्राम बालोद प.ह.नं. 06 स्थित भूमि खसरा नं. 296/5 रकबा 0.0445 हे. में से 0.02 हे. गैर कृषि आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन बाबत् आवेदन नक्शा खसरा एवं बी-1, ब्लू प्रिंट, ऋण पुस्तिका व अधिकार अभिलेख की छायाप्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किये जानें में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक 12.06.2025 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 26.03.2025 को जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

ई कोर्ट नं.......
ग्राम बालोद, तहसील बालोद

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जुगल किशोर पिता श्री गुहरी राम निवासी ग्राम बालोद तहसील बालोद जिला बालोद द्वारा ग्राम बालोद प.ह.नं. 06 स्थित भूमि खसरा नं. 296/6 रकबा 0.0486 हे. में से 0.02 हे. गैर कृषि आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन बाबत् आवेदन नक्शा खसरा एवं बी-1, ब्लू प्रिंट, ऋण पुस्तिका व अधिकार अभिलेख की छायाप्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किये जानें में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक 12.06.2025 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 26.03.2025 को जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोमाखान जिला-महासमुंद (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

ग्राम-कोसमर्रा, प.ह.नं.-13
रा.नि.मं.-नर्रा, तहसील-कोमाखान (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक खिलावन पिता जीवनलाल निवासी कोसमर्रा प.ह.नं. 13 तहसील कोमाखान जिला महासमुंद द्वारा उसके स्वयं का जन्म दिनांक 04.12.2000 को ग्राम कोसमर्रा तहसील कोमाखान में हुआ है। उक्त जन्म का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण आवेदक द्वारा उक्त तिथि में अपने स्वयं के जन्म दिनांक 04.11.2000 घटना पंजीकृत किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/ उजर/दावा या आपत्ति हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 04.06.2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त का आक्षेप, उजर, दावा/आपत्ति अथवा आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार कोमाखान

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)**
**फार्म अ**
**सार्वजनिक सूचना**
**(नियम-6 देखिये)**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक रितेश कुमार आ. श्री बालाराम, उम्र 26 वर्ष, जाति गोंड़, निवासी मकान नं. 59, वार्ड नं. 04 मुकादाह, थाना व तह. मोहल्ला, जिला मोहला मानपुर अं. चौकी (छ.ग.) एवं सोनाली विश्वास पिता श्री संदीप कुमार विश्वास, उम्र 25 वर्ष, जाति बंगाली, निवासी वार्ड नं. 03 वल्लभ नगर माइंस आफिस रोड दल्लीराजहरा, तह. डौण्डी, जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 24/06/2025 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 23/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

**अगामी तिथि 24/06/2025**
**अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला बालोद (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गीदम, जिला-दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**

**क्रमांक 3772/आर.सी./रा.वि.प्रा./2023 रा.प्र.क- 202505161800047 अ-2/2024-25 ग्राम-हारम, प.ह.नं.-20, तहसील-गीदम**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदिका श्रीमती गंगा साहू पति बंशीलाल साहू निवासी ग्राम हारम, तहसील गीदम, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाडा (छ.ग.) मोबाईल नं. 9406313905 के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत धारा 172 के तहत अपने स्वअर्जित भूमि ग्राम-हारम प.ह.नं.-20 रा.नि.मं. गीदम तहसील- गीदम में स्थित भूमि खसरा नं0 317/2 रकबा 0.0080 हे. एवं खसरा नं0 318/1 रकबा 0.0250 हे. कुल रकबा 0.0330 हे. भूमि को कृषि भूमि प्रयोजन से आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराना चाहते है। उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त भू-खण्ड के व्यपवर्तन से आपत्ति हो तो इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 16/05/2025 समय 11.00 बजे अपरान्ह उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

उद्घोषणा मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/05/2025 को जारी किया जाता है।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गीदम

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुंद जिला महासमुंद (छ.ग.)**

**क्रमांक/217/वा.-3/अविअ./2025**
**महासमुंद, दिनांक 02/06/2025**
**ग्राम-महासमुन्द प.ह.न. 42**
**भरतलाल कन्नौजे पिता तुकाराम, जाति धोबी निवासी ग्राम महासमुन्द तहसील वा जिला महासमुंद (छग.) — आवेदक**
**विरूद्ध**
**छ.ग. शासन — अनावेदक**
**ईश्तहार**

**एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम महासमुन्द प.ह.न. 42 तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) को सूचित किया जाता है, कि आवेदक भरतलाल कन्नौजे पिता तुकाराम, जाति धोबी निवासी ग्राम महासमुन्द तहसील वा जिला महासमुंद (छ.ग.) द्वारा ग्राम महासमुन्द, प.ह.नं. 42. तहसील व जिला महामसुंद में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नम्बर 1503/8 रकबा 0.0220 हेक्टे. भूमि को कृषि भिन्न मद आवासीय प्रयोजन में पुनर्निर्धारण हेतु भूमि का व्यपवर्तन करानेआवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।**

**अतएव आवेदक / आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन भूमि ब्यपवर्तन के संबंध में जिस किसी को भी कोई उजर, दावा, आपत्ति हो तो ईश्तहार जारी दिनांक से 07 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर स्वत: अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।**

**आज दिनांक 02/06/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के साथ ईश्तहार ग्राम एवं स्थानीय समाचार में प्रकाशन हेतु जारी।**

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुन्द

**शपथ-पत्र**

मैं बालचंद पटेल पिता होलनाथ पटेल, आयु 36 वर्ष, निवासी ग्राम सम्बलपुर, तहसील - कोण्डागांव, जिला- कोण्डागांव, छ.ग., सत्यनिष्ठापूर्वक निम्न सत्य कथन करता हूं -

11. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ।
2. यह कि मेरी पुत्री का वास्तविक सही नाम डनिका पटेल (DANIKA PATEL) है, जो कि उसके जन्म प्रमाण पत्र में अंकित है।
13. यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड नं. 5957 5635 3714, में उसका नाम त्रुटिवश कुमारी डनिका पटेल (KUMARI DANIKA PATEL) अंकित हो गया है।
4. यह क्रि कि मैं अपनी पुत्री के आधार कार्ड नं. 5957 5635 3714, में उसका वास्तविक सही नाम उनिका पटेल (DANIKA PATEL) अंकित करवाना चाहता हूँ।सका
5. यह कि यह शपथ पत्र मैं अपनी पुत्री के आधार कार्ड नं. 5957 5635 3714, में उसका वास्तविक सही नाम डनिका पटेल (DANIKA PATEL) अंकित किये जाने के समर्थन में प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**शपथकर्ता**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरी पक्षकार दौपति साहू पति भारत लाल साहू निवासी दुर्गा चौक, वार्ड नं. 09, अमलीडीह जिला बलौदाबाजार (छ.ग.) के द्वारा संपत्ति स्वामी (1) भारत लाल साहू (2) सहोद्रा बाई पति संतोष कुमार के स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति जो कि खसरा नं. 293/1 रकबा 1830 वर्गफूट, वाके मौजा अमलीडीह प.ह.नं. 00006 रा.नि.मं. गिरौद तहसील टुन्ड्रा व जिला बलौदाबाजार (छ.ग.) है, में से रकबा 1308 वर्गफूट मेरे पक्षकार को दान में दे रहे है। एवं मेरे पक्षकार द्वारा दान में प्राप्त होने वाली संपत्ति को आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड में बंधक रखी जा रही है।

अत: उपरोक्त वर्णित संपत्ति के अधिकार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, शासकीय/अर्द्धशासकीय विभागों, सेठ, साहूकार, वारिसान आदि किसी को भी किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे ऊपर लिखित पते/फोन नं. पर कार्यालीन समय पर मेरे समक्ष प्रस्तुत करे अन्यथा अवधि अवसान पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का पंजीयन निष्पादन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा। उसके पश्चात् प्रस्तुत दावा आपत्ति शून्य व अवैध मानी जाएगी व मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी साथ ही समाचार पत्रों के माध्यम से की गयी आपत्ति खंडन मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

दिनांक रायपुर
रायपुर 03.06.2025

**भवदीय**
**ज्योति ताम्रकार, अधिवक्ता**
**म.नं. 38/37, ब्रम्हदेव कॉलोनी भाठागांव, रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं.-98276-89188/96855-60214**

**कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)**
**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शीला गुप्ता पति स्व. एस. एम. गुप्ता निवासी-एम.आई.जी.-सी/448, पद्मनाभपुर, जिला दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा भवन क्रमांक एम.आई.जी. सी/448, पद्मनाभपुर, जिला दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है। आबंटी की मृत्यु उपरान्त उनके वारिस वारिसानों श्री मुकेश कुमार गुप्ता आ. स्व. एस.एम. गुप्ता ने आबंटित भवन को संयुक्त नाम पर नामान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है। उक्त भवन क्रमांक एम.आई.जी. सी/448, पद्मनाभपुर, जिला दुर्ग (छ.ग.) की श्री मुकेश कुमार गुप्ता के अपने नाम इस शर्त पर नामांतरण करना न्याय संगत होगा, यदि भविष्य में स्व. श्रीमती शीला गुप्ता के वारिसानों द्वारा किसी प्रकार का कोई दावा किया जाता है, तो उसके लिये मंडल कोई जवाबदार नहीं होगा।

अत: श्री मुकेश कुमार गुप्ता के नाम हस्तान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, वित्तीय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते है। म्याद अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक को जारी किया गया।

**संपदा अधिकारी छत्तीसगढ़, गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)**

**कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)**
**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री ए.के. तिवारी आ. स्व. बी.पी. तिवारी, निवासी-एम.आई.जी.-76, पद्मनाभपुर, जिला दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मन्डल द्वारा भवन क्रमांक एम.आई.जी.-76, पद्मनाभपुर, जिला दुर्ग (छ.ग.) में आवंटित है। आबंटी की मृत्यु उपरान्त उनके वारिस वारिसानों श्रीमती अंशुमा मिश्रा पति श्री अनुप कुमार मिश्रा ने आवंटित भवन को अपने नाम पर नामान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है। उक्त भवन क्रमांक एम.आई.जी.-76, पद्मनाभपुर, जिला दुर्ग (छ.ग.) को श्रीमती अंशुमा मिश्रा के नाम इस शर्त पर नामान्तरण करना न्याय संगत होगा, यदि भविष्य में स्व. ए.के. तिवारी के वारिसानों द्वारा किसी प्रकार का कोई दावा किया जाता है, तो उसके लिये मंडल कोई जवाबदार नहीं होगा।

अत: श्रीमती अंशुमा मिश्रा के नाम हस्तान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, वित्तिय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 30.05.2025 को जारी किया गया।

**संपदा अधिकारी छत्तीसगढ़, गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)**

**कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)**
**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री निर्मल कोठारी आ. स्व. श्री आसकरण कोठारी, निवासी-एस.एम.-40, पद्मनाभपुर, जिला दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा भवन क्रमांक एस. एम.-40, पद्मनाभपुर, जिला दुर्ग (छ.ग.) में आवंटित है। आबंटी की मृत्यु उपरान्त उनके वारिस वारिसानों श्रीमती मंजू कोठारी पति स्व. निर्मल कोठारी ने आबंटित भवन को अपने नाम पर नामान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है। उक्त भवन क्रमांक एस.एम.-40, पद्मनाभपुर, जिला दुर्ग (छ.ग.) को श्रीमती मंजू कोठारी के अपने नाम इस शर्त पर नामान्तरण करना न्याय संगत होगा, यदि भविष्य में स्व. निर्मल कोठारी के वारिसानों द्वारा किसी प्रकार का कोई दावा किया जाता है, तो उसके लिये मंडल कोई जवाबदार नहीं होगा।

अत: श्रीमती मंजू कोठारी के नाम हस्तान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, वित्तिय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद/अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 30.05.2025 को जारी किया गया।

**संपदा अधिकारी छत्तीसगढ़, गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**
**जोन क्रमांक 07**
जय साभ चौक डाकघर के सामने पुराना मुख्यालय मालवीय रोड रायपुर

क्रमांक 16/जोन क. 07/न.पा.नि/2025 — रायपुर, दिनांक 02/06/2025

**संसोधन सूचना**

जोन क्रमांक 07 द्वारा जारी निविदा क्रमांक 15/जोन क. 07/न.पा.नि/2024 रायपुर, दिनांक 29/05/2025 को निविदा आमंत्रण सूचना दैनिक समाचार पत्र देशबन्धु में प्रकाशित दिनांक 31.05.2025 में उल्लेखित कार्य कमांक 01 से कार्य कमांक 09 तक के डी.डी. की राशि को 5000 रूपये ना मानते हुये 2000 रूपये माना/पढ़ा जावे।

**आयुक्त**
**जोन आयुक्त जोन क्रमांक 07**
**नगर पालिक निगम रायपुर**

घरो से निकले सूखा और गीला कचरे को सफाई भित्र (वाहन) को देवें।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुंद जिला महासमुंद (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

**क्रमांक/228/वा-1/अविअ/2025**
**महासमुंद दिनांक 03.06.2025**
**ग्राम महासमुन्द प.ह.नं. 42**
**मोहन लाल साहू पिता कार्तिक राम साहू जाति तेली निवासी ग्राम महासमुन्द तहसील वा जिला महासमुंद छ.ग.-आवेदक**
**विरूद्ध**
**छ.ग. शासन -अनावेदक**

एतद द्वारा सर्व साधारण ग्राम महासमुन्द प.ह.नं. 42 तहसील व जिला महासमुन्द छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहनलाल साहू पिता कार्तिक राम साहू जाति तेली निवासी ग्राम महासमुन्द तहसील व जिला महासमुंद छ.ग. द्वारा ग्राम महासमुन्द प.ह.नं. 42 तहसील व जिला महासमुंद में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 1349/2 रकबा 0.020हे. भूमि को कृषि भिन्न मद आवासीय प्रयोजन में पुनर्निर्धारण हेतु भूमि का व्यपवर्तन कराने आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है। अतएव ओदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन भूमि व्यपवर्तन के संबंध में जिस किसी को भी कोई उजर दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार जारी दिनांक से 07 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर स्वत: अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के साथ ईश्तहार ग्राम एवं स्थानीय समाचार में प्रकाशन हेतु जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुन्द

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी सरसींवा जिला सारंगढ बिलाईगढ (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र. बी-121/2024-25**
**ग्राम तेन्दुभाठा प.ह.नं. 11**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोनाई पति/पिता स्व. हरिराम जाति सतनामी निवासी तेन्दुभाठा तहसील सरसींवा जिला सारंगढ बिलाईगढ छ.ग. के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि अपने ससुर परसुराम का मृत्यु दिनांक 15.04.2010 को ग्राम तेन्दुभाठा में होने के कारण उनके जन्म पंजीयन किये जाने हेतु आवेदन पत्र जन्म और मृत्यु रजिस्ट्री अधिनियम अंतर्गत 13(3) की धारा 1 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी भी ईच्छुक व्यक्ति या कोई संस्था को दावा आपत्ति करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में ठोस दस्तावेज के साथ दावा आपत्ति नियत दिनांक 06.06.2025 को प्रात: 11 बजे इस इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर कोई प्रकार की विचार स्वीकार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.05.2025 को न्यायालय में पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया।

सील — तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी सरसींवा

**न्यायालय नायब तहसीलदार बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

**क्रमांक/158/ना.तह./वा./2025**
**बलौदाबाजार दिनांक 22.05.2025**

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ठाकुर राम ध्रुव पिता तुलाराम ध्रुव जाति गोड़ निवासी ग्राम अर्जुनी तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. ने आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदक के पुत्र कृष्णकांत पिता ठाकुर राम का जन्म दिनांक 22.02.20210 को ग्राम अर्जुनी में हुआ था जिसका पंजीयन नही होने के कारण ग्राम पंचायत अर्जुनी में पंजीयन किये जाने का निवेदन किया है। जो प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति करना हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 06.06.2025 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार बलौदाबाजार

**कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, जिला- मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)**
**// निविदा आमंत्रण//**

मोहला-मानपुर-अं.चौकी, दिनांक 30/05/2025 वित्तीय वर्ष 2025-26 में 01.07.2025 से 31.03.2026 तक की अवधि के लिए मोहला-मानपुर-अं.चौकी जिले की 02 देशी/02 विदेशी मदिरा दुकान कुल 04 मदिरा दुकानों में संग्रहित होने वाले खाली कार्टून (पटुड़ा) क्रय किये जाने हेतु बंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, दंतेश्वरी मंदिर के समीप, चिल्हाटी रोड अं.चौकी जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.) में दिनांक 20.06.2025 समय दोपहर 12.00 बजे तक निविदा फार्म शुल्क राशि रू. 1,000/- (एक हजार रूपये मात्र) राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जिला प्रबंधक छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी के पक्ष में जमा कर प्राप्त की जा सकेगी। दिनांक 20.06.2025 को दोपहर 03.00 बजे तक निविदा आमंत्रित करने तथा दिनांक 20.06. 2025 को सायं 04.00 बजे तक प्रथमत: तकनीकी निविदा खोला जावेगा।

(कलेक्टर महोदया द्वारा अनुमोदित)

**जिला आबकारी अधिकारी**
**मौहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)**

जी-252601312/2

**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग भानुप्रतापपुर काष्ठागार (पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल) के ई-नीलाम का संक्षिप्त विवरण**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल अंतर्गत काष्ठागार भानुप्रतापपुर एवं बांसागार कराठी संग्रहित ईमारती काष्ठ/बल्ली / व्यापारिक बांस का निम्न दर्शाये गये स्थल में भण्डारीत है। जिसका निर्वतन ई-नीलाम तिथि 09.06.2025 को किया जावेगा तवानुरूप इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है, कि घोष विक्रय में भाग लेवें।

नीलाम में प्रस्तावित मात्रा कम या अधिक हो सकती है। बोली लगाने से पूर्व कृपया वनोपज का निरीक्षण कर लेवें। घोष विक्रय की शर्तों एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में संबंधित वनमंडल से प्राप्त की जा सकती है।

| वनमंडल का नाम | काष्ठागार का नाम | स्थान/नीलाम दिनांक व समय |
|---|---|---|
| पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल | काष्ठागार भानुप्रतापपुर | काष्ठागार भानुप्रतापपुर नीलाम दिनांक 09.06.2025 प्रात: 09.00 बजे से |

**-: अनुमानित मात्रा काष्ठ एवं बल्लियां :-**

| अ. क्र. | प्रजाति | नया वनोपज | | अविक्रित वनोपज | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | काष्ठ घ.मी. | बल्ली | काष्ठ घ.मी | बल्ली | काष्ठ घ.मी | बल्ली |
| 1 | सागौन | 51 | 64 | 171 | 354 | 222 | 418 |
| 2 | साल | 10 | 0 | 92 | 0 | 102 | 0 |
| 3 | बीजा | 1 | 0 | 46 | 47 | 47 | 47 |
| 4 | साजा | 27 | 0 | 86 | 151 | 113 | 151 |
| 5 | हल्दू/मुण्डी | 0 | 0 | 55 | 0 | 55 | 0 |
| 6 | सलिहा/मोदे | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| 7 | तिन्सा | 0 | 0 | 7 | 0 | 7 | 0 |
| 9 | घावड़ा | 5 | 0 | 4 | 0 | 9 | 0 |
| 10 | तेन्दू | 28 | 0 | 42 | 0 | 70 | 0 |
| 11 | अन्य | 7 | 0 | 164 | 0 | 171 | 0 |
| | योग | 130 | 64 | 667 | 552 | 797 | 616 |

**नीलाम हेतु प्रस्तावित व्यापारिक बांस**

| क्रं. | वनमण्डल | बांसागार भानुप्रतापपुर | नग | नो.टन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्व वनमंडल भानुप्रतापपुर | औद्योगिक बांसागार भानुप्रतापपुर (नया लॉट) | 3673 | 55.046 |
| | | औद्योगिक बांसागार भानुप्रतापपुर (पुराना लॉट) | 1700 | 24,000 |
| | | व्यापारिक बांसागार भानुप्रतापपुर (पुराना लॉट) | 20980 | 57,882 |

दूरभाष क्रमांक पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल (07850-252223)

1. क्रेताओ को ई-नीलाम के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-नीलाम के पूर्व कय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी.ई-कार्मस पोर्टल में अपने आईडी से लॉगइन करके देख सकते है।
4. ई-ऑक्शन में लॉट कय के पश्चात् प्रथम क्रेता को 40 सेंकड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट में अन्य केताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व कय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।

**वनमंडलाधिकारी**
**पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल भानुप्रतापपुर**

जी-252601331/3

# 5 नई प्राथमिक कृषि साख समितियों का गठन

- कृषि साख समितियों से बढ़ेगी किसानों की आमदनीः लक्ष्मी राजवाड़े
- 4650 से अधिक कृषक होंगे लाभान्वित
- मंत्री राजवाड़े ने दी सूरजपुर जिले को सौगात

**सूरजपुर**, 3 जून (देशबन्धु)। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के सतत प्रयासों से सूरजपुर जिले के कृषकों को बड़ी सौगात मिलने जा रही है। जिले में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के पुनर्गठन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। शासन द्वारा स्वीकृत योजना के अंतर्गत खोपा, करौटी-बी, केशवनगर, सिरसी एवं सावारावा में 5 नवीन समितियों का गठन किया जा रहा है। इस पहल से लगभग 4650 कृषकों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

नवगठित समितियों के माध्यम से किसानों को अब खाद-बीज, कृषि ऋण एवं धान विक्रय जैसी आवश्यक सेवाएं अपने ही गांव अथवा आसपास के क्षेत्र में मिल सकेंगी। इससे उन्हें लंबी दूरी तय करने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे समय, धन और संसाधनों की बचत होगी।



श्रीमती राजवाड़े ने कहा, यह निर्णय किसानों की वर्षों पुरानी मांग के समाधान की दिशा में एक अहम कदम है। राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा और कृषि व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह निर्णय छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के पुनर्गठन योजना के अंतर्गत लिया गया है, जिसका प्रकाशन 3 अप्रैल 2025 को छत्तीसगढ़ राजपत्र में किया गया।

**कृषि ऋण वितरण में भी सूरजपुर जिला अग्रणी**

वर्तमान में जिले में 47 प्राथमिक कृषि साख समितियां कार्यरत हैं। खरीफ 2024-25 के दौरान समितियों के माध्यम से कृषकों को 78.35 करोड़ रुपये नगद और 42.72 करोड़ रुपये मूल्य का वस्तु ऋण शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर प्रदान किया गया। इससे 36,304 कृषक लाभान्वित हुए। रबी सीजन में 5,266 कृषकों को ऋण सुविधा दी गई। वर्ष 2025-26 के खरीफ सीजन के पहले दो माह में ही अब तक 13.36 करोड़ रुपये नगद ऋण एवं 9.08 करोड़ रुपये का वस्तु ऋण वितरित किया जा चुका है, जिससे 7,963 कृषकों को लाभ प्राप्त हुआ है।

**धान खरीदी में रिकॉर्ड 59 हजार से अधिक कृषक लाभान्वित**

जिले में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर वर्ष 2024-25 के खरीफ विपणन सत्र में 47 समितियों एवं 7 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 3 लाख 97 हजार 204 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई। इस प्रक्रिया से 59 हजार 52 कृषकों को सीधा लाभ प्राप्त हुआ है। यह पहल राज्य सरकार की ग्रामीण एवं कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को सशक्त करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयासों से सूरजपुर जिले में कृषि सुविधाओं का विस्तार निश्चित रूप से किसानों की समृद्धि और आत्मनिर्भरता की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर रायपुर में 5 जून को 'प्लास्टिक प्रदूषण-दुष्प्रभाव एवं समाधान' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता

**रायपुर,** 3 जून (देशबन्धु)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा 5 जून 2025 को रायपुर स्थित नवीन विश्राम गृह के न्यू कन्वेन्शन हॉल में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष प्रतियोगिता का विषय च्प्लास्टिक प्रदूषण-दुष्प्रभाव एवं समाधानज्ज निर्धारित किया गया है। यह प्रतियोगिता न केवल युवाओं में रचनात्मकता को प्रोत्साहित करेगी, बल्कि प्लास्टिक प्रदूषण जैसे गंभीर पर्यावरणीय मुद्दे पर जागरूकता फैलाने में भी अहम भूमिका निभाएगी।

प्रतियोगिता सुबह 10 बजे प्रारंभ होगी तथा इसकी समय सीमा 1 घंटा 30 मिनट निर्धारित की गई है। पोस्टर प्रतियोगिता को चार आयु वर्गों में विभाजित किया गया है, जिसमें प्रथम वर्ग 12 वर्ष तक, द्वितीय वर्ग 13 से 17 वर्ष, तृतीय वर्गरू 18 से 21 वर्ष और चतुर्थ वर्ग दिव्यांगजनों का है। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को आकर्षक नगद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रत्येक वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5000 रूपए, द्वितीय 3000 रूपए, तृतीय 2000 रूपए तथा दो सांत्वना पुरस्कार 500-500 रूपए रखे गए हैं।

प्रतिभागियों को रजिस्ट्रेशन के लिए सुबह 9:30 बजे स्थल पर उपस्थित होना होगा। रजिस्ट्रेशन स्थल न्यू कन्वेन्शन हॉल, नवीन विश्राम गृह, सिविल लाइन, रायपुर रहेगा। प्रतिभागियों को आधार कार्ड की छायाप्रति साथ लानी होगी। मंडल द्वारा ड्राइंग शीट उपलब्ध कराई जाएगी, जबकि अन्य सामग्री जैसे कार्ड बोर्ड, रंग आदि प्रतिभागियों को स्वयं लाने होंगे। प्रतियोगिता के विजेताओं को उसी दिन आयोजित मुख्य कार्यक्रम एवं संगोष्ठी में पुरस्कार वितरित किए जाएंगे।

# मवेशियों को कत्लखाना ले जाने वाले पांच आरोपियों को किया गया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार,** 3 जून (देशबन्धु)। मवेशियों को पिकअप वाहन के माध्यम से कत्लखाना ले जाने वाले 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। थाना सिटी कोतवाली पुलिस टीम द्वारा ग्राम खैंदा नाला पुल के पास घेराबंदी कर पिकअप वाहन सहित आरोपियों को पकड़ा गया। आरोपियों से बोलेरो पिकअप वाहन सहित 9 नग मवेशी (छोटे-बडे गाय) बरामद किया गया।

प्रार्थी मनीष चंद्राकर एवं अन्य के माध्यम से सूचना मिली कि कुछ व्यक्तियों द्वारा आसपास के क्षेत्र से मवेशियों को इकट्ठा किया गया है एवं उसे कत्लखाना ले जाने के लिए बोलेरो पिकअप वाहन में ले जा रहे हैं। उक्त सूचना पर एसपी भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा ग्राम खैंदा नाला पुल के पास घेराबंदी कर बोलेरो वाहन को रोका गया। इस दौरान वाहन में कुल 5 व्यक्ति बैठे मिले। साथ ही बोलेरो पिकअप वाहन को चेक करने पर वाहन के पीछे 9 नग मवेशियों को निर्दययापूर्वक भरकर ले जाना पाया गया। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 584/2025 धारा छत्तीसगढ़ कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4,6,10 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। जिसमें आरोपियों द्वारा उक्त 9 नग मवेशियों को महिंद्रा बोलेरो पिकअप वाहन सीजी22 एएफ1485 में भरकर निर्दयतापूर्वक भरकर कत्लखाना ले जाना स्वीकार किया गया। उक्त प्रकरण में सभी आरोपियों को 3 जून 2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों में जितेंद्र वर्मा उम्र 31 वर्ष, सुरेश कुमार पैकरा उम्र 40 वर्ष, आशीष कुमार पांडे उम्र 19 वर्ष, प्रताप पैकरा उम्र 22 वर्ष निवासी एवं प्रकाश पैकरा उम्र 19 वर्ष सभी निवासी ग्राम मगरचबा थाना सिटी कोतवाली शामिल है।

# छत्तीसगढ़ में हस्तशिल्प विकास की अपार संभावनाः मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड की नवनियुक्त अध्यक्ष शालिनी राजपूत के पदभार ग्रहण समारोह में हुए शामिल
- मुख्यमंत्री ने हस्तशिल्पियों को औजार उपकरण योजना अंतर्गत अनुदान राशि का किया वितरण

**रायपुर,** 3 जून (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड की नवनियुक्त अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत के पदभार ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हस्तशिल्प विकास की अपार संभावनाएं हैं। यहां की कलाकृतियों की मांग विदेशों तक है। छत्तीसगढ़ के हस्तशिल्प उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने और हस्तशिल्पियों को उनके हुनर की उचित कीमत दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने हस्तशिल्पियों को औजार उपकरण योजना अंतर्गत पाँच पांच हजार रुपये की अनुदान राशि का वितरण किया।



मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ शिल्प विकास बोर्ड की नवनियुक्त अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत को पदभार ग्रहण करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड शिल्पकारों की बेहतरी के लिए कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के प्रत्येक इलाके में हस्तशिल्पी बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। सुशासन तिहार के दौरान मुझे कोंडागांव के शिल्पग्राम जाने का मौका मिला। वहाँ मैंने शिल्पकारों से मुलाकात की और उनकी कला को करीब से देखा। इसी प्रकार रायगढ़ के एकताल में भी शिल्पकार धातु से कलाकृतियाँ बनाते हैं। बस्तर में काष्ठशिल्प से लकड़ी की सुंदर आकृतियाँ बनाई जाती हैं। पूरे प्रदेश में हस्तशिल्पियों का हुनर अद्भुत है। आज इस कार्यक्रम में मुझे जो सुंदर टोपी भेंट की गई, वह छिंद और कांसा से बनाई गई थी। जशपुर में हमारे गाँव के नजदीक कोटामपानी में भी छिंद और कांसा से बहुत सुंदर-सुंदर कलाकृतियाँ बनाई जाती हैं।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि शिल्पकारों को अधिक से अधिक प्रशिक्षण देने की जरूरत है। यह बहुत महत्वपूर्ण बात है कि हस्तशिल्प का कार्य ज्यादातर ग्रामीण इलाकों में होता है। इसलिए हस्तशिल्प विकास के द्वारा हम बहुत बड़े पैमाने पर ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध करा सकते हैं। मुझे आशा है कि हस्तशिल्प विकास बोर्ड इस ओर कार्य करेगा और शिल्पकारों को प्रशिक्षण के साथ ही उन्हें लोन-सब्सिडी भी अधिक से अधिक दिलाकर रोजगार से जोड़ेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोंडागांव के डोकरा आर्ट की विदेशों में माँग है। यह जरूरी है कि शिल्पकारों को बाजार के साथ उत्पाद की उचित कीमत मिले। बिना बिचौलियों के हस्तशिल्पियों की पहुँच सीधे बाजार तक हो, ताकि उन्हें अधिक से अधिक लाभ मिले।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि छत्तीसगढ़ के गढ़बेंगाल के पंडी राम मांझी को पद्मश्री से सम्मानित किया गया है। छत्तीसगढ़ की कला हमारे देश की शान है, इसे पूरी दुनिया में पहचान मिलनी चाहिए।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ के कलाकारों के हाथ में चमत्कार है। चाहे वह मिट्टी के खिलौनों की बात हो या बेल मेटल, कसीदाकारी, गोदना और टेराकोटा की, प्रदेश के हस्तशिल्पी अपनी कला के बहुत सुंदर उत्पाद बना रहे हैं। छत्तीसगढ़ के हस्तशिल्प की राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनियों में भागीदारी होनी चाहिए। हमारे शिल्पकारों के पास कुदरती हुनर है। बड़े पैमाने पर हस्तशिल्प उत्पादन के लिए डिज़ाइनरों को भी जोड़ने की जरूरत है।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, विधायक धरमलाल कौशिक, सुनील सोनी, आशाराम नेताम, गजेंद्र यादव, विभिन्न निगम-मंडल-आयोग के अध्यक्षगण, छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के प्रबंध संचालक जेपी मौर्य सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# ट्रेड एक्सपो यूएसए कंपनी के 4 करोड़ 66 लाख के धोखाधड़ी के मामले में फरार आरोपी राजाराम को भेजा गया जेल

**राजिम,** 3 जून (देशबंधु )। ट्रेड एक्सपो यूएसए कंपनी में लालच दिया गया ,ऐसा प्रार्थी संतोष देवांगन द्वारा थाना राजिम में लिखित आवेदन राजाराम तारक, शरदचंद्र वर्मा, कमलेश साहू, यशवंत नाग एवं अरूण द्विवेदी के द्वारा ट्रेड एक्सपो यूएसए कंपनी में अधिक लाभांस देने की लालच देकर रूपये की धोखाधड़ी करने एवं गबन करने संबंध आवेदन प्राप्त हुआ था। जिसमें थाना राजिम में अपराध क्रमांक 408/2024 धारा 420,34 के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान यह भी पता चला की उक्त ट्रेड एक्सपो यूएसए कंपनी के मुख्य सरगना अरूण द्विवेदी के खिलाफसी.आई.डी. रांची में भी झारखण्ड के 11 लोगों से 4 करोड़ 66लाख 99 हजार 8 20 रूपये की धोखाधडी करने का अपराध पंजीबद्ध हुआ है।

छ.ग. एवं झारखण्ड के लोगों से मिली अब तक की जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ के 94 लोगों से 55373000 एवं झारखण्ड के 11 लोगों से 46699820 रूपये कुल 102072820 (दस करोड़ बीस लाख बहत्तर हजार आठ सौ बीस रूपये) जमा कराकर छलपूर्वक बेईमानी करने के नियत से आरोपीगण द्वारा उक्त धनराशि का गबन किया गया है। जिससे मामले में 409 भादवि0 की धारा भी जोड़ी गई है। आम जनता को कम समय में निवेश को दुगना करने का लालच देकर फर्जी प्लेटफार्म पर अकाऊँट बनाया जाता था। जिसमें प्रति-दिन के हिसाब से ब्याज दिखाकर भरोसा दिलाया जाता था। किन्तु निवेशक मुल रकम या ब्याज कुछ भी निकालने में असमर्थ रहा। इसी कारण ये धोखाधड़ी उजागर हुई। प्लेटफार्म पर बने अकाऊँट में ट्रेड डॉलर में किया जा रहा था। जो की फर्जी तरीके से बने बैंक अकाऊँट से लिंक थे।प्रकरण में विवेचना के दौरान पूर्व के आरोपीगण 01) शरदचंद्र शर्मा पिता स्व रिपुदमन शर्मा उम्र 50 वर्ष साकिन वुड आईलैंड कॉलोनी अमलेश्वर थाना अमलेश्वर जिला दुर्ग (छ.ग.) 02) यशवंत कुमार नाग पिता स्व परसराम नाग उम्र 45 वर्ष साकिन पीपरछेड़ी थाना राजिम जिला गरियाबंद (छ.ग.) 03) कमलेश साहू पिता गोरेलाल साहू उम्र 34 वर्ष साकिन नयापारा उजियारपुर थाना लालपुर जिला मुंगेली हाल मुकाम वार्ड नम्बर 01 श्यामा प्रसाद मुखर्जी भाठापारा थाना भाठापारा जिला बलौदाबजार (छ.ग.) को दिनांक 20.12.2024 को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। प्रकरण में विवेचना के दौरान अन्य फरार मुख्य आरोपी (04) अरूण द्विवेदी पिता स्व. लाल बिहारी उम्र 47 साल निवासी कछुवारा पोस्ट पोस्ट बीड़ा थाना सेमरिया (म.प्र.) को दिनांक 23.12.2024 को रीवा (म.प्र.) से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था। इस क्रम में प्रकरण में विवेचना के दौरान फरार आरोपी (05) अभिषेक सिंह गहरवारा एवं (06) अजय कुमार विश्वकर्मा को दिनांक 12.03.2025 कों गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। प्रकरण में आरोपियों की पतासाजी लगात जारी है।



इसी क्रम में अन्य फरार आरोपी (07) राजाराम तारक पिता खोरबाहरा उम्र 47 साल निवासी ग्राम तामासिवनी थाना आरंग जिला रायपुर हाल मुकाम ग्राम कोकड़ी रोड गरियाबंद थाना व जिला गरियाबंद दिनांक 28.05.2025 को माननीय न्यायालय के समक्ष सरेण्डर किया था। जिसे पुछताछ हेतु माननीय न्यायालय से दिनांक 28.05.2025 से 02.06.2025 तक पुलिस रिमाण्ड लेकर पुछताछ किया गया। जिसके कब्जे से ट्रेड एक्सपो यूएसए कंपनी के नाम से धोखाधडी कर इनवेस्टर की राशी को गबन कर खरीदे हुए एक ब्रेजा कार क्रमांक सीजी.04 पी.के. 1536, किमती 14 लाख रूपए, दो नग आई.फोन किमती लगभग 04 लाख रूपये, एक नग सोने का अंगुठी एवं एक नग सोने का चौन किमती लगभग 02 लाख रूपये, नगदी रकम 10,200 रूपये, आई.डी.बी.आई. खाते का डेबिट कार्ड,आधार कार्ड, पैन कार्ड के साथ समक्ष गवाहन के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया साथ ही आरोपी के खाते से लगभग 08 लाख रूपये होल्ड कराया गया है।

आरोपी द्वारा ट्रेड एक्सपो यूएसए कंपनी के माध्यम से धोखाधड़ी एवं गबन से प्राप्त राशि से अपने कोकड़ी रोड गरियाबंद स्थित ससूराली मकान में 60 लाख रूपये खर्च किया गया है। अपना 25 लाख रूपये का पुराना कर्ज चुकाया गया है। लगभग 28 लाख रूपये का अपना जमीन गिरवी रखा था, जिससे छुडवाया है। इस प्रकार प्राप्त जानकारी अनुसार राजाराम तारक द्वारा कुल 01 करोड़ 43 लाख रूपये की राशि को इनवेस्टर से धोखाधड़ी कर गबन किया गया है। आरोपी राजाराम तारक का औपचारिक गिरफ्तारी उपरांत माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। आरोपी राजाराम तारक द्वारा अपराध के आगम से अवैध रूप से प्राप्त सम्पत्ती पर पृथक से धारा 107 बी.एन.एस.एस. के तहत कार्यवाही की जा रही है।

# शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा कर नपा अध्यक्ष और कर्मचारियों को गाली देना दंपति को पड़ा भारी, भेजे गए जेल

**खरोरा,** 3 जून (देशबन्धु)। नगर पंचायत खरोरा के पार्षदो द्वारा नगर में अवैध अतिक्रमण पर लगातार कार्यवाही कर रहे और लोगों को समझाइश दे रहे है इसी तरह वार्ड नंबर 7 के पार्षद जयप्रकाश वर्मा को वार्डवासियों ने अपनी समस्या रखी और कहा कि गौ पालन की नाम पर वार्ड की धरसा रास्ता कच्चि सड़क पर योगेश द्विवेदी और उनकी पत्नी द्वारा जमीन पर कब्जा किया गया है जिससे आवागमन में समस्या उत्पन्न हो रही है जिसके बाद नगर पंचायत कर्मियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा तहलसीदार को सूचना देकर इस अवैध कब्जा को हटाने के लिए निवेदन करने गए जिसके बाद दोनों पत्नी पत्नी ने जान से मारने व अपशब्दों का प्रयोग पूर्व अध्यक्ष अनिल सोनी व वर्तमान अध्यक्ष सुनीता सोनी व पार्षद को साथ ही राजस्व कर्मचारियों को भी अपशब्दों से पति पत्नी ने आहित किया जिसके बाद सभी गस्त में जाकर बुलडोजर से अवैध कब्जा को हटाया गया और उस दंपति पर रिपोर्ट दर्ज कराया गया जिस पर खरोरा थाना ने अपराध पंजीबद्ध करके



अप.क्र.299/25 धारा-221, 132, 329(2) ,296, 351(2)3(5) ञ्छ्स के तहत योगेश द्विवेदी पिता बनमाली राम द्विवेदी उम्र- 48 वर्ष पता - वार्ड क्र.07 अंकुर हास्पिटल के पीछे खरोरा थाना खरोरा जिला-रायपुर

(02)श्रीमती गिरीजा द्विवेदी पति योगेश द्विवेदी उम्र- 43 वर्ष पता - वार्ड क्र.07 अंकुर हास्पिटल के पीछे खरोरा थाना खरोरा जिला-रायपुर को आज दिनांक 02/06/25 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय रवाना किया गया

वहीं इस मामले में पार्षद जयप्रकाश वर्मा ने कहा कि मैं योगी आदित्यनाथ को अपना मार्गदर्शक मानता हूं अवैध कार्य के ऊपर कार्यवाही लगातार होती रहेगी

# एलॅन्स के छात्र आदित्य तिवारी ने जेईई एडवांस्ड में कामन रैंक सूची में स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया

**बेमेतरा,** 3 जून (देशबन्धु)। एलॅन्स पब्लिक स्कूल अपने होनहार छात्र आदित्य तिवारी की शानदार उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहा है। आदित्य ने प्रतिष्ठित जेईई एडवांस्ड परीक्षा में 11059 की कॉमन रैंक सूची (ष्ट्रक्र) हासिल कर विद्यालय व परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। इससे पहले उन्होंने जेईई मेन में 99.07 पर्सेंटाइल प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया था।



17 वर्षीय आदित्य एक मेधावी और अनुशासित छात्र हैं। उन्होंने हाल ही में भौतिकी, रसायन और गणित विषयों में 97.04त्न अंकों के साथ कक्षा 12 उत्तीर्ण की है। इसमें उन्होंने गणित में 97त्न, भौतिकी में 95त्न, और रसायन में 93त्न अंक प्राप्त किए। आदित्य विभिन्न ओलंपियाड्स में भी भाग ले चुके हैं, जिससे उनकी विश्लेषणात्मक सोच और समस्या-समाधान क्षमता में और निखार आया है।

आदित्य का लक्ष्य है कि वे किसी शीर्ष से कंप्यूटर साइंस में बी.टेक करें और भविष्य में एक प्रतिष्ठित संस्थान में शोधकर्ता या इंजीनियर बनें। उन्हें कोडिंग, प्रोग्रामिंग और अवधारणात्मक अध्ययन में विशेष रुचि है।

विद्यालय के चेयरमैन श्री कमलजीत अरोरा ने इस अवसर पर प्राचार्या श्रीमती नीतू सिंह और शिक्षकों की पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा, यह उपलब्धि हमारे विद्यालय की अकादमिक गुणवत्ता और शिक्षकों की सतत मेहनत का प्रतिफल है। मैं सभी को प्रोत्साहित करता हूं कि वे इसी तरह उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ते रहें।

प्राचार्या श्रीमती नीतू सिंह ने आदित्य की सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि आदित्य जैसे छात्र हमारे विद्यालय के लिए प्रेरणास्रोत हैं। हम भविष्य के वैज्ञानिकों और तकनीकी विशेषज्ञों को तैयार करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

# खाद्य मंत्री ने ग्राम भंसुली चावल उत्सव का शुभारंभ किया

- सरकार का संकल्प है कि कोई भी नागरिक भूखा न सोएः खाद्य मंत्री बघेल

**बेमेतरा,** 2 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश के खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल ने आज बेमेतरा जिले के ग्राम भंसुली (विधानसभा क्षेत्र नवागढ़) में आयोजित चावल उत्सव कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

अपने संबोधन में मंत्री श्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार का संकल्प है कि कोई भी नागरिक भूखा न सोए। उन्होंने कहा कि यह चावल वितरण कार्यक्रम इस संकल्प की दिशा में एक सशक्त कदम है। इस दौरान इच्छुक राशन कार्डधारियों को तीन माह का एकमुश्त राशन वितरित किया गया और योजना के लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई।



मंत्री श्री बघेल ने बताया कि राज्य शासन द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जून, जुलाई और अगस्त माह का चावल एक साथ आवंटित कर दिया गया है। राशन कार्डधारी नागरिकों को अपनी सुविधा के अनुसार एक माह या तीन माह का चावल एकसाथ उठाने का विकल्प उपलब्ध है। इसमें तीन माह का चावल एकमुश्त उठाने की कोई बाध्यता नहीं है।

अन्य राशन सामग्री जैसे शक्कर, नमक, चना एवं गुड़ का वितरण नागरिक आपूर्ति निगम के उपलब्ध स्टॉक के आधार पर प्रत्येक माह पृथक-पृथक आबंटन कर किया जाएगा।

मंत्री श्री बघेल ने बताया कि चावल उत्सव के दिन ही तीन माह के चावल का वितरण सुनिश्चित किया गया है। इस कार्य के लिए परिवहन और सुरक्षित भंडारण की व्यापक व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, प्रत्येक उचित मूल्य की दुकान के लिए एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है, जो समय सीमा के भीतर राशन सामग्री का भंडारण और वितरण के बाद सत्यापन की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

ग्रामवासियों ने इस योजना के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल उनके लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। इस अवसर पर अध्यक्ष जनपद श्रीमती हेमा दिवाकर, श्री अजय साहू,पंच,सरपंच, स्थानीय जनप्रतिनिधि, खाद्य विभाग के अधिकारीगण, और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**NECC**

| 04.06.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 525 | 80 | 170 |
| चिल्हर | 6.50 | 100 | 195 |
| डिलीवरी | 540 सैकड़ा | | |
| दर्जन अंडा 75 रु. | | | |
| मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु. | | | |

**CSPFA**

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

देशबन्धु | रायपुर, बुधवार, 4 जून 2025 | 3

प्रादेशिकी

जगदलपुर-कांकेर-कोण्डागांव-बीजापुर-दंतेवाड़ा

## संपादकीय

### नशे और अपराधों में फंसते नाबालिग

छत्तीसगढ़ के युवा जिस तरह से विभिन्न तरह के नशों का शौक पूरा करने के लिये अपराधों की ओर मुड़ रहे हैं, वह बेहद चिंताजनक है। वैसे तो यह स्थिति कमोवेश देश भर की है, लेकिन प्रदेश जो पहले से ही बहुत सम्पन्न नहीं है और यहां शिक्षा का स्तर भी अत्यंत असंतोषजनक है, यदि यहां के नाबालिग व युवा इसकी गिरफ्त में आकर बड़े पैमाने पर अपराधों की दुनिया में प्रवेश करते हैं तो यह कानून-व्यवस्था के साथ कई सामाजिक समस्याओं को जन्म दे सकता है। इसलिये सरकार और स्वयंसेवी संगठनों को चाहिये कि नाबालिगों-युवाओं को छोटे-बड़े नशों से दूर रहने के लिये जागरूक करें जो कि बहुत से अपराधों की जड़ है।

इस समस्या की तह में जाएं तो पाते हैं कि बड़ी संख्या में युवाओं की न तो शिक्षा में रुचि रह गयी हैं और न ही वे रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। विशेषकर अल्प शिक्षित नौजवान जो ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं, उनकी दिलचस्पी कृषि कार्यों में भी नहीं रह गयी है। कई बार वे शहरों या कस्बों में चले जाते हैं परन्तु उन्हें कोई काम नहीं मिलता तो वे अपनी ज़रूरतों को पूरा करने के लिये अपराध करने लगते हैं। इसकी शुरुआत अक्सर छोटी-मोटी वस्तुओं की चोरियों से होती है जो बाद में मोटर साइकल, मोबाइल, जेवर आदि चोरी में तब्दील हो जाती हैं। इनमें एक वर्ग रहता है जो नाबालिगों का होता है। वे अपने से बड़े अपराधियों के मार्गदर्शन और संगत में अधिक गम्भीर अपराधों की ओर बढ़ जाते हैं। ज्यादातर अपराधियों का रूझान नशीले पदार्थों की सेवन की ओर होता है। गांजा-शराब से लेकर नशे के इंजेक्शनों से टेबलेटों का सेवन तक इसमें शामिल है।

नाबालिगों का एक और वर्ग होता है जो मोबाइल, बाइक आदि के शौक पूरा करने के लिये चोरी-डकैती करते हैं। कई बार मित्रों की टोलियां बनाकर ये अवयस्क किशोर जेब काटने, दुकानों या घरों से उठाईगिरी करने लग जाते हैं। जेबों से मोबाइल, पैसे या बटुवे निकाल लेना, बस-ट्रेनों या भीड़-भाड़ वाली जगहों से चारी कर वे अपने न केवल शौक पूरा करते हैं बल्कि नशे के पदार्थ खरीदते हैं। इस तरह देखें तो नशे और अपराधों का निकट का सम्बन्ध होता है। नशे की लत इतनी अधिक होती है कि वे उसके लिये किसी भी हद तक जा सकते हैं।

पिछले दिनों खरोरा में हुई डकैती में तक कुछ नाबालिग शामिल थे। अब रायगढ़ में जो वारदात हुई है वह बतलाती है कि नाबालिग नशे के लिये कहां तक जा सकते हैं। रविवार की रात नशे के आदी तीन किशोरों और एक युवक ने एक ट्रेलर को देहजरी गांव के पास रोका। चालक का मोबाइल तथा 2600 रुपये नगद छीन लिये। ट्रेलर लेकर भी वे फरार हो गये। हालांकि पकड़ लिये गये।

## उल्टा पुल्टा

पिता- पढ़ ले नालायक, कभी तूने अपनी कोई बुक खोलकर भी देखी है.
बेटा- हां पापा देखी है, बल्कि रोज देखता हूं उसे.
पिता- कौन सी बुक पढ़ने लगा है तू?
बेटा- फेस बुक।

# 'माओवाद का विद्रुप चेहरा बीजिंग से बस्तर तक' विषय पर विचार गोष्ठी

## बस्तर के नौजवान अपने प्रयासों से खत्म करेंगे माओवादी विचार : विजय शर्मा

**जगदलपुर,** 3 जून (देशबन्धु)। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि बस्तर के नौजवान अपने प्रयासों से माओवादी विचार को खत्म कर देंगे। बस्तर के नौजवान विकास की बात करेगा और सुरक्षा बल के जवान अपने कर्तव्य के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। आज के युवाओं के मध्य में संचार साधनों का अधिक उपयोग किया जाता है इस सोशल मीडिया पर बस्तर की सकारात्मक माहौल की बात जरूर की जाए। बस्तर का विकास, बस्तर के मॉडल से होगी और बस्तर के हिसाब से होगी। बस्तर का जल, जंगल, जमीन बस्तर के निवासियों, युवाओं का है। शासन शांति के लिए हर संभव कार्य कर रही है अभी जो सुरक्षा बल कैंप है ओ भविष्य में लघु वनोपज संग्रहण, प्रसंस्करण और विपणन केंद्र के रूप में विकसित की जाएगी। उन्होंने पूर्व में नक्सलियों द्वारा किए गए घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि नक्सलियों ने कई निर्दोष आम जनता और सुरक्षा बल के जवानों की हत्या की है। नक्सलियों के विद्रूप चरित्र को उजागर करना होगा। भारत के विचारधारा में माओवाद का कोई जगह नहीं है। माओवाद गतिविधियों से क्षेत्र में आधारभूत संरचनाओं को क्षति पहुंची, आम नागरिकों या निविदाकारों से पैसे की उगाही की गई, आम आदमी की नृशंस हत्या की गई। इसलिए बस्तर में अब नक्सलवाद समाप्त होना चाहिए। बस्तर के नक्सल हिंसा से प्रभावितों ने दिल्ली में जाकर राष्ट्रपति, केंद्रीय गृहमंत्री को अपनी व्यथा बताई साथ ही जंतर मंतर, जेएनयू कैम्पस में नक्सलवाद के खिलाफ नारे लगाए। आज नक्सल हिंसा पीड़ित अपनी बात बड़े-बड़े जगह में रख रहे हैं। साथ ही नक्सलियों को मुख्य धारा में जुड़ने और शासन की पुनर्वास नीति के तहत लाभ लेने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा मंगलवार को जगदलपुर के पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी सभागार में बस्तर शान्ति समिति के तत्वावधान में आयोजित माओवाद के विद्रुप चेहरा बीजिंग से बस्तर तक विचार गोष्ठी को सम्बोधित कर रहे थे।



### माओवादियों का समूल नाश अवश्यंभावी और समूचे बस्तर में होगी शान्ति, समृद्धि एवं खुशहाली : केदार कश्यप

इस मौके पर वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि हम बस्तरवासी पिछले चार दशक से माओवाद के दंश को सह रहे हैं और माओवादी समस्या के कारण समग्र विकास में पिछड़े हुए हैं लेकिन अब आम जनता इन माओवादियों से मुक्त होने के लिए जागरूक हो चुकी है तथा विकास की मुख्यधारा में जुड़ने के फलस्वरूप एक बड़ा बदलाव परिलक्षित हो रही है। बस्तर के लोग सुख-शान्ति एवं खुशहाली की ओर अग्रसर होने के लिए उत्सुक हैं। इसे ध्यान रखकर केन्द्र एवं राज्य सरकार आगामी मार्च 2026 तक माओवाद समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए संकल्प लेकर कटिबद्धता से पहल कर रही है जिससे माओवादियों का समूल नाश अवश्यंभावी है और समूचे बस्तर में शान्ति, समृद्धि एवं खुशहाली आएगी तथा बस्तर की वादियों में फिर से ढोल-मांदर की थाप सुनाई देगी।

गोष्ठी में बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने कहा कि एक समय वनों से आच्छादित बस्तर क्षेत्र में 1980 के दशक से नक्सल गतिविधि बढ़ी, जिससे क्षेत्र में विकास में बाधा बनी। अब बस्तर की धरा में आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के आशीर्वाद से क्षेत्र में सुरक्षा बलों के प्रयासों से जरूर शांति होगी। विचार गोष्ठी में बस्तर सांसद महेश कश्यप, फिल्म निर्देशक सुदीप्तो सेन, बस्तर शांति समिति के सदस्य दशरथ कश्यप, पूर्व विधायक राजाराम तोड़ेम और बस्तर जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने बस्तर में नक्सल गतिविधियों के कारण बस्तर के स्वरूप में हुए परिवर्तन पर अपना वक्तव्य रखे। गोष्ठी में चीन में 3-4 जून 1989 की रात तियानमेन चौक में लोकतंत्र की मांग करने और माओवाद समस्या पर केंद्रित वृत्तचित्र का भी प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में गृहमंत्री और वनमंत्री ने युवाओं से संवाद भी किया। साथ ही इस दौरान कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह, एसपी शलभ सिन्हा और जिला प्रशासन के अधिकारी, बस्तर अंचल के विभिन्न समाज प्रमुख, समाजसेवी एवं स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि, पत्रकारगण और बड़ी संख्या में युवाओं के साथ गणमान्य >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# आज होगी माध्यमिक शाला, हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों के शिक्षकों की काउंसलिंग

**जगदलपुर,** 3 जून (देशबन्धु)। जिले के माध्यमिक शालाओं सहित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में शिक्षकों के अतिशेष होने के फलस्वरूप कल 4 जून 2025 को प्रात: 10 बजे से कलेक्टोरेट के प्रेरणा सभागार तथा आस्था हॉल में शाला युक्तियुक्तकरण के तहत अतिशेष शिक्षकों के नवीन पदस्थापना हेतु काउंसलिंग प्रक्रिया होगी। जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने इस बारे में बताया कि कई शिक्षक एवं व्याख्याता अवकाश के कारण जिले से बाहर होने की स्थिति में उनके परिजन प्राधिकार पत्र एवं पहचान पत्र के साथ निर्धारित स्थान पर नियत समय में काउंसलिंग में उपस्थित हो सकते हैं। ऐसे शिक्षकों को अवगत करवाने के निर्देश सम्बन्धित प्राचार्यों एवं खण्ड शिक्षा अधिकारियों को दिए गए हैं।

# स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर किया ग्राम भ्रमण, दी समझाइश

**जगदलपुर,** 3 जून (देशबन्धु)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक के निर्देशानुसार खंड चिकित्सा अधिकारी नानगुर डॉ.जे.एल.दरीयो आज आयोजित हो रहे टीकाकरण सत्र पामेला और परपा का औचक निरिक्षण किया। इस मौके पर उनके साथ सेक्टर सुपरवाइजर प्रशांत श्रीवास्तव भी मौजूद थे। भ्रमण के दौरान उन्होंने गर्भवती माताओं और शिशुवती माताओं से बात कर उन्हें दी जाने वाले टीका की जानकारी लेते हुए समय पर सभी टीका लगाने की समझाइश दी। इसके अलावा कल आयोजित होने वाले स्वास्थ्य मेला मे दाई-बबा दिवस जीवना चो दुय ठन धन, नंगत देह आउर नंगत मन के थीम पर मनाने के निर्देश दिए। टीकाकरण सत्र परपा डेंगपारा में सी.एच.ओ. असीम, ए.एन.एम. रमसीला मरकाम, सुशीला तिवारी, अंगनबाड़ी कार्यकर्ता लछनी कश्यप, मितानिन कोयली सुमित्रा के अलावा लाभार्थी मौजूद थे।



# मेडिकल कॉलेज में चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जगदलपुर,** 3 जून (देशबन्धु)। मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में ईलाज के लिए आए लोगों का मोबाईल, रूपया, पैसा चोरी होने का लगातार शिकायत मिल रहा था। 3 जून को प्रार्थी अकिल खान थाना फेजपुर परपा में आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 2 जून को अपनी मोटर सायकल में तोकापाल गया था। वापस आने दौरान दोपहर लगभग 3 बजे बहुत प्यास लगने से मेडिकल कॉलेज डिमरापाल के सामने पामेला बाजार स्थल में रूका और कोल्ड ड्रिंक पी रहा था। उसी दौरान ईशुलाल मण्डावी पिता मुरली लाल मण्डावी उम्र 22 वर्ष जाति गोंड निवासी कांकेर राजा पारा हाल डिमरापाल पामेला बाजार और चन्द्रकला मण्डावी पति ईशुलाल मण्डावी उम्र 20 वर्ष जाति गोंड निवासी कांकेर राजा पारा हाल डिमरापाल पामेला बाजार प्रार्थी के पास गये और खाना खाने के लिए कुछ पैसा मागने पर प्रार्थी उन्हे 50 रूपये पर्स से निकालकर दिया। उसी दौरान आरोपीगणों ने प्रार्थी के पर्स में रखे अन्य रूपये को भी देख लिये जिसे ही प्रार्थी पैशाब करने गया वैसे ही आरोपीगणों ने प्रार्थी का पर्स चोरी करके वहा से भाग गये। प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। मेडिकल कॉलेज डिमरापाल एवं आसपास हो रहे चोरी की घटनाओं मद्दे नजर रखते हुए मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस थाना प्रभारी फेजरपुर परपा निरीक्षक मो0 तारिक हरीश के नितृत्व में टीम गठित कर आरोपियों का लगातार >> शेष पृष्ठ 9 पर >



# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नक्सल प्रभावितों की रैली को किया सम्बोधित

### कार्यक्रम में वनमंत्री केदार कश्यप, बस्तर सांसद महेश कश्यप भी हुए शामिल

**जगदलपुर,** 3 जून (देशबन्धु)। बस्तर में सातों जिलों के नक्सल प्रभावित- पीड़ितों द्वारा मंगलवार को सिरहासार भवन से हाता ग्राउंड होते संजय मार्केट से शहीद स्मारक सिरहासार चौक तक रैली का आयोजन कर नक्सलवाद मुर्दाबाद, माओवादी हिंसा नहीं चलेगी, माओवाद नहीं बस्तर का विकास चाहिए, केंजा नक्सली मनवा माटा, कम्युनिष्ठ आतंक खत्म करो जैसे नारा लगाते हुए रैली निकाली। रैली के समापन कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और वनमंत्री केदार कश्यप शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि सरकार बस्तर अंचल के माओवाद प्रभावितों तथा समर्पित लोगों के हर दुख-तकलीफ के साथ है और उनकी समुचित पुनर्वास के लिए सरकार संवेदनशीलता के साथ पहल कर रही है। पुनर्वास के लिए बेहतर एवं कारगर पुनर्वास नीति तैयार कर क्रियान्वयन सुनिश्चित कर रही है। बस्तर संभाग के सभी पुलिस अधीक्षक कार्यालय में हर बुधवार को माओवाद प्रभावित तथा समर्पित व्यक्ति आवेदन पत्र भरकर प्रस्तुत कर सकते हैं जिससे सरकार इन सभी को हरसम्भव सहायता प्रदान कर सके। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा बुधवार को जगदलपुर के ऐतिहासिक सिरहसार चौक स्थित अमर जवान स्थल पर माओवाद प्रभावितों की माओवाद विरोध रैली को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर वन मंत्री केदार कश्यप ने माओवाद प्रताड़ना के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि माओवाद प्रभावितों की मदद के लिए सरकार कटिबद्ध होकर प्रयास कर रही है और शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कर उन्हें विकास की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए सार्थक पहल कर रही है। शहीद स्मारक में उप मुख्यमंत्री, वनमंत्री, सांसद महेश कश्यप, विधायक विनायक गोयल, महापौर संजय पांडेय सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में कमिश्नर डोमन सिंह, आई जी सुंदरराज पी, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री और वनमंत्री ने नक्सल पीड़ितों से संवाद कर उनकी समस्याओं और मांगों का संज्ञान लिया। साथ ही पीड़ितों ने अपनी व्यथा को भी मंच में साझा किया।






# आत्मसमर्पित माओवादियों को पुनर्वास नीति अंतर्गत आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में करें काम : कलेक्टर

**सुकमा,** 3 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर जिले के विकास कार्यों, कानून व्यवस्था, सड़क सुरक्षा और जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री ध्रुव ने आत्मसमर्पित माओवाद प्रभावित क्षेत्रों के पीड़ितों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता और प्रोत्साहन राशि के लंबित प्रकरणों का जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुनर्वास नीति के तहत शासकीय नौकरी के लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से हल किया जाए। साथ ही आत्मसमर्पित माओवाद प्रभावित युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण जैसे सोलर, प्लंबर आदि का प्रबंध कर, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं। कलेक्टर ध्रुव ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय और सक्रियता से कार्य करें, ताकि जिले के नागरिकों को योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके और विकास कार्यों में गति लाई जा सके।

**सुरक्षा और कानून व्यवस्था को मिली प्राथमिकता:** पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण ने बताया कि आत्मसमर्पित माओवाद प्रभावित युवाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध कराना है। कलेक्टर श्री ध्रुव ने निर्देश दिए कि जिले में चिन्हांकित जगहों पर नवीन आपराधिक कानून के क्रियान्वयन के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) सेटअप की स्थापना की जाए। एनचर्ड और कोटपा अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।



### मानसून और सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक समीक्षा, विकास कार्यों पर भी जोर

**स्वास्थ्य, शिक्षा और यातायात प्रबंधन पर फोकस:** कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि संबंधित संस्थानों का पाक्षिक आकस्मिक निरीक्षण किया जाए। उन्होंने स्कूल, कॉलेज, समाज कल्याण विभाग को आपसी समन्वय से नशामुक्ति अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। स्कूली बच्चों की सुरक्षा और सुरक्षित परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। सड़क सुरक्षा के तहत पशुपालन विभाग और नगरीय निकायों के सीएमओ को निर्देशित किया गया कि पशुओं के सींगों पर रेडियम बेल्ट लगाए जाएं ताकि सड़क दुर्घटनाएं रोकी जा सकें। वहीं, बिना लाइसेंस के वाहनों पर सख्त कार्रवाई और एनएच पर आवारा पशुओं को हटाने के निर्देश भी दिए गए। ब्लैक स्पॉट की पहचान और चेतावनी संकेतक सुधार कार्यों को प्राथमिकता देने को कहा गया। मुख्यमंत्री की घोषणाओं अनुरूप कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के अंतर्गत अंदरूनी क्षेत्रों को जोड़ने के लिए बस रूट चिन्हांकित करने के निर्देश दिए। साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण के लिए उपयुक्त जगह चिन्हांकित करने के निर्देश भी दिए। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत कार्ययोजना तैयार कर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए गए। शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण, राजस्व विभाग की समीक्षा और भूमि आबंटन के लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने पर जोर दिया गया।

**मानसून पूर्व तैयारी और स्वास्थ्य व्यवस्थाएं:** कलेक्टर ने आगामी मानसून के मद्देनजर प्राकृतिक आपदा से बचाव और राहत व्यवस्था के लिए तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चिन्हांकित ग्रामों में दो दिवस के भीतर सूचना पटलों पर मैदानी अमले के संपर्क विवरण प्रदर्शित करने और राहत शिविरों के लिए भवन चिन्हांकित करने के निर्देश दिए। पिछले वर्ष डायरिया और माहवारी जैसे रोगों से प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश दिए गए। बैठक में मानसून के समय नगरीय निकायों को पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त रखने और नालियों की सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने माननीय उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। नियद नेल्लानार योजना सहित सभी शासकीय योजनाओं और विभागीय कार्यों की गहन समीक्षा की गई।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदान शिविर का किया जाएगा आयोजन

**जगदलपुर,** 3 जून (देशबन्धु)। रक्त दान करने के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद् ?द्देश्य से प्रति वर्ष 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। ब्लड डोनेशन एक दर्द रहित क्रिया है,जो किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचा सकती है। विश्व भर में इस दिन को मनाने का मकसद सभी को रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित करना है, ताकि अधिक लोगों की जान बचाई जा सके। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 14 जून को च्विश्व रक्तदाता दिवसज् का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय रक्त दान शिविर महारानी अस्पताल में एवं सातों विकासखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर और शहीद महेन्द्र कर्मा स्मृति चिकित्सालय डिमरापाल पर आयोजित किया जाएगा। सर्वाधिक रक्तदान करने वाले को भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा बस्तर द्वारा सम्मानित किया जावेगा।

# उप मुख्यमंत्री और वन मंत्री का एयरपोर्ट पर किया गया आत्मीय स्वागत

**जगदलपुर,** 3 जून (देशबन्धु)। स्थानीय मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और वन मंत्री केदार कश्यप अपने एक दिवसीय संक्षिप्त बस्तर प्रवास में जगदलपुर आगमन पर जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान विधायक चित्रकोट विनायक गोयल भी साथ रहे। अतिथियों का स्वागत बस्तर सांसद महेश कश्यप, महापौर संजय पाण्डे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ ही एडीजी नक्सल ऑप. विवेकानंद सिन्हा, कमिश्नर डोमन सिंह, बस्तर आईजी सुंदरराज पी., एसपी शलभ कुमार सिन्हा, प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन सहित अन्य अधिकारियों द्वारा किया गया।



# डिप्लोमा इन हैण्डलूम एण्ड टेक्सटाईल टेक्नोलॉजी के त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु 10 जून तक कर सकते हैं आवेदन

**जगदलपुर,** 3 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन, ग्रामोद्योग विभाग अंतर्गत चांपा में संचालित भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान, चाम्पा एवं वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा संचालित बरगढ़ (उड़ीसा) में जुलाई 2025 से प्रारंभ होने वाले डिप्लोमा इन हैण्डलूम एण्ड टेक्सटाईल टेक्नोलॉजी के त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर एवं लेटरल एंट्री के माध्यम से सीधे तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के निवासियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए हैं। डिप्लोमा इन हैण्डलूम एण्ड टेक्सटाईल टेक्नोलॉजी के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु 10 वीं अथवा समकक्ष परीक्षा अंग्रेजी विषय सहित उत्तीर्ण होना एवं आयु सीमा 15 से 23 वर्ष एवं अजजा अजा अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा 17 से 25 वर्ष के बीच होना आवश्यक है। सीधे तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश हेतु गणित, भौतिकी एवं रसायन विषय सहित 12 वीं की परीक्षा के साथ वस्त्र प्रौद्योगिकी में अतिरिक्त विषय सहित, 10 वीं परीक्षा के साथ 02 वर्ष का औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ढ्ढञ्जढ्ढ) से प्रशिक्षण प्राप्त, 12 वीं परीक्षा के साथ 02 वर्ष का औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी प्रवेश हेतु पात्र होंगे, जिसके लिए आयु सीमा 17 से 25 वर्ष के बीच एवं अजजा अजा के अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा 17 से 27 वर्ष के बीच होना आवश्यक है। आवेदन पत्र संस्थान के वेबसाईट www.iihtchampa.org.in से डाऊनलोड किया जा सकता है। स्वप्रमाणित आवेदन पत्र स्पीड पोस्ट द्वारा या iihtchampacg@gmail.com में Email द्वारा/स्वयं उपस्थित होकर दिनांक 10 जून 2025 को सायं 5 बजे तक प्राचार्य, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# खेल से युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार : नंदलाल

**दंतेवाड़ा,** 3 जून (देशबन्धु)। जिले के युवाओं में खेल भावना और वीर शहीदों के सम्मान को समर्पित शहीद वीर बिरसा मुंडा स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन बेहद हर्षोल्लास और उत्साह के साथ हुआ। 20 दिनों तक चले इस भव्य आयोजन में जिले की कुल 32 टीमों ने भाग लिया और खेल कौशल के साथ-साथ अनुशासन और समर्पण का अद्भुत परिचय दिया।

प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला डीवायएससी दंतेवाड़ा और एवायसीसी पालनार के बीच खेला गया। कड़ी टक्कर के बीच हुए इस मुकाबले में डीवायएससी दंतेवाड़ा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताबी जीत दर्ज की। पूरे मैच के दौरान दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला, और मैदान तालियों की गूंज से गूंजता रहा। समापन अवसर पर आयोजित भव्य पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी और जनपद अध्यक्ष सुकालू मुड़ामी उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता टीमों को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

प्रथम पुरस्कार डीवायएससी दंतेवाड़ा 51 हजार नगद एवं ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार एवायसीसी पालनार 25 हजार नगद एवं ट्रॉफी, तृतीय पुरस्कार जीएडी दंतेवाड़ा 10 हजार नगद एवं ट्रॉफी, चतुर्थ पुरस्कार श्यामगिरी 7 हजार नगद एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त, प्रतियोगिता में उत्कृष्ट व्यक्तिगत प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी विशेष पुरस्कारों से सम्मानित किया गया, जिसमें सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, सर्वश्रेष्ठ विकेट कीपर, सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक, और मैन ऑफ द टूर्नामेंट शामिल हैं। यह प्रतियोगिता



- पालनार में क्रिकेट स्पर्धा, दंतेवाड़ा की खिताबी जीत
- विजेता टीम को मिला 51 हजार नगद ईनाम
- शहीद वीर बिरसा मुंडा को समर्पित रही प्रतियोगिता

आज़ाद युवा स्पोर्ट्स क्लब, पालनार के तत्वावधान में आयोजित की जाती है, जो लगातार पिछले 25 वर्षों से इस आयोजन के माध्यम से युवाओं को खेलों की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास कर रहा है। क्लब के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी और अथक प्रयासों से प्रतियोगिता को जिले की प्रतिष्ठित खेल परंपरा के रूप में पहचान मिली है। मुख्य अतिथि नंदलाल मुड़ामी ने इस अवसर पर कहा कि खेल ही विकास का आधार, खेल न केवल युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा देता है, बल्कि समाज में अनुशासन, भाईचारा और सकारात्मक सोच का संचार करता है। वीर बिरसा मुंडा जैसे महानायक की स्मृति में आयोजित यह प्रतियोगिता हमें उनके बलिदान की याद दिलाती है और हमें प्रेरित करती है कि हम अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहें। शहीद वीर बिरसा मुंडा स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता न केवल एक खेल आयोजन है, बल्कि यह युवा शक्ति को सशक्त करने और वीर शहीदों की स्मृति को जीवंत रखने का सशक्त माध्यम बन चुका है। इस आयोजन से दंतेवाड़ा के ग्रामीण अंचलों में खेल संस्कृति को नई ऊर्जा मिली है।

समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, खेलप्रेमी और युवाओं और सरपंच राहुल वेट्टी, एएमएनएस डॉ. तेज प्रकाश, रामचंद्रन, कल्याण के एवायसीसी पदाधिकारी के सुकदेव वेट्टी, बामन कश्यप, गोविंद ठाकुर, पवन मुड़ामी, अर्जुन मुड़ामी, जगदीश नेताम, संजू यादव, पंकज नेताम, आशु, रामकुमार, लखमू सिन्हा, चंदू सिंहा, के पी सिंहा, राजू सिन्हा, लाला जायसवाल, समर ठाकुर, सीता सिंहा, अमित राठौर, राहुल, अशोक, अखिलेश, ओमप्रकाश की उपस्थिति रही।

# पलायन से लौटे ग्रामीणों को भी पीएम आवास : कलेक्टर

**दंतेवाड़ा,** 3 जून (देशबन्धु)। समय सीमा बैठक आज हुई। इसमें कलेक्टर कुणाल दुदावत ने प्रधानमंत्री आवास योजना 2 के सन्दर्भ में कहा कि ग्राम पंचायतों में अस्थाई पलायन से वापस आ चुके ग्रामीणों को भी आवास योजना के दायरे में लाने हेतु सर्वे करें। इससे उन्हें लाभान्वित करने की प्रक्रिया में तेजी आयेगी।



कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि अधिकारी स्वयं पंचायतों का दौरा कर हितग्राहियों की सूची का सत्यापन करें। उन्होंने आगे कहा कि जिन जनपद पंचायतों में इस कार्य में अपेक्षानुरूप प्रगति नहीं दिख रही है। उनके लिए समय सीमा निर्धारित की गई है। इसके साथ ही उन्होंने नक्सल प्रभावित पुनर्वास के संबंध में कहा कि प्रभावितों को इस संबंध में राशन कार्ड, आधार कार्ड, मनरेगा कार्ड, बस पास, श्रम कार्ड पंजीयन, कौशल विकास, आयुष्मान कार्ड जैसी आवश्यक सुविधाएं दिया जाना हैं। अत: इसके लिए सभी योजनाओं से संबंधित एक ही दिन शिविर लगाए जाएं ताकि प्रभावितों को एक साथ सुविधा उपलब्ध हो सकें और उन्हें अलग-अलग दिवस न आना पड़े।

- मैदानी अमले से शीघ्र सर्वे के निर्देश
- समय सीमा बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर समीक्षा
- नक्सल प्रभावितों को सुविधा देने लगेंगे शिविर

इसके साथ ही बैठक में समय सीमा एजेण्डे के अनुसार आरएमएसए के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्य, आस्था किरन्दुल की प्रगति, आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु जिले में विशेष अभियान के तहत कैंप लगाकर कार्य, 70 से अधिक आयु वर्ग के लोगों के लिए ज्यादा से ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनाने, नेटवर्क टावर लगाने, तालाब में मछली पालन करने हेतु मछली बीज, दाना एवं दवाई उपलब्ध कराने, ई-श्रम पोर्टल में प्रदेश के असंगठित कर्मकारों के पंजीयन हेतु निर्धारित लक्ष्य अनुरूप पंजीयन शत प्रतिशत पंजीयन कराने, छत्तीसगढ़ राज्य में कृषक पंजीयन, ग्रामीणों तक बैंकिंग सेवा का लाभ पहुंचाने, दंतेवाड़ा अंतरराज्यीय बस स्टैंड के संबंध में जैसे बिंदुओं पर कलेक्टर द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में विभागीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

## युवक ने मित्र को चाकू मारा, गिरफ्तार



**खरोरा,** 3 जून (देशबन्धु)। इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा 1 जून को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 31 मई को इसका बेटा भावेश वर्मा उम्र 15 साल रात में खाना खाकर ग्राम खरोरा में बन रहे मकान के बगल में स्थित लेबर रूम में सोने के लिये गया था जो रात्रि लगभग 02.30 बजे भीवेश उर्फ लल्ला द्वारा उस लेबर रूम में घुसकर पुरानी रंजिश के चलते अपने साथ लाये चाकू से भावेश वर्मा के सिर, दोनो हाथ, व पीठ में चोट पहुंचाया है कि रिपोर्ट पर कायमकर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान घटना स्थल का निरीक्षण कर प्रार्थी एवं आहत का कथन लेख किया गया है। घटना स्थल से भौतिक साक्ष्य खुन आलुदा मिट्टी, सादी मिट्टी, खून लगा हुआ कॉटन, सादा काटन,आहत का चप्पल एवं आरोपी का टोपी, गमछा को गवाहो के समक्ष जप्त किया गया है। आरोपी का गवाहो के समक्ष मेमोरण्डम लेख किया गया है। मेमोरण्डम के आधार पर आरोपी से घटना के पास से लोहे का टुटा हुआ धारदार चाकू प्लास्टिक के मुठ को जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध अपराध घटित करना पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से दिनांक 01/06/2025 को विधिवत् गिरफ्तार कर आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया जाता है।सोशल मीडिया में करता था आपत्ति जनक पोस्ट-वही आरोपी का इंस्टाग्राम देखे तो चाकू और बंदूक लेकर डराने धमकाने का पोस्ट हमेशा रहता है जिसकी छानबीन पुलिस कर रही है। पुलिस अब ऐसे सोशल मीडिया के असामाजिक तत्वों पर भी नजर रखी हुई है जो चाकू लेकर वीडियो बनाते है। मीडिया ने आरोपी से बातचीत की तो उसने बताया की चुनाव के समय किसी बात पर उसके पिता से विवाद हुआ था इसके बदले की आग उसके मन में सुलग रही थी और उसने नशे की हालत में यह जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित उन्हें नाबालिक गंभीर अवस्था में अस्पताल में शान भर्ती है तो वहीं दूसरी ओर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का त्रैमासिक निरीक्षण

**दंतेवाड़ा,** 3 जून (देशबन्धु)। जिले के ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) एवं वीवीपैट (वोटर वेरीफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल) मशीनों के वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण जिले के कलेक्टर कुणाल दुदावत ने किया, जिसमें विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।



निरीक्षण का उद्देश्य ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, रखरखाव एवं भंडारण प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करना था। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस में रखी गई मशीनों की सीलिंग, कैमरा निगरानी प्रणाली, अग्निशमन व्यवस्था तथा तैनात सुरक्षा बलों की मौजूदगी की भी जांच की गई। इस दौरान कलेक्टर श्री दुदावत ने वेयरहाउस में मौजूद अधिकारियों से मशीनों की स्थिति, नियमित चेकअप और लॉगबुक के रखरखाव के संबंध में जानकारी प्राप्त की। साथ ही, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को सभी प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई और उनके सवालों का संतोषजनक उत्तर भी दिया गया।

- कलेक्टर एवं राजनैतिक दलों की रही उपस्थिति

निरीक्षण के पश्चात कलेक्टर ने बताया कि वेयरहाउस में सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन किया जा रहा है और सभी मशीनें सुरक्षित हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए समय-समय पर इस प्रकार के निरीक्षण जारी रहेंगे। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी मूलचंद चोपड़ा, जिला कोषालय अधिकारी चमन प्रसाद जोशी, सुपरवाइजर अजय नायक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## खम्हरिया में आवास निर्माण का निरीक्षण व समस्याओं की समीक्षा

**नगरी,** 3 मई (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत खम्हरिया में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों के निरीक्षण एवं जनहित से जुड़ी समस्याओं की समीक्षा हेतु आज एक महत्वपूर्ण दौरा संपन्न हुआ। इस अवसर पर जनपद पंचायत नगरी की मुख्य कार्यपालन अधिकारी (ष्टश्वह्र) रोहित बोरझा, जनपद सदस्य क्षमा साहू, ग्राम पंचायत खम्हरिया के सरपंच श्री संतराम नेताम, रोजगार सहायक, आवास मित्र एवं तकनीकी निरीक्षण हेतु आवास इंजीनियर उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन आवासों की गुणवत्ता, प्रगति तथा लाभार्थियों को आ रही समस्याओं की विस्तार से समीक्षा की गई। अनेक स्थानों पर निर्माण कार्य में सामग्री की अनुपलब्धता, तकनीकी मार्गदर्शन की कमी तथा भुगतान में विलंब जैसी समस्याएं सामने आईं। इन समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को तत्काल निर्देशित किया गया। जनपद ष्टश्वह्र द्वारा स्पष्ट किया गया कि आवास योजना के तहत प्रत्येक पात्र हितग्राही को समय पर एवं गुणवत्ता युक्त आवास उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी मैदानी अमले को सतर्क एवं जिम्मेदार रहना होगा। उन्होंने आवास मित्र एवं रोजगार सहायक को यह सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया कि लाभार्थियों को योजना की सभी जानकारी समय पर मिले और उनके आवेदन/शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए।



जनपद सदस्य श्रीमती क्षमा साहू ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का कर्तव्य है कि वे योजनाओं के सही क्रियान्वयन पर सतत निगरानी रखें और पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने में पूर्ण सहयोग करें। ग्राम पंचायत के सरपंच श्री संतराम नेताम ने गांव में हो रही समस्याओं की जानकारी विस्तार से अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत की और उनके शीघ्र समाधान की अपेक्षा व्यक्त की। इस निरीक्षण के पश्चात उपस्थित सभी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं एवं समाधान का आश्वासन दिया।

# मंगनार-पण्डेवार में ग्रामीणों के बीच कलेक्टर

**दंतेवाड़ा,** 3 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने दंतेवाड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत मंगनार और पंडेवार का दौरा किया गया। इसके तहत उन्होंने ग्राम मंगनार के राशन दुकान में चावल उत्सव का जायजा लिया।



कलेक्टर ने कहा कि हर पात्र हितग्राहियों को खाद्यान्नों के वितरण प्राथमिकता के साथ तीन माह का राशन समय पर और पूरी मात्रा में उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान कलेक्टर ने स्वयं वहां खाद्यान्न उठाव करने आए हितग्राहियों से चर्चा कर खाद्यान्न वितरण के संबंध में जानकारी चाहा। यहां हितग्राहियों ने उन्हें बताया कि उन्हें समय पर हर प्रकार का राशन उपलब्ध हो रहा है।

ज्ञात हो कि जिले के सभी राशन कार्डधारी हितग्राहियों को आगामी 3 माह, जून से अगस्त तक का चावल एकमुश्त प्रदाय किया जायेगा। यह चावल माह जून में ही शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से उठाया जा सकेगा। इसके तहत जिले में प्रत्येक उचित मूल्य दुकान में 1 जिला स्तरीय नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है। इस निरीक्षण के उपरांत कलेक्टर ने ग्राम कुपेर में आधार अद्यतन (अपडेटशन) केंद्र का निरीक्षण किया और सभी ग्रामीणों का आधार शीघ्रता से अपडेट करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत भवन की स्थिति को देखकर दीवारों में सीलन की समस्या को गंभीरता से लिया और तत्काल प्रकरण बनाकर मरम्मत हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

- संवाद कर धरातल में देखी योजनाओं की हकीकत
- चावल उत्सव में बने साक्षी

इसके बाद श्री दुदावत ग्राम पंचायत पंडेवार पहुँचे, जहाँ उन्होंने 7 एकड़ क्षेत्र में विकसित किए जा रहे एफआरए क्लस्टर का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने मत्स्य पालन, उद्यानिकी, कृषि और अन्य विभागों की योजनाओं की प्रगति देखी और फलदार पौधों तथा सब्जियों की फसल के संबंध में उचित रखरखाव पर बल दिया साथ ही तालाबों में मत्स्य पालन गतिविधियों को बेहतर तरीके से करने के निर्देश दिए और उपस्थित हितग्राहियों से बातचीत कर उनकी समस्याएँ सुनीं। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जयंत नाहटा, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# एकता का शानदार माध्यम खेल : चैतराम

**दंतेवाड़ा,** 3 जून (देशबन्धु)। शहीद वीर गुण्डाधुर स्मृति टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन चितालंका ग्राउंड में विधायक चैतराम अटामी के नेतृत्व में किया गया। इसका शुभारंभ विधायक श्री अटामी, कलेक्टर कुणाल दुदावत, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में हुआ।



विधायक श्री अटामी ने कहा कि खेल एक ऐसी गतिविधि है जो शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से फायदेमंद होती है। यह लोगों को एक साथ लाता है, उन्हें कौशल विकसित करने में मदद करता है, और उन्हें आनंद प्रदान करता है। श्री अटामी ने कहा की खेल एक संगठित, प्रतिस्पर्धात्मक, और प्रशिक्षित शारीरिक गतिविधि है, जिसमें नियम और रीति-रिवाज होते हैं। अक्सर शारीरिक फिटनेस, मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक संबंध में योगदान करते हैं। खेल में प्रतियोगिता, आनंद, या दोनों शामिल हो सकते हैं, और यह व्यक्तिगत या टीम के रूप में किया जा सकता है। इस दौरान जिला महामंत्री धीरेन्द्र प्रताप, जिला उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, सुनीता भास्कर, जिला पंचायत सदस्य कमला विनय नाग, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, जिला मीडिया प्रभारी राहुल असरानी, मंडल अध्यक्ष जय भंसाली, साजन सिंह, निखिल नाग, चंद्रकांत स्वाई, शिव, बृजेश राणा, हिमांशु परघनीया एवं अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

- शहीद वीर गुण्डाधुर स्मृति क्रिकेट की शुरूआत
- जन प्रतिनिधियों के साथ मौजूद रहे कलेक्टर कुणाल

## विश्व साइकिल दिवस पर डाक विभाग का कार्यक्रम



**पिथौरा,** 3 जून (देशबन्धु)। सायकल चालन आवागमन का सुलभ साधन है, पर्यावरण के अनुकूल है एवं उत्तम स्वास्थ्य के लिये आवश्यक भी है। आज 3 जून को 'विश्व सायकल दिवस के अवसर पर' छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल द्वारा रायपुर जीपीओ में ट्रेवल कवर एवं स्पेशल कैंसलेशन का विमोचन किया गया। इस समारोह में डाक विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं रायपुर शहर के प्रख्यात साइकिलिस्ट एवं टूर दाज्जरायपुर ग्रुप के सदस्य श्री इंद्रसेन अग्रवाल, श्री सुयश शुक्ला उपस्थित रहे। सायकल चालन के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु डाक विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, पोस्टमैन एवं साइक्लिस्ट द्वारा डाक वस्तु भंडार टिकरापारा से रायपुर जीपीओ तक रैली भी निकाली गई।

## प्रादेशिकी का शेष...

### माओवाद का विद्रुप चेहरा ...

नागरिक मौजूद रहे। विदित हो कि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी को आदर्श मानकर नक्सली (माओवादी) बस्तर में जल, जंगल, जमीन की बात करते हैं। उसी चीन में 3-4 जून 1989 की रात तियानमेन चौक में लोकतंत्र की मांग करने वाले 10 हजार छात्रों को टैंक से कुचल दिया गया। नक्सलियों के आदर्श माओ त्से तुंग ने कहा था कि च्राजनीतिक शक्ति बंदूक की नली से निकलती है।ज्ज इस विचारधारा को लेकर नक्सलियों (माओवादियों) ने वर्षों से बस्तरवासियों को उनके अधिकारों से वंचित रखते हुए, बस्तर की भूमि में हजारों निर्दोष आदिवासियों को व सैकड़ों सुरक्षा कर्मियों को मौत के घाट उतारा है। बस्तर इन नक्सलियों (माओवादियों) की खोखली विचारधारा से आजाद होकर विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है,तो विचार पर संवाद करने का कार्यक्रम मंगलवार को आयोजित किया गया।

### मेडिकल कॉलेज में चोरी...

पता साजी किया जा रहा था। पता साजी दौरान ईशुलाल मण्डावी और चन्द्रकला मण्डावी को पकड़कर पुछताछ करने पर जुर्म कबुल किये एवं चोरी का रकम 500 रू. एवं 01 नग पर्स आरोपी से जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपीगणों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा चाहने माननीय न्यायालय प्रस्तुत किया गया।

### डिप्लोमा इन हैण्डलूम एण्ड टेक्सटाईल...

भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान, मड़वा प्लांट रोड, लखनपुर चौक, चाम्पा, जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) 495669 में जमा किया जा सकता है। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए ग्रामोद्योग संचालनालय हाथकरघा, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर में अथवा जिले में जिला हाथकरघा अधिकारी से संपर्क कर सकते है ।

# मुसवाडीह में साहू समाज ने भक्त माता कर्मा जयंती बड़े उत्साह व श्रद्धा के साथ मनाई

**सिमगा,** 3 जून (देशबन्धु)। ग्राम मुसवाडीह में साहू समाज के द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती बड़े उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक इन्द्र साव उपस्थित हुए। आज प्रात: से भक्त मां कर्मा के मंदिर में ग्रामवासियों द्वारा पूजा अर्चना की गई एवं शाम में महिलाओं एवं बच्चियों के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई जिसमें विधायक इन्द्र साव भी शामिल हुए पश्चात मंदिर चौक में सभी ग्रामीण एवं साहू समाज के द्वारा विधायक इन्द्र साव का स्वागत किया गया इस अवसर पर विधायक साव ने भक्त माता कर्मा की जयंती की बधाई दी माता कर्मा से समस्त छत्तीसगढ़ियों के जीवन में सुख समृद्धि और शांति की कामना करते हुए कहा की भक्त माता कर्मा का जीवन सेवा, भक्ति ,त्याग और परोपकार की अनुपम मिसाल है वे भगवान श्री कृष्ण की अनन्य भक्त थी और उनके आदर्श आज भी जनमानस को प्रेरणा देता है उन्होंने समाज के लोगों को कहा कि मुझे आज आपके बीच में कार्य करने का जो अवसर मिला है वो माता का आशीर्वाद है जो आज विधायक के रूप में आपकी सेवा कर रहा हूं छत्तीसगढ़ में हमारे पूर्वज मितान की परंपरा को निभाते हुए सामाजिक समरसता बनाए हुए थे मितान बनाने की यह संस्कृति विलुप्त हो रही है आज भाई-भाई के बीच जो विवाद चल रहे हैं उनसे समाज का नुकसान हो रहा है हमें वही पुराना भाईचारा समाज में फिर से लाना है और खासकर युवाओं को नशे से दूर रहते हुए सामाजिक उत्थान एवं शिक्षा के क्षेत्र में बढ़-चढ़कर अपनी योग्यता को प्रदर्शित करना है ताकि समाज के सुधार में एक नई क्रांति आ सके सरपंच कमलेश यदु की मांग पर साव ने मंदिर चौक में हाई मस्ट लाइट और गांव के लिए अलग से ट्रांसफार्मर लगाने की घोषणा की इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने कहा संत माता कर्मा केवल साहू समाज के लिए नहीं बल्कि संपूर्ण मानव समाज के लिए एक आदर्श है उनकी भक्ति,सेवा समर्पण की भावना को हमें अपने जीवन में उतरना चाहिए समाज में एकता, सद्भावना और समर्पण की भावना बनाए रखने के लिए उनके आदर्शों को आत्मसात करना आवश्यक है इस अवसर पर ग्राम के सरपंच कमलेश यदु सत्यजीत शेंडे समय लाल साहू केवल साहू नारायण बंजारे,प्रभू यदू,रतिराज साहू त्रिलोचन देवांगन ओंकार साहू आदि ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## भाजपा के सातों मंडल पदाधिकारियों की घोषणा

### विधायक और जिला अध्यक्ष ने दी बधाई



**दंतेवाड़ा,** 3 जून (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देशानुसार व संगठन महामंत्री पवन साय के मार्गदर्शन एवं जिला संगठन प्रभारी श्रीनिवास मद्दी की अनुशंसा से भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता के द्वारा दंतेवाड़ा, गीदम, बारसूर, बचेली, किरन्दुल, कुआकोण्डा व कटेकल्याण मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की गई हैं।

विधायक चैतराम अटामी व जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। विधायक श्री अटामी ने कहा कि आप सभी की कार्यकुशलता से संगठन के कार्यों को गति मिलेगी ऐसी पूरी उम्मीद और आशा है। आपके परिश्रम से भाजपा की रीति-नीति का विस्तार होगा एवं आगामी चुनावों में इसका परिणाम और भी बेहतर होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री गुप्ता ने कहा कि नवीन दायित्वों के निर्वाहन करने हेतु भाजपा का शीर्ष नेतृत्व आपके साथ कंधे से कंधे मिलाकर खड़ा है। आप सभी नव नियुक्त पदाधिकारी पार्टी का आधार स्तम्भ हैं। कार्यकर्ताओं की आशा और उम्मीद की किरण है। आपके नेतृत्व में संगठन के कार्यों को गति मिलेगी एवं कार्य कर्ताओं में नयी ऊर्जा का संचार होगा।

# छले जा रहे आदिवासी बाहरी ठेकेदारों से, शिकायत पर भी नहीं होती कार्रवाई

**कोण्डागांव**, 3 जून (देशबन्धु)। बाहरी ठेकेदारों के द्वारा सरकारी निर्माण कार्यों हेतु खरीदे गए निर्माण सामग्रियों एवं मजदूरों से कराए गए काम की मजदूरी राषि का भुगतान नहीं किए जाने से क्षेत्र के आदिवासी स्वयं को ठगा हुआ महसूस करके षिकायत कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजुद भी सम्बन्धित अधिकारियों के द्वारा उनकी परेषानी दूर करने के लिए समय पर कार्यवाही नहीं कर रहे होने का मामला सामने आया है।

बाहरी ठेकेदार से छले जाने से विगत लगभग 6 साल से परेषान हो रहे आदिवासी तुलाराम कोर्राम निवासी बड़ेकुरुसनार, तहसील मर्दापाल, जिला कोण्डागांव ने जिला कलेक्टर जनदर्षन जिला कोण्डागांव में पहुंचकर एवं जिला कलेक्टर से मुलाकात करके मर्दापाल एवं मटवाल हाई स्कूल भवन निर्माण हेतु ठेकेदार द्वारा खरीदे गए ईंट का कुल रकम रु.1,03,958 के भुगतान कराने विशयक लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लंबित रकम का भुगतान करने का आग्रह करते हुए लेख किया है कि अनुविभागीय अधिकारी लो.नि.वि.(भ./स.) अनुविभाग क्र.01 कोण्डागांव जिला कोण्डागांव के समक्ष 09 नवंबर 2022 को प्रस्तुत आवेदन पर ढ़ाई साल तक कोई कार्यवाही नहीं होने के कारण उन्हें यह आवेदन जनदर्षन में देना पड़ रहा है। आगे उल्लेखित है कि मेरे द्वारा ग्राम मर्दापाल एवं मटवाल हाई स्कूल भवन निर्माण हेतु ठेकेदार द्वारा खरीदे गए कुल रु.1,03,958 के ईंट का भुगतान कराने बाबत। विशयक आवेदन पत्र 09 नवम्बर 2022, 16 जनवरी 2023 एवं 11 सितम्बर 2023 को अनुविभागीय अधिकारी, लो.नि.वि.(भ./स.), अनुविभाग क्र.01 कोण्डागांव जिला कोण्डागांव (छ.ग.), के समक्ष प्रस्तुत करके ठेकेदार से लंबित रकम कुल रु.1,03,958 को दिलाने का निवेदन किया गया है। आरटीआई एक्ट 2005 से कार्यालय अनुवि.अधि., लो.नि.उप सम्भाग क्र.01, कोण्डागांव, ज्ञा. क्र.440/अ.वि.लि./ कोण्डागांव दिनांक 23/05/2025 में दो पेज



**खरीदे गए निर्माण सामग्रियों एवं मजदूरी राशि का नहीं करते भुगतान, बाहरी ठेकेदार**

प्राप्त हुआ है तथा जारी दोनों ही पत्रों में अनुविभागीय अधिकारी लो.नि. के द्वारा सम्बन्धित ठेकेदार को ईंट क्रय के एवज में तुलाराम कोर्राम को तत्काल भुगतान कर अधोहस्ताक्षरकर्ता अवगत कराया जाना सुनिष्चित करें अन्यथा आपके आगामी देयक भुगतान एवं एस.डी./पी.जी.की राषि को विमुक्त नहीं किया जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आपकी स्वयं की होगी। का लेख किया गया है, लेकिन सम्बन्धित विभागीय अधिकारी के द्वारा उपरोक्त पत्राचारों के बाद भी मुझे लंबित रकम कुल रु.1,03,958 का भुगतान ठेकेदार के द्वारा आज दिनांक तक नहीं किया गया है।

उपरोक्त कारण से ही जिला कलेक्टर के समक्ष यह आवेदन पत्र प्रस्तुत करके मुझ आदिवासी आवेदक के द्वारा आग्रह किया जा रहा है कि ग्राम मर्दापाल एवं मटवाल हाई स्कूल भवन का षासन-प्रषासन स्तर पर हो रहे निर्माण हेतु मुझ आवेदक से ठेकेदार द्वारा लिए गए ईंटों का लंबित कुल रकम रु.1,03,958 का भुगतान ठेकेदार अथवा निर्माण एजेंसी लो.नि.विभाग कोण्डागांव से करवाया जाए। आवेदक तुलाराम कोर्राम ने बताया कि उनके द्वारा जिस ईंट के लंबित भुगतान हेतु आवेदन पत्र जनदर्षन में दिया गया है, उन ईंटों की आपुर्ति मेरे द्वारा जे.आर.ड़ी.कन्सट्रक्षन द वर्ग ठेकेदार ग्राम सिरसिदा तहसील गुंडरदेही, जिला धमतरी को अक्टूबर 2019 में किया गया था। उसके बाद वर्श 2020 से 2022 तक मेरे द्वारा ठेकेदार से लंबित भुगतान किए जाने का आग्रह किया गया, नहीं देने पर मेरे द्वारा 09 नवम्बर 2022 लोनिवि के अधिकारी से लिखित में षिकायत किया गया लेकिन मुझे ईंटों का लंबित भुगतान नहीं किया गया। जिस तरह मुझे ईंटों का लंबित भुगतान नहीं किया गया है, ऐसे ही अन्य कई जनों को भी अलग-अलग ठेकेदारों के द्वारा लंबित भुगतान नहीं किया जाकर स्थानीयजनों से छल किया जा रहा है। अब देखने वाली बात यह है कि जिला कलेक्टर, स्थानीय आदिवासियों से किए जा आर्थिक छल वाले मामले को कितनी गम्भीरता से लेती हैं और कब तक लंबित भुगतान करवाती हैं।

# युक्तियुक्तिकरण की काउंसलिंग के खिलाफ जनपद कार्यालय के सामने दिया धरना

**कोण्डागांव**, 3 जून (देशबन्धु)। युक्तियुक्तिकरण एवं काउंसलिंग के विरोध में कोण्डागांव के शिक्षकों का विरोध प्रदर्शन और जनपद कार्यालय के सामने धरना प्रदर्षन करने के साथ-साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं के काउन्सलिंग में शामिल हो रहे होने की बात सामने आई है। जिला मुख्यालय कोण्डागांव के जनपद कार्यालय में मंगलवार को प्राथमिक शालाओं में कार्यरत अतिशेष शिक्षकों और प्रधान पाठकों की युक्तियुक्तिकरण काउंसलिंग आयोजित की गई। जिला के पांचों विकास खंडों से कुल 385 शिक्षकों की इस काउंसलिंग को लेकर पहले ही विरोध की स्थिति बन चुकी थी। काउंसलिंग की प्रक्रिया से पूर्व शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ ने युक्तियुक्तिकरण नीति के विरुद्ध मोर्चा खोलते हुए 1 जून से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया था। इसी क्रम में मंगलवार को काउंसलिंग के दिन मंच के सदस्य जनपद पंचायत कार्यालय कोण्डागांव के मुख्य द्वार के सामने धरने पर बैठ गए और काउंसलिंग प्रक्रिया का विरोध किया।



**शिक्षकों के विरोध प्रदर्शन के बाद भी शिक्षक शामिल हो रहे काउंसलिंग में**

धरने का नेतृत्व कर रहे मंच के जिला संयोजक ऋषिदेव सिंह ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा जारी की गई अतिशेष शिक्षकों की सूची में कई प्रकार की विसंगतियाँ पाई गई हैं। आरोप लगाया कि कई ऐसे शिक्षक सूची में शामिल कर दिए गए हैं, जो वास्तविक रूप से अतिशेष की श्रेणी में नहीं आते। मंच की मांग है कि पहले इन विसंगतियों को दूर करते हुए दावा-आपत्ति हेतु समय दिया जाए, तत्पश्चात ही काउंसलिंग प्रक्रिया को आगे बढ़ाई जाए। हालांकि, विरोध प्रदर्शन के बावजूद जनपद कार्यालय में काउंसलिंग की प्रक्रिया निर्धारित समयानुसार शुरू कर दी गई। काउंसलिंग स्थल पर सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं। वहीं सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि विरोध के बावजूद कई शिक्षक-शिक्षिकाएं, जनपद कार्यालय भवन में प्रवेष करके काउंसलिंग प्रक्रिया में सम्मिलित हुए। आज मंगलवार को जहां केवल प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों की काउंसलिंग की गई है, वहीं बुधवार 4 जून को मिडिल और हाई स्कूल शिक्षकों की काउंसलिंग की जाएगी।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी समस्याएं

**तिलकराम को मिला तत्काल राशन कार्ड**



**कोण्डागांव**, 3 जून (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने 3 जून को जिला कार्यालय के सभा कक्ष में साप्ताहिक जनदर्शन में आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता के साथ सुनी और संबंधित अधिकारियों को उनके आवेदनों पर त्वरित निराकरण हेतु निर्देशित किया। जनदर्शन में ग्राम पंचायत हड़ेली के मरकामपाल गांव के तिलकराम यादव द्वारा राशन कार्ड के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए राशन कार्ड बनाया गया। ग्राम पेरमापाल के सरपंच फुलसिंग कोर्राम ने नवीन पंचायत भवन निर्माण कराने की मांग की, ग्राम पंचायत धनोरा के नोहरूराम मंडावी ने बताया कि नल जल योजना के तहत हर घर में नल कनेक्शन दिया गया है, लेकिन पानी नहीं पहुंच रहा है। उन्होंने पानी सप्लाई शुरू करने की मांग की। कलेक्टर ने ग्रामीणों की शिकायत पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देशित किया। इसी प्रकार ग्राम सिधावंड से जोंदराबेड़ा तक सड़क निर्माण, ग्राम छोटे उसरी से ग्राम रेंगागोंदी तक पुलिया सहित सड़क निर्माण सहित राशन कार्ड, पेंशन, राजस्व प्रकरणों सहित कई मांगों एवं समस्याओं को लेकर 30 आवेदन प्राप्त हुए।

# राज्य के आयुष्मान योजना से सम्बद्ध अस्पतालों में दुर्घटना में घायल मरीजों को डेढ़ लाख तक का मिलेगा नि:शुल्क ईलाज

**कोण्डागांव**, 3 जून (देशबन्धु)। केन्द्र सरकार द्वारा सड़क दुर्घटना होने वाले पीडितों के लिए नकदी रहित उपचार स्कीम 2025 शुरू किया है। इसके तहत सड़क दुर्घटना होने पर पीड़ितों को नकदी रहित मुफ्त उपचार की व्यवस्था होगी। इसमें किसी भी पीड़ित परिवार को 7 दिन की अवधि के लिए आयुष्मान स्वास्थ्य योजना से संबद्ध हास्पिटल में डेढ़ लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त मिलेगा। ये नि:शुल्क इलाज एक व्यक्ति के लिए डेढ़ लाख रुपए तक होगा। इसमें वे सभी हास्पिटल शामिल होंगे, जिन्हें आयुष्मान योजना के तहत शामिल किया गया है। आयुष्मान योजना के अंतर्गत पंजीकृत किसी भी अस्पताल में नई योजना के तहत दुर्घटना में घायल व्यक्ति सात दिन तक डेढ़ लाख रुपए तक का का नि:शुल्क इलाज के लिए पात्र होगा।

**राहवीर योजना अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने पर मिलेगा 25 हजार का पुरस्कार**

**सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद हेतु आमजनों को प्रेरित करने राहवीर योजना**

इसी प्रकार शासन द्वारा आमजनों को आपातकालीन स्थिति में सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने और उनका मनोबल बढ़ाने तथा सड़क दुर्घटना पीड़ितों की जान बचाने के लिए दूसरों को प्ररित करने की आवश्यकता को देखते हुए ''राहवीर'' योजना शुरू की गई है। इस योजनान्तर्गत कोई भी व्यक्ति जो गंभीर सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ित व्यक्ति की तत्काल सहायता करने दुर्घटना के गोल्डन ऑवर के भीतर अस्पताल या ट्रामा केयर सेंटर में पहुंचाकर चिकित्सा उपचार हेतु पहल कर जान बचाई हो, ऐसे नेक व्यक्ति को पुरस्कार प्रदान की जाएगी। सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वाले राहवीर (गुड सेमेरिटन) के लिए 25 हजार रूपए की राशि पुरस्कार के रूप में दी जाएगी। साथ ही प्रशंसा पत्र भी दी जाएगी।

# कासोली के हितग्राहियों ने मनाया चावल उत्सव

**जन प्रतिनिधियों की मौजूदगी में मिला 3 महीने का चावल**



**दंतेवाड़ा**, 3 जून (देशबन्धु)। गीदम ब्लाक के कासोली में भी चावल उत्सव मनाया गया। जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हितग्राहियों को 3 महीने का चावल एक मुश्त वितरित किया गया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला भास्कर, उपाध्यक्ष दिनेश कौशल, सरपंच शैलेश अटामी, मंडल अध्यक्ष सुदराम भास्कर, नोडल अधिकारी तहसीलदार गीदम, नवनियुक्त महामंत्री अजय अवस्थी, पंच सामनाथ अटामी, रतन तामो, रामा अटामी, भगत अटामी, पंच श्रीमती सामो तामो, गायत्री अटामी, फूलमती कारटाम, मायावती ऊजी, सचिव रविन्द्र सोनी सहित कई गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी रही।

## सार-संक्षेप

### बिना खाद्य लाइसेंस के कारोबार करने पर न्यायालय ने लगाया 50 हजार का जुर्माना

**कोण्डागांव**, 3 जून (देशबन्धु)। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं के लिए खाद्य लाइसेंस लेना अनिवार्य है, लेकिन जिले में निरीक्षण के दौरान कई प्रतिष्ठानों को बिना लाइसेंस के खाद्य सामग्री का व्यवसाय करते हुए पाया गया। ऐसे मामलों में संबंधित खाद्य कारोबारियों के विरुद्ध प्रकरण तैयार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इनमें जुसब भाई किराना स्टोर्स केशकाल, दिलदार ढाबा बहीगांव, 750 सिंगनपुर ढाबा सिंगनपुर, नेताम किराना स्टोर्स राधना, एवं पुष्पा होटल बोरगांव शामिल हैं। विशेष रूप से 750 सिंगनपुर ढाबा के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा की गई कार्रवाई के तहत, ढाबे से तंदूरी रोटी निर्माण में उपयोग होने वाले आटे का नमूना लिया गया था। जांच में आटा मानकों पर खरा उतरा, किंतु प्रतिष्ठान के पास वैध खाद्य लाइसेंस नहीं था। इस पर न्यायालय ने विचार करते हुए ढाबा संचालक को 50 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

### दाई बाबा दिवस हेल्थ मेला का आयोजन आज

**तिल्दा नेवरा**, 3 जून (देशबन्धु)। विकासखंड तिल्दा में मुख्य चिकित्सा एवं स्वस्थ अधिकारी के निर्देशानुसार दाई बाबा दिवस हेल्थ मेला का आयोजन समस्त स्वस्थ केंद्र में 4 जून से आयोजन किया जाना है। आयोजन का उद्देश्य- समुदाय में बुजुर्गो के सम्मान और सहभागिता को बढ़ावा देना। बुजुर्गो के स्वस्थ की समग्र जांच एवं स्वस्थ सुविधा उपलब्ध कराना। पीढ़ियों के बीच संवाद और भावनात्मक जुड़ाव को सशक्त करना। युवाओं को बुजुर्गो को देख भाल एवं सेवा के प्रति स्वामदंशील बनाना।

# कलेक्टर ने साप्ताहिक समय-सीमा की ली बैठक

**कोण्डागांव**, 3 जून (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने 3 जून को जिला कार्यालय के सभा कक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में मानसून के दौरान बचाव एवं राहत कार्य के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभा कक्ष में कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने विभागवार लंबित आवेदनों के निराकरण के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की और आवेदनों पर समुचित एवं त्वरित कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सहकार से समृद्धि अभियान के तहत सहकारी समिति के गठन की जानकारी ली साथ ही प्रधान मंत्री आवास योजना के प्रगति की समीक्षा करते हुए अप्रारंभ कार्य को जल्द शुरू करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने बैठक में सड़क दुर्घटना के पीडितों के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू की गई सड़क दुर्घटना पीड़ितों का नकदी रहित उपचार स्कीम 2025 के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है, जिसमें सड़क दुर्घटना होने पर पीड़ितों को नकदी रहित मुफ्त उपचार की व्यवस्था होगी। इसमें किसी भी पीड़ित परिवार को 7 दिन की अवधि के लिए आयुष्मान स्वास्थ्य योजना से संबद्ध हास्पिटल में डेढ़ लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त मिलेगा। साथ ही सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने पर राहवीर योजना अन्तर्गत नगद 25000 रुपए प्रोत्साहन राशि हेतु शासन की योजनाओं के संबंध में दिशा-निर्देश के बारे में जानकारी दी और इसके बेहतर क्रियान्वयन हेतु निर्देशित किया।



**अतिवर्षा व बाढ़ से बचाव के लिए सभी तैयारी सुनिश्चित करने दिए निर्देश**

कलेक्टर ने आगामी मानसून को देखते हुए जिले में बाढ़ नियंत्रण एवं आपदा प्रबंधन की तैयारियों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने जिला कार्यालय में बाढ़ नियंत्रण कक्ष के समुचित संचालन के साथ ही आपातकालीन स्थितियों से निपटने सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। साथ ही सभी पीडीएस दुकानों, विशेषकर बरसात के समय पहुंचविहीन गांवों में तीन माह के राशन सामग्री का पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत महिलाओं की स्वास्थ्य जांच और विकसित कृषि संकल्प अभियान के प्रगति सहित शासन की अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं निर्माण कार्यों के प्रगति की जानकारी ली। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# 12 दिवसीय ग्रीष्मकालीन क्रिकेट प्रशिक्षण का समापन



**कोण्डागांव**, 3 जून (देशबन्धु)। मां दंतेश्वरी क्रिकेट एकेडमी में ग्रीष्मकालीन क्रिकेट प्रशिक्षण का समापन 3 जून सोमवार को संपन्न हुआ। जिसमें नगर के गणमान्यजन, अभिभावकगण, प्रशिक्षकगण एवं युवा प्रशिक्षुओं की उपस्थिति रही। उल्लेखनीय है कि स्थानीय विकास नगर स्टेडियम क्रीड़ांगन में चल रहे इस प्रशिक्षण में 16 वर्ष आयु वर्ग तथा 19 वर्ष आयु वर्ग के प्रशिक्षु शामिल हुए, जिन्हें मध्य प्रदेश रणजी ट्रॉफी टीम के प्लेयर रह चुके भिलाई निवासी ऋषि अहीर, कोंडागांव के सुरंजन आचार्य, महेंद्र यदु, बी.जान ने प्रशिक्षण दिया। 12 दिवसीय प्रशिक्षण उपरांत मुख्य प्रशिक्षक ऋषि अहीर को विदाई समारोह आयोजित कर स्थानीय लौह हस्तशिल्प निर्मित मोमेंटो शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में कोंडागांव के फुटबॉल प्लेयर ओमोल बोसु राय, अनूप विश्वास, संजय राठौर, नंदलाल पटेल, सहदेव शाहा ने अपने उद्बोधन में इस प्रशिक्षण शिविर की महत्ता को प्रतिपादित किया। मुख्य प्रशिक्षक ऋषि अहीर ने अपने उद्बोधन में कहा कि जब-जब वे कोंडागांव से गुजरेंगे तब-तब वे इस प्रशिक्षण शिविर के सिखाए गए गुरों का फलोअप फीडबैक लेंगे। उल्लेखनीय है कि ऋषि अहीर एनएमडीसी बचेली के क्रिकेट टीम को भी शासन की योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण देते हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन ब्रजेश तिवारी ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन हितेंद्र श्रीवास के द्वारा दिया गया। प्रशिक्षुओं की ओर से मानव ने प्रशिक्षण शिविर की सभी सीखों को अमल में लाने की प्रतिबद्धता दोहराई एवं इसे कनिष्ठ खिलाड़ियों को भी बताने का संकल्प लिया।

# गुम हुई महिला को खोज निकाला फरसगांव पुलिस ने



**कोण्डागांव**, 3 जून (देशबन्धु)। 17 दिन पूर्व घर से बिना बताए गुम हुई महिला को फरसगांव पुलिस द्वारा ऑपरेशन तलाश के तहत् चंद घंटों में दस्तयाब किये जाने के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रार्थी नारायण बघेल निवासी बरकई प्लाटपारा ने 2 जून को थाना उपस्थित आकर गुम इंसान की सूचना दर्ज कराया कि प्रार्थी की पत्नि श्रीमति कमितला बघेल 25 वर्ष 16 मई को घर से बिना बताये चली गयी थी। जिसका आस पास एवं परिजनों के यहाँ पता तलाश किया गया, कहीं नहीं मिलने पर प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना फरसगांव में गुम इंसान क्र. 22/2025, 2 जून को कायम कर पता तलाश में लिया गया। गुम इंसान महिला होने से मामले को गंभीरतापूर्वक लेते हुए ऑपरेशन तलाश के तहत् गुम युवती की पतासाजी हेतु पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार (भा.पु.से.) के सख्त आदेश पर एडिशनल एसपी कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अभिनव उपाध्याय के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी संजय सिन्दे के नेतृत्व में लगातार हर संभव पता तलाश की जा रही थी। पता तलाश के दौरान गुम महिला का सूचना विश्रामपुरी क्षेत्र में मिलने पर विश्रामपुरी जाकर गुम इंसान श्रीमति कमितला बघेल 25 वर्ष निवासी बरकई को दस्तयाब बाद सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपूर्द किया गया। जिसमें परिजन गुम इंसान को अपने बीच पाकर खुसी से थाना फरसगांव पुलिस का अभार व्यक्त किया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी संजय सिन्दे, सउनि. पिताम्बर कठार म.प्र.आर. 217 बीना मण्डावी, आर. 378 अजरंग बघेल की उल्लेखनीय भूमिका रही है।

# पाइप लाइन बिछाने शीतलापारा वार्ड का खोदा सड़क, अधूरे कार्य से हो रही परेशानी

**कोण्डागांव**, 3 जून (देशबन्धु)। पाइपलाइन बिछाने के लिए तीन माह पहले खोदे गए गड्ढे अब स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बनते नजर आ रहे हैं। स्थिति यह है कि कई घरों के सामने और पीछे गड्ढे खोदकर काम को अधूरा छोड़ दिया गया है। ठेकेदार द्वारा पाइपलाइन बिछाने का कार्य आधे रास्ते तक किया गया है, परंतु शेष हिस्से में पाइप ही नहीं डाला गया है और बिना पाइप डाले गड्ढे गिट्टियों से पाट दिया है। इससे न केवल लोगों को आवाजाही में बाधा पहुंच रहा है, बल्कि दुर्घटना कक आषंका भी बनी हुई है। शीतलापारा वार्ड निवासी अरुण कुमार साहू, मोहम्मद हैदर ने दावा किया कि काम की शुरुआत बड़ी उम्मीदों के साथ हुई थी, परंतु ठेकेदार की लापरवाही के कारण अब यह काम परेशानी का कारण बन गया है। घर के सामने गड्ढा खोदने से बच्चों और बुजुर्गों का निकलना मुश्किल हो गया है, कई लोग गिरकर घायल भी हो चुके हैं।



**खुदे गड्ढे और टूटी सड़कें, बारिश में बनेगी मुसीबत**

सड़क भी बुरी तरह टूट चुकी हैं, खुदाई के बाद मलबा भी वहीं छोड़ दिया गया है, जिससे गाड़ियों का चलना भी मुश्किल हो गया है। बारिश का मौसम नज़दीक है और यदि समय रहते यह काम पूरा नहीं हुआ तो स्थिति और भी भयावह हो सकती है। कीचड़ और जलभराव से गड्ढे दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। उन्होंने मांग किया है कि नगर निगम या संबंधित विभाग तुरंत इस ओर ध्यान दे और काम को प्राथमिकता के साथ पूरा कराए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी कोंडागांव दिनेश कुमार डे ने इसे दिखवाने की बात कही है। वहीं नरपति पटेल अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कोंडागांव ने कहा कि पाइप लाइन बिछाने जिन मोहल्ले की सड़कें खुदी है, उसको पहले जैसा था, उसी तरह मरम्मत कर देने का निर्देश ठेकेदार को दिया गया है, ताकि लोगों को दिक्कत न हो।

# भाजपा के राज में कोई नहीं रहेगा भूखा : नंदलाल

**दंतेवाड़ा**, 3 जून (देशबन्धु)। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीण अंचलों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से ग्राम मैलेवाड़ा में चावल उत्सव का आयोजन किया गया। चावल उत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी पहुंचे ग्रामीणों को तीन माह का राशन वितरण किए। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और योजना का लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंतर्गत शासन की योजना अनुसार पात्र हितग्राहियों को तीन माह का नि:शुल्क राशन वितरित किया गया, जिसमें चावल, नमक, चना, शक्कर एवं अन्य आवश्यक खाद्यान्न सामग्री शामिल थी। इस वितरण से ग्रामवासियों के चेहरों पर संतोष और खुशी झलकती दिखाई दी।

इस अवसर पर श्री मुड़ामी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की मंशा है कि अंतिम पंक्ति तक बैठे व्यक्ति को भी भरपेट भोजन मिले और कोई भी परिवार भूखा न सोए। इसी उद्देश्य से यह चावल उत्सव मनाया जा रहा है, ताकि योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचे। कार्यक्रम में उन्होंने यह भी बताया कि शासन की अन्य योजनाएं जैसे पीएम आवास, मनरेगा, स्वास्थ्य सेवाएं आदि भी तेज़ी से ग्रामीण क्षेत्रों में क्रियान्वित की जा रही हैं।



- **मैलावाड़ा में मनाया चावल उत्सव**
- **हितग्राहियों को तीन माह का राशन वितरण**

ग्रामवासियों ने शासन और जिला प्रशासन का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से उन्हें न केवल राहत मिलती है, बल्कि सरकार पर भरोसा भी मज़बूत होता है। इस अवसर पर युवा मोर्चा कार्यसमिति सदस्य सुमित भदोरिया, सरपंच रामकुमार, सुंदर नाग, नंदलाल नाग, इंदरजीत सिन्हा, जय राम, सीताराम, मानसाय, नोडल अधिकारी नेताम, खाद्य अधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं पंचायत पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**उल्टा पुल्टा**

राजू पहाड़ों पर पैराशूट बेच रहा था

ग्राहक- अगर पैराशूट नहीं खुला तो?

राजू- तो आपके पूरे पैसे वापिस ।

## संपादकीय

## नशे और अपराधों में फंसते नाबालिग

*छत्तीसगढ़ के युवा जिस तरह से विभिन्न तरह के नशों का शौक पूरा करने के लिये अपराधों की ओर मुड़ रहे हैं, वह बेहद चिंताजनक है। वैसे तो यह स्थिति कमोवेश देश भर की है, लेकिन प्रदेश जो पहले से ही बहुत सम्पन्न नहीं है और यहां शिक्षा का स्तर भी अत्यंत असंतोषजनक है, यदि यहां के नाबालिग व युवा इसकी गिरफ़्त में आकर बड़े पैमाने पर अपराधों की दुनिया में प्रवेश करते हैं तो यह कानून-व्यवस्था के साथ कई सामाजिक समस्याओं को जन्म दे सकता है। इसलिये सरकार और स्वयंसेवी संगठनों को चाहिये कि नाबालिगों-युवाओं को छोटे-बड़े नशों से दूर रहने के लिये जागरूक करें जो कि बहुत से अपराधों की जड़ है।*

*इस समस्या की तह में जाएं तो पाते हैं कि बड़ी संख्या में युवाओं की न तो शिक्षा में रुचि रह गयी हैं और न ही वे रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। विशेषकर अल्प शिक्षित नौजवान जो ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं, उनकी दिलचस्पी कृषि कार्यों में भी नहीं रह गयी है। कई बार वे शहरों या कस्बों में चले जाते हैं परन्तु उन्हें कोई काम नहीं मिलता तो वे अपनी ज़रूरतों को पूरा करने के लिये अपराध करने लगते हैं। इसकी शुरुआत अक्सर छोटी-मोटी वस्तुओं की चोरियों से होती है जो बाद में मोटर साइकल, मोबाइल, जेवर आदि चोरी में तब्दील हो जाती हैं। इनमें एक वर्ग रहता है जो नाबालिगों का होता है। वे अपने से बड़े अपराधियों के मार्गदर्शन और संगत में अधिक गम्भीर अपराधों की ओर बढ़ जाते हैं। ज्यादातर अपराधियों का रूझान नशीले पदार्थों की सेवन की ओर होता है। गांजा-शराब से लेकर नशे के इंजेक्शनों से टेबलेटों का सेवन तक इसमें शामिल है।*

*नाबालिगों का एक और वर्ग होता है जो मोबाइल, बाइक आदि के शौक पूरा करने के लिये चोरी-डकैती करते हैं। कई बार मित्रों की टोलियां बनाकर ये अवयस्क किशोर जेब काटने, दुकानों या घरों से उठाईगिरी करने लग जाते हैं। जेबों से मोबाइल, पैसे या बटुवे निकाल लेना, बस-ट्रेनों या भीड़-भाड़ वाली जगहों से चारी कर वे अपने न केवल शौक पूरा करते हैं बल्कि नशे के पदार्थ खरीदते हैं। इस तरह देखें तो नशे और अपराधों का निकट का सम्बन्ध होता है। नशे की लत इतनी अधिक होती है कि वे उसके लिये किसी भी हद तक जा सकते हैं।*

*पिछले दिनों खरोरा में हुई डकैती में तक कुछ नाबालिग शामिल थे। अब रायगढ़ में जो वारदात हुई है वह बतलाती है कि नाबालिग नशे के लिये कहां तक जा सकते हैं। रविवार की रात नशे के आदी तीन किशोरों और एक युवक ने एक ट्रेलर को देहजरी गांव के पास रोका। चालक का मोबाइल तथा 2600 रुपये नगद छीन लिये। ट्रेलर लेकर भी वे फरार हो गये। हालांकि पकड़ लिये गये।*

# पंडरी कपड़ा मार्केट की 23 दुकाने सील निगम की कार्रवाई से भड़के व्यापारी




**रायपुर**, 3 जून (देशबन्धु)। पंडरी कपड़ा मार्केट में नगर निगम द्वारा मंगलवार को 22 दूकानों को सील किए जाने की कार्रवाई की गई।52 और दुकानदारों को नोटिस जारी की जा रही है।नियम विरुद्ध सड़क की ओर मुख्य दरवाजा खोलने के चलते यह कारवाई की गई।इसके पूर्व भी दो बार दुकानों को सील किया जा चुका है।

### ■ विरोध में बंद रही अन्य दुकाने
### ■ बाद में आश्वासन पर खोला गया

नगर निगम जोन 2 की टीम भारी पुलिस बल के साथ आज दोपहर वहां पहुंची।साथ में काफी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद था।निगम कर्मियों ने बारी बारी से सभी 22 दुकानों को सील करना शुरू कर दिया।

नगर निगम की टीम ने आज सुबह सड़क के दोनों किनारों पर बनी उन दुकानों को सील किया है, जिनके गेट सड़क की ओर खुले हैं।निगम अधिकारियों का कहना है कि यह नियमों का उल्लंघन है और दुकान का मुख्य प्रवेश द्वार अंदर की ओर होना चाहिए, ताकि फुटपाथ और सड़क पर अतिक्रमण न हो।

वहां मौजूद पंडरी के कारोबारियों ने अपने स्तर पर विरोध किया।उन्होंने निगम द्वारा की गई कारवाई के विरोध में पंडरी थोक कपड़ा मार्केट के व्यापारियों ने बाजार के सभी प्रवेश द्वारों पर ताले जड़ दिए।उन्होंने कहा जब तक समाधान नहीं होगा, तब तक गेट नहीं खुलेंगे।

इस कार्रवाई से नाराज़ व्यापारियों ने एकजुट होकर सभी गेट बंद कर दिए और कारोबार पूरी तरह ठप कर दिया।व्यापारियों का कहना है कि वे वर्षों से वहीं पर व्यापार कर रहे हैं और अब अचानक ऐसी कार्रवाई से उनकी रोज़ी-रोटी पर असर पड़ रहा है।

स्थानीय विधायक पुरंदर मिश्रा और चैंबर अध्यक्ष सतीश थारानी पंडरी पहुंचे और व्यापारियों से बातचीत हुई।मौके पर पुलिस बल भी तैनात किया गया था। ताकि हालात काबू में रहें। व्यापारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक उन्हें उचित समाधान और आश्वासन नहीं मिलेगा, तब तक कपड़ा मार्केट का कोई भी गेट नहीं खोला जाएगा।

इसके बाद उतर विधायक पुरंदर मिश्र वहां पहुंचे।उन्होंने अधिकारियों से चर्चा कर सील की गई दुकानों को खुलवाने का आश्वासन दिया है।इसके लिए बुधवार को कारोबारियों को बुलाया गया है।

### पंडरी की 52 और दुकानों को नोटिस

जानकारी के अनुसार पंडरी थोक कपड़ा मार्केट की 52 और दुकानों को सील करने की तैयारी है।इसके लिए उन्हें नोटिस जारी की जा रही है।निगम सूत्रों की माने तो बुधवार को नोटिस उन्हें जाएगी। पूर्व में भाजपा और कांग्रेस दोनों के शासन काल में भी इन दुकानों को सील किया गया था।बाद में फिर दुकाने खोल दी गई।सूत्रों की माने तो आज कारवाई के दौरान कारोबारी चैंबर के नेताओं को फोन कर बुलाते रहे।लेकिन नहीं पहुंचे।शाम को वे आए और खाली आश्वासन देकर चले गए।

# रायपुर में बढ़ रहे हैं कोविड के मामले



**रायपुर**, 3 जून (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में कोविड-19 संक्रमण के मामलों में एक बार फिर बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। मंगलवार को कोविड के 3 नए मरीज सामने आए हैं। इससे पहले दो दिनों में 7 एक्टिव केस दर्ज किए गए थे। इस तरह रायपुर जिले में अब कुल 10 एक्टिव मरीज हैं।

### ■ मिले 3 नए संक्रमित, कुल 10 एक्टिव केस, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, इन 10 में से 9 मरीज होम चारंटाइन में हैं, जबकि 1 मरीज को एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। राहत की बात यह है कि अब तक 2 मरीज रिकवर भी हो चुके हैं, जिससे जिले में कुल 12 केस सामने आ चुके हैं।

**लगातार बढ़ रहे सर्दी-खांसी और बुखार के मामले**

स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि राजधानी में सर्दी, खांसी, जुकाम और बुखार के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसे देखते हुए विभाग ने नई एडवाइजरी जारी की है।

इसके तहत इन्फ्लुएंजा लाइक इलनेस (ILI) और सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी इलनेस (SARI) के लक्षणों वाले मरीजों की पहचान और स्क्रीनिंग पर जोर दिया गया है। सभी ऐसे मरीजों की कोविड जांच के लिए सैंपल तुरंत भेजे जाने के निर्देश दिए गए हैं।

**सभी अस्पतालों को अलर्ट, सैंपल भेजे जाएंगे एम्स**

सरकारी और निजी अस्पतालों को निर्देश दिए गए हैं कि इस तरह के लक्षण वाले मरीजों की तत्काल रिपोर्टिंग की जाए। जरूरत पड़ने पर जीनोम सीचेंसिंग के लिए सैंपल एम्स रायपुर भेजे जाएंगे ताकि किसी नए वैरिएंट की पुष्टि की जा सके।

**मितानिनों को भी जिम्मेदारी, दवाइयों और संसाधनों की तैयारी**

स्वास्थ्य विभाग ने समुदाय स्तर पर निगरानी बढ़ाने के लिए मितानिनों को सक्रिय करने का फैसला लिया है। साथ ही सभी अस्पतालों को आवश्यक दवाइयों और सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

स्वास्थ्य विभाग ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि किसी भी तरह के लक्षण महसूस होने पर तुरंत जांच कराएं और एहतियात बरतें।

# समस्याओं को लेकर जीएसटी कमिश्नर से मिले चेम्बर पदाधिकारी



**रायपुर**, 3 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सतीश थौरानी के साथ चेम्बर के प्रतिनिधि मंडल ने जीएसटी कार्यालय, नया रायपुर में जीएसटी कमिश्नर पुष्पेंद्र मीणा से मुलाकात कर जीएसटी से संबंधित व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा किया तथा मुख्य 11 बिंदुओं का ज्ञापन सौंपा तथा जिसमें विभिन्न मुद्दे शामिल थे जैसे जीएसटी के आदेश मेल के द्वारा व्यापारियों तक पहुंचते हैं चूंकि स्थानीय व्यापारी लंबे समय तक मेल चेक नहीं कर पाते इसलिए अक्सर उन्हें आदेश देखने में देर हो जाती है और अपील का समय निकल जाता है।

इसे लेकर चेम्बर को आश्वासन दिया गया कि आगे से पोस्ट के द्वारा हार्ड कॉपी भी भेजी जाएगी जिससे यह समस्या न हो। इसके साथ ही चेम्बर ने कहा कि जीएसटी के अंतर्गत सर्वे या रेड आदि की कार्रवाई होती है तो अधिकारी व्यापारी पर अत्यधिक दबाव बनाते हुए दहशत का माहौल बना देते हैं जिससे व्यापारियों को बहुत समस्या होती है।

इसपर चेम्बर को आश्वासन मिला कि अधिकारियों को ट्रेनिंग दी जाएगी जिससे वे दहशत का माहौल न बनाएं और सही धारा का प्रयोग कर कार्यवाही करें।इसके अलावा चेम्बर ने कहा कि अक्सर छोटी-छोटी त्रुटियों के कारण धारा 129 के अंतर्गत 200 प्रतिशत की पैनल्टी लगा दी जाती है जबकि वर्ष 2018 में यह सर्कुलर आ चुका है कि छोटी-छोटी त्रुटियों के लिए सिर्फ़ 1 हजार रुपए की पैनल्टी लगाई जानी चाहिए।

इसपर जीएसटी कमिश्नर ने अधिकारियों को आदेश दिया कि त्रुटियों पर कार्रवाई करें लेकिन इस प्रकार की छोटी-छोटी त्रुटियों के कारण 200 प्रतिशत की पैनल्टी न लगाए बल्कि 1 हजार रुपए की पैनल्टी लगाएं। इसके साथ ही विभिन्न विषयों पर चेम्बर के प्रतिनिधि मंडल और जीएसटी के अधिकारियों के बीच चर्चा हुई।

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स से चेम्बर अध्यक्ष सतीश थौरानी के साथ चेम्बर के वाइस चेयर मैन चेतन तारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष राधा कृष्ण सुंदरानी, राजेश वासवानी, विनय बजाज, जसप्रीत सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष निकेश बरडिया तथा दयाल राजपाल एवं दिलीप इसरानी उपस्थित रहे।

# प्रदेश के 8 जिलों में निकलेगी नई रेल लाइन, बनेंगे 21 नए स्टेशन

**रायपुर**, 3 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य के लिए एक बड़ी और बहुप्रतीक्षित सौगात सामने आई है। केंद्र सरकार की ओर से प्रस्तावित एक नई रेलवे परियोजना के तहत प्रदेश के 8 अहम जिलों को आपस में जोड़ा जाएगा। यह न केवल राज्य के बुनियादी ढांचे को मजबूती देगा बल्कि रोजगार, व्यापार, परिवहन और पर्यटन के नए रास्ते भी खोलेगा। आने वाले वर्षों में यह रेल परियोजना छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था में जान फूंकने का काम करेगी और दूरदराज के इलाकों को मुख्यधारा से जोड़ने में क्रांतिकारी कदम साबित होगी।

इस नई रेलवे लाइन से प्रदेश के कुल 8 जिले सीधे तौर पर जुड़े होंगे। इनमें बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, महासमुंद, बलौदाबाजार, धमतरी और गरियाबंद जैसे महत्वपूर्ण जिले शामिल हैं। ये सभी जिले राज्य के औद्योगिक, खनिज संपन्न और कृषि आधारित क्षेत्र हैं, जिनकी कनेक्टिविटी बढ़ने से पूरे राज्य में संतुलित विकास संभव हो सकेगा।

**यात्री और माल परिवहन दोनों को होगा फायदा**-रेलवे विभाग ने कहा कि इस रेललाइन का फायदा केवल यात्रियों तक सीमित नहीं रहेगा। यह मालगाड़ियों के आवागमन के लिए भी एक बड़ा जरिया बनेगी। इससे उद्योगों को कच्चा माल पहुंचाने और तैयार उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने में आसानी होगी। छोटे व्यापारियों से लेकर बड़े उद्योगों तक सभी को इस कनेक्टिविटी का प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। जिन जिलों को इस रेलवे लाइन से जोड़ा जाएगा, उनमें कई प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहरें मौजूद हैं। बेहतर परिवहन सुविधा के चलते इन क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही स्थानीय हस्तशिल्प, कृषि उत्पाद और अन्य छोटे व्यवसायों के लिए नए बाजार खुलेंगे।

# पीएम आवास योजना में लापरवाही 14 पंचायत सचिवों का रोका गया वेतन

**रायपुर**, 3 जून (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने पर सरगुजा जिले के 14 ग्राम पंचायत सचिवों का मई माह का वेतन रोक दिया गया है। यह कार्रवाई जिला पंचायत सरगुजा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय कुमार अग्रवाल के निर्देश पर की गई है।

सीईओ अग्रवाल ने 30 मई 2025 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के सभी जनपदों की समीक्षा बैठक ली थी। बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, केंद्र व राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण और जनकल्याणकारी योजना है, जिसका उद्देश्य जरूरतमंद ग्रामीण परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराना है। इस योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले को जो लक्ष्य प्राप्त हुआ है, उसकी पूर्ति सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है। इसके बावजूद कुछ पंचायत सचिवों द्वारा कार्य में लापरवाही बरती जा रही थी, जिससे प्रगति बाधित हो रही थी। इसी के मद्देनज़र विगत एक माह से लगातार कम प्रगति दर्ज करने वाले सचिवों के विरुद्ध वेतन रोकने की कार्रवाई की गई है।

जिन ग्राम पंचायत सचिवों का वेतन रोका गया है, उनमें बड़ादमाली के रामवृक्ष यादव, टपरकेला के नंदलाल केरकेट्टा, लटोरी के अरुण सोनवानी, खुटिया के शिवभरोष राम, मानपुर के उर्मिला यादव, महेशपुर के राजकुमार, बकनाकला के मंगेश्वर, चंगोरी के प्रकाश यादव, ललाती के गजानंद राम, सरमना के प्रकाश तिग्गा, बंशीपुर के सुखलाल राम, सरगा के युवराज पवन गुप्ता, चैनपुर के सोनेकमल लकड़ा एवं उरंगा की सचिव सुषमा महंत शामिल हैं।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सभी ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देशित किया है कि वे प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में गंभीरता से कार्य करें, अन्यथा भविष्य में कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# बाढ़ से बचाव को लेकर प्रशासन सजग, कलेक्टर ने की तैयारियों की समीक्षा

**रायपुर**, 3 जून (देशबन्धु)। लेक्टर डॉ गौरव सिंह ने जिले में बाढ़ और आपदा से राहत के लिए तैयारियों की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि कुछ दिनों के भीतर मानसून आने की संभावना है। जिले की सभी तहसीलों और नगर निगम में बाढ़ के संभावित स्थानों को चिन्हित करें। सभी एसडीएम अपने राजस्व अमलों के साथ स्वयं तहसीलों का दौरा करें और ग्रामीणों से चर्चा कर आपदा राहत की कार्य योजना बनाएं। गांव-नदी तट में गोताखोरों की तैनाती रखें। तैयारियां समय से पूर्व कर लें जिससे बाढ़ जैसी आपदा का सामना सक्षमता और प्रभावी ढंग से कर सकें। बैठक में नगर निगम कमिश्नर विश्वदीप उपस्थित थे।

डॉ सिंह ने कहा कि संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र और संकटग्रस्त व्यक्ति समूहों की पहचान कर लें। दिव्यांग, बीमार व्यक्तियों, गर्भवती महिलाओं एवं धातृ माताओं की सूची विशेष रूप से तैयार कर लें। अभी से ऐसे स्थल को चिन्हांकित कर लें जिनका उपयोग सुरक्षित स्थान के लिए किया जा सके और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि बाढ़ से सबसे अधिक मवेशी प्रभावित होते हैं। उनके लिए भी सुरक्षित स्थान रखें। साथ ही पशुओं को होने वाली संक्रामक बीमारी से बचाव के लिए दवाईयों का इंतजाम कर लें। खाद्य विभाग उचित मूल्य की दुकानों में राशन की उपलब्धता सुनिश्चित करें और यह भी जायजा लें कि बाजार में चना, चावल, आटा, गुड़, दाल, नमक आदि खाद्य पदार्थ पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो, ताकि आवश्यकता एवं समयानुसार उपलब्धता में विलंब न हो।

कलेक्टर डॉ सिंह ने कहा कि बाढ़ प्रभावित गांवों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था हेतु परिवहन आदि से संबंधित व्यवस्था पूर्व से ही सुनिश्चित कर ली जाए। पेयजल की गुणवत्ता शुद्धता को सुनिश्चित करने हेतु पर्याप्त संख्या में क्लोरिन टेबलेट की व्यवस्था कर ली जाए। चिकित्सा विभाग अभी से बारिश के समय फैलने वाली महामारी जैसे डायरिया, मलेरिया, पीलिया आदि के लिए दवाईयों तथा टेस्ट किट इत्यादि की व्यवस्था कर लें, ताकि उस समय किसी प्रकार परेशानी का सामना ना करना पड़े।

# तीन दिवसीय राष्ट्रीय आम महोत्सव में आएगी आमों की बहार

## 200 से अधिक किस्मों और 56 भोगों का किया जाएगा प्रदर्शन

**रायपुर**, 3 जून (देशबन्धु)। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर तथा संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, छत्तीसगढ़ शासन तथा प्रकृति की ओर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में 6, 7 एवं 8 जून को कृषि महाविद्यालय परिसर रायपुर में ''फलों के राजा'' आम के राष्ट्रीय महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय आम महोत्सव में आम की 200 से अधिक किस्मों एवं आम से बने 56 व्यंजनों का प्रदर्शन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में आम की विभिन्न किस्मों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है जिसमें छत्तीसगढ़ एवं विभिन्न राज्यों के आम उत्पादक शामिल होंगे। इस अवसर पर आम से बने विभिन्न व्यंजनों की प्रतियोगिताएं भी आयोजित हैं। आम की सजावट प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है जिसमें विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थी, महिलाएं तथा अन्य सामान्यजन भी पंजीयन कर भागीदारी कर सकते हैं। महोत्सव में पंजीयन एवं प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क है। राष्ट्रीय आम महोत्सव में संस्थागत एवं व्यक्तिगत प्रतियोगी भी सहभागी हो सकते हैं।

राष्ट्रीय आम महोत्सव में 6 से 8 जून तक विभिन्न श्रेणियों में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा जिसमें किसानों द्वारा उत्पादित आम की व्यावसायिक किस्मों के अंतर्गत दशहरी, लंगड़ा, बाम्बे ग्रीन, चौसा, मालदा, हिमसागर, सुन्दरजा, केसर, अलफान्सो, तोतापरी, नीलम, बैगनफल्ली, पैरी, सिन्दूरी, फज़ली किस्मों की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। संकर किस्मों की प्रतियोगिता के अंतर्गत मल्लिका, आम्रपाली, पूसा अरूणिमा, अम्बिका, रत्ना, सिंधु, अर्का पुनीत किस्मों को शामिल किया गया है। विशिष्ट किस्मों की प्रतियोगिता के अंतर्गत हाथीझुल, नूरजंहा, लड्डु, गुलाब खास किस्मों के उत्पादक भाग ले सकते हैं। एक्जोटिक (आयातित किस्म) की प्रतियोगिता में मियाजाकी, टॉमी एटकिन्स एवं गोल्डन नगेट्स किस्मों को शमिल किया गया है।



इस अवसर पर आम से निर्मित उत्पादों की प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रतिभागी आम से निर्मित उत्पाद ड्क नेक्टर/आर.टी.एस., शर्बत, पना, आम के अचार, आम की चटनी, आम पापड़, आमरस, जैम एवं मिठाई आदि व्यंजनों के साथ प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय आम महोत्सव में प्रतिभागियों हेतु आम आधारित मॉडल एवं बोनसाई, आम आधरित सजावट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रकृति की ओर सोसायटी की ओर से आम की पांच गुठलियाँ लाने वाले व्यक्तियों को एक उन्नत किस्म के आम का पौधा दिया जाएगा।

आयोजन के प्रथम दिवस 6 जून को प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक प्रविष्टियों का पंजीयन किया जाएगा। पंजीयन के बाद प्रदर्शनी आम लोगों के अवलोकनार्थ तीनों दिन रात 9 बजे तक खुली रहेगी। प्रदर्शनी में आम की विभिन्न किस्मों के फल, आम के विभिन्न उत्पाद एवं आम के पौधे भी विक्रय के लिए उपलब्ध रहेंगे। द्वितीय दिवस 7 जून को आम उगाने वाले कृषकों एवं जिज्ञासुओं के लिए 12 बजे से 4 बजे तक ''आम उत्पादन -समस्या एवं समाधान'' विषय पर तकनीकी मार्गदर्शन एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ में उच्च गुणवत्ता के आम की विभिन्न किस्मों का उत्पादन, आम के विभिन्न उत्पाद एवं उनके विपणन के साथ ही आम उत्पादन हेतु छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं की भी जानकारी प्रदान की जाएगी, जिससे नयी पीढ़ी के लोग आम उत्पादन की ओर आकृष्ट हो सकें। आम उत्पादन को पर्यावरण के संरक्षण के साथ एक स्वास्थ्यवर्धक व्यवसाय के रूप में अपनाने की जानकारी आम लोगों को प्रदान की जा जाएगी। तृतीय दिवस 8 जून को आम उत्पादक कृषकों एवं उद्यमियों की सफलता की कहानी उन्हीं की जुबानी 12 से 4 बजे तक आयोजित होगा।

राष्ट्रीय आम महोत्सव के अंतिम दिन प्रदर्शनी के अवलोकन के साथ ही प्रतिभागियों के लिए पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन भी किया जाएगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय फल ''आम'' जो कि आम जनता का प्रिय फल है उसकी समस्त सामान्य एवं खास किस्मों, विशिष्ट उत्पादों एवं भविष्य में अधिक उत्पादन के लिए रोजगार के साधनों की जानकारी नागरिकों, महिलाओं, विद्यार्थियों, नव उद्यमियों एवं कृषकों को प्रदान करना है। राष्ट्रीय आम महोत्सव के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभागी न्यूनतम 5 से 10 आम प्रति किस्म के साथ भाग ले सकते हैं। आम से बने विभिन्न व्यंजनों की प्रतियोगिता में न्यूनतम 250 ग्राम आम के उत्पाद के साथ पंजीयन कर इस प्रतियोगिता में शामिल हो सकते हैं। आयोजन में पंजीयन एवं प्रवेश निःशुल्क है। आयोजकों ने लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में इसमें भाग लेकर सहभागिता प्रदान करने की अपील की है।

# डीएड अभ्यर्थियों ने भाजपा कार्यालय में किया प्रदर्शन

**रायपुर**, 3 जून (देशबन्धु)। सहायक शिक्षक भर्ती के रिक्त 1316 पदों पर जल्द 6वीं लिस्ट जारी करने की मांग को लेकर डीएड अभ्यर्थियों ने आज एकात्म परिसर भाजपा कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट के आदेश का पालन करने की बात कही। अभ्यर्थियों ने बताया कि डीएड के अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने का निर्देश था। 1299 लोगों को नियुक्ति दी गई. 1316 पदों में नौकरी देना बाकी है। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों को बस में भरकर तूता में छोड़ा।

डीएड/डिप्लोमा अभ्यार्थियों का कहना है कि पंचम चरण के कॉउंसलिंग में 2600 पदों पर भर्ती हुई थी, जिसमें नॉन डीएड अभ्यर्थी के अलावा कुछ अपात्र लोग भी शामिल थे। जिनके पास डीएड और ह्लद्गह्ल की डिग्री नहीं थी उन्हें भी केवल 1ञ्1 में बुलाया गया था। दस्तावेज सत्यापन में मात्र 1299 अभ्यर्थी पात्र हुए और 1316 पद रिक्त रह गए, जिसमें अभी तक किसी को नियुक्ति नहीं मिली है। इसकी वैलिडिटी भी अभी 1 जुलाई 2025 तक बची हुई है।

अभ्यर्थियों का कहना है कि जब अभी भी 1316 पद रिक्त है और भर्ती की वैलिडिटी भी बची है और हम योग्य कैंडिडेट भी बच्चे हैं।भर्ती में मेरिट लिस्ट में भी आए हैं।विभाग रिक्त पदों पर छठवें चरण की काउंसलिंग क्यों प्रारंभ नहीं कर रही है। अभ्यर्थियों ने बताया कि इस संदर्भ में विभाग कई बार जा चुके हैं लेकिन विभाग से स्पष्ट जानकारी नहीं मिलती और अधिकारियों का कहना कि वह अभी लिस्ट के बारे में कुछ नहीं कह सकते कि आएगी या नहीं।

इससे परेशान होकर अभ्यर्थियों ने कोर्ट की ओर रुख किया।29 तारीख को हुई सुनवाई में कोर्ट ने विभाग को फटकार लगाई और अगली सूची क्यों जारी नहीं की जा रही है वह पूछा, लेकिन सरकारी वकील के पास कोई जवाब नहीं था। जज नाराज होकर नोटिस जारी किए और 9 जून को फिर से लिस्टेड करने का आदेश दिए हैं।जिसमें विभाग को लिखित रूप से जवाब भी देना होगा। इससे पहले अभ्यर्थी छठवें चरण की काउंसलिंग जल्द प्रारंभ करने की मांग को लेकर रायपुर में कई प्रकार प्रदर्शन कर चुके हैं। बहुत से कैबिनेट मंत्री के साथ विधायकों से भी मिल चुके हैं और सभी तरह से गुहार लगा चुके हैं, जिसमें प्रदेश भाजपा कार्यालय के सामने प्रदर्शन भी शामिल है। सहायक शिक्षक भर्ती के रिक्त 1316 पदों पर जल्द 6वीं



## प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने बस में भरकर तूता में छोड़ा

लिस्ट जारी करने की मांग को लेकर डीएड / डिप्लोमा अभ्यर्थी बड़ी संख्या में रायपुर कैबिनेट मंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व उपाध्यक्ष से मिलने पहुंचे थे, उनसे मिलकर अपनी मांगों को रखा।

बता दें कि छत्तीसगढ़ सहायक शिछक भर्ती 2023 का मामला हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट तक गया था, जिसमें कोर्ट ने आदेश पारित किया था कि बीएड अभ्यर्थियों की जगह योग्य डीएड अभ्यर्थियों की जल्द नियुक्ति की जाए. इसके पश्चात डीएड अभ्यर्थियों की पंचम चरण की कॉउंसलिंग प्रक्रिया प्रारंभ की गई, जिसमें लगभग 2615 अभ्यर्थियों को केवल 1ञ्1 में बुलाया गया था, जिसमें नॉन डीएड अभ्यर्थी व अपात्र लोगों को भी बिना डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के स्कूल अलॉट कर दिया गया, जिसके कारण अभी 50त्र सीटे रिक्त रह गई है. वर्तमान में रिक्त पदों की संख्या 1316 है. पंचम चरण की कॉउंसलिंग के 2 माह पश्चात भी अब तक विभाग द्वारा इन रिक्त पदों पर 6वीं चरण की लिस्ट जारी नहीं की जा रही है, न हीं किसी प्रकार की प्रक्रिया को आगे बढ़ाई जा रही है. अभ्यर्थी बार बार विभाग जाकर थक चुके हैं. विभाग जाने पर भी अधकारियों द्वारा स्पष्ट और सही जानकारी नहीं दिया जा रहा है. बस टालमटोल कर बातों को घुमा दिया जा रहा है.

नियमत: विभाग को पंचम चरण की काउंसलिंग पश्चात तत्काल छठवे चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया प्रारंभ करनी थी क्योंकि अभी भी भर्ती की वैधता 1 -07-2025 तक बची हुई है, लेकिन विभाग नियमों को दरकिनार कर अभ्यर्थियों की मांग को अनदेखा कर रही है. इससे अभ्यर्थी दर-दर की ठोकर खाने को मजबूर हो रहे हैं.

अभ्यर्थियों ने यह भी बताया कि वर्तमान में 984 पद ऐसे हैं, जिसमें विभाग में आज तक किसी को नियुक्ति ही नहीं दी. उसमें टालमटोल व देरी करते हुए उस पद को अभी नियुक्ति से बाहर रखा है, जिसका मामला भी अभी हाईकोर्ट में चल रहा है. कोर्ट द्वारा इस मामले पर 8-05-2025 को नोटिस भी जारी किया गया है और 15 दिवस के भीतर विभाग से जवाब मांगा गया है. अभ्यर्थियों की मांग है कि 984 रिक्त पदों को भी छठवें चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया में शामिल करते हुए जल्द रिक्त पूरे 2300 पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रारम्भ किया जाए, जिससे पीड़ित योग्य अभ्यर्थियों को बार-बार विभाग, कोर्ट और नेता मंत्री के चक्कर लगाना न पड़े और जल्द उन्हें अपने हक अधिकार की नौकरी मिले और कोर्ट के आदेश का भी पालन हो सॉके।

# नकली खाद, बीज बेचने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : नेताम

**रायपुर.** 3 जून (देशबन्धु)। कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री श रामविचार नेताम ने प्रदेश में नकली खाद और बीज बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इसमें अधिकृत विक्रेताओं की संलिप्तता पाए जाने पर एफआईआर के साथ ही लाइसेंस रद्द करने को कहा है। श्री नेताम ने विभागीय अधिकारियों को खाद व बीज विक्रेताओं पर नजर रखने, स्टॉक का नियमित परीक्षण करने, गुणवत्ता व मानकों की जांच करने तथा इस संबंध में किसानों की शिकायतों पर शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। प्रदेश में नकली (डुप्लीकेट) खाद की बिक्री और जमाखोरी की बढ़ती घटनाओं को सरकार गम्भीरता से ले रही है। कृषि मंत्री श्री नेताम ने कहा है कि किसानों को गुणवत्तायुक्त खाद और बीज उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो भी व्यापारी या अधिकृत विक्रेता नकली खाद, बीज की बिक्री में संलिप्त पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। दोषियों के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से रद्द किए जाएंगे और उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। श्री नेताम ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे खाद विक्रेताओं पर नियमित निगरानी रखें, खाद व बीज के स्टॉक का नियमित परीक्षण करें तथा खाद मानक के अनुरूप है या नहीं, इसकी भी जांच नियमित करें। उन्होंने किसानों से प्राप्त शिकायतों पर शीघ्र कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए हैं। श्री नेताम ने किसानों से अपील की है कि वे खाद और बीज के अधिकृत विक्रय केन्द्रों से ही इन्हें खरीदें। किसी भी तरह की अनियमितता या गड़बड़ी की सूचना तुरंत नजदीकी कृषि कार्यालय को दें।



## एफआईआर के साथ लाइसेंस भी रद्द होंगे

# राजधानी में 6 को कैट का प्रादेशिक व्यापारी सम्मेलन

## लोकल सामानों की खरीदी को लेकर बनेगी कार्ययोजना

**रायपुर,** 3 जून (देशबन्धु)। राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) एवं कैट के संयुक्त तत्वाधान में ऑपरेशन सिन्दूर, संकल्प, वोकल फॉर लोकल, प्रदेश स्तरीय व्यापारी सम्मेलन का आयोजन 6 जून को मैक कॉलेज ऑडीटोरियम में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह, विधानसभा अध्यक्ष कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील सिंघी, अध्यक्ष राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार), तथा कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि राजेश मूणत विधायक रायपुर पश्चिम होगें।



देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी, प्रदेश एक्सक्यूटिव चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने बताया सम्मेलन में पूरे प्रदेश से कैट के पदाधिकारी,सदस्य और बड़ी संख्या में कारोबारी शामिल होने आ रहे है।6 जून शुक्रवार को दोपहर 3:30 बजे से कार्यक्रम शुरू होगा। सम्मेलन में लोकल उद्योगों को बढ़ावा देने और उनके द्वारा बनाए गए समानों की खरीदी के लिए बाजार उपलब्ध कराने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी।सम्मेलन स्थल पर इसके लिए 10 स्टाल भी लगाए जाएंगे। कार्यक्रम में मौजूद व्यापारियों को 20 सूत्रीय मुद्दे को लेकर शपथ भी दिलाई जाएगी।कैट के पदाधिकारी अपने जिलो में जाकर शपथ दिलाएंगे।लोकल सामानों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में जन जागरण अभियान भी चलाया जाएगा।

डॉ. रमन सिंह एवं राजेश मूणत से कैट टीम ने मुलाकात कर उन्हें विधिवत कार्यक्रम में आमंत्रित किया ।कैट युवा कैट एवं राजनांदगांव इकाई के पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।जिनमें अमर पारवानी, जितेन्द्र दोशी, परमानन्द जैन, सुरिन्द्रर सिंह, राजेन्द्र खटवानी, गोल्डी जैन, विजय पटेल, भास्कर साहू, राजू डागा, राजा मखीजा, संजय तेजवानी, शरद अग्रवाल, गुरुमुख दास वाधवा, अपठित संदेश, अकरम कुरैशी, अरुण शुक्ला, आलोक बिंदल, चिन्टू बग्गा, आकाश चोपडा, अमित खण्डेलवाल एवं संजय रिजवानी शामिल थे।

## ऑपरेशन साइबर शील्ड

# म्यूल बैंक खाता चलाने वाले 8 आरोपी रायपुर, धमतरी और ओडिशा से गिरफ्तार

**रायपुर**, 3 जून (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस का ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई जारी है एक बार फिर म्यूल बैंक खाता के संचालक 8 आरोपियों को ओडिशा धमतरी रायपुर से गिरफ्तार किया गया हैण् कुछ गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध पूर्व में एनडीपीएस एक्ट आर्म्स एक्ट व प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा ने साइबर अपराध अनुसंधान एवं म्यूल बैंक खाता की जांच कर फ्राड में शामिल मुख्य आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करने रेंज साइबर थाना रायपुर को निर्देश दिया है इसका पालन करते हुए रायपुर पुलिस ऑपरेशन साइबर शील्ड चला रही थाना सिविल लाइन रायपुर में उत्कर्ष स्मॉल फइनेंस बैंक शाखा सिविल लाइन में खोले गए 104 म्यूल अकाउंट के विरुद्ध 36 लाख रुपए की साइबर क्राइम थाना आजाद चौक में इंडियन ओवरसीज बैंक के 22 म्यूल अकाउंट के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर रेंज साइबर थाना रायपुर में विवेचना किया जा रहा है इस प्रकरण में म्यूल बैंक खाता से संबंधित खाता धारक संवर्धक संचालक सिम विक्रय केंद्र के प्रतिनिधि और बैंक अधिकारी को गिरफ्तार किया गया है पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ एवं तकनीकी विश्लेषण से म्यूल बैंक खाता को किराया में लेकर साइबर ठगी की रकम प्राप्त करने रकम को इधर.उधर करने में शामिल 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तार आरोपियों के द्वारा जगह बदल बदल कर म्यूल बैंक खातों को खुद ऑपरेट किया जाता था और ठगी की रकम को इधर उधर किया जाता था आरोपियों ने अत्यधिक मात्रा में ठगी की रकम प्राप्त की है गिरफ्तार आरोपी रवि राज पाण्डेय के विरुद्ध पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध है सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।




## ठगी की रकम को करते थे इधर-उधर

# धारदार चाकू के साथ 4 युवक पकड़ाए

**रायपुर**, 3 जून (देशबन्धु)। थाना खमतराई पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि गंगा नगर भनपुरी तालाब के पास एक व्यक्ति हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित कर रहा है कि तत्काल खमतराई पुलिस टीम द्वारा गंगा नगर भनपुरी तालाब पहुंचकर आरोपी रवि कुमार साहू पिता कोमल प्रसाद साहू उम्र 20 वर्ष निवासी रामेश्वर नगर जुट मिल के पास थाना खमतराई जिला रायपुर के कब्जे से एक धारदार चाकू जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया। इसी प्रकार खमतराई पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि हनुमान मंदिर के पास धनलक्ष्मी नगर में एक व्यक्ति हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित कर रहा है कि तत्काल खमतराई पुलिस टीम द्वारा हनुमान मंदिर के पास धनलक्ष्मी नगर पहुंचकर आरोपी पारस साहू पिता हरिराम साहू उम्र.26 वर्ष निवासी हनुमान मंदिर के पास पोखराज किराना स्टोर के पास भनपुरी थाना खमतराई जिला रायपुर के कब्जे से एक धारदार चाकू जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। इधर एक अन्य मामले में पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि अंग्रेजी शराब दुकान भाटा गांव के पास दो लड़के अपने पास अवैध रूप से चाकू रखकर संदिग्ध रूप से घूम रहे हैं की सूचना पर तत्काल कोई गंभीर अपराध की घटना घटित न हो की आशंका पर घटनास्थल पर रवाना हुआ आरोपी गण पुलिस को देखकर भागने की कोशिश कि किन्तु पुलिस के तत्परता से दोनों आरोपी भागने में असफल रहे दोनों आरोपी को पकड़ कर तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से एक .एक नग लोहे का चाकू अवैध रूप से रखे मिला



# कलेक्टर ने ली राजस्व विभाग की बैठक

**रायपुर,** 3 जून। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशों का पालन करते हुए जिले में लंबित राजस्व प्रकरणों का जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सिंह ने स्पष्ट कहा कि राजस्व कार्यालयों में कोई भी प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। त्रुटि सुधार के मामलों में अधिकारी स्वयं संज्ञान लेकर त्वरित कार्रवाई करें। उन्होंने सीमांकन एवं पात्र खसरे के बटांकन जैसे प्रकरणों को शीघ्रता से निपटाने तथा भू-अर्जन, भू-आवंटन मामलों में जल्द आवेदन बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पंचायत एवं आरसीसी (राजस्व न्यायालय) से संबंधित मामलों में पेशी की संख्या बढ़ाने एवं आवेदकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने की आवश्यकता पर बल दिया। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व प्रकरणों में आम जनता को शीघ्र राहत मिले, यह शासन की प्राथमिकता है। इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप, जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन, अपर कलेक्टर कीर्तिमान राठौर, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें : कलेक्टर



**रायपुर,** 3 जून। रामगढ़िया सेवक सभा एवम महिला विंग द्वारा आज 3 जून को शहीद स्मारक ऑडिटोरियम, बॉम्बे मार्केट के पास जी. ई. में *बाणी दे बोहित, शांति दे पुंज, शहीदाँ दे सरताज, कौम दे पहले शहीद, धन धन श्री गुरु अरजन देव साहिब दे पावन शहीदी दिवस नू समर्पित* छबील की सेवा की , जिसमे सभी राहगीर को ठंडे मीठे पानी का शरबत पिलाया गया , जिसमे समाज के सभी लोगो ने सेवा दी।

# माहेश नवमी के अवसर पर स्वास्थ्य,रक्तदान शिविर एवं खेलकूद प्रतियोगता

**रायपुर,** 3 जून (देशबन्धु)। माहेश्वरी सभा द्वारा प्रदेश माहेश्वरी सभा के सानिध्य मे आगामी बुधवार को महेश नवमी पर्व के अवसर पर रविवार को विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। महेश छात्रावास जी.ई रोड मे थायोकेयर के सहयोग से विशेष रियायती दर पर रक्त द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।लगभग डेढ़ सौं सामाजिक बंधुओं ने सुबह ख़ाली पेट इस जाँच मे हिस्सा लिया।प्रदेश अध्यक्ष सुरेश मुँधड़ा,प्रदेश मंत्री नंदू राठी एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ रवि राठी ने कहा कि *स्वस्थ समाज सशक्त समाज* के संकल्प के साथ ही समाज ने इसका आयोजन किया था । इसके पश्चात सिटी ब्लड सेंटर मे समाज ने आयोजित रक्तदान शिविर मे हिस्सा लेते हुए लगभग अस्सी बंधुओं ने रक्तदान किया। महेश नवमी अवसर पर ही खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन वॉलफोर्ट हाईट्स भाटागाँव मे किया गया।बड़ी संख्या मे बच्चो ने कैरम,चेस,बैडमिंटन,टेबल टेनिस मे भाग लिया।



# कबीर नगर बाजार में 15 दुकानों में गन्दगी मिलने पर स्वच्छता दीदियों ने वसूला 2000 जुर्माना

**रायपुर**, 3 जून (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे और आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन 8 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल के मार्गनिर्देशन एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन और स्वच्छता निरीक्षक रितेश झा की उपस्थिति में आज नगर निगम जोन 8 स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों की सहायता से जोन के अंतर्गत कबीर मगर बाजार में 15 सब्जी / फल दुकानों में निरीक्षम में गन्दगी पाए जाने पर सम्बंधित दुकानदारों से कुल 2000 रूपये जुर्माना उन्हें भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देकर वसूला. वहीं माधव राव सप्रे वार्ड क्रमांक 69 के तहत रायपुरा क्षेत्र में हरमन ढाबा में जनशिकायत मिलने पर स्वच्छता व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान गन्दगी पाए जाने और भारी मात्रा में पॉलीथिन कचरा नाली में मिलने पर सम्बंधित ढाबा संचालक पर तत्काल 2000 रूपये का जुर्माना उन्हें भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए वसूला. जोन 8 स्वास्थ्य विभाग के अभियान के अंतर्गत स्वसहायता समूहों की स्वच्छता दीदियों द्वारा कपड़े का बैग दुकानदारों को वितरित कर उसका पूर्ण सदुपयोग करने की स्पष्ट समझाईश दी गयी।



# भाठागांव रोड में कंडम वाहन जप्त



**रायपुर,** 3 जून। भाठागांव रोड में यातायात पुलिस बल की सहायता से जनहित में जनसुविधा हेतु सडक यातायात सुगम व सुव्यवस्थित बनाने हेतु अभियान चलाकर सडक पर रखे कंडम वाहनो को जप्त करने की कार्यवाही जोन 6 कमिश्नर हितेन्द्र यादव एवं कार्यपालन अभियंता अतुल चोपडा के मार्गदर्शन एवं उपअभियंता नगर निवेश हिमांशु चंद्राकर की उपस्थिति में की गई। इससे तत्काल नागरिको और वाहन चालको को सडक यातायात भाठागांव रोड में सुगम और सुव्यवस्थित होने से त्वरित राहत प्राप्त हुई।

# सेवा कार्यों के साथ संपन्न होगा महेश नवमी पर्व

**रायपुर,** 3 जून (देशबन्धु)। माहेश्वरी सभा द्वारा बुधवार को महेश नवमी पर्व के अवसर पर दिन भर सेवा कार्य किए जाएँगे ।सुबह शास्त्री चौक पर विशाल भंडारा एवं शरबत वितरण आयोजित है ।इसके साथ ही मेकाहारा मंगल भवन मे मरीजो एवं उनके परिजनों को भोजन सेवा दी जाएगी। शाम को माहेश्वरी भवन डुण्डा मे सम्मान समारोह एवं पुरस्कार वितरण होगा।अध्यक्ष राजेश तापडीया, महामंत्री आलोक बागड़ी ने बताया कि भगवान महेश की महाआरती महिला समिति द्वारा की जाएगी,पश्चात शिक्षा,खेलकूद एवं अन्य विधाओ के लिये सामाजिक बंधुओं का स्वागत होगा।गोपीकृष्ण राठी,ज्योति राठी,सुरेश मूँधड़ा,शशि गट्टानी,राजकुमार केला,आनंद राठी,सागर बजाज एवं सिविल जज रायपुर सुश्री भामिनी राठी अतिथिगण होंगे।

## निधन

### जेके पाण्डे

**नवापारा राजिम,** 3 जून। समीपस्थ ग्राम पारागांव निवासी हरिहर हाईस्कूल के सेवानिवृत्त व्याख्याता जेके पाण्डेय 86 वर्ष का आकस्मिक निधन सोमवार शाम को हो गया। जिनकी अंत्येष्ठी आज मंगलवार को स्थानीय मुक्तिधाम में की गई। वे संतोष पाण्डेय स्व..राकेश पाण्डेय के पिता, शुभम, रजत पांडे के दादा थे।



### मेघराज रूपरेला

**महासमुंद**, 3 जून। स्थानीय महामाया पारा निवासी मेघराज रूपरेला 58 वर्ष का मंगलवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे जतिन रूपरेला के पिता व मनीष, दिनेश, दीपक, अभिषेक रुपरेला के चाचा थे।



### श्रीमती शांतिबाई लुनिया

**महासमुंद,** 3 जून । स्थानीय गांधी चौक निवासी श्रीमती शांतिबाई लुनिया 75 वर्ष का 3 जून को निधन हो गया। अंतिम संस्कार भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे नरेंद्र लुनिया की धर्मपत्नी, अशोक लुनिया की भाभी, अजय, कमल, मुकेश, अभिषेक, अखिलेश, अंकित लुनिया की बडी मां एवं हर्ष भंसाली की नानी थी।



### श्रीमती सुलोचना देवी सोनी

**रायपुर,** 3 जून। श्रीमती सुलोचना देवी सोनी पति स्व रघुनाथ प्रसाद सोनी का स्वर्गवास 3 जून को हो गया है वह एकता परिसर अश्वनी नगर ए रायपुर की निवासी थी। उनकीअंतिम यात्रा बुधवर 4 जून को सुबह 10 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी मुक्तिधाम बुढ़ापारा जाएगी शोकाकुल पुत्र संजय अजय मनीष, शिव, ओम एवं समस्त सोनी परिवार।



# किसी को बताया तो वीडियो वायरल कर देंगे

## रायपुर में दरिंदों ने युवती से किया सामूहिक दुष्कर्म, फिर 1 साल तक करते रहे ब्लैकमेल

**रायपुर,** 3 जून (देशबन्धु)। राजधानी के गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में एक 19 वर्षीय युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ दुष्कर्म आपराधिक धमकीए ब्लैकमेलिंग जातिसूचक गालियां देने और जान से मारने की धमकी की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। पीड़िता के अनुसारए वह अपनी बुआ के साथ रहती है और घटना की शुरुआत 13 फरवरी 2024 को हुई। उस दिन वह अपने भाई की रिहाई के सिलसिले में धनेश नामक व्यक्ति के क्लिनिक गई थी। वहीं आरोपी डेनियल ने उसे मेडिकल के पीछे पैसे देने के बहाने बुलाया और वहां उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं उसने पूरी घटना का वीडियो भी बना लिया और धमकी दी कि अगर उसने किसी को बताया



तो वह वीडियो वायरल कर देगा। कुछ समय बाद अप्रैल 2024 में पीड़िता जब वीडियो डिलीट कराने क्लिनिक के पीछे दोबारा गई तो डेनियल ने अपने साथी अनिल के साथ मिलकर उसके साथ दोबारा सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद दोनों आरोपी लगातार उस वीडियो के जरिए पीड़िता को ब्लैकमेल करते रहे।

**पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

**परेशान होकर पीड़िता ने परिजनों को सुनाई आपबीती:** पीड़िता ने बताया कि 24 मई को जब वह अपनी बहन के घर जा रही थी तब डेनियल ने रास्ते में रोककर धमकी दी कि अगर वह उसके साथ अकेले नहीं मिली तो वह वीडियो को सार्वजनिक कर देगा। मानसिक तनाव और डर के बीच उसने आखिरकार अपने परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। गुढ़ियारी थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच की जा रही है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई है।

यह मामला राजधानी में महिलाओं की सुरक्षा पर एक बार फिर सवाल खड़ा करता है। पुलिस पर दबाव है कि वह जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करे और पीड़िता को न्याय दिलाए।

# दोपहिया व मोबाइल फोन की चोरी का आरोपी पकड़ाया

**रायपुर,** 3 जून (देशबन्धु)। राजधानी मेंपुलिस ने दोपहिया चोरी के मामले में आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है बताया गया कि प्रार्थी समीर ध्रुव ने थाना विधानसभा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह ग्राम छपोरा में रहता है तथा रोजी मजदुरी का कार्य करता है। 6 मई को प्रार्थी अपने छोटे भाई के साथ दोपहिया वाहन क्रमांक सीजी 22 ई 5314 को लेकर गया था तथा मांढर शराब दुकान के पास करीबन शाम 07.30 बजे पहुचे थ रास्ते में सामने से आ रही दोपहिया वाहन से टकरा जाने पर विवाद होने पर दोपहिया वाहन को छोड़कर वहां से भाग गये दोपहिया वाहन में 01 नग मोबाईल फोन था। कुछ देर पश्चात् प्रार्थी वाहन को छोड़े हुए पर जाकर देखा तो पाया कि प्रार्थी की दोपहिया वाहन उस स्थान पर नही थी। कोई अज्ञात चोर प्रार्थी की दोपहिया वाहन को चोरी कर फरार हो गया था। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना विधानसभा में अपराध पंजीबद्ध किया गया। घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ.साथ



घटना के संबंध में प्रार्थी तथा उसके छोटे भाई एवं आस.पास के लोगों से घटना के संबध में भी विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात आरोपी का पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल तथा उसके आस.पास लगे सी सी टी व्ही कैमरों के फुटेजो का अवलोकन करने के साथ ही अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु प्रकरण में मुखबीर भी लगाये गये थे। इसी दौरान टीम के सदसों को प्रकरण में संलिप्त आरोपी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा धरसींवा निवासी तापेश्वर कुमार यादव उर्फ प्रिंस की पतासाजी कर पकड़ा गया। प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया। जिस पर आरोपी तापेश्वर यादव उर्फ प्रिंस को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की 01 नग दोपहिया वाहन एवं 01 नग मोबाईल फोन जुमला कीमती लगभग 50,000६. रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया है।

# राष्ट्रीय प्रतिभा खोज क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



**रायपुर,** 3 जून (देशबन्धु)। 31 मई को रायपुर शाखा ने सीए 'राष्ट्रीय प्रतिभा खोज' - क्विज़, वक्तृत्व और निबंध लेखन प्रतियोगिताएं शाखा स्तर पर सफलतापूर्वक आयोजित कीं!

रायपुर शाखा ने सीए छात्रों के लिए राष्ट्रीय प्रतिभा खोज (एनटीएस) का आयोजन किया, जिसमें सीए चंदनी दुबे, सीए बिवोर कानोडिया और सीए दीपक वलेचा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। सीआईसीएएसए अध्यक्ष सीए ऋषिकेश यादव भी उपस्थित रहे।

क्विज़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हरजोत सलूजा और श्याम सिंघल, द्वितीय स्थान: उमेश कुमार पाहवानी और आदित्य अग्रवाल। निबंध प्रतियोगिता– प्रथम स्थान शरणश मोथा, द्वितीय स्थान चंचल बंसल। वक्तृत्व प्रतियोगिता– प्रथम स्थान परमेश थानवी, द्वितीय स्थान नंदिनी कटारिया, तृतीय स्थान खुशी अंबानी रहे।

हम सभी प्रतिभागियों की रचनात्मकता, बुद्धिमत्ता और वाक्पटुता को प्रदर्शित करने के लिए गर्व महसूस कर रहे हैं! क्षेत्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए विजेताओं को शुभकामनाएं दी गई।

# मारपीट कर लूट की घटना को अंजाम देने वाले 3 गिरफ्तार

**रायपुर,** 3 जून (देशबन्धु)। राजधानी में खम्हारडीह थाने की पुलिस ने लूट के मामले सुलझाते हुए आरोपी युवकों को हिरासत में ले लिया हैं। बताया गया कि प्रार्थी होमराम साहू ने थाना खम्हारडीह में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह 27 मई को प्रात: 05:30 बजे अपने मोटर सायकल से चण्डी नगर रोड सृष्टि एम्पीरिया के आगे स्थित मैदान में गया था एवं अपनी मोटर सायकल को रोड किनारे खडी किया था तभी 02 दोपहिया वाहन में सवार चार अज्ञात व्यक्ति आये एवं एक्टीवा को रोड किनारे खडी कर तीन व्यक्ति प्रार्थी के पास आकर प्रार्थी को अश्लील गाली गलौच देते हुए क्या क्या सामान रखे हो बोलते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए लात से मारकर जमीन में गिरा दिये तथा उसके जेब में रखें मोबाईल फोन और मोटर सायकल की चाबी को छीन लिये और रोड किनारे खडी उसकी मोटर सायकल पैशन प्रो क्रमांक सी जी 04 एम टी 7668 को लेकर चारो वहां से भाग गये कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना



खम्हारडीह में अपराध पंजीबद्ध किया गया। थाना खम्हारडीह पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी से विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल व उसके आसपास लगे सी सी टी व्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही प्रकरण में मुखबीर लगाये गये। आरोपियों द्वारा घटना के दौरान उपयोग किये गये वाहनों के संबंध में भी जानकारी एकत्र कर टीम के सदस्यों द्वारा अज्ञात आरोपियों को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान टीम अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी में लगी टीम के सदस्यों को आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई तथा प्रकरण में आरोपी गुलशन नायक को पकड़कर प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपने साथी हिरण्या दीप उर्फकरन प्रीतपाल सिंह तथा 01 अन्य के साथ मिलकर उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया। जिस पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट की 01 नग दोपहिया वाहन एवं 01 नग मोबाईल फोन तथा घटना में प्रयुक्त 02 नग दोपहिया वाहन जुमला कीमती लगभग 1 20 000६. रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया है।

# पर्स स्नेचिंग में 3 आरोपी पकड़ाए

**रायपुर,** 3 जून (देशबन्धु)। राजधानी में आजाद चौक थाने की पुलिस ने युवती पर्स की लूठ के मामले में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया हैं। बताया गया कि प्रार्थिया किरण अग्रवाल ने थाना आजाद चौक में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह दिनांक 31 मई की सुबह करीबन 07:30 बजे अपने स्कुटी से कालेज जा रही थी। इसी दौरान राजकुमार कालेज के पास स्कूटी में सवार तीन लडके आये और उसके बैग को झपट्टा मार कर लेकर भाग गये बैग में सैमसंग कंपनी का मोबाईल फोन नगदी रकम एवं एटीएम कार्ड रखा था कि प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना आजाद चौक में अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना आजाद चौक पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थिया से विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल व उसके आसपास लगे सी सी टी व्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही प्रकरण में मुखबीर लगाये गये। आरोपियों द्वारा घटना के दौरान उपयोग किये गये वाहनों के संबंध में भी जानकारी एकत्र कर टीम के सदस्यों द्वारा अज्ञात आरोपियों को



चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी में लगी टीम के सदस्यों को आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई तथा प्रकरण में आरोपी अरमान हसन शेख तौहिद एवं विधि के साथ संघर्षरत 01 बालक को पकड़कर प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर तीनों के द्वारा उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया। जिस पर अरमान हसन शेख तौहिद एवं विधि के साथ संघर्षरत बालक को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना से संबंधित नगदी रकम 2,900 रूपये एटीएम कार्ड पर्स 01 नग मोबाईल फोन एवं पावर बैंक तथा घटना में प्रयुक्त सुजुकी एक्सेस वाहन क्रमांक सी जी 04 एल जे 8330 जुमला कीमती लगभग 80,000 रूपये जप्त कर तीनों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया है।

# बुढापारा स्थित हनुमान मंदिर के गली में युवक की हत्या

**रायपुर,** 3 जून (देशबन्धु)। बुढापारा स्थित हनुमान मंदिर के गली में बीती रात एक युवक की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान सूजन सरकार ;35 वर्ष निवासी शांति नगर पश्चिम थाना बाली जिला हावड़ा पश्चिम बंगाल के रूप में हुई है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी दीपक लोहार उर्फगप्पू ;22 वर्ष निवासी गोबरा नवापारा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। मामले में थाना कोतवाली द्वारा धारा 103 बी एन एस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस को रात 12 से 1 बजे के बीच सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति घायल अवस्था में बुढापारा स्थित हनुमान मंदिर के गली के



**आरोपी गया जेल**

पास पड़ा है। तत्काल पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर एक संदिग्ध व्यक्ति की पहचान हुई। संदेह के आधार पर पुलिस ने उसे थाने लाकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपी दीपक लोहार उर्फगप्पू ने स्वीकार किया कि रात को घर जाते समय उसका मृतक से रास्ते में टकराव हुआ जिससे दोनों के बीच कहासुनी और मारपीट हुई। इसी दौरान आरोपी ने अपने पास रखे धारदार हथियार से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया।

# सांइस कालेज के अंतिम वर्ष के छात्रों ने मनाया स्क्रिबल डे

**रायपुर,** 3 जून (देशबन्धु)। साइंस कालेज के अंतिम वर्ष के छात्र.छात्राओं ने सोमवार को स्क्रिबल डे मनाया। छात्रों ने एक.दूसरे की शर्ट.टीशर्ट में उनके बारे में लिखा ए साथ ही भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान छात्रों ने



कालेज में बिताए दिनों को भी याद किया साथ ही इस दिन को भी यादगार बनाया। स्क्रिबल डे का अर्थ है एक ऐसा दिन जो रचनात्मकता मस्ती और कालेज के अंतिम दिनों को यादगार बनाने के लिए मनाया जाता है। यह दिन कालेज में विद्यार्थियों के लिए एक विशेष अवसर होता है। वहां वे अपने दोस्तों के साथ कुछ यादगार पल बिताते हैं और एक.दूसरे के प्रति अपने प्यार और सम्मान को व्यक्त करते हैं।

# सीए छात्रों का राष्ट्रीय कांफ्रेस 'समर्थ' 14-15 जून को

**रायपुर,** 3 जून, (देशबन्धु)। सी ए छात्रों के लिए राष्ट्रीय कांफ्रेंस 'समर्थ' का आयोजन पं.दीन दयाल ऑडीटोरियम,

**केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गड़करी होंगे मुख्य अतिथि**

रायपुर में दिनांक 14 और 15 जून को सीआईआरसी रायपुर ब्रांच और सिकासा रायपुर, भिलाई, बिलासपुर, रायगढ़ द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गड़करी होंगे तथा विशेष अतिथि विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ होंगे।

कांफ्रेंस डायरेक्टर सीए पंकज शाह, आईसीएआई (सीआईआरसी) रायपुर ब्रांच के अध्यक्ष सीए विकास गोलछा तथा



सिकासा अध्यक्ष सीए ऋषिकेश यादव की अगुआई में सीए छात्रों के प्रतिनिधि मंडल ने केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गड़करी से भेंट कर राष्ट्रीय कांफ्रेंस के लिए आमंत्रित किया। इस राष्ट्रीय कांफ्रेंस में देश भर के लगभग दो हजार सीए छात्र भाग ले रहे हैं।

14 और 15 जून को होने वाले इस राष्ट्रीय सेमिनार में उद्घाटन और आभार सत्र के अलावा कुल 8 सेशन होंगे जिसमें चार कौशल उन्नयन सत्र तथा चार ज्ञान सत्र होंगे। सभी सत्रों में अपने अपने क्षेत्र में प्रतिष्ठित और अनुभवी वक्ताओं को आमंत्रित किया गया है जिनमें इंदौर से सीए स्वपनिल कोठारी, मुंबई से सीए अनिषा जैन, दिल्ली से सीए इसप्रीत नंदा तथा सीए इंदरजीत कौर भामरा, कोलकाता से सीए ईशा जायसवाल, मुंबई से सीए भवन बोराना, सीए शुभम सिंघल तथा इट्सा हॉस्पिटल रायपुर से डॉ तनुश्री नेरल के साथ ही रायपुर से सीए भ्रमर जैन, सीए जी एस अग्रवाल, सीए जी जी अग्रवाल तथा सीए बी एल अग्रवाल वक्ता के रूप में शामिल होकर अपना अनुभव और मार्गदर्शन सीए छात्रों को देंगे।

# ओव्हरब्रिज पास चाकू से वार करने वाले 3 बालक गिरफ्तार

**रायपुर,** 3 जून (देशबन्धु)। प्रार्थी श्रेयांश सोनी ने थाना सिविल लाईन में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह 1 मई को अपने भाई व भाभी के साथ बलेनो कार से शंकर नगर स्थित बर्गर कींग रेस्टोरेंट गये थे। जहां से वह सभी वापस आ रहे थे कि शंकर नगर ओव्हर ब्रिज मोड के पास अज्ञात मोटर सायकल के चालक ने प्रार्थी के कार को पीछे से ठोकर मारा इसी बात को लेकर प्रार्थी रूक कर उनको बोले कि हमारी गाडी को क्यों पीछे से ठोके हो तो तीनो लड़के के द्वारा प्रार्थी को अश्लील गाली गलौच देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखें चाकू से प्रार्थी के बड़े भाई प्रियांशु के बांये पैर में मारा और किसी वस्तु से उसके सिर पर भी वार किया एवं भाग गये। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना सिविल लाईन में अपराध पंजीबद्ध किया गया। घटना के संबंध में प्रार्थी एवं उसके भाई सहित अन्य लोगों से विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल व उसके आसपास लगे सी सी टी व्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही आरोपियों द्वारा घटना के दौरान उपयोग किये गये वाहन के संबंध में भी जानकारी एकत्र कर टीम के सदस्यों द्वारा अज्ञात आरोपियों को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुये प्रकरण में संलिप्त विधि के साथ संघर्षरत 03 बालकों को पकड़कर पूछताछ करने पर तीनों के द्वारा उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया। जिस पर तीनों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू एवं दोपहिया वाहन क्रमांक सी जी 04 सी डब्ल्यू 1827 को जप्त कर तीनों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। विधि के साथ संघर्षरत 01 बालक पूर्व में भी आर्म्स एक्ट के प्रकरण में थाना गंज से निरूद्ध रह चुका है।

# नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ आरोपी युवक पकड़ाया



**रायपुर,** 3 जून (देशबन्धु)। राजधानी गोलबाजार थाने की पुलिस ने नाबालिक लड़की से छेड़छाड के मामले में आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है बताया गया कि पीड़ित नाबालिक बालिका को आरोपी द्वारा उसके घर के नीचे से पीछा करते हुए डीकेएस अस्पताल पार्किंग तक गया और अश्लील इशारे करते हुए यह जानते हुए कि पीड़ित नाबालिक है को छेड़छाड़ किया कि रिपोर्ट पर थाना गोलबाजार में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी हिमालय नायक पिता देवेंद्र नायक उम्र 30 साल पता म॰ नंण् 19 ब्लॉक आइ राजीव आवास थाना गोलबाजार रायपुर ;छ ग को गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया। उल्लेखनीय है कि आरोपी जो थाना गोलबाजार का आदतन अपराधी है जिसके विरुद्ध थाना गोलबाजार में बलवा मारपीट आर्म्स एक्ट के तहत कुल 5 पूर्व अपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

# मध्यप्रदेश से तस्करी किए गए शराब के कई ब्रांडों के साथ प्रॉपर्टी डीलर गिरफ्तार

**रायपुर,** 3 जून (देशबन्धु)। आबकारी आयुक्त सह प्रबंध संचालक (ष्टस्स्ष्टरु) श्री श्याम धावडे, कलेक्टर रायपुर श्री गौरव सिंह के निर्देश पर आबकारी विभाग जिला रायपुर द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाहियां जारी हैं। 3 जून को मुखबिर की सूचना पर रामसागर पारा अंतर्गत रामजी हलवाई मार्ग में आदेश्वर काम्प्लेक्स के पीछे आयल मिल रोड में एक व्यावसायिक परिसर में आबकारी विभाग के संयुक्त दल द्वारा छापामार कार्यवाही की गई। मौके पर आरोपी अनिल जैन के आधिपत्य के किराए के कमरे से मध्यप्रदेश प्रान्त की 21 नग बोतल ब्लेंडर प्राइड अल्ट्रा व्हिस्की, 27 नग बोतल रॉयल चैलेंज व्हिस्की, 22 नग रॉयल स्टैग व्हिस्की एवं 9 नग बोतल मैकडॉवेल नंबर वन व्हिस्की, कुल 79 बोतल अवैध मदिरा



**आबकारी अमले की छापामार कार्यवाही**

मात्रा 59.25 बल्क लीटर मूल्य 75060/– जब्त की गई। आरोपी अनिल जैन प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता है, जिसकी आड़ में अवैध मदिरा के कारोबार से भी जुड़ा होना पाया गया। आरोपी के कमरे से ट्रवेल बैग, मदिरा की खाली पेटियां और दर्जनों की संख्या में मदिरा की खाली बोतलें भी बरामद हुई हैं। अवैध मदिरा के इस कारोबार में अन्य कौन–कौन संदिग्ध शामिल हैं इसकी जांच करने के लिए आरोपी के मोबाइल फोन को जप्त किया गया है और नौकरों से पूछताछ की जा रही है। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 36, 59(क) के तहत आबकारी उपनिरीक्षक विक्रम ठाकुर द्वारा प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया है।

उक्त कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी टेक बहादुर कुर्रे, आशीष सिंग आबकारी उपनिरीक्षक कौशल सोनी, सुश्री नीलम स्वर्णकार, प्रकाश देशमुख की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## संपादकीय

### नशे और अपराधों में फंसते नाबालिग

*छत्तीसगढ़ के युवा जिस तरह से विभिन्न तरह के नशों का शौक पूरा करने के लिये अपराधों की ओर मुड़ रहे हैं, वह बेहद चिंताजनक है। वैसे तो यह स्थिति कमोवेश देश भर की है, लेकिन प्रदेश जो पहले से ही बहुत सम्पन्न नहीं है और यहां शिक्षा का स्तर भी अत्यंत असंतोषजनक है, यदि यहां के नाबालिग व युवा इसकी गिरफ़्त में आकर बड़े पैमाने पर अपराधों की दुनिया में प्रवेश करते हैं तो यह कानून-व्यवस्था के साथ कई सामाजिक समस्याओं को जन्म दे सकता है। इसलिये सरकार और स्वयंसेवी संगठनों को चाहिये कि नाबालिगों-युवाओं को छोटे-बड़े नशों से दूर रहने के लिये जागरूक करें जो कि बहुत से अपराधों की जड़ है।*

*इस समस्या की तह में जाएं तो पाते हैं कि बड़ी संख्या में युवाओं की न तो शिक्षा में रुचि रह गयी है और न ही वे रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। विशेषकर अल्प शिक्षित नौजवान जो ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं, उनकी दिलचस्पी कृषि कार्यों में भी नहीं रह गयी है। कई बार वे शहरों या कस्बों में चले जाते हैं परन्तु उन्हें कोई काम नहीं मिलता तो वे अपनी ज़रूरतों को पूरा करने के लिये अपराध करने लगते हैं। इसकी शुरुआत अक्सर छोटी-मोटी वस्तुओं की चोरियों से होती है जो बाद में मोटर साइकल, मोबाइल, जेवर आदि चोरी में तब्दील हो जाती हैं। इनमें एक वर्ग रहता है जो नाबालिगों का होता है। वे अपने से बड़े अपराधियों के मार्गदर्शन और संगत में अधिक गम्भीर अपराधों की ओर बढ़ जाते हैं। ज्यादातर अपराधियों का रुझान नशीले पदार्थों की सेवन की ओर होता है। गांजा-शराब से लेकर नशे के इंजेक्शनों से टेबलेटों का सेवन तक इसमें शामिल है।*

*नाबालिगों का एक और वर्ग होता है जो मोबाइल, बाइक आदि के शौक पूरा करने के लिये चोरी-डकैती करते हैं। कई बार मित्रों की टोलियां बनाकर ये अवयस्क किशोर जेब काटने, दुकानों या घरों से उठाईगिरी करने लग जाते हैं। जेबों से मोबाइल, पैसे या बटुवे निकाल लेना, बस-ट्रेनों या भीड़-भाड़ वाली जगहों से चारी कर वे अपने न केवल शौक पूरा करते हैं बल्कि नशे के पदार्थ खरीदते हैं। इस तरह देखें तो नशे और अपराधों का निकट का सम्बन्ध होता है। नशे की लत इतनी अधिक होती है कि वे उसके लिये किसी भी हद तक जा सकते हैं।*

*पिछले दिनों खरोरा में हुई डकैती में तक कुछ नाबालिग शामिल थे। अब रायगढ़ में जो वारदात हुई है वह बतलाती है कि नाबालिग नशे के लिये कहां तक जा सकते हैं। रविवार की रात नशे के आदी तीन किशोरों और एक युवक ने एक ट्रेलर को देहजरी गांव के पास रोका। चालक का मोबाइल तथा 2600 रुपये नगद छीन लिये। ट्रेलर लेकर भी वे फरार हो गये। हालांकि पकड़ लिये गये।*

उल्टा पुल्टा

राजू पहाड़ों पर पैराशूट बेच रहा था
ग्राहक- अगर पैराशूट नहीं खुला तो?
राजू- तो आपके पूरे पैसे वापिस।

# शिक्षा संस्थानों के आसपास मादक पदार्थों की बिक्री पर कड़ी नजर रखी जाये : संभागायुक्त

## संभाग स्तरीय बैठक में दिये गये निर्देश

**दुर्ग,** 3 जून (देशबन्धु)। संभागीय आयुक्त एस.एन.राठौर ने आज संभागस्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को शिक्षा संस्थाओं के आसपास मादक पदार्थों की बिक्री पर कड़ी नजर रखने और लोगों में नशे की प्रवृत्ति की रोकथाम के लिये जन जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिये। संभागीय आयुक्त ने उच्च शिक्षा और स्कूल शिक्षा विभाग को संयुक्त कार्ययोजना बनाकर एनसीसी, एनएसएस, एवं स्काउट गाईड के विद्यार्थियों को नशा के खिलाफ जागरूकता रैली सभी नगरीय निकायों में निकालने के निर्देश दिये।

संभागायुक्त श्री राठौर ने विशेष तौर पर अधिकारियों को नशे का आदि और नशे की हालत में माहौल करने



का किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होने की संभावना होने पर उन्हें गोपनीय तौर पर जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

संभाग आयुक्त ने संभाग के प्रत्येक पंचायत में प्राथमिक सहकारी समिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मोहला.मानपुर.अंबागढ़ चौकी और खैरागढ़.छुईखदान.गंडई जिलों में अधिक से अधिक दुग्ध समिति गठित किया जाए।

संयुक्त आयुक्त सहकारिता ने अवगत कराया कि संभाग के 2444 पंचायत में से 1349 पंचायत प्राथमिक सहकारी समितियों से कव्हर कर लिये गये हैं। लक्ष्य के मुताबिक वर्ष 2026 तक सभी पंचायते कव्हर कर लिये जाएंगे। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने अभी भी विभिन्न कार्यालयों में शिक्षकों को अटैच किए जाने पर चिंता जाहिर करते हुए उक्त शिक्षकों की सेवाए संबंधित शालाओं में सौंपने तत्काल कार्यवाही करने संयुक्त संचालक शिक्षा को निर्देशित किया। यदि शिक्षक शाला में नहीं लौटते तो कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही किया जाएगा।

संभागायुक्त ने कहा कि कार्यालयों में बेहतर कार्य व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए एवं कार्यालयीन गतिविधियों से सुशासन झलकना चाहिए। बैठक में उपायुक्त पदुम यादव, संयुक्त आयुक्त सहकारिता मुकेश ध्रुव, संयुक्त संचालक शिक्षा आर.एल. ठाकुर, संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा श्री राठौर सहित समस्त विभाग के संभाग स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# शिविर में आरसीएचएसआरपी व नंबर प्लेट बनाये गये

## जैन श्वेताम्बर समिति का रहा विशेष योगदान

**दुर्ग,** 3 जून (देशबन्धु)। श्री महावीर जैन श्वेताम्बर सेवा समिति एवं दुर्ग परिवहन कार्यालय (आरटीओ) द्वारा जिला अस्पताल के परिसर में स्थित महावीर धर्मशाला



में शिविर लगाकर एचएसआरपी नंबर प्लेट, लर्निंग लाइसेंस बनाये गये। शिविर कल 4 जून को भी जारी रहेगा। विधायक दुर्ग शहर गजेन्द्र यादव की प्रेरणा से यह सफल शिविर लगाया गया।

आज लगाये गये शिविर में 36 लर्निंग लाइसेंस एवं 35 लोगों का एचएसआरपी नंबर प्लेट बनाया गया। इसके अलावा 35 लोगों का आरसी नंबर अपडेट होने भेजा गया है। शिविर को सफल बनाने में परिवहन अधिकारी आरटीओ एस.एल. लकड़ा, आरटीओ कार्यालय से अधिकारी सुभाष बंजारे तथा श्री महावीर जैन श्वेताम्बर समिति से दिनेश म्रोटी, प्रकाश देशलहरा, निर्मल बोथरा, राजेन्द्र मरोटी व अनूप गटागट तथा अन्य सदस्यों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# 10 से जिले में शिविर लगाकर बनाया जायेगा दिव्यांग प्रमाण पत्र

**दुर्ग,** 3 जून (देशबन्धु)। दिव्यांगजनों की शारीरिक समस्याओं को कम करने एवं उनकी गतिशीलता में वृद्धि करने हेतु दिव्यांगजन अधिकार के प्रावधानों के अनुसार जिले के तीनों विकासखण्डों में 21 प्रकार के दिव्यांगता के आधार पर दिव्यांग प्रमाण.पत्र बनाने तथा नवीनीकरण करने हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में दिव्यांगजन प्रमाणीकरण चिन्हांकन मूल्यांकन शिविर का आयोजन 10 से 27 जून तक किया जायेगा।

उपसंचालक समाज कल्याण अमित सिंह से मिली जानकारी अनुसार जनपद पंचायत दुर्ग के अंतर्गत 10 जून को ग्राम पंचायत अंजोरा (ख), 12 जून को ग्राम पंचायत नगपुरा एवं 13 जून को ग्राम पंचायत निकुम में दिव्यांगजन शिविर का आयोजन किया जाएगा। जनपद पंचायत पाटन के अंतर्गत 18 जून को ग्राम पंचायत रानीतराई, 19 जून को ग्राम पंचायत बटरेल एवं 20 जून को ग्राम पंचायत जामगांव (एम) में दिव्यांगजन शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इसी प्रकार जनपद पंचायत धमधा के अंतर्गत 25 जून को ग्राम पंचायत दारगांव, 26 जून को ग्राम पंचायत लिटिया सेमरिया एवं 27 जून को ग्राम पंचायत मुरमुंदा में दिव्यांगजन शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# निगम द्वारा पर्यावरण पर केन्द्रित चित्रकला स्पर्धा में 68 बच्चों ने अपनी कल्पनाओं को दिया रंग



**दुर्ग,** 3 जून (देशबन्धु)। पर्यावरण दिवस से पूर्व आज नगर निगम द्वारा निगम सभागार में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में तीन से पंद्रह वर्ष की आयु के कुल 68 बच्चें शामिल हुए। इन बच्चों ने पेड़ पौधे, जानवर, स्वच्छ वातावरण पर्यावरण प्रदूषण जलवायु परिवर्तन एवं अन्य विविध विषयों पर अपनी तूलिका चलाकर अनुपम रंग उकेरे और पर्यावरण की रक्षा का संदेश दिया। इस प्रतियोगिता में विजयी होने वाले बच्चों को पर्यावरण दिवस 5 जून को पुरस्कार वितरित किया जायेगा।

पर्यावरण पर चित्रकला प्रतियोगिता को लेकर सुबह से ही बच्चों में उत्साह देखा जा रहा था। बच्चें, अपने पालकों के साथ सुबह से ही नगर निगम परिसर पहुंचने लगे। इन सभी बच्चों को नगर निगम द्वारा ड्राइंग सीट एवं अन्य साधन उपलब्ध कराये गये। बच्चों को इस क्षेत्र में मार्गदर्शन करने सुपरिचित चित्रकार मनीष ताम्रकार भी उपस्थित थे। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार ने बताया कि इस चित्रकला स्पर्धा का उद्देश्य बच्चों को प्रकृति के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाना तथा पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस स्पर्धा में बच्चों को अपनी रचनात्मकता व्यक्त करने के लिये एक मंच मिला है। इस अवसर पर सभापति श्याम शर्मा, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग प्रभारी हर्षिका जैन, पर्यावरण प्रभारी कांशीराम कोसरे शेष पृष्ठ 9 पर

■ पुरस्कार वितरण 5 को

# व्यवहार ठीक न होने से आपके ज्ञान से भी कोई प्रभावित नहीं होगा : वीणा दीदी

## आनंद सरोवर बघेरा में गीता पर ब्रम्हाकुमारी का व्याख्यान



**दुर्ग,** 3 जून (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी स्थित आनंद सरोवर बघेरा में गीता के ज्ञान को लेकर वीणा दीदी कर्नाटक ने अपने उद्बोधन में कहा कि आपसी मृदु व्यवहार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि मनुष्य का व्यवहार ठीक नहीं है तो आपका ज्ञान किसी को भी प्रभावित नहीं कर सकेगा। वीणा दीदी रायपुर में होने वाले तीन दिवसीय गीता ज्ञान महोत्सव में शामिल होने रायपुर पहुंची है। इन्हीं में से एक दिन दुर्ग के लिये निकालकर वे यहां आनंद सरोवर बघेरा पहुंची। वे भागवत गीता पर 5 सौ से ज्यादा प्रवचन दे चुकी है।

अपने उद्बोधन में वीणा दीदी ने बताया कि आप कितना भी ऊंचा ज्ञान सुना दीजिये लेकिन अगर व्यवहार ठीक नहीं है तो कोई भी आपके ज्ञान से प्रभावित नहीं होगा। यदि मन के भीतक कड़वापन है तो ज्यादा देर तक मनुष्य अपना वाणी का प्रभाव नहीं डाल सकते। उन्होंने कहा कि हमें अपने भाव स्वभाव पर अटेंशन रहना है। आत्मा का ओरिजनल स्वभाव स्वधर्म है, पवित्रता सुख शांति और प्रेम जागृत करता है।

# बासीन से सनोद थाना जा रहे 60 वर्षीय ग्रामीण की सन्देहास्पद मौत

**गुरूर,** 3 जून (देशबन्धु)। ब्लाक के ग्राम बासीन मे एक व्यक्ति का संदेहास्पद मौत होने से गांव सहित क्षेत्र भर में चर्चा होने लगी है। यह घटना मंगलवार को दोपहर की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक यहां चुम्मन निषाद का गांव में एक व्यक्ति के साथ सोमवार की देर शाम विवाद हुआ था।



घटना के बाद सनोद पुलिस द्वारा चुम्मन निषाद को स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया था। मंगलवार को चुम्मन निषाद फिर से पुलिस थाना सनोद जा रहा था तभी ग्राम गंगोरीपार के पास पहुंचा था कि अचानक गिर गया।

**हत्या की आशंका**-घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से चुम्मन निषाद को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरुर में लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि सोमवार की देर शाम मारपीट के दौरान चुम्मन निषाद के सिर में एवं पैर में चोट आई है।

# हैण्डलूम एण्ड टेक्सटाईल टेक्नोलॉजी के त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम प्रवेश के लिए आवेदन 10 जून तक

**दुर्ग,** 3 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन ग्रामोद्योग विभाग अंतर्गत चांपा में संचालित भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चांपा एवं वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा संचालित बरगढ़ (उड़ीसा) में जुलाई 2025 से प्रारंभ होने वाले डिप्लोमा इन हैण्डलूम एण्ड टेक्सटाईल टेक्नालॉजी के त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के प्रथम समेस्टर एवं लेक्ररल एन्ट्री के माध्यम से सीधे तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के निवासियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं।

डिप्लोमा इन हैण्डलूम एण्ड टेक्सटाईल टेक्नोलॉजी के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु 10वीं अथवा समकक्ष परीक्षा अंग्रेजी विषय सहित उत्तीर्ण होना एवं आयु सीमा 15 से 23 वर्ष, अनुसचित जनजाति अनुसूचित जाति अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा 17 से 25 वर्ष के बीच होना आवश्यक है।

सीधे तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश हेतु गणित, भौतिकी एवं रसायन विषय सहित 12वीं की परीक्षा के साथ वस्त्र प्रौद्योगिकी में अतिरिक्त विषय सहित 10वीं एवं 12वीं परीक्षा के साथ 02 वर्ष का औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) से प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी प्रवेश हेतु पात्र रहेंगे। जिसके लिए आयु सीमा 17 से 25 वर्ष के बीच एवं अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा 17 से 27 वर्ष के बीच होना आवश्यक है। आवेदन पत्र संस्थान के वेबसाईट से डाउनलोड किया जा सकता है। स्वप्रमाणित आवेदन पत्र स्पीड पोस्ट द्वारा अथवा ईमेल आईडी या स्वयं उपस्थित होकर 10 जून को सायं 5 बजे तक प्राचार्य, भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान मड़वा प्लाट रोड लक्ष्मणपुर चौक चाम्पा जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग. 495669 में जमा किया जा सकता है।

अधिक जानकारी ग्रामोद्योग संचालनालय हाथकरघा इन्द्रावती भवन नवा रायपुर में अथवा जिले में जिला हाथकरघा अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है।

# इग्नू में इस वर्ष ज्योतिष एवं भगवत गीता पर एमए नए सहित अन्य कई पाठ्यक्रम उपलब्ध

**दुर्ग,** 3 जून (देशबन्धु)। इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) में इस वर्ष दो नये पाठ्यक्रम एमए भगवत गीता तथा एमए ज्योतिष संबंधित पाठ्यक्रम शुरू किये गये है। इग्नू के जुलाई 2025 सत्र में विभिन्न पाठ्यक्रमों में ऑनलाईन प्रवेश प्रारंभ हो गया है। प्रवेश की प्रक्रिया पूरे जून माह में जारी रहेगा। शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के मुख्य समन्वयक डॉ. अनिमेष सुराना ने इच्छुक छात्रों से इग्नू की अधीकृत वेबसाईट पर जाकर ऑनलाईन प्रवेश ले सकते है।

इग्नू अध्ययन केन्द्र के सहायक समन्वयक डॉ. जी.एस.ठाकुर तथा डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से जानकारी दी कि इग्नू अध्ययन केन्द्र में वर्तमान में 8 सौ से अधिक विद्यार्थी विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् है। इस अध्ययन केन्द्र में हिन्दी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, इतिहास, राजनीति शास्त्र, समाजशास्त्र, लोक प्रशासन, भूगोल आदि विषयों में एम.ए. की सुविधा है। इसके अलावा एम.कॉम, में भी अध्ययन किया जा सकता है। स्नातक स्तर पर बी.ए., बी.कॉम, बी.एससी, बीसीए, बीएसडब्ल्यू, आदि में दूरस्थ शिक्षा की शिक्षण व्यवस्था उपलब्ध है। इग्नू अध्ययन केन्द्र में एम.लिब आईएससी, एमएसडब्ल्यू, एमएससी जियो इन्फॉरमेटिक्स तथा पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिक्ट इन जियो इन्फॅरमेटिक्स, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन डिजास्टर मैनेजमेंट तथा सर्टिफिकेट इन डिजास्टर मैनेजमेंट की भी सुविधा उपलब्ध है। कम्प्यूटर के क्षेत्र में एमसीए पाठ्यक्रम भी उपलब्ध है।

**जुलाई सत्र के लिये ऑन लाईन प्रवेश प्रारंभ**

मुख्य समन्वयक डॉ. सुराना के अनुसार इग्नू द्वारा इस वर्ष दो नये पाठ्यक्रम आरंभ किये गये है, जिनमें एम.ए. भगवत गीता तथा एम.ए. ज्योतिष संबंधी पाठ्यक्रम प्रमुख है। इग्नू के नये जुलाई सत्र हेतु ऑनलाईन प्रवेश आरंभ हो गया है। इस संबंध में विस्तृत विवरण हेतु विद्यार्थी इग्नू की वेबसाईट का अवलोकन कर संपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते है। उल्लेखनीय है, कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप इग्नू में पूर्व से ही क्रेडिट सिस्टम तथा सेमेस्टर प्रणाली लागू है। प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को अपने पाठ्यक्रम से संबंधित हस्तलिखित असाइन्मेंट संबंधित अध्ययन केन्द्र में जमा करना अनिवार्य है।

इग्नू द्वारा एक शैक्षणिक सत्र में दो बार अर्थात् जून एवं दिसंबर में टर्म एण्ड परीक्षाएँ लिखित रूप से आयोजित होती है। परीक्षा में सफ्ल विद्यार्थियों को क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर अथवा इग्नु मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा आयोजित दीक्षांत समारोह में डिग्री प्रदान की जाती है। इग्नू में प्रवेश लेने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को सम्पूर्ण शिक्षण सामग्री विद्यार्थी के घर पर डाक द्वारा उपलब्ध करायी जाती है।

# जिले में जल संरक्षण बना जन आंदोलन

## विश्व पर्यावरण दिवस पर चल रहें व्यापक स्वच्छता अभियान

**बेमेतरा,** 3 जून (देशबन्धु)। जल संरक्षण को लेकर जन-जागरूकता बढ़ाने एवं प्राकृतिक संसाधनों के सतत् उपयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से

■ तालाबों से हैंडपंप तक साफ-सफाई का संकल्प

■ प्रशासन और जनता ने मिलकर किया श्रमदान

बेमेतरा जिला प्रशासन द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। इस कार्यक्रम में जनसमुदाय, स्वच्छता समूहों के सदस्य, अधिकारी और कर्मचारीगण सक्रिय रूप से शामिल हुए।

कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा एवं सीईओ जिला पंचायत श्री टेकचंद अग्रवाल के नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस 2025 एवं जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में जल संरचनाओं के आसपास व्यापक स्वच्छता अभियान



चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में स्थित तालाबों, हैंडपंपों, नालियों एवं सोकपिट्स के आसपास श्रमदान के माध्यम से सफाई की गई। यह अभियान केवल स्वच्छता तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि इसके माध्यम से लोगों को जल स्रोतों की महत्ता, स्वच्छता के प्रभाव एवं जल संरक्षण की आवश्यकता के प्रति भी जागरूक किया गया। इस अभियान में बड़ी संख्या में ग्रामीण जन, स्वच्छता समूह, स्वयंसेवी संगठन, जनप्रतिनिधि, शाला छात्र एवं प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी सक्रिय रूप से सम्मिलित हुए। सभी ने सामूहिक श्रमदान करते हुए यह संदेश दिया कि जल स्रोतों की स्वच्छता केवल शासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व शेष पृष्ठ 9 पर

# पूर्व सांसद सरोज पाण्डेय के जल परिसर कार्यालय से वृक्षारोपण हेतु निशुल्क प्राप्त करें पौधे

**दुर्ग,** 3 जून (देशबन्धु)। विश्व पर्यावरण दिवस पर आम नागरिकों को वृक्षारोपण के लिये भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पाण्डेय ने अपने जल परिसर स्थित कार्यालय में पौधे उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कार्यालय से



वृक्ष प्राप्त करने सुबह 11 बजे से 5 बजे तक रविशंकर ढीमर एवं हिम्मत पासवान से संपर्क किया जा सकता है। विश्व पर्यावरण दिवस पर जिस प्रजाति के पौधे उपलब्ध कराने की व्यवस्था है उनमें नीम, आम, पारस पीपल, केशिया स्वामी, बेल, करंज, कटहल, रुद्राक्ष एवं रक्त चंदन के पौधे उपलब्ध है। ये पौधे निजी निवास, सार्वजनिक स्थल, बगीचों में लगाये जा सकते है।

# जमीन बटवारे को लेकर पिता पर हमला कर की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**बेमेतरा,** 3 जून (देशबन्धु)। 12 जून को प्रार्थी पवन बंजारे उम्र 43 साल निवासी जगन्नाथपुर थाना साजा जिला बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि जून के सुबह 7.30 से 8 बजे के मध्य गुलाब जोशी के घर परछी के सामने खड़ा था उसी समय मीना राम जोशी अपने पिता गुलाब जोशी को तीन एकड़ जमीन में से डेढ़ एकड़ जमीन को खाने कमाने के लिए जमीन का हिस्सा मांगा तो गुलाब जोशी नहीं दुंगा कहकर मना किया, तो मनीराम जोशी कैसे जमीन का हिस्सा नहीं दोगे कहकर अपने हाथ में रखे बांस के डण्डा से जान से




मारने की नियत से गुलाब जोशी के सिर, पीठ, सीना, दाहिना हाथ के कोहनी में मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाकर हत्या कर दी हैं। कि रिपोर्ट पर थाना साजा में आरोपी के विरूद्ध धारा 103 (1) बीएनएस अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया।

सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशानुसार अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह एवं शेष पृष्ठ 9 पर

# अलग-अलग घटना में 6 की मौत

**भिलाईनगर**, 3 जून (देशबन्धु)। सेक्टर-1 गैरेज रोड में एक तेज रफ्तार कार ने सायकिल से घर जा रहे भाई-बहन को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे दोनों घायल हो गये। घायल बच्चों को अस्पताल में ईलाज हेतु भर्ती किया गया। जहां ईलाज के दौरान बहन की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार 29 मई को बापू नगर खुर्सीपार निवासी 10 वर्षीय अंशिका व उनका 8 वर्षीय भाई अंकुश अपनी सायकिल से सेक्टर-1 स्व. राजेश पटेल स्टेडियम में फुटबॉल खेल कर वापस घर जा रहे थे, तभी गैरेज रोड में कार चालक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में दोनों भाई बहन घायल हो गये। उन्हें घायल अवस्था में सुपेला शासकीय अस्पताल में ईलाज हेतु पहुंचाया गया, जहां से बच्ची आंशिका को पहले बी.एम.शाह अस्पताल तथा बाद में श्री शंकरा अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां 2 जून की उनकी ईलाज के दौरान मौत हो गई। भाई अंकुश को कम चोट लगने के कारण वे सामान्य है। बच्ची की मौत की जानकारी मिलते ही मोहल्ले वासियों ने भट्ठी थाने में पहुंचकर अपना आक्रोश व्यक्त कर कार चालक के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की। ज्ञात हो कि एक दिन पहले ही गैरेज रोड पर ही एक अन्य घटना में एक वृद्ध महिला की मौत हो गई थी। बताया जा रहा है कि जिस स्थान पर दुर्घटना हुई उस स्थान पर लगे सीसी कैमरा बंद होने का दावा किया जा रहा है।



## डैम में डूबने से दो युवकों की मौत

**भिलाईनगर**। नेवई थाना क्षेत्र के अंतर्गत चार दोस्तों में से दो युवकों की मरोदा डैम में डूबने से मौत हो गई। दोनों ही युवकों को तैरना नहीं आता था। डैम में मौजूद लोगों के द्वारा तत्काल दोनों ही युवकों को बाहर निकाल और इलाज के लिए उतई स्थित अस्पताल में लेकर गए। परीक्षण के दौरान डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि कल शाम को चार दोस्तों में फैसल, साहिल, जुनैद एवं अविनाश मरोदा डैम पहुंचे थे। शाम 5.30 बजे के करीब चारों दोस्त नहाने के लिए डैम में उतर गए। परंतु साहिल एवं जुनैद को तैरना नहीं आता था। जिसके कारण दोनों डूबने लगे आसपास के लोगों के द्वारा देखने पर डैम में डूब रहे साहिल एवं जुनैद को बाहर निकल गया। तत्काल इलाज के लिए उतई स्थित अस्पताल लेकर गए। परंतु परीक्षण के बाद डॉक्टर ने दोनों को ही मृत घोषित कर दिया। नेवई थाना प्रभारी आनंद शुक्ला ने बताया कि मृतक जुनैद 22 वर्ष ग्राम चरोदा का रहने वाला था। साहिल 22 वर्ष ग्राम हाथखोज का रहने वाला था। घटना के बाद लोगों में रोष देखा जा रहा है।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**भिलाईनगर**। भारत पेट्रोल पंप के पास नंदिनी रोड पर कल अज्ञात मोटरसाइकिल चालक द्वारा सामने से आ रही मोटरसाइकिल को जोरदार ठोकर मार दी। इस घटना में पीछे बैठे ऑटो मिस्त्री की मौत हो गई। जबकि बाइक चल रहे युवक का इलाज जिला अस्पताल दुर्ग में चल रहा है। मृतक के चचेरे भाई की रिपोर्ट पर से जमुल पुलिस के द्वारा अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में दिया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम गिरहोला थाना नंदिनी में आटो मिस्त्री का काम करता था। 2 जून को ग्राम गिरहोला से आटो पार्टस लेने अपने दोस्त टिक्कल बंजारे का मोटर सायकल हीरो स्प्लेण्डर में अपने साथी देवा धनकर के साथ भिलाई आया था। शाम करीब 4.30 बजे के करीब नंदनी रोड में भारत पेट्रोल पम्प के पास मोटर सायकल को अज्ञात वाहन ठोकर मारकर फरार हो गया। इस दुर्घटना में पीछे बैठे रघुवीर यादव की मृत्यु होना बताये। वहां को देवा धनकर चला रहा था जिसे घायल अवस्था में जिला अस्पताल दुर्ग ले जाया गया। जहां उनका ईलाज किया जा रहा है।

## सड़क दुर्घटना में दो की मौत

**भिलाईनगर**। चरोदा के समीप सड़क दुर्घटना में चाचा भतीजे की मौत होने का मामला भिलाई-तीन पुलिस ने दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार भिलाई थाना क्षेत्र के चरोदा में ट्रेलर की चपेट में आने से चाचा मोहनीश खान व उनके 14 साल के भतीजा सोहान कुरैशी रायपुर से लौट रहे थे कि चरोदा के समीप उनकी मोटर सायकिल सड़क पर बने स्पीड ब्रेकर में मोटर सायकिल असंतुलित हो कर ट्रेलर से टकरा गई जिससे चाचा भतीजा गंभीर रुप से घायल हो गये। घायल को अस्पताल में ले जाने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि घटना 29 मई की थी। आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात ऋचा मिश्रा ने मौके स्थल का निरीक्षण कर गतिरोध के निर्माण करने वाली कम्पनी को नोटिस जारी होने की बात कही जा रहा है।

## 5 को गायत्री जयंती व गंगा दशहरा

**भिलाईनगर**। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री शक्तिपीठ सेक्टर-6 गायत्री मंदिर कैम्प-2 पॉवर हाउस भिलाई, गायत्री शक्ति पीठ रामनगर, गायत्री साधना केन्द्र रिसाली बस्ती, प्रज्ञा पीठ भगवती संस्थान रामनगर मुक्तिधाम भिलाई ए शिव गायत्री मंदिर रिसाली सेक्टर, खुर्सीपार, प्रज्ञापीठ छावनी बस्ती सेक्टर 6, सेक्टर-4, कोहका, कुरूद, उम्दारोड भिलाई.3 पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य प्रज्ञामंडल शांतिनगर सुपेला भिलाई, दुर्ग, धनोरा, खम्हरिया, उतई, कसारीडीह, कादम्बरीनगर दुर्ग सहित अंचल के सभी गायत्री मंदिरों एवं प्रज्ञा संस्थानों में 5 जून को गायत्री जयंती और गंगा दशहरा का पावन पर्व मनाया जायेंगे। पर्व पूजन 4 जून को संबंधित सभी स्थानों में गायत्री मंत्र से मौन मानसिक जप करेंगे।

## इंडियन इंस्टिट्यूशन ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग की बैठक संपन्न



**भिलाईनगर**, 3 जून (देशबन्धु)। इंडियन इंस्टिट्यूशन ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग भिलाई चैप्टर की मासिक बैठक भिलाई निवास काफ़ी हाउस में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संयंत्र के पूर्व अधिकारी एवं चैप्टर के वाइस चेयरमैन घनश्याम कुमार देवांगन ने की। महीने की पहले रविवार को आयोजित होने वाली इस बैठक में इंस्टिट्यूशन के वरिष्ठ इंजीनियर सदस्य, शिक्षाविद एवं उद्योग के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में बच्चों एवं युवाओं की लक्षित गतिविधियों एवं इंडस्ट्री एकेडमिक सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया। घनश्याम कुमार देवांगन ने कहा कि बच्चों एवं युवाओं के लिए स्कूल कालेजों में इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग तकनीक से संबंधित विशेष सत्रों का आयोजन किया जाएगा। जिससे उनमें वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता, दक्षता एवं कार्य क्षमता का विकास होगा। उन्होंने जून माह के लिए प्रस्तावित कार्ययोजना साझा की। बैठक में उपस्थित गांधी विद्यापीठ स्कूल राधिका नगर के सचिव बलबीर सिंह सहगल ने इस पहल को अपने विद्यालय में लागू करने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। सचिव अवनीश दुबे ने पिछले माह की गतिविधियों एवं अब तक की प्रगति की जानकारी दी। बैठक में उपस्थित एम.पी. क्रिश्चियन कॉलेज के यांत्रिकी अभियांत्रिकी विभाग के डॉ. पी. एस. राव ने अपने कॉलेज में इंस्टिट्यूशन का स्टूडेंट चैप्टर शुरू करने में रुचि दिखाई। पी. हरि ने इंस्टिट्यूशन के साथ उद्योग शिक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने में समर्थन जताया। बैठक में यह भी तय किया गया कि आगामी 8-9 अगस्त को तिरुवनंतपुरम में आयोजित होने वाले इंस्टिट्यूशन के 67वें राष्ट्रीय अधिवेशन में भिलाई चैप्टर से एक प्रतिनिधि को नामित किया जाएगा। बैठक में डॉ. कांतीलाल विश्वकमा, बिजॉय कुमार सराफ, देवेंद्र सिंह बराड, वी. के. सिंह, संतोष कुमार अग्रवाल, मो. आरिफ खान उपस्थित थे। बैठक का संचालन एवं आभार प्रदर्शन अवनीश दुबे ने किया।

## फायरिंग करने वाले आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाईनगर**, 3 जून (देशबन्धु)। गोल्डी सिंह पति सूरज सिंह की रिपोर्ट पर थाना छावनी धारा 109, 3(5), बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रार्थिया के बताये घर में उसके अलावा उसके ससुर, सास, बेटा, बेटी भी थे। वह किचन में काम कर रही थी किचन से देखी की घर के गेट के पास दो मोटर सायकल से 4-5 व्यक्ति आकर रूके व उसमें से एक व्यक्ति जिसका नाम रविशंकर है जो प्रार्थिया के पति के साथ 2-3 बार प्रार्थिया के घर भी आ चुका है वह गेट को खोलकर आंगन में आ गया उसके दाहिने हाथ में एक छोटा हथियार था। वह दरवाजे को जोर जोर से धक्का देने लगा डरकर घर के अंदर का लाईट बंद कर दी। थोडी देर बाद जान से मारने की नियत से अपने पास रखे पिस्टल से एक गोली फायर किया तथा उसके साथ में आये अन्य 3.4 व्यक्ति सभी वहां से अपने मोटर सायकल से भाग गये। आरोपियो से पूछताछ करने पर सूरज को हत्या करने के नियत से हथियार से गोली चलाना स्वीकार किया आरोपी रविशंकर से एक मैगजीन जिसमे 2 कारतूस लगा हुआ व एक मोबाईल फोन एवं मोटर सायकल, टी शिवकुमार से एक पिस्टल जिसके मैगजीन मे एक कारतूस लगा हुआ एवं एक मोबाईल फोन एवं विजय चन्द्राकर से मोबाईल फोन जप्त किया जाकर मामले में विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। प्रकरण में सीएसपी छावनी हरिश पाटिल, उप पुलिस अधीक्षक क्राइम अजय सिंह, एसीसीयू टीम, थाना प्रभारी छावनी नवी मोनिका पाण्डे, उनि वरूण देवता, आरक्षक जितेन्द्र सिंह, नितिन सिंह एवं उनकी टीम द्वारा विवेचना मे आवश्यक सहयोग तत्काल किया जाकर आवश्यक कार्यवाही कि गयी।

## 2 बांग्लादेशी नागरिक कैम्प-2 छावनी से गिरफ्तार



**भिलाईनगर**, 3 जून (देशबन्धु)। अवैध रूप से घुसपैठ कर रहने वाले बांग्लादेशी, रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान कर उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने एवं उन्हे वापस भेजे जाने की कार्यवाही हेतु विशेष कार्य बल का गठन किया गया है। जिसके द्वारा दुर्ग में रहने वाले बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान कर उनके विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। अवैध घुसपैठियों की पहचान कार्यवाही के क्रम में दिनांक 3 जून को जानकारी प्राप्त हुई कि कैम्प-2 अमन लकड़ी टाल के पास एक किराये के मकान में एक संदिग्ध बांग्लादेशी पुरूष एवं एक महिला अपना मूल पहचान छिपाते हुए, फर्जी नाम से रह रहे है। उक्त सूचना की तस्दीकी एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु एसटीएफको निर्देशित किया गया। एसटीएफटीम एवं थाना छावनी पुलिस द्वारा दोनों संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों से पूछताछ करने पर उनके द्वारा अपना नाम मो.अली शेख निवासी 24 परगना,पश्चिम बंगाल एवं महिला ने अपना नाम साथी शेख 24 परगना पश्चिम बंगाल को होना बताई। दोनों संदिग्ध बांग्लादेशी महिला पुरूष के कब्जे से प्राप्त दस्तावेज एवं मोबाइल डाटा का विस्तृत विश्लेषण एवं जांच किया गया। जांच पर पाया गया कि मो. अली शेख का वास्तविक नाम मो. अब्दुल रौब हुसैन 48 वर्ष निवासी बांग्लादेश है। जो वर्ष 2012 में भारत बांग्लादेश सीमा को अवैध रूप से पारकर पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना में रहना एवं वहीं पर हुसैन शेख की लड़की से शादी कर उसकी मदद से मो. अली शेख के फर्जी नाम से जन्मतिथी बदलकर भारतीय नागरिकता संबंधी फर्जी एवं कूटरचित आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड बनाया जाना पाया गया। आरोपी का विगत 5-6 माह से कैम्प-2 में रहना पाया गया। जांच पर मो. अब्दुल रौब हुसैन द्वारा मोबाइल इंटरनेट के माध्यम से बांग्लादेश में रहने वाले रिश्तेदारों से लगातार संपर्क में रहना एवं बांग्लादेशी नागरिकता से संबंधित फोटो परिचय पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, बांग्लादेशी पासपोर्ट संबंधी दस्तावेज जप्त किया गया है। इसी प्रकार बांग्लादेशी महिला साथी शेख से पूछताछ पर उसका असली नाम साथी खातून बांग्लादेश होना पाया गया। जो वर्ष 2014 में अवैध रूप से भारत बांग्लादेश सीमा पार कर भारत में प्रवेश कर अवैध रूप से रहना एवं विगत लगभग 7.8 माह से कैम्प.02 छावनी में किराये के मकान में रहना पाया गया।

## विधायक समरालू में देवी की आराधना के लिए हुए रवाना



**भिलाईनगर**, 3 जून (देशबन्धु)। भिलाई विधायक देवेंद्र यादव पारंपरिक साउथ इंडियन वेशभूषा में आंध्र प्रदेश के समरालू कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हुए। खास बात यह रही कि इस यात्रा के दौरान वे पारंपरिक लूंगी और अंगवस्त्र में नजर आए। उनके साथ बड़ी संख्या में आंध्र समाज के लोग भी यात्रा पर निकले हैं। समरालू कार्यक्रम आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले के मेंदूरू गांव में हर तीन वर्ष में आयोजित किया जाता है, जहां देवी मां की पूजा भव्य रूप से होती है। भिलाई में जब स्टील प्लांट की स्थापना हुई थी, तब आंध्र प्रदेश के पलासा मंडल अंतर्गत श्रीकाकुलम जिले से बड़ी संख्या में लोग यहां नौकरी करने आए थे। इनमें से कुछ लोग सेवा निवृत्ति के बाद अपने मूल स्थान लौट गए, लेकिन कई परिवार स्थायी रूप से भिलाई में ही बस गए। आंध्र समाज की सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखने के लिए वे आज भी इस प्रकार के आयोजनों में बड़ी श्रद्धा से भाग लेते हैं। विधायक देवेंद्र यादव ने बताया कि उन्हें आंध्र समाज द्वारा समरालू कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए सौभाग्य की बात है कि वे इस पवित्र आयोजन में हिस्सा ले रहे हैं और देवी मां का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे तथा देवी पूजा के दौरान वे भिलाई सहित पूरे छत्तीसगढ़ की सुख.शांति और समृद्धि की प्रार्थना करेंगे।

## बिना अनुमति के मकान बनाने से हो सकती है परेशानी

**भिलाईनगर**, 3 जून (देशबन्धु)। नगर निगम भिलाई के कोहका क्षेत्र के साकेत नगर, कृष्णा ग्रैंड सिटी, आर्य नगर, शुभम कॉलोनी आदि क्षेत्रों में बड़-बड़े मकान बन गए हैं। लेकिन आज वहां पर शिवरेज, पानी निकासी सड़क की समस्या बढ़ती जा रही है। नगर निगम भिलाई द्वारा नाली बनाने के लिए भी जगह नहीं छोड़ा गया है एक दूसरे के खाली प्लाट में पानी का बहाव हो रहा है। वहां की भौगोलिक स्थिति यह है कि वह क्षेत्र बहुत ही निचले स्तर पर है। जिसके कारण बाकी क्षेत्रों का पानी आकर वहां भरता है। बड़ा नाला भी उफान मार देता है। शुरुआत मकान बनाते समय लोग अपने सिवरेज सिस्टम को दूसरों के खाली भूखंड में गिर रहे थे। अब लाइन से मकान बन जाने के बाद पानी निकालना मुश्किल हो रहा है। जिसके कारण सड़क, नाली, पानी निकासी प्रभावित हो रहा है। जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत का कहना है नाली बनाने के लिए बहुत सारे मकान तोड़ने पड़ेंगे। पानी का बहाव ऊपर से नीचे के तरफ हो होगा जो मकान बनाकर या बाउंड्री वॉल बनाकर रोक दिया गया है। आड़ी तिरछी नाली बनाने पर पानी का बहाव बराबर नहीं होगा। नगर निगम भिलाई द्वारा बार.बार लोगों को सूचित किया जा रहा है कि बिना निगम के भवन शाखा, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, शासकीय पटवारी कार्यालय से संपर्क किए बिना मकान का निर्माण न करें। बिना भवन अनुज्ञा के भी मकान बनाए जा रहे हैं। कुछ भू माफिया द्वारा झूठ प्रलोभन देकर के प्लाट काट के बेचा दिया गया है। उसका कहीं पर भी जल निकासी सड़क, बिजली का पोल, लाइट इत्यादि के बारे में कोई प्लान नहीं बनाया गया है। भू माफिया लोगों को भ्रमित करके सस्ते दर पर प्लाट बेच दे रहे हैं। बडे-बड़े हाउसिंग फ्लैट, डुप्लेक्स मकान, कृष्णा ग्रैंड सिटी, स्वयं द्वारा मकान लोग बना लिए हैं। इसमें जनप्रतिनिधि व्यापारी, शिक्षक, प्रोफेसर, वकील, डॉक्टर, शासकीय कर्मचारी भी सम्मिलित है। आज नगर निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्वयं जाकर क्षेत्र के लोगों से मिले। उन्हीं से पूछे कि पानी निकासी कैसे किया जाए। क्या रास्ता निकाला जायेए स्थानीय लोगों ने भी कहा बिना सामने के बने मकानों को तोड़े पानी नहीं निकल सकता है। क्योंकि पानी का स्वभाव है ऊपर से नीचे की तरफ बहना, कई जगहों पर विद्युत पोल भी नहीं है। बास के गाड़ के लोग लाइट लिए हैं। बड़ा मकान बना लिए उसे क्षेत्र में जल भराव हो रहा है। कुछ लोगों की शिकायत है जो मकान बना रहा है वह आगे तक बढ़ करके नियम विपरीत बना रहा है। नगर निगम भिलाई का संसाधन सीमित है। प्रत्येक मकान को तोड़ना कार्रवाई करना इसकी भी एक सीमा है। इस क्षेत्र में लगभग 8000 से अधिक लोग निवास कर रहे हैं। अंदर ही अंदर नए- नए मकान भी बना रहे हैं। उन्हें यह जरुर सोचना होगा की जल निकासी के लिए जमीन स्थान तो छोड़ना ही होगा। तभी नियमानुसार प्लानिंग करके नाली का निर्माण हो सकेगा।



## जामुल के विकास में सभी की भागीदारी : ईश्वर



**भिलाईनगर**, 3 जून (देशबन्धु)। जामुल नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने दस लाख रुपये के लागत से सीमेंटीकरण कार्य का भूमि पूजन किया उन्होंने बताया कि जसका मुर्त रूप शीघ्र ही दिखेगा और हमारे नगर पालिका जामुल के सभी वर्ग के जनता को इसका लाभ मिलेगा। नपा अध्यक्ष श्री ठाकुर ने संबंधित कार्य एजेंसियों को निर्देश दिया कि समय सीमा के अंदर कार्य को पूरा करें। साथ ही उपअभियंता को कार्यों की गुणवत्ता पर नजर रखने का निर्देश दिया। जिससे कि लम्बे समय तक इन कार्यों का लाभ जनता से मिले श्री ठाकुर ने बताया कि यह सीमेंटीकरण मार्ग शिवपुरी मुख्य मार्ग से पालिका के पीछे दरवाजे तक बनेगा। परिषद के सभी जनप्रतिनिधि के सहमति एवं आम जनता के सुझाव एवं मांग अनुरूप हम सब मिलकर जामुल में विकास का नया आयाम बनायेंगे। जिनके तत्परता से बहुत से वार्डों में विकास हो रहे हैं। आज के भूमि पूजन में पार्षदगण कविता विश्वाल, रामदुलार साहू, चुम्मन वर्मा, पूर्व पार्षद अरविंद यादव, सरस बर्मन, उपअभियंता सचिन भागवत, राजस्व उपनिरीक्षक हिम्मत लाल मंडावी समयपाल वेदांत वर्मा, तुकेश सेन उपस्थित थे।

## नवीन कानून की विवेचना वरिष्ठ आरक्षकों का प्रशिक्षण



**भिलाईनगर**, 3 जून (देशबन्धु)। आज 3 जून को पुलिस कण्ट्रोल रूमए भिलाई में नवीन कानून एवं लघु अधिनियम के मामलों की विवेचना के संबंध में वरिष्ठ आरक्षकों के 5 दिवसीय प्रशिक्षण के प्रथम सत्र का शुभारंभ रामगोपाल गर्ग पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग एवं विजय अग्रवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग द्वारा किया गया। रामगोपाल गर्ग, पुलिस महानिरीक्षक द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थित वरिष्ठ आरक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा गया कि अपराध की विवेचना के प्रशिक्षण के लिए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, दुर्ग द्वारा उन्हें नामांकित किया जाना एक गौरव का विषय है। नोटिफिकेशन के अनुसार ही अपराध की विवेचना हेतु प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस सत्र में जो भी प्रशिक्षण दिया जाएगा उसे ध्यान से सुने, सीखे क्योंकि आगे कैरियर में काम आएगा। एफआईआर एवं विवेचना का मतलब ये नहीं है चालान ही किया जाए अपितु विवेचना में सच्चाई दिखनी चाहिए और वास्तविक अपराधी को कोर्ट से सजा दिलाना है। आरोपी के प्वाइंट आफ व्यू से विवेचना करनी चाहिए। कोर्ट में क्या प्रश्न उठाएं जायेंगे, इस पर ध्यान देकर विवेचना की जाएं। विजय अग्रवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व्दारा वरिष्ठ आरक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा गया कि चुनिन्दा विवेचक बनने के लिए आवश्यक हो कि अपराध की विवेचना का लक्ष्य सत्य की खोज होना चाहिए। ये प्रशिक्षण विवेचना की बारीकियों को सीखने का मौका है। छोटी-छोटी बातें जो विवेचना की तकनीक है। उसको सीखें और उसका उपयोग करें ताकि किसी प्रकार की समस्या न हो। विवेचक के हमराह होकर गंभीर अपराधों की विवेचना भी सीखें। लिखापढ़ी सही की जाए ताकि आरोपी को कोर्ट से सजा हो। इस दौरान अभिषेक झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, चन्द्रप्रकाश तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक, लाईन नीलकण्ठ वर्मा, रक्षित निरीक्षक दुर्ग के साथ ही 44 प्रशिक्षणार्थी वरिष्ठ आरक्षक उपस्थित थे।

## विधायक रिकेश रेल अधिकारियों से करेंगे चर्चा



**भिलाईनगर**, 3 जून (देशबन्धु)। दुर्ग से पलासा बरहमपुर व्हाया विजयनगरम रेल सुविधा प्रारम्भ करने दिसंबर 2024 को दिए मांग पत्र पर वैशाली नगर विधायक दिल्ली में रेल अधिकारियों से चर्चा करने जम्मू से आज दिल्ली रवाना हो गए हैं। आपको बता दें कि जम्मू पहुंचे विधायक रिकेश सेन ने माता वैष्णोदेवी के दर्शन कर छत्तीसगढ़ की खुशहाली के लिए मातारानी से आशिर्वाद लिया। इस दौरान भिलाई के उत्कल और आंध्र समाज प्रमुखों से उन्होंने फोन पर चर्चा करते हुए दिसंबर 2024 को भेजे गए बहुप्रतीक्षित मांग पत्र विषयक जानकारी ली तथा दुर्ग से पलासा सीधी रेल सेवा के संबंध में रेल मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा करने आज वो जम्मू से दिल्ली पहुंचे। श्री सेन ने बताया कि सीमावर्ती आंध्र और उत्कल समाज की मांग पर दुर्ग से पलासा, बरहमपुरम तक व्हाया विजय नगरम नई एक्सप्रेस रेल सुविधा प्रारम्भ के संबंध में उन्होंने 14 दिसंबर 2024 को केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र दिया था। भिलाई वैशाली नगर क्षेत्र में आन्ध्र और उत्कल समाज के एक लाख लोग अपने पैतृक गांव आन्ध्रप्रदेश, श्रीकाकुलम एवं सीमावर्ती उड़ीसा राज्य में भिलाई दुर्ग से आवागमन करते हैं। सीधी रेल सुविधा उपलब्ध न होने के कारण आवागमन में उन्हें परेशानी होती है, जिस कारण नई एक्सप्रेस रेल सुविधा प्रारम्भ करने की महति

## सड़क सुरक्षा के लिए आब्जेक्ट मार्कर लगाए गए



**भिलाईनगर**, 3 जून (देशबन्धु)। संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग टीएसडी द्वारा भिलाई टाउनशिप की प्रमुख सड़कों पर यातायात सुरक्षा और सुव्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जगह जगह पर आब्जेक्ट मार्कर लगाए जा रहे हैं। यह कदम विशेष रूप से सेन्ट्रल एवन्यू रोड, फोरेस्ट एवन्यू रोड और उनसे जुड़ने वाली रोड क्रमांक 1 से लेकर रोड क्रमांक 6 तक के क्रॉसिंग्स पर लागू किया गया है। जिसका उद्देश्य सड़क यातायातकर्ताओं को संभावित बाधाओं के प्रति सतर्क करना है। यह आब्जेक्ट मार्कर विशेष रूप से उन परिस्थितियों में उपयोगी सिद्ध होंगे जहां दृश्यता कम होए जैसे कि रात के समय या वर्षा ऋतु में। इन संकेतकों के माध्यम से चालकों को न केवल सड़क पर मौजूद अवरोधों की पूर्व जानकारी मिलेगी। बल्कि वे यातायात नियमों के पालन हेतु भी अधिक सचेत हो सकेंगे। ऐसे प्रयासों से सड़क दुर्घटनाओं की आशंका में निश्चित रूप से कमी आएगी। नगर सेवाएं विभाग की इस पहल को और सशक्त बनाते हुए हाल ही में नेहरू नगर से पंथी चौक तक की डामर रोड तथा महात्मा गांधी कला मंदिर के सामने स्थित सड़क का चौड़ीकरण और पुनर्निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इन नई और पुनर्निर्मित सड़कों पर भी यातायात को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए स्थान स्थान पर आब्जेक्ट मार्कर लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त, आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए नगर सेवाएं विभाग द्वारा टाउनशिप की विभिन्न सड़कों पर कोलतार की रिकार्पेटिंग का कार्य भी पूरी सक्रियता और तैयारी के साथ किया जा रहा है। यह सुनिश्चित करेगा कि सड़कों की स्थिति वर्षा के दौरान भी अनुकूल बनी रहे और नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। भिलाई टाउनशिप की सड़कों को सुरक्षित और टिकाऊ बनाने की यह श्रृंखलाबद्ध पहल न केवल इस्पात संयंत्र प्रशासन की सुव्यवस्था व शहरी जीवन की गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय वृद्धि लाएगा। ऐसी योजनाबद्ध और तकनीकी रूप से परिपक्व कार्रवाइयों से टाउनशिप को एक मॉडल शहरी क्षेत्र के रूप में विकसित करने की दिशा में एक और सशक्त कदम उठाया गया है।

## अवैध शराब कारोबार पर पुलिस की कार्रवाई

**कवर्धा,** 3 जून। पुलिस चौकी पोंडी ने अवैध शराब के खिलाफ सख्त और प्रभावी कार्यवाही की है। 2 जून को ग्राम सारंगपुर चौबट्टा के पास पुलिस टीम ने मुखबीर की सूचना पर छापा मार कर मिथुन यादव को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 22 पौवा देसी शराब बरामद की गई। आरोपी के पास कोई वैध लाइसेंस या कागजात नहीं थे।



# शराब भट्ठी में चखना दुकान वालों की जानलेवा दादागिरी

**छुईखदान,** 3 जून (देशबन्धु)। रविवार की रात छुईखदान स्थित शराब भट्टी में चखना दुकान चलाने वालों ने खुले आम दादागिरी कर एक शराबी व्यक्ति की इतनी पिटाई कर दी । जिसका इलाज के दौरान मौत हो गया।

**चखना दुकान में बाहरी लोगों की दादागिरी**

वैसे तो प्रशासन द्वारा चखना दुकान की नीलामी कर दी गई है लेकिन उनके ऊपर कोई कंट्रोल प्रशासन का नहीं है,कौन आ रहा है कहा का रहने वाला है कोई पातासजी नहीं कर रहा जिसे लेकर चखना दुकान में कार्य करने वाले खुलेआम दादागिरी कर रहे है जिसका परिणाम सामने देखने को मिल रहा।इस संबंध शराब के शौकीन लोगों ने बताया कि वहां चखना दुकान में समान का रेट पांच गुना दस गुना रहता है जिसे लेकर चखना दुकान में ग्राहकों का कहासुनी हो ही जाता है ।जिसके पैसा के लेनदेन को लेकर चखना दुकान के गुर्गे खुलेआम दादागिरी कर पैसा वसूलते है विरोध करने पर मारपीट करने की शिकायत आम जनो में चर्चा का केंद्र बना हुआ है।आज हुए इस घटना ने पूरे छेत्र को हिला कर रख दिया है जिससे छेत्र में चखना दुकान वालों के विरुद्ध माहौल बनने लगा है जो आने वाले दिनों में क्या रूप लेगा वो तो आने वाला वक्त ही बता पाएगा।

ज्ञात हो रविवार की रात जाहिद खान शराब पीने के लिए शराब दुकान गया था वहां चखना दुकान वालों के साथ किसी बात लेकर कहासुनी हो गई होगी। जिसे लेकर चखना दुकान के गुर्गों ने जाहिद खान की इतनी पिटाई कर दी कि वो बेहोश हो कर गिर पड़ा।जिसे शराब दुकान में कार्यरत सुरक्षा गार्डों ने 112 में कॉल



- एक शराबी को इतना मारे की दूसरे दिन अस्पताल हो गई उसकी मौत
- पुलिस की सतर्कता से गिरफ्तार हुआ अपराधी

कर सूचना दी जिसे अस्पताल में भर्ती किया गया ।जहां उपचार के दौरान सुबह उक्त व्यक्ति जाहिद खान की मौत हो गई ।

जिससे बाद इस घटना को लेकर पूरे क्षेत्र में भय व्याप्त हो गया है नगर वासियों ने बाहरी व्यक्ति जो खुलेआम दादागिरी कर रहे है उनके खिलाफकार्यवाही की मांग करने लगे है ।पुलिस से मिली जानकारी अनुसार वार्ड नंबर 4 निवासी जाहिद खान पिता रहीमुद्दीन खान उम्र लगभग 35 वर्ष जो रात्रि में शराब दुकान शराब पीने के नाम पर गया हुआ था जिसकी किसी बात को लेकर वहां पर स्थित चकना दुकान चलाने वालों से बातचीत हो गई जिसमें चखना दुकान में कार्यरत राकेश नाम के लड़के ने इतना मारा कि वह बेहोश होकर गिर पड़े जिसे देखकर शराब भट्टी में कार्यरत सुरक्षा गार्ड ने स्थानीय पुलिस थाने में 112 नंबर डायल कर सूचना दी कि यहां पर एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ है जिसे पुलिस वालों ने उठाकर अस्पताल में भर्ती कराया रात भर उपचार के दौरान सुबह-सुबह उस व्यक्ति जाहिद खान की मौत हो गई जिसे लेकर क्षेत्र में वातावरण व्याप्त हो गया है । इस मामले को लेकर यहां पर स्थित नगर वासियों ने पुलिस प्रशासन से कड़ी कार्रवाई हेतु निवेदन किया है।

**पुलिस की सतर्कता से पकड़ाया**

पुलिस को जैसे पता चला को रात में जो व्यक्ति घायल था उसकी मौत हो गई तो छुईखदान पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए चखना दुकान में कार्यरत व्यक्ति राकेश को सुबह ही धर दबोचा और सी सी टी वी को जप्त कर जानकारी इकठ्ठा किया ।शाम को छह बजे के आसपास पोस्टमार्टम कराकर घर वालों को मृतक की बॉडी सौंप दी गई है।

# जिला बेमेतरा खम्हरिया पुलिस की कार्रवाई

**बेमेतरा,** 3 जून (देशबन्धु)।2 जून को प्रार्थी ओंम प्रकाश मारकण्डेंय उम्र 36 वर्ष, निवासी टिपनी, थाना थान खम्हरिया, जिला बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 2 जून 2025 के सुबह लगभग 7 बजे ट्रेक्टर लेकर कृषि कार्य करने अपने खेत गया था, कुछ समय बाद इसके बडे भाई सत्यनारायण मारकंडे एवं मां खेत आये तीनो लोग खेत में काम कर रहे थे, वह खेत का जोताई कर रहा था पुनित चतुर्वेदी व अन्य एक के द्वारा हमारे दिवाल तरफ का मत जोताई करो बोलकर दोनो एक राय होकर अश्लील गाली-गलौज देते हुए डंडा से मारपीट कर चोट पहुचाये तथा प्रार्थी के भाई सत्यनारायण मारकंडे को पुनीत चतुर्वेदी के द्वारा अश्लील गाली-गलौज करते जान से मारने की धमकी देते हुए हत्या करने की नियत से हाथ में रखे चाकू से पेट में मारकर गंभीर चोट पहुंचाना। इस रिपोर्ट पर धारा 296,351(3), 115(2), 109(1)3 (5) बी.एन.एस. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



**दिवाल तरफ का मत जोताई करो बोलकर, हत्या करने की नियत से अश्लील गाली-गलौज करते हुए चाकू से हमला कर गंभीर चोट पहुंचाने वाला आरोपी गिरफ्तार**

घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, जिस पर मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशानुसार, अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह एवं एसडीओपी बेमेतरा श्री मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में सहायक उप निरीक्षक द्वारिका प्रसाद देशलहरे को चौकी स्टाफ के साथ विवेचना कार्यवाही में लगाया गया।

प्रकरण में आरोपी पुन्नी ऊर्फ पुनीत चतुर्वेदी उम्र 55 वर्ष, निवासी टिपनी, थाना थान खम्हरिया, से उक्त घटना के संबंध में पुछताछ में उसने जुर्म स्वीकार किया। आरोपी के पेश करने से घटना में प्रयुक्त किये चाकू को बरामद कर जब्त किए गए।

आरोपी पुन्नी ऊर्फ पुनीत चतुर्वेदी पिता मंगल चतुर्वेदी उम्र 55 वर्ष, निवासी टिपनी, थाना थान खम्हरिया, जिला बेमेतरा को 2 जून को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में न्यायिक रिमांड पर प्रस्तुत किया गया। इस कार्यवाही में* थान खम्हरिया थाना प्रभारी सहायक उप निरीक्षक द्वारिका प्रसाद देशलहरे, प्रधान आरक्षक अजय लहरे, सुरेन्द्र तिवारी, आरक्षक दिनेश निषाद, मुकेश चंद्रवंशी, भूषण राजपूत, बलदेव निषाद एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## फांसी के फंदे पर लटका मिला ग्रामीण का शव



**गुरुर,** 3 जून (देशबन्धु। विकासखंड के ग्राम खुन्दनी में 57 वर्षीय एक ग्रामीण का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचे। यह घटना मंगलवार की है। जानकारी के मुताबिक यहां 57 वर्षीय मोतीलाल यादव ने अज्ञात कारणों के चलते इस तरह घटना को अंजाम दिया है। आज सुबह जब ग्रामीण खेत की तरफ पहुंचे तब इस तरह घटना के बारे में जानकारी हुआ।

घटना की सूचना पर पुलिस चौकी कँवर की टीम जब घटना स्थल पर पहुंचे, तो यहां 57 वर्षीय मोतीलाल यादव का शव कौहा के पेड़ में प्लास्टिक रस्सी के सहारे फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला।

**जांच में जुटी पुलिस-** पुलिस की शुरुआती जांच में एवं परिजनों से बयान के आधार पर स्वास्थ्यगत कारनो से मोतीलाल यादव द्वारा इस तरह घटना को अंजाम दिए जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है। मोतीलाल यादव ने सूर्यदेव अग्रवाल के खेत में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या की है। मंगलवार की दोपहर 1 बजे पुलिस चौकी कँवर प्रभारी लता तिवारी ने बताया कि फिर हाल घटना का कारण अज्ञात है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। गुरुर स्थित मर्च्युरी में पीएम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द किया गया।

## खरीफ फसलों के समर्थन मूल्य में वृद्धि और किसान हितैषी निर्णयों के लिए मोदी का अभिनंदन : चेमन देशमुख

**बालोद,** 3 जून (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी बालोद के जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने किसानों की आय दुगनी करने के लिए संकल्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एन.डी.ए.) की केंद्र सरकार द्वारा सत्र 2025-26 के लिए धान और कपास समेत 14 खरीफ फसलों के समर्थन मूल्य फिर से बढ़ाने के किसान हितैषी निर्णय के लिए बधाई देकर बालोद जिले के भाजपा-परिवार और किसानों की ओर से कृतज्ञता ज्ञापित की है।

श्री देशमुख ने कहा कि केंद्र सरकार के इस फैसले से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में हुई 50 फीसदी बढोतरी किसानों के लिए सौगात है। भाजपानीत राजग सरकार ने 10 साल में किसानों के हित के लिए काम किया है साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश की भाजपा सरकार प्रति एकड़ 21 चिंटल धान 3100 रुपए प्रति चिंटल की दर से खरीद रही है और दो साल का बोनस दिया। केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य की विष्णु देव साय जी के सुशासन में कृषक के उन्नति एवं तरक्की के लिए विभिन्न योजनाओ से आज गांव की तस्वीर बदली है। क्षेत्र के कृषक उन्नत एवं संपन्न होते जा रहे हैं। क्षेत्र के कृषक व भाजपा जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव ने कहा कि अपने 10 सालों के कार्यकाल में मोदी सरकार ने जमीन आसमान के अंतर वाला काम करके दिखा दिया है। कृषि का जो बजट कांग्रेस शासनकाल में 27 हजार करोड रुपए हुआ करता था। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में अभी यह बजट 1.27 लाख करोड रुपए को भी पार कर गया है। 5 गुना बढ़ोतरी का यह बजट है। साथ ही देश के करोड़ों किसानों को किसान सम्मन निधि मिल रही है। धान के समर्थन मूल्य में 2004 से 2014 तक केवल 4 लाख करोड़ रुपए का भुगतान हुआ। वही मोदी सरकार में 14 लाख करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। गेहूँ में 2 लाख करोड रुपए का भुगतान कांग्रेस सरकार ने किया था, मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार ने 5.30 लाख करोड़ का भुगतान किया है। किसानों के डेढ़ लाख करोड़ रुपए के बीमा के सेटलमेंट हुए हैं। इसके साथ-ही-साथ 1,389 मण्डियाँ ई-नाम से जुड़ी हैं। उर्वरक की सब्सिडी में 500 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। भाजपानीत राजग की केंद्र और प्रदेश की साय सरकार के कार्यकाल में किसानों का जो विकास हुआ है, सारे आँकड़े इसकी प्रामाणिकता को स्वयं ही सिद्ध कर रहे हैं।

## अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती मनाई गई



**छुईखदान,** 3 जून (देशबन्धु)। वीरांगना अवंती बाई शासकीय महाविद्यालय छुईखदान में आज दिनांक प्राचार्य डॉ जयति विश्वास के निर्देशन में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300वी जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम का प्रारंभ प्राचार्य के उद्बोधन के साथ हुआ। उन्होंने माता अहिल्याबाई होलकर के जीवन एवं नारियों के सम्मान हेतु उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया साथ ही उनके संपूर्ण जीवन को मानव कल्याण हेतु किए गये उनके उल्लेखनीय कार्यों को अनुकरणीय बताया । श्री आकाश धनगर अतिथि व्याख्याता वाणिज्य ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की राष्ट्र भक्ति और उनकी न्यायप्रियता से प्रेरित संस्मरण बताते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही । डॉ समीक्षा ताम्रकार अतिथि व्याख्याता रसायनशास्त्र ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महाविद्यालय परिवार का आभार अभिव्यक्त किया ।

## जिले में हुए जल जतन अभियान के कार्यों की जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार ने की सराहना

**बालोद**, 3 जून। जल शक्ति मंत्रालय द्वारा देश में भर में जल संचय, जन भागीदारी के तहत बेहतर कार्य करने वाले 34 जिलों का वर्चुअल माध्यम से देखा गया प्रेजेंटेशन। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से बालोद जिले में जल संरक्षण हेतु किए गए एक लाख से अधिक कार्यों की दी विस्तृत जानकारी। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री जल शक्ति मंत्रालय सी.आर.पाटिल और सचिव जल शक्ति मंत्रालय सुश्री देवाश्री मुखर्जी ने बालोद जिले में हुए जल संरक्षण के कार्यों के लिए कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा की सराहना की।



**परपोड़ी।** साजा विधानसभा के मंडल अध्यक्षों ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात जिसमें साजा विधान सभा भाजपा संगठन एवम् साजा विधानसभा के विकास कार्यों के बारे में हुई सार्थक चर्चा।

## भा. मजदूर संघ रानी अहिल्या की जयंती महिला दिवस के रूप में मनाई



**दल्लीराजहरा,** 3 मई (देशबन्धु)। भारतीय मजदूर संघ जिला प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर रानी अहिल्या बाई होल्कर का 300वां जन्मदिवस महिला दिवस के रूप में मनाया गया कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ से के संबद्ध आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ के सदस्यों की उपस्थिति रही। रानी अहिल्याबाई होलकर के जन्मदिवस को पूरे भारतवर्ष में भारतीय मजदूर संघ द्वारा महिला दिवस के रूप में मनाया गया।इस अवसर पर संघ के समस्त पदाधिकारीयों कार्य कर्ताओं के साथ ही नगर के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रहे। सर्वप्रथम रानी अहिल्या बाई होलकर के तैलचित्र पर माल्यार्पण के पश्चात संघ गीत से कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ, कार्यक्रम का संचालन करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ की जिल अध्यक्ष आयशा खान ने बताया कि यह बहुत ही सौभाग्य और गर्व की बात कि आज देवी अहिल्याबाई होलकर के जन्मदिन को पूरा भारतवर्ष च्महिला दिवस च्च के रूप में मना रहा है यह मातृशक्ति के प्रति हम सब के समर्पण, असीम श्रद्धा व मातृशक्ति दर्शाता है. कार्यक्रम में उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ की प्रदेश महामंत्री माधुरी रथ ने अपने उद्बोधन में कहा कि देवी अहिल्या बाई होल्कर के जन्म दिवस को आज पूरा देश मना रहा है मगर हमें उनके संघर्षों को नहीं भूलना चाहिए कि किस तरह उन्होंने विषम परिस्थितियों में महिलाओं के सम्मान की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ी और अपने राज्य में विकास का एक आदर्श स्थापित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय मजदूर संघ जिला मंत्री मुश्ताक अहमद ने कहा की रानी अहिल्या बाई होलकर भारत की सांस्कृतिक जागरण एवं सनातन विचारों के साथ गरीब और असहायों की सेवा की जीवंत प्रतिमूर्ति थी। उनके देश के प्रति योगदान को लोगों हमेशा याद रखेंगनिश्चित रूप से एक राजा की सीमाएं होती हैं।

## गायत्री परिवार ने नशा से होने वाले दुष्प्रभाव को रैली के माध्यम से जागरूक किया



**गुण्डरदेही,** 3 जून। अखिल विश्व गायत्री परिवार ब्लाक गुण्डरदेही के तत्वावधान में व्यक्तीत्व निर्माण शिविर के तीसरे दिन मंगलवार को नशा के खिलाफ नगर मे जागरूकता रैली निकाली गई जो साहू सदन से होकर धमतरी चौक जनपद पंचायत चौक से होते हूए बस स्टैंड फिर बाजार स्थल पहुंचकर नशेड़ी लाल का पुतला बनाकर जलाया गया साथ ही रैली मे नशा न करने का संकल्प लिया गया रैली के दौरान नुक्कड़ नाटक नशा मुक्ति गीत एवं नशा से होने वाले दुष्प्रभाव को बताया गया लोगों को नशीले पदार्थों से दुर रहने बच्चों को नशा से बचाने नशामुक्त समाज बनाने में सहयोग करने की अपील की गई इस अवसर पर गायत्री परिवार बालोद के नशा मुक्तभारत एवं कुरीती ? उन्मुलन प्रभारी विमल साहू ब्लाक संयोजक गुण्डरदेही चंद्रिका प्रसाद चद्राकर युवा प्रकोष्ठ गोपाल साहू डीलेश्वर साहू शांति कुंज प्रतिनिधि मिलन सिन्हा मोहपत साहू जवाहर साहू सोमन साहू ओमप्रकाश साहू टेकराम साहू देवी देशमुख महिला प्रकोष्ठ शांता साहू शिविर मे आए किरन साहू सत्यभामा साहू कुसमीता पींकी सहित रैली मे गायत्री परिवार के सदस्य व युवक युवती शामिल हुए।

## लक्ष्य प्रतिभा सम्मान एवं गाइडेंस समारोह

**परपोड़ी,** 3 जून (देशबन्धु)। नगर में रविवार को लोधी समाज द्वारा प्रतिभावान छात्रों एवं व्यक्तियों का सम्मान किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन मंगल भवन, सेजस विद्यालय के पीछे रखा गया । कार्यक्रम में लोधी समाज के विभिन्न क्षेत्रों जैसे पुलिस, सेना, शिक्षा, राजनीति और कृषि क्षेत्र के प्रभावी व्यक्ति समारोह में उपस्थित रहे। समारोह में 10 वी, 12 वी, नीट, जेईई, ट्रिपल आई टी, खेल एवं कला के क्षेत्र में बेमेतरा जिले के प्रतिभावान 150 छात्रों का सम्मान किया गया।



समारोह में सम्मानित छात्रों में निखिल चंदेल, दसवीं, डामेश्वरी वर्मा, बारहवीं में 84.2 प्रतिशत का नाम शामिल है। डोगेंद्र वर्मा के द्वारा मार्गदर्शन एवं कोचिंग के द्वारा नवोदय में चयनित 17 छात्रों का विशेष सम्मान किया गया । लेफ्टिनेंट राहुल वर्मा के द्वारा समारोह में उपस्थित बच्चों का कैरियर के लिए मार्गदर्शन किया गया । उन्होंने बताया कि दसवीं में 90 प्रतिशत प्राप्त 100 छात्र में केवल 10 प्रतिशत ही सही संस्थानों और नौकरी को प्राप्त करते है क्योंकि पढ़ाई के लिए सही दिशा में चलना जरूरी है। इसके अलावा पढ़ाई के साथ साथ सेहत, समय और परिवार में तालमेल में भी जरूरी है । यदि छात्र का अच्छी संस्था में हो गया तो उसका कैरियर संवर जाता है। इसलिए बारहवीं के बाद उच्च संस्थान में चयन के लिए खूब मेहनत करें। यदि असफलता मिलती है तो कारण को तलाशे और सुधार करके फिर से प्रयास करें। सम्मान समारोह में अवधेश पटेल, डोगेंद्र वर्मा जिलाध्यक्ष बेमेतरा, सर्किल अध्यक्ष हिमाचल वर्मा, उपाध्यक्ष रोशन चंदेल, जनपद उपाध्यक्ष नारद वर्मा, रामराज वर्मा,कुंभलाल वर्मा, कार्यकारी सदस्य रमेश वर्मा, विशेश्वर जंघेल, विजय वर्मा, कमलेश वर्मा, मुकेश वर्मा, पूर्व प्राचार्य दुर्जन जंघेल आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## निधन

### जेके पाण्डे



**नवापारा राजिम,** 3 जून। समीपस्थ ग्राम पारागांव निवासी हरि हर हाईस्कूल के सेवानिवृत्त व्याख्याता जेके पाण्डेय 86 वर्ष का आकस्मिक निधन सोमवार शाम को हो गया। जिनकी अंत्येष्ठी आज मंगलवार को स्थानीय मुक्तिधाम में की गई। वे संतोष पाण्डेय स्व..राकेश पाण्डेय के पिता, शुभम, रजत पांडे के दादा थे।

### मेघराज रूपरेला



**महासमुंद,** 3 जून। स्थानीय महामाया पारा निवासी मेघराज रूपरेला 58 वर्ष का मंगलवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे जतिन रूपरेला के पिता व मनीष, दिनेश, दीपक, अभिषेक रुपरेला के चाचा थे।

### श्रीमती शांतिबाई लुनिया



**महासमुंद,** 3 जून । स्थानीय गांधी चौक निवासी श्रीमती शांतिबाई लुनिया 75 वर्ष का 3 जून को निधन हो गया। अंतिम संस्कार भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे नरेंद्र लुनिया की धर्मपत्नी, अशोक लुनिया की भाभी, अजय, कमल, मुकेश, अभिषेक, अखिलेश, अंकित लुनिया की बडी मां एवं हर्ष भंसाली की नानी थी।

## प्रादेशिकी का शेष...

### निगम द्वारा पर्यावरण पर ...

ने भी पर्यावरण की रक्षा तथा चित्रकला स्पर्धा के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

आज के कार्यक्रम में एमआईसी प्रभारी मनीष साहू, पार्षद साजन जोसेफ, मनीष कोठारी, सरस निर्मलकर, पूर्व पार्षद सरोज कोसरे, उद्यान निरीक्षक अनिल सिंह, लिलेश्वरी साहू भी उपस्थित थे।

### जिले में जल संरक्षण बना ...

है। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी जरूरत है। यह अभियान केवल एक दिवस की गतिविधि नहीं बल्कि एक सतत प्रयास का हिस्सा है। स्वच्छ और सुरक्षित जल सुनिश्चित करने के लिए हमें सामूहिक रूप से मिलकर कार्य करना होगा।सीईओ जिला पंचायत श्री टेकचंद अग्रवाल ने कहा कि च्स्थानीय जल स्रोतों को स्वच्छ एवं उपयोग योग्य बनाए रखने हेतु ग्राम स्तर पर ऐसे अभियान समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे। इससे ग्रामीणों में जिम्मेदारी की भावना विकसित होगी और जल संरक्षण को जन आंदोलन का रूप मिलेगा। जिला प्रशासन की इस पहल से यह स्पष्ट होता है कि जिले में जल संरक्षण को लेकर योजनाबद्ध और सक्रिय प्रयास किए जा रहे हैं। यह अभियान एक सशक्त उदाहरण है कि प्रशासन और जनता मिलकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठा सकते हैं। जल स्रोतों की सफाई के माध्यम से न केवल स्वच्छता को बढ़ावा मिला, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को संरक्षित रखने की दिशा में एक प्रभावी पहल सिद्ध हुई है।

### जमीन बटवारे को लेकर ...

एसडीओपी बेमेतरा श्री विनय कुमार के मार्गदर्शन में प्रभारी थाना साजा व थाना साजा स्टाफ द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

विवेचना के दौरान आरोपी मीनाराम जोशी से पूछताछ में उसने जुर्म स्वीकार किया। आरोपी ने बताया कि उसने अपने हाथ में रखे बांस के डण्डा से अपने पिता गुलाब जोशी के सिर,पीठ,सीना, दाहिना हाथ के कोहनी व शरीर पर वार कर उसकी हत्या की।

आरोपी के पेश करने से घटना में प्रयुक्त एक बांस का डंडा एवं अन्य साक्ष्य बरामद कर जब्त किए गए। आरोपी -मीनाराम जोशी पिता गुलाब जोशी उम्र 29 वर्ष, निवासी जगन्नाथपुर, थाना साजा जिला बेमेतरा को विधिवत गिरफ्तार कर आज 03 जून 2025 को न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा हैं।

कार्यवाही में सम्मिलित थाना साजा पुलिस टीम सहायक उप निरीक्षक संतोष ध्रुर्वे, बनवाली सोनकर, प्रधान आरक्षक पवन सिंह राजपूत, चंद्रशेखर, गौरी शंकर शर्मा, आरक्षक रामानुज जायसवाल, अमित सिंह, अर्जुन ध्रुर्वे, रामकुमार भारती, राजू यादव पुलिस टीम की त्वरित कार्यवाही सराहनीय रही।

## हनुमान की मूर्ति से आंख ही चुरा ले गए चोर



**गुरुर,** 3 जून (देशबन्धु)। नगर सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्र में इन दिनों चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। पूर्व में हुई चोरी का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है ऐसे में लगातार फिर से चोरी होने से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा होने लगा है। नेशनल हाईवे से लगे देरानी जेठानी नाला के पास स्थित हनुमान मंदिर में चोरी का मामला सामने आया है। यहां अज्ञात व्यक्तियों ने हनुमान की मूर्ति से चांदी की आंख को चुरा ले गए हैं। एक सप्ताह पूर्व भी गुरुर स्थित बाजार चौक में हनुमान मंदिर में अज्ञात व्यक्तियों ने दान पेटी को तोड़कर 15000 की चोरी किए थे, जिसका अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अज्ञात व्यक्तियों द्वारा इन दिनों लगातार मंदिरों को ही निशाना बनाया जा रहा है। इसके पूर्व ब्लॉक मुख्यालय गुरुर के बस स्टैंड, धनोरा, भरदा, धोबनपुरी रमतरा जैसे अन्य गांव में भी चोरी की घटनाएं हो चुकी है। क्षेत्र में लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं को देखते हुए क्षेत्रवासियों ने रात्रि में गश्त बढ़ाये जाने की मांग की हैं।

## जल संरक्षण को लेकर विद्यार्थियों में जागरूकता हेतु चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**बेमेतरा,** 2 जून (देशबन्धु)। जिले में बढ़ते जल संकट को देखते हुए पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय शिवलाल राठी इंग्लिश मीडियम स्कूल बेमेतरा में विद्यार्थियों के बीच जल संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से चित्रकला एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता स्कूल के इको क्लब के तत्वावधान में तथा वार्ड क्रमांक 21 के पार्षद श्री लक्की साहू के सहयोग से आयोजित की जा रही है। हाई स्कूल और हायर सेकंडरी कक्षाओं के छात्रों के लिए प्रस्तावित यह प्रतियोगिता 4 जून 2025 को प्रातः 8ः00 बजे से शुरू होगी, जिसकी अवधि 1 घंटा 30 मिनट निर्धारित की गई है। आयोजन स्थल स्कूल परिसर ही रहेगा। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों को च्जल संरक्षण का महत्व एवं उपायज्, च्जल संकट के समाधानज् तथा च्जल है तो कल हैज् जैसे विषयों पर अपने विचार व्यक्त करने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक छात्र-छात्राएँ श्री सुधीर कुमार (व्याख्याता हिन्दी) एवं हुलेन्द्र कुमार (सहायक शिक्षक, विज्ञान प्रयोगशाला) से संपर्क कर सकते हैं। उनके मोबाइल नंबर क्रमश 9977363697 एवं 8839520183 हैं। प्रतियोगिता हेतु आवश्यक ड्राइंग शीट एवं निबंध लेखन के कागज वार्ड पार्षद द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे, जबकि रंग, पेन तथा अन्य आवश्यक सामग्री प्रतिभागियों को स्वयं लानी होगी। प्रतियोगिता की श्रेष्ठ प्रविष्टियों को प्रदर्शनी में शामिल किया जा सकता है अथवा प्रकाशन हेतु चयनित किया जाएगा। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अपने विचारों और रचनात्मकता के माध्यम से सकारात्मक योगदान दें तथा समाज में जल के प्रति जिम्मेदारी का संदेश फैलाएं।

# स्कूलों के छप्पर उजड़ने की जिला कांग्रेस ने मनाई बरसी



**बेमेतरा,** 3 जून (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा बेमेतरा जिला मुख्यालय के दो प्रमुख ऐतिहासिक स्कूलों के छप्पर उजड़ने की बरसी मनाई गई कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने किया बरसी के इस कार्यक्रम में बेमेतरा जिले के सभी पत्रकारगणो को सह सम्मान आमंत्रित किया गया था साथ ही साथ बेमेतरा नगर पालिका में कांग्रेस के पार्षदगण तथा गण्यमान्य नागरिकों को भी इस कार्यक्रम में शामिल रखा गया सभी लोगों को साथ लेकर स्कूल की वर्तमान दुर्दशा देखने के लिए पहुंचे थे पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा एवं पत्रकार गण तथा पार्षद एवं नागरिक ज्ञात हो की 1 वर्ष पूर्व बेमेतरा के शताब्दी स्कूल सीनियर बेसिक स्कूल तथा स्वामी आत्मानंद स्मृति कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला बेमेतरा की छप्पर तूफान आने से उड़ गई थी उसे समय कांग्रेस तथा एनएसयूआई के द्वारा डीईओ कार्यालय का घेराव भी किया गया था तथा उन्हें विद्यालय की छत पर सुधरवाने के लिए कहा गया था बेमेतरा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय जो इन दोनों स्कूलों से महज चंद कदम लगभग 100 मी दूर है जहां जिला शिक्षा के आला अधिकारी सुबह से शाम तक आना-जाना करते हैं उनकी नजरों के सामने प्रतिदिन दिखने वाला यह नजारा शायद नहीं दिखा अथवा दिखा भी तो जिले के शिक्षा अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने अपनी आंखें मूंद ली जिसका नतीजा है कि इन स्कूलों में पढ़ने वाले गरीब तथा मध्यम वर्गी परिवार के हजारों बच्चों का भविष्य आज गोते लगा रहा है इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी तथा भाजपा के स्थानीय जनप्रतिनिधियों को यह उजड़ा हुआ छप्पर दिखाई नहीं देता उन्हें दिखाई देता है तो सिर्फ और सिर्फ कमीशन खोरी जिसके कारण ही शिक्षा के मंदिरों को उजाड़ने का काम किया जा रहा है आज 1 बरस होने के बाद भी इतने महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक स्कूल जिसका बेमेतरा शहर एवं जिले से दिलों का रिश्ता रहा है कम से कम आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला जहां बेमेतरा जिले भर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का शिलालेख लगा हुआ है बेमेतरा जिले के एकमात्र शताब्दी स्कूल जहां अनेकों विभूतियों ने अपने शिक्षक ग्रहण की है को उजाड़ने का काम किया जा रहा है बेमेतरा की जनता को जिला शिक्षा अधिकारी तथा भाजपा के जनप्रतिनिधियों की काली करतूत को उजागर करने के लिए यह बरसी का कार्यक्रम रखा गया है जहां एक ओर हायर सेकेंडरी स्कूल में आंगनबाड़ी के बच्चों के उपयोग हेतु खिलौनों को लगाया जा रहा है और पैसों की बर्बादी की जा रही है जहां जिला खनिज न्यास मद से 90 लाख रुपए एक महीने की कोचिंग के लिए खर्च किया जा सकता है किंतु हजारों बच्चों के पढ़ने वाले स्कूलों में छप्पर लगाने की व्यवस्था नहीं की जा सकती इसे दुर्भाग्य नहीं तो और क्या कहा जाए पूर्व विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि आज स्थल निरीक्षण या कहें स्थल की बरसी कार्यक्रम लोगों को और पत्रकार बंधुओं यह दिखाना था कि बेमेतरा में शिक्षाको लेकर वर्तमान शासन प्रशासन और यहां के चुने हुए जनप्रतिनिधि कितने गंभीर हैं पूरा साल भर निकाल दिए छप्पर लगाने के लिए बजट नहीं है जबकि ऐसे कई गैर वाजिब वित्तीय खर्च किए गए जिनकी कहीं कोई आवश्यकता नहीं थी ।

# युवक बना ऑनलाइन ठगों का मनी ट्रांसफर एजेंट, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कवर्धा,** 3 जून (देशबन्धु)। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (द्ध4ष्ट), गृह मंत्रालय, भारत सरकार के समन्वय पोर्टल से प्राप्त जानकारी के आधार पर एक महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई है।



■ कमीशन से कमाई के लालच में बना ठगों का साथी युवक के खातों से गुज़रा डेढ़ करोड़ से ज़्यादा ठगी का पैसा

जांच के दौरान ग्राम सुरजपुरा, पोस्ट रबेली, थाना बोड़ला जिला कबीरधाम निवासी मोहन लाल जायसवाल के विरुद्ध यह तथ्य उजागर हुआ कि वह टेलीग्राम जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से साइबर अपराधियों के संपर्क में आकर अपने नाम व परिजनों के नाम से 18 से अधिक बैंक खाते खुलवाकर ठगी की रकम प्राप्त करता था। प्राप्त जानकारी और लेनदेन विवरण के अनुसार, उसके खातों में अब तक ठगी की लगभग 1.5 करोड़ रुपये (डेढ़ करोड़) से भी अधिक की संदिग्ध राशि का लेनदेन पाया गया है। यह रकम विभिन्न ऑनलाइन ठगी शिकायतों से संबंधित है, जिसमें देशभर के लोग पीड़ित हैं।

मामले की जांच में यह सामने आया कि मोहन लाल ने च्च।द्य क्क्कु4ज्ज और च्च्ष्ट क्क्कु4ज्ज जैसे टेलीग्राम ग्रुप से जुड़कर घर बैठे पैसे कमाने के लालच में यह आपराधिक कृत्य किया। उसे साइबर ठगी की रकम उसके बैंक खातों में प्राप्त होती थी, जिसे वह आगे बताए गए खातों में ट्रांसफर कर देता था, और इसके बदले उसे प्रत्येक लेन-देन पर कुछ कमीशन प्राप्त होता था।

साइबर क्राइम पोर्टल में ठगी की शिकायत दर्ज होने पर जब उसके पहले खाते फ्रीज हुए, तो उसने अपनी मां, पिता एवं अन्य परिजनों के नाम से भी बैंक खाते खुलवाए और वहीं गतिविधियाँ दोहराईं। आरोपी ने जिन बैंकों में खाते खुलवाए, उनमें प्रमुख रूप से बंधन बैंक, डीसीबी बैंक, आईडीबीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, केनरा बैंक, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक, कोटक महिन्द्रा बैंक और पंजाब नेशनल बैंक शामिल हैं।

प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट है कि आरोपी ने पैसों के लालच में सुनियोजित ढंग से साइबर अपराधियों के साथ मिलकर अपने खातों का उपयोग साइबर ठगी की रकम को ठिकाने लगाने के लिए किया है। इस आधार पर पुलिस चौकी पोड़ी में आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 317(4), 318(2) एवं 61(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधि सम्मत कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

# जिला कलेक्ट्रेट के पास में नए प्रीमियम शराब दुकान खोलने का विरोध

**बेमेतरा,** 3 जून (देशबन्धु)। जिला कलेक्ट्रेट के पास वार्ड क्रमांक 9 एवं 10 की सरहद में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बेमेतरा जिले के लिए प्रारंभ की जा रही प्रीमियम शराब दुकान खोले जाने को लेकर बेमेतरा नगर पालिका परिषद के पार्षद अखिलेश मिंटा नामदेव एवं श्रीमती नीलम टंडन ने मोर्चा खोल दिया है पार्षद मिंटा नामदेव का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे रहवास कॉलोनी है साथ ही साथ जिला कलेक्ट्रेट एवं बेमेतरा जिले के एकमात्र पीजी कॉलेज एवं निजी विद्यालय भी व्यवस्थित है ऐसे में प्रीमियम शराब दुकान का यहां पर खोला जाना वार्ड वासियों के लिए एवं नागरिकों के लिए एक खतरा है क्योंकि राष्ट्रीय राजमार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है लगभग 1 किलोमीटर दूरी पर ही पहले से ही देसी एवं विदेशी मदिरा शराब दुकान खुली हुई है ऐसे में प्रशासन का इसी वार्ड में दूसरी दुकान खोलने का निर्णय समझ से परे है नागरिकों को परेशान करने वाला है सड़क पर शराब दुकान खोलने से महिलाओं एवं बच्चों पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता की आसपास में जो एक सभ्य वातावरण बना हुआ है वहां पर चखना दुकान का अंबार लग जाए साथ ही साथ चखना दुकान की आड़ में लोग सड़क के किनारे ही प्रीमियम शराब का आनंद लेने लग जाए ऐसे में प्रीमियम शराब दुकान को बेमेतरा नगर पालिका क्षेत्र के किसी अन्यत्र स्थान पर खोला जाना उचित होगा अन्यथा वार्ड वासी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे पार्षद अखिलेश (मिनटा)नामदेव ने कहा कि ज्यादा अच्छा होता कि प्रशासन प्रीमियम शराब दुकान की जगह शिक्षा अथवा चिकित्सा से संबंधित कोई संस्थान यहां पर खोलना जिससे आम जनता लाभान्वित होती जबकि शराब जैसी दुकानों का खोल जाना निश्चित ही समाज को बर्बाद करता है लोगों के घरों को बर्बाद करते हैं अनेकों जिंदगियां शराब के नशे में तबाह हो जाती है ।



# चोरी गये सोने-चांदी के जेवरात घटना में प्रयुक्त बाईक सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**बेमेतरा,** 3 जून (देशबन्धु)। बेमेतरा जिले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देशन में अपराध एवं अवैध गतिविधियों पर लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में सायबर सेल एवं थाना बेरला की संयुक्त टीम ने सोने एवं चांदी के जेवर चोरी के मामले का खुलासा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से चोरी गई सामग्री बरामद की गई है।

प्रार्थी 18 मई 2025 को अपने घर मे ताला लगाकर पुरे परिवार के साथ काठी कार्यक्रम मे ग्राम सेमरिया थाना नंदनी गये थे, रात्रि होने से ग्राम सेमरिया मे पुरे परिवार सहित रूके थे कि दिनांक 18-19 मई 2025 की मध्यरात्रि को प्रार्थी दशरूत देशलहरे उम्र 42 वर्ष निवासी वार्ड 09 बेरला थाना बेरला जिला बेमेतरा की घर से अज्ञात चोर द्वारा घर का ताला तोडकर घर के अन्दर रखे आलमारी का लाकर तोडकर लाकर में रखे 02 जोडी लच्छा चांदी, 01 जोडी बिछिया चांदी, 03 जोडी पैरपटटी चांदी, कीमती 7000 रूपये, 02 नग सोने का हार 09 पत्ती और 05 पत्ती वाला, 04 नग सोने का पत्ती 01 जोडी ईयररिंग सोने का 13,000 रूपये सभी जेवर कुल कीमती करीबन 20,000 रूपये हैं चोरी कर ली गई थी। इस संबंध में थाना बेरला में अज्ञात चोर के विरूद्ध धारा 331(4), 305(ॅ) ब्रहस्र के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

■ सायबर सेल एवं थाना बेरला पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही

घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, जिस पर मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशानुसार, अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह एवं एसडीओपी बेरला श्री विनय कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बेरला निरीक्षक कृष्णकांत सिंह एवं सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, थाना व सायबर सेल टीम को अज्ञात आरोपियों की पतातलास हेतु त्वरित टीम गठित कर माल, मुल्जिम पतासाजी में लगाया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबिर सूचना के आधार पर 01 जून 2025 को बेरला से ही आरोपियों को पकड़ा गया। आरोपी कृष्णा निषाद उम्र 38 साल, 2. पीयुष कुमार नंदी उम्र 24 साल, 3. यश निषाद उम्र 19 साल तीनो निवासी शारदा पारा कबीरकुटी कैम्प 02 भिलाई थाना छावनी जिला दुर्ग को उक्त घटना के संबंध में पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया।

आरोपियों के निशान देही पर 02 जोडी लच्छा चांदी, 01 जोडी बिछिया चांदी, 03 जोडी पैरपटटी चांदी, 02 नग सोने का हार 09 पत्ती और 05 पत्ती वाला, 04 नग सोने का पत्ती, 01 जोडी ईयररिंग सोने, कुल कीमती करीबन 20,000/- रूपये, घटना में प्रयुक्त पुरानी इस्तेमाली मोटर सायकल कीमती करीबन 25,000/- रूपये, जुमला 45,000/- रूपये को जप्त कर बरामद किया गया।

इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना बेरला प्रभारी निरीक्षक कृष्णकांत सिंह, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, ठाकुर राम घृतलहरे, आरक्षक खुशाल बोरकर, सुरेन्द्र जांगडे, धनसाय मिरे, संजय पाटिल, नुरेश वर्मा, जयकिशन साहू, पीलाराम साहू, एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# शिक्षकों का धरना दूसरे दिन भी रहा जारी

■ युक्तियुक्तकरण काउंसिलिंग का विरोध आज



**कवर्धा,** 3 जून (देशबन्धु)। शिक्षक साझा मंच के बैनर तले शिक्षकों के चार सूत्रीय मांगों को लेकर जिला मुख्यालय में दो जून से प्रारम्भ अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन दूसरे दिन तीन जून को भी अनवरत जारी रहा। विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण के चलते काउंसिलिंग का विरोध करने के लिए जिले के शिक्षकगण चार जून को प्रात: आठ बजे रानी दुर्गावती चौक के पास स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल कवर्धा के पास एकत्रित होंगे। साझा मंच के जिला संचालक रमेश चन्द्रवंशी, शिवेंद्र चन्द्रवंशी एवं प्रांतीय उपसंचालक सी. डी. भट्ट ने कहा कि वित्त विभाग की स्वीकृति से छ्ग शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सन 2008 में जारी सेटअप के अनुसार पदांकित शिक्षकों को जिले में अतिशेष बना दिया गया है। सभी स्कूलों में शिक्षक उपलब्ध कराने की प्रचार कर रहा शासन प्रशासन यह बताने से क्यों घबरा रहा है कि प्रत्येक प्राथमिक व मिडिल स्कूलों में शिक्षक के एक-एक पद को हमेशा के लिए खत्म कर दिए हैं। जिले में अतिशेष घोषित 283 शिक्षकों में से ज्यादातर स्कूलों में शिक्षक के पद खत्म करने के कारण ही अतिशेष की श्रेणी में आये हैं। हमारा आंदोलन केवल शिक्षक हित के लिए नहीं, बल्कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को बचाने के लिए है। छ्ग शासन स्कूलों में शिक्षक पद घटाकर शिक्षा व्यवस्था को निजीकरण की ओर ले जा रहा है। आज के धरना में प्रमुख रूप से जिला संचालक रमेश चन्द्रवंशी, शिवेंद्र चन्द्रवंशी, सी. डी. आसकरण धुर्वे, गोकुल जायसवाल, प्रकाश चन्द्रवंशी, संजय कैवर्त, राजेश तिवारी, यशवंत कौशिक, तांती राम धुर्वे, नंद सोनी, जागेश्वर धुर्वे, सुजीत गुप्ता, सुखदेव चन्द्रवंशी, नकुल वर्मा, अनुज चन्द्रवंशी, प्रकाश भुआर्य, नारायण धुर्वे, सुशील साहू, मधवेश केशरी, भागवत कौशिक, सुनील देशलहरे, लक्ष्मण झरिया, हुकुम साहू, कपूर चन्द्रवंशी, राजेन्द्र तलवरे, रामसिंह धुर्वे, संजीवन मेरावी, सुंदर नाविक, राजेन्द्र निर्मलकर, परषोत्तम साहू, पन्ना लोधी सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

**जिले के सबसे बड़े ऐतिहासिक स्कूल की व्यवस्था बिगाड़ने का खेल** -जिला संचालक रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि जिले के सबसे बड़े व ऐतिहासिक स्कूल स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के सात व्याख्याताओं को अतिशेष बना दिया गया है, जबकि ये सातों व्याख्याता स्वीकृत पद के अनुसार ही नियमानुसार पदस्थ हैं। दरअसल इस स्कूल में व्याख्याता के कुल 38 पद स्वीकृत हैं, जिसमें 29 व्याख्याता ही कार्यरत हैं। इस प्रकार स्वामी करपात्री जी स्कूल में अभी भी व्याख्याता के 9 पद खाली है, लेकिन इसके विपरीत 7 व्याख्याताओं को अतिशेष घोषित कर दिया गया है, जिससे स्पष्ट है कि जिले के सबसे बड़े व ऐतिहासिक स्कूल की व्यवस्था बिगाड़ने में शिक्षा विभाग ही कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। इस स्कूल में अब तक पढ़े सभी विद्यार्थियों को इसे बचाने के लिए आगे आने की आवश्यकता है।

**प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत शिक्षक को बनाया अतिशेष**- जिला संचालक रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि छ्ग शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मई 2022 में जिला मुख्यालय के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय में गणित विषय के व्याख्याता पद पर नंद कुमार सोनी की प्रतिनियुक्ति चार वर्षों के लिए किया है। साथ ही प्रतिनियुक्ति आदेश में स्पष्ट उल्लेख किया है कि प्रतिनियुक्ति की अवधि चार वर्ष की होगी एवं निर्धारित अवधि के पूर्व प्रतिनियुक्ति की सेवाएं वापस करने के लिए राज्य शासन से सहमति प्राप्त किया जाना होगा, लेकिन जिला स्तर के शिक्षा अधिकारियों ने शासन के आदेश को धता बताते हुए शासन से सहमति लिए बगैर ही नंद कुमार सोनी को अतिशेष घोषित कर दिया है।

# अधेड़ की हत्या के बाद बदमाश फरार, गांव मे सनसनी

**कवर्धा,** 3 जून (देशबन्धु)। जिले में बेखौफ बदमाशों ने घर में घुसकर अधेड़ शख्स की हत्या गला काटकर कर दी. इस खौफनाक वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए. पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है. हत्यारों का कोई सुराग पुलिस को अबतक नहीं मिला है.

■ 2 दिन के भीतर 2 हत्या

इस वारदात के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है. मृतक की पहचान रामगुलाल धुर्वे (उम्र 40 वर्ष) के रूप में हुई है. मामला पांडातराई थाना क्षेत्र के महली गांव का है।

जानकारी के मुताबिक, घटना उस समय हुई जब मृतक रामगुलाल अपने घर में अकेले था. इस दौरान आरोपी ने घर के आंगन में हत्या की वारदात को अंजाम दिया. परिजनों और ग्रामीणों ने रामगुलाल के शव को खून से सना हुआ देखा तो तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी.

जिस शख्स की हत्या की गई उसकी उम्र 40 साल के करीब है. हत्या के वक्त घर में कोई और मौजूद नहीं था. मृतक का बेटा जब घर वापस लौटा तब उसने घर के आंगन में पिता की लाश पड़ी देखी. वारदात के वक्त मृतक का बेटा जंगल में गायों को चलाने के लिए गया था. देर शाम जब बेटा घर आया तो सामने पिता की लाश पड़ी देखी.

वहीं पुलिस का कहना है कि घटना की सूचना सोमवार की देर शाम मिली. घटनास्थल पर जाकर हमने जांच शुरू की. शव को कब्जे में लेकर पहले पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया. जांच जारी है

बीते 48 घंटों के भीतर कवर्धा जिले में दो हत्याएं हो चुकी हैं. लगातार बढ़ रही आपराधिक वारदातों की वजह से लोग दहशत में हैं. जिस अधेड़ की गला रेतकर हत्या की गई वो पांडातराई थाना के महली गांव का रहने वाला था. परिवार के लोगों से पुलिस पूछताछ कर ये पता लगाने की कोशिश में जुटी है कि हत्यारे कौन हो सकते हैं. पुलिस किसी पुरानी रंजिश को भी घटना से जोड़कर जांच कर सकती है. परिवार वालों के अलावा पुलिस आस पड़ोस के लोगों के बयान ले रही है।

# आंबेडकर वार्ड के 13 परिवारों को नहीं मिला बाढ़ का मुआवजा, कलेक्टर से मिले हितग्राही

**खैरागढ़,** 3 जून (देशबन्धु)। पिछले वर्ष जिला मुख्यालय खैरागढ़ में बाढ़ आई थी। उसका मुआवजा शहर के कई नागरिकों को अभी तक नहीं मिल पाई है। मंगलवार 3 जून को नगर के वार्ड क्रमांक 18, आंबेडकर वार्ड के बाढ़ पीड़ित परिवारों ने कलेक्टर से मिलकर अपनी पीढ़ा को बताए खैरागढ़ शहर में बाढ़ 10 जुलाई 24 को आई थी। जिसमें कई परिवारों के खाने पीने के समान कपड़ा सहित जरूरी दस्तावेज सहित बाढ़ में बहा गया था। बाढ़ के दूसरे दिन प्रशासन के द्वारा सर्वे भी किया गया था। आज तक के वर्तमान स्थिति में आंबेडकर वार्ड के कुछ परिवारों को बाढ़ का मुआवजा मिल गया है। वहीं 13 परिवारों को बाढ़ का मुआवजा अभी तक नहीं मिला है।

बाढ़ पीड़ित परिवारों ने सोमवार को जनदर्शन में कलेक्टर खैरागढ़-छुईखदान-गंडई को ज्ञापन सौंपते हुए अपनी पीढ़ा को बताया गया। उन्होंने बताया कि बाढ़ के तुरंत बाद पटवारी, तहसीलदार और नगर पालिका के अधिकारियों द्वारा सर्वेक्षण कर दस्तावेज़ लिए गए थे। उन्हें भरोसा था कि शासन से राहत ज़रूर मिलेगी, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी उन्हें एक रुपये की सहायता तक नहीं मिली है।



## मुआवज़े से वंचित पीड़ित परिवारों में शामिल

चंचल राजपूत, सिंकि मेश्राम, बेलसीया बाई भांडेकर, ईठा रामटेके, संध्या मेश्राम, सुभद्रा नागवंशी, रेशम बाई विदानी, रमसीला बाई मानिकपुरी, सरोज यादव, इंद्रा निषाद, तेजना मेश्राम, सुनीता रंगारी,सपना गनवीर शामिल है।

इन परिवारों ने प्रशासनिक कार्यालयों के चक्कर लगाए आवेदन दिए लेकिन जवाब में केवल आश्वासन ही मिला। अंतत: पीड़ितों ने अपनी आखिरी उम्मीद लेकर जनदर्शन का दरवाज़ा खटखटाया।

## जनदर्शन में कलेक्टर ने लिया तत्काल संज्ञान

जैसे ही पीड़ितों ने अपनी बात रखी कलेक्टर ने तत्परता दिखाते हुए तहसीलदार को तत्काल जांच का आदेश दिया। कलेक्टर ने जनदर्शन में ही स्पष्ट शब्दों में कहा काम क्यों नहीं हुआ इसकी पूरी जानकारी दो और शाम तक स्थिति स्पष्ट होनी चाहिए।

## तहसीलदार ने दिया भरोसा

मौके पर मौजूद तहसीलदार ने कहा कि वे सभी 13 मामलों की जानकारी लेकर स्थिति स्पष्ट करेंगे और जो भी जरूरी होगा तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

# गर्भवती महिला की मौत पर निजी अस्पताल की लापरवाही उजागर

■ सरकारी डॉक्टर की अवैध प्रैक्टिस से भड़की युवा कांग्रेस, कलेक्टर ऑफिस घेराव की चेतावनी



**खैरागढ़,** 3 जून (देशबन्धु)। जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गंडई क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में इलाज के अभाव और स्टाफ की घोर लापरवाही के चलते एक गर्भवती महिला की दर्दनाक मौत हो गई। घटना ने पूरे क्षेत्र में जनाक्रोश पैदा कर दिया है। उक्त अस्पताल में न तो न्यूनतम चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध थीं और न ही प्रशिक्षित स्टाफ मौजूद था। इस गंभीर लापरवाही की शिकायत युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुलशन तिवारी द्वारा दिनांक 16 अप्रैल 2025 को तत्कालीन कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा को की गई थी, लेकिन इतने समय बीत जाने के बाद भी न कोई जांच हुई और न ही कोई कार्रवाई।

जांच की मांग करते हुए गुलशन तिवारी ने दोबारा कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंदवाल को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए निजी अस्पताल पर कार्रवाई और जिम्मेदार डॉक्टरों पर कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया है कि उक्त अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर जितेन्द्र कुमार ताम्रकार वर्तमान में छत्तीसगढ़ के सबसे पुराने सरकारी मेडिकल कॉलेज—पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, रायपुर—में रेडियोलॉजी विभाग में रजिस्टार के पद पर पदस्थ हैं और सरकारी सेवा में होने के बावजूद निजी अस्पताल में कार्य कर रहे हैं, जो कि नर्सिंग होम एक्ट और एनपीए नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। गुलशन तिवारी ने यह भी बताया कि रायपुर से छुईखदान की दूरी लगभग 110 किलोमीटर है। ऐसे में यह असंभव है कि कोई डॉक्टर एक ही समय में दोनों स्थानों पर उपस्थित रहकर कार्य करे। इससे यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि सरकारी सेवा में रहते हुए निजी प्रैक्टिस की जा रही है, जो कि नियमों और नैतिकता दोनों के विरुद्ध है।


ज्ञापन में कहा गया है कि यदि इस गंभीर मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो युवा कांग्रेस द्वारा कलेक्टोरेट का घेराव किया जाएगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अस्पताल में बायोमेडिकल वेस्ट के निपटान की समुचित व्यवस्था नहीं है, और मरीजों से जबरन पैसे वसूले जा रहे हैं। इस पूरे मामले ने न सिर्फ स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति को उजागर किया है बल्कि सरकारी कर्मचारियों की जवाबदेही पर भी सवाल खड़े किए हैं।

# अविकसित कालोनी का नियमितीकरण नहीं करने महापौर ने दिये कड़े निर्देश

■ कालोनियो में बाहय एवं आंतरिक विकास कार्य एवं मूलभूत सुविधा पश्चात ही पूर्णता प्रमाणपत्र जारी करे

**राजनांदगांव** 3 जून (देशबन्धु)। कई कालोनाईजर द्वारा कालोनी में पूर्ण विकास किए बिना एवं बिना मूलभूत सुविधा बिजली,पानी, रोड, नाली बनाए एवं भूखण्ड केता से किए गये अनुबंध के शर्तो को पूर्ण किये बिना कालोनी विकास पूर्णता प्रमाण पत्र

प्राप्त कर लिया जाता है, जिससे कालोनीवासी को परेशानी होती है। जिसे ध्यान में रखकर महापौर मधुसूदन यादव ने निगम के तीनो कार्यपालन अभियंताओ को अपने अपने प्रभारित वार्ड में निर्मित कालोनियो में बाहय एवं आंतरिक विकास कार्य तथा बिजली, पानी, रोड, नाली की सुविधा होने के पश्चात ही पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कालोनी में सम्पूर्ण विकास कार्य किये बिना कालोनी का हैण्डओवर नहीं करने के सक्त निर्देश दिए है।



महापौर श्री यादव ने तकनीकि अधिकारियो से कहा है कि अवैध कालोनी के मामले में किसी भी प्लाटिंग पर भवन अनुज्ञा जारी नही किया जाए। क्योकि ऐसे प्रकरणो में भूखण्ड स्वामी/प्लाांट क्रेताओ को मूलभूत सुविधा रोड,नाली, बिजली, पानी से वंचित रहना पडता है और उनका हितलाभ प्रभावित होता है। जिससे इन नागरिकों द्वारा मूलभूत सुविधाओं तथा विकास कार्य के लिए जिम्मेदार नगर निगम तथा शासन को ठहराया जाता है, जबकि भूखंडक्रेता/अवैध प्लाटिंगकर्ता विकास कार्य की जिम्मेदारियों से पूर्णत: मुक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि बिना स्वीकृत अभिन्यास के भूखंडों का टुकड़ों में विक्रय करने के कारण भूखंडक्रेताओं के हित हेतु जमा होने वाले विभिन्न प्रभार्य शुल्क तथा विकास शुल्क जमा नहीं होने के कारण शासन तथा निकाय को वित्तीय हानि होती है।

महापौर श्री यादव ने कहा कि किसी भी अवैध प्लाटिंग का नियमितीकरण तब तक नही किया जाए, जब तक कालोनाईजर द्वारा कालोनी नियम के तहत प्लाटिंग क्षेत्र को पूर्णत: विकसित नही कर लेता है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार निगम सीमाक्षेत्र में अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही किया जाता है, उसके बाद भी प्लाटिंग कर्ताओ द्वारा भूखण्ड को टुकडों में बेचा जाता है, उस पर कडी निगरानी रख अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने की दृष्टि से अधिनियम के तहत अंतिम कार्यवाही करते हुए, अवैध प्लाटिंग पर पूर्णत: रोक लगाई जावे।

### अपील

महापौर श्री यादव ने नागरिकों से भी अपील करते हुये कहा है कि कही भी प्लाट खरीदने के पूर्व निगम में सम्पर्क कर वैध-अवैध प्लाटिंग की जानकारी ले लेवे, जानकारी उपरांत ही प्लाट खरीदी की कार्यवाही करे, ताकि परेशानी से बचा जा सके।

# वार्ड में की जा रही सफाई व्यवस्था का नगर पालिका अध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**डोंगरगढ,** 3 जून (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के वार्डों में सफाई व्यवस्था युद्ध स्तर पर की जा रही है जिसका निरीक्षण करने नगरपालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे स्वयं मौके पर पहुंचकर निरीक्षण कर रहे हैं इसी कड़ी में मंगलवार को वार्ड नंबर 2 में सफाई कर्मियों द्वारा की जा रही सफाई व्यवस्था का नगरपालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे व सभापति डिकेश राव ने निरीक्षण किया । चर्चा में उन्होंने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देशव्यापी स्वच्छता अभियान के तहत नगर को स्वच्छ रखने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है जिसके चलते वार्डों में सफाई व्यवस्था युद्ध स्तर पर हो रही है और आगामी बरसात को देखते हुए शहर के मध्य स्थित नालों की भी सफाई की जा रही है नगर को स्वच्छ रखने के लिए नगर पालिका के हर सफाई कर्मचारी को विशेष दिशा निर्देश दिए गए है ।इस दौरान सफाई कर्मचारी विनोद करसे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# सशिमंउमा विद्यालय में पांच दिवसीय विभाग स्तरीय संगीत प्रशिक्षण



**डोंगरगढ,** 3 जून (देशबन्धु)।सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में पांच दिवसीय विभाग स्तरीय संगीत प्रशिक्षण प्रारंभ सरस्वती शिशु मंदिरों के भैया बहनों एवं आचार्य के लिए विभाग स्तरीय संगीत प्रशिक्षण का शुभारंभ सरस्वती शिशु मंदिर उत्तर मध्य विद्यालय डोंगरगढ़ में हो गया है इस समारोह में मुख्य अतिथि सुनील जैन अध्यक्ष सरस्वती शिक्षा समिति डोंगरगढ़, विशेष अतिथि दीपक झा संचालक संस्कार पब्लिक स्कूल डोंगरगढ़ दीपक यादव संभाग समन्वयक, प्रकाश यादव प्राचार्य, जागेश्वर लाल निषाद प्रधानाचार्य ,अपने उद्बोधन में सुनील जैन ने संगीत के महत्व को प्रतिपादित किया ,दीपक यादव ने विद्या भारती के द्वारा संगीत को एक महत्वपूर्ण अंग बताते हुए इनको तन और मन को शांति प्रदान करने वाला बताया, दीपक झा ने संगीत को हमारे आंतरिक गुणों का विकास करने के साथ-साथ संगीत के विभिन्न वाद्य यंत्रों विशेष रूप से गिटार के स्वर स्पंदन में विभिन्न मानसिक रोगों के उपचार में कारगर सिद्ध हुआ है यह उन्होंने बताया, प्रकाश यादव ने संगीत सीखकर स्वरोजगार एवं रोजगार प्राप्त भी किया जा सकता है और धार्मिक और निजी कार्यक्रमों में भी इसका उपयोग किया जा सकता है बच्चों के मानसिक विकास के लिए संगीत भी बहुत बड़ा जरूरी आयाम है कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के योग एवं संगीत के प्रमुख सुरेश दास वैष्णव ने किया ।

# सीसीपीएल का आगाज 6 जून को

■ राजनांदगांव पैंथर्स की टीम होगी प्रबल दावेदार

■ विजेता टीम को 15 लाख रुपए एवं उपविजेता टीम को 11 लाख रुपए का पुरस्कार

**राजनांदगांव,** 3 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (सीसीपीएल) का भव्य उद्घाटन 6 जून 2025 को शहीद वीरनारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम रायपुर में होने जा रहा है। लीग में प्रमुख दावेदारी हेतु राजनांदगांव पैंथर्स की टीम इस वर्ष भी अपने कप्तान अजय मंडल के नेतृत्व में पुख्ता दावा करने जा रही है। पिछले वर्ष सीजन (वन) में राजनांदगांव पैंथर्स की टीम एक रोचक मुकाबले में बिलासपुर बुल्स से सेमीफाइनल में परास्त हो गयी थी।

इस वर्ष लीग में शानदार आगाज करने होटल एबीस ग्रीन् में एक रंगारंग कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के इस साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद

अभिषेक सिंह उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के डायरेक्टर एवं जिला क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक बलदेव सिंह भाटिया, प्रमुख उद्योगपति एवं जिला क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक बहादुर अली, सीएससीएस के डायरेक्टर विजय शाह, छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के संरक्षक खूबचंद पारख, सीसीपीएल के चेयरमैन



प्रमोदशंकर शर्मा, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, समाजसेवी सुरेश एच लाल, समाजसेवी सौरभ कोठारी, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग,

समाजसेवी राजेश जैन सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी, खेलप्रेमी एवं पत्रकार साथी उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कोठारी, सचिव योगेश बागड़ी, उपाध्यक्ष घनश्याम लाल, अजय पांडे, हरजीत भाटिया, भरत काथरानी, जीवनप्रकाश गौतम,

कोषाध्यक्ष दिनेश जैन, प्रवक्ता लक्ष्मण लोहिया, संतोष जैन, सुभाष अग्रवाल, किशोर जैन, रोहित पारख, विनोद जैन, ऋषभ बाफना, सोनू जससल, दिलीप खंडेलवाल, राजा माखिजा, अजय तिवारी इत्यादि ने किया।

ज्ञातव्य है कि पिछले सीजन वन में सीसीपीएल का यह आयोजन अत्यंत ही सफल रहा था। इस वर्ष विजेता टीम को 15 लाख रुपए एवं उपविजेता टीम को 11 लाख रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा।

दिग्विजय स्टेडियम के मैदान में राजनांदगांव पैंथर्स की टीम लीग जीतने के इरादे के साथ कड़ा अभ्यास कर रही है। कार्यक्रम में सीसीपीएल के अध्यक्ष श्री शर्मा ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए सीसीपीएल की तैयारीयों एवं इसके महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा राजनांदगांव पैंथर्स टीम की जर्सी का रंगारंग अनावरण किया गया, तत्पश्चात राजनांदगांव पैंथर्स की पूरी टीम एवं सपोर्टिंग स्टाफ का प्रस्तुतीकरण संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सीएससीएस के डायरेक्टर बलदेव सिंह भाटिया ने इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए जिला क्रिकेट एसोसिएशन के समस्त सदस्यों को बधाई प्रेषित की। श्री भाटिया ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की बालक एवं बालिका दोनों ही वर्गों की टीमों की उपलब्धि पर प्रकाश डाला।

भारी संख्या में उपस्थित खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अभिषेक सिंह ने छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की टीमों के उल्लेखनीय प्रदर्शन पर संपूर्ण संघ को बधाई प्रेषित की वहीं राजनांदगांव पैंथर्स टीम को सीसीपीएल में विजेता बनने शुभकामनाएं प्रदान की। श्री सिंह ने इस ग्रेंड कार्यक्रम आयोजित करने जिला क्रिकेट एसोसिएशन के प्रयासों को सराहा। सीएससीएस के डायरेक्टर विजय शाह ने अपने संबोधन में सीसीपीएल के इस दूसरे सीजन पर नई तकनीकी, डीआरएस उपलब्धता तथा बीसीसीआई के ख्याति प्राप्त अंपायर्स, कामेंटेटर आब्जर्वर की उपस्थिति में आयोजन को सफल बनाने के प्रयासों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में वर्ष 2024 -25 में उल्लेखनीय प्रदर्शन हेतु बालिका खिलाड़ी महक नरवासे , विकल्प तिवारी, अर्षवीर भाटिया, अयान खान, कुमुद साहू, शिवानी यादव, नवलीन कौर एवं शिविका अग्रवाल को एवं सराहनीय कार्य हेतु सुजीत द्विवेदी, कोच की सेवाएं देने हेतु अनीश राठौर, मनोज तिवारी, हिमांशु यादव, राम शास्त्री, संतोष यादव,विप्लव दामले एवं नीरज यादव तथा प्रतियोगिताओं में विशेष सहयोग हेतु विक्रम बाजपेई, सियाराम सिन्हा को अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। समस्त अतिथियों एवं उपस्थित खेल प्रेमियों ने व्हाइट बोर्ड में लिखकर राजनांदगांव पैंथर्स की टीम को शुभकामनाएं प्रेषित की है।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कोठारी ने समस्त अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए जिला क्रिकेट एसोसिएशन के कार्यों का संक्षिप्त में विवरण दिया। अंत में भव्य आतिशबाजी के मध्य अतिथियों ने सीसीपीएल में राजनांदगांव पैंथर्स की जीत हेतु शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए गुब्बारे आसमान में छोड़े। उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के प्रवक्ता लक्ष्मण लोहिया ने दी है।

# अरचाडबरी में 30 लीटर कच्ची महुआ शराब को आबकारी विभाग ने किया जप्त

**खैरागढ़,** 3 जून (देशबन्धु)। मंगलवार 3 जून को आबकारी विभाग के अधिकारियों को सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार जिला केसीजी के ग्राम अरचाडबरी में 30 लीटर कच्ची महुआ शराब को आबकारी विभाग ने जप्त किया है। खैरागढ़ वृत ने तत्काल आरोपी को घेरा बंदी कर पकड़ा है। आरोपी का नाम महेश्वर पिता बिसौहा उम्र 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2), 59क के तहत प्रकरण क्रमांक 01 दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई का नेतृत्व विवेचक अधिकारी विजयेंद्र कुमार ने किया जिनके साथ आबकारी उपनिरीक्षक प्रभाकर सिरमौर, राजकपूर कुमर्रा भी मौके पर मौजूद रहे। मौके से भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब को जब्त की गई, जिसे आरोपी जंगल की ओर स्थित अपने घर के पास हाथभट्टी से तैयार करता था।



## अवेली के सरपंच, पंच पर शासकीय भूमि को अवैध कब्जा करने का आरोप

# ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर की कार्रवाई की मांग

■ ग्रामीणों ने कहा पहले खुद कब्जा हटाए सरपंच फिर हमें हटाने को कहे

**खैरागढ़,** 3 जून (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय से तकरीबन 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम अवेली के ग्रामीण बड़ी संख्या में कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। ग्रामीणों का कहना था कि वर्तमान सरपंच दुर्गा बाई सेन व उनके पुत्र नरेंद्र सेन जो कि गांव के वार्ड नं 1 का पंच है दोनों के द्वारा निर्वाचित पदों पर होने के बाद भी शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर मकान का निर्माण किया गया है।

ग्रामीणों ने सरपंच व पंच पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके द्वारा



निर्वाचन के समय शपथ ले पत्र में उक्त तथ्य को छिपाकर शासकीय भूमि पर अतिक्रमण वाले कॉलम में अतिक्रमण न होना लिखा गया है जो कि पंचायती राज अधिनियम व निर्वाचन नियमावली के विपरीत है। ग्रामीणों ने मामले में संयुक्त कलेक्टर व एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर उक्त सरपंच व पंच का निर्वाचन अवैध एवं शून्य घोषित किए जाने की मांग की है।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि सरपंच द्वारा ग्रामीणों को अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस दिया गया है जबकि सरपंच व उनके पुत्र द्वारा निर्वाचित पदों पर होने के बाद भी शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा किया गया है। खुद शासकीय भूमि पर कब्जा करने वाले सरपंच पहले अपना कब्जा हटाएं फिर हम स्वयं अतिक्रमण हटा लेंगे।

पाठकों को बता दें कि ग्राम पंचायत अवेली के वर्तमान पंच व कांग्रेस नेता नरेंद्र सेन पर कांग्रेस के प्रदेश सचिव पद पर न होते हुए भी खुद को सार्वजनिक कार्यक्रमों व मीडिया के समक्ष प्रदेश सचिव बताकर पद का दुरुपयोग करने के आरोप लग चुके हैं इसके लिए दिसम्बर 2024 में जिला अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे ने नरेंद्र सेन को स्पष्टीकरण व कारण बताओ नोटिस भी जारी किया था। जानकारी अनुसार वास्तविक प्रदेश कांग्रेस सचिव का नाम भी नरेंद्र सेन ही है और वे खल्लारी, जिला महासमुंद के निवासी है आरोप है कि उनके नाम का दुरुपयोग कर अवेली निवासी नरेंद्र सेन स्थानीय कांग्रेस के कार्यकर्ताओं, व जनता को भ्रमित कर रहा था।

# भूखी प्यासी भटकती महिला को आश्रम में मिला सहारा

**डोंगरगढ,** 3 जून (देशबन्धु)।सेंट पेलोटी स्कूल डोंगरगढ़ के पास एक भूखी प्यासी वृद्ध महिला जो कई दिनों से भटक रही थी अचानक समाजसेवी लोकेश इंदुरकर की नजर पड़ी उन्होंने जीवन आनंद वृद्धाश्रम की संचालिका नलिनी मेश्राम से संपर्क कर वस्तु स्थिति से अवगत कराया उक्त महिला को 112 की मदद से वृद्धाश्रम में पहुंचाया गया वहां सबसे पहले उसे खाना खिलाया गया तत्पश्चात नहलाकर साफ सुथरे कपड़े पहनाए गए घर से भी स्वच्छ वातावरण में अपने आप को सुरक्षित महसूस कर वह गदगद हो गई ऐसे ही कई वृद्ध इस वृद्धाश्रम विगत कई वर्षों से रह रहे है कई भटकते हुए को आश्रम में सहारा मिला द्य यहां का शुद्ध वातावरण ,खान पान की व्यवस्था ,डाक्टरों द्वारा रूटीन चेकअप ,दवाइयां आदि से वरिष्ठ नागरिकों के जीवन में सुधार लाया जाता है ।



# कवर्धा में 401 हितग्राहियों को 43.92 लाख रूपए मूल्य के सहायक उपकरण वितरित

**कवर्धा,** 3 जून (देशबन्धु)। कबीरधाम जिले के दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों के आत्मनिर्भर जीवन की दिशा में एक सशक्त पहल करते हुए मंगलवार को कवर्धा के समीप सामाजिक अधिकारिता शिविर का आयोजन किया गया। भारत सरकार की एडीआईपी योजना एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत आयोजित इस शिविर में पात्र हितग्राहियों को नि:शुल्क सहायक उपकरण वितरित किए गए। यह शिविर शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय, कवर्धा के प्रांगण में संपन्न हुआ। शिविर में भाग लेने वाले लाभार्थी दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ये उपकरण उनके जीवन में आत्मसम्मान और सुविधा की भावना को और अधिक सशक्त बनाएंगे।

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज की धरोहर हैं। शासन की योजनाओं के माध्यम से उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। यह शिविर शासन की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष उदाहरण है। उन्होंने हितग्राहियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं जब ज़रूरतमंदों तक सही समय पर पहुँचती हैं, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन आता है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी ने कहा कि दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराना उनके जीवन में आत्मनिर्भरता और सम्मान की भावना को मजबूत करने का माध्यम है। यह योजना समाज में समानता और समावेशन को बढ़ावा देती है। हम सभी को मिलकर ऐसे लोगों के लिए अवसर और समर्थन प्रदान करना चाहिए।



नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने कहा कि दिव्यांगजन को समान अवसर देकर ही एक समावेशी समाज की कल्पना साकार की जा सकती है। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुषमा बघेल ने कहा कि शासन की योजनाएं अब जमीनी स्तर तक पहुँच रही हैं और इसका लाभ सीधे हितग्राहियों को मिल रहा है। जनपद उपाध्यक्ष गणेश तिवारी ने कहा कि दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों को उपकरण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह एक सराहनीय कदम है। शासन की योजनाएं अब ज़रूरतमंदों तक प्रभावी रूप से पहुँच रही हैं, जो सकारात्मक परिवर्तन का संकेत है। शिविर में पूर्व चिन्हांकित कुल 401 हितग्राहियों को लगभग 43.92 लाख रूपए लागत के सहायक उपकरण प्रदान किए गए, जिनमें ट्रायसाइकिल, मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, श्रवण यंत्र, ब्रेल किट, स्मार्ट केन, वॉकिंग स्टिक, टीएलएम किट और रोलेटर जैसे आवश्यक उपकरण शामिल थे। इन उपकरणों ने हितग्राहियों के जीवन में आत्मनिर्भरता और सुविधा की नई राह खोली।

शिविर का आयोजन भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) द्वारा किया गया, जिसमें जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग, कबीरधाम का सक्रिय सहयोग रहा। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक श्रीमती अभिलाषा पांडा, संबंधित विभागों के अधिकारी, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, विभिन्न ग्रामों के पंच, सरपंच, ग्रामीणजन तथा हितग्राहियों के माता-पिता एवं अभिभावक विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक दुर्गेश पांडेय ने प्रभावशाली ढंग से किया।

# पंडरिया ब्लाक में 200 से अधिक पद खाली,फिर भी 26 शिक्षक भेजे जाएंगे अन्य ब्लाक के स्कूल

**कवर्धा,** 3 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में इन दिनों शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया चल रही है ।जिसमें अनेक विसंगतियो के चलते शिक्षक को परेशान होना पड़ रहा है ।ऐसा भी स्थिति देखा जा रहा है ।जिस ब्लाक में 200 से अधिक शिक्षकों के पद खाली हैं उस ब्लाक के शिक्षकों को अन्य ब्लाक जाना पड़ रहा है ।कबीरधाम जिला में जारी युक्तियुक्तकरण में इसी प्रकार की स्थिति उत्पन्न हो रही है। जिला शिक्षा अधिकारी कबीरधाम द्वारा युक्तियुक्तकरण अन्तर्गत जिले के 194 सहायक शिक्षक का नाम युक्तियुक्तकरण के लिए प्रकाशित किया गया है।

जिसके लिए रिक्त पद का प्रकाशन किया गया है ।काउंसलिंग के लिए प्रकाशित रिक्त पद में अंतर होने के कारण ब्लाक के शिक्षकों को अन्य ब्लाक जाना पड़ेगा। पंडरिया ब्लाक में 78 शिक्षकों का नाम अतिशेष सूची में रखा गया है,जबकि ब्लाक के केवल 53 पद को काउंसलिंग हेतु दिखाया जा रहा है ।अर्थात ब्लाक के केवल 52 पद ही भरे जाएंगे ।शेष 26अतिशेष शिक्षकों को अन्य ब्लाक भेज दिया जाएगा ।यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि सभी एकल शिक्षक स्कूल में भर्ती के बाद भी ब्लाक में 200 से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त होते हुए ब्लाक से 26 शिक्षकों को अन्य ब्लाक भेजा जा रहा है ।ये कैसा युक्तियुक्तकरण है, जिसमें ब्लाक में पद के रिक्त रहते हुए अन्य जगह स्थानांतरित किया जा रहा है ।इसी तरह कवर्धा ब्लाक में भी 46 अतिशेष शिक्षक का नाम प्रकाशित किया

■ विसंगति पूर्ण युक्तियुक्तकरण

गया है जबकि केवल ब्लाक के 21 पद को काउंसलिंग में दिखाया जा रहा है ।शेष शिक्षकों के लिए ब्लाक में पद नहीं दिखाये जाने से इन शिक्षकों को ब्लाक में रिक्त पद होने के बावजूद अन्य ब्लाक जाना पड़ेगा ।इसी तरह मिडिल स्कूलों में भी सही रिक्त विद्यालयों का चयन नहीं किया गया है ।250 दर्ज वाले मिडिल स्कूलों में शिक्षक नहीं भेजे जा रहे हैं ।पंडरीपानी जैसे वनांचल के स्कूल जहां सिर्फ हिंदी व विज्ञान के दो शिक्षक हैं ।जहां रिक्त नहीं दिखाया गया है ।सभी ब्लाक में इसी प्रकार की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

**विषय के आधार पर अतिशेष का निर्धारण**

युक्तियुक्तकरण में एक और बड़ी विसंगति सामने आ रही है, वह विषय के आधार पर अतिशेष का चिन्हांकन करना है ।शासन द्वारा मिडिल स्कूल में विषय व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया है ।इस आधार पर विषय को आधार मानकर अतिशेष का निर्धारण करना विसंगति पूर्ण प्रक्रिया है ।विषय को आधार न मानकर जूनियर को अतिशेष माना जाना चाहिए ।किसी विद्यालय में अतिशेष शिक्षक नहीं है वहां एक ही विषय के शिक्षक पदस्थ हैं,वहीं जिन विद्यालयों में अतिशेष हैं वहां विषय को आधार बनाया जा रहा है जो कि दोहरा मापदंड को दर्शाता है।

**शिक्षक संघ ने समायोजन की मांग की**

विभिन्न शिक्षक संघों ने सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी व उपमुख्यमंत्री कार्यालय में ज्ञापन सौंप कर ब्लाक के शिक्षकों को ब्लाक में समायोजित करने की मांग की है ।ज्ञापन में बताया गया है कि जिले के सभी ब्लाक में जितने अतिशेष शिक्षक हैं,उसी अनुपात में सभी ब्लाक में रिक्त पद दिखाए जाये जिससे सभी ब्लाक के शिक्षकों को ब्लाक में ही जगह मिल सकेगा ।किसी भी ब्लाक के शिक्षकों को अन्य ब्लाक जाना नहीं पड़ेगा ।इस दौरान दीपक ठाकुर,अर्जुन चन्द्रवंशी,मोहन राजपूत,शत्रुहन डड़सेना,रामशरण चन्द्रवंशी, शिवेंद्र चन्द्रवंशी,सुरेश ठाकुर,राजेश तिवारी,प्रफुल्ल बिसेन,शंकर चन्द्रवंशी सहित अनेक शिक्षक उपस्थित थे।

संपादकीय

## नशे और अपराधों में फंसते नाबालिग

छत्तीसगढ़ के युवा जिस तरह से विभिन्न तरह के नशों का शौक पूरा करने के लिये अपराधों की ओर मुड़ रहे हैं, वह बेहद चिंताजनक है। वैसे तो यह स्थिति कमोवेश देश भर की है, लेकिन प्रदेश जो पहले से ही बहुत सम्पन्न नहीं है और यहां शिक्षा का स्तर भी अत्यंत असंतोषजनक है, यदि यहां के नाबालिग व युवा इसकी गिरफ्त में आकर बड़े पैमाने पर अपराधों की दुनिया में प्रवेश करते हैं तो यह कानून-व्यवस्था के साथ कई सामाजिक समस्याओं को जन्म दे सकता है। इसलिये सरकार और स्वयंसेवी संगठनों को चाहिये कि नाबालिगों-युवाओं को छोटे-बड़े नशों से दूर रहने के लिये जागरूक करें जो कि बहुत से अपराधों की जड़ है।

इस समस्या की तह में जाएं तो पाते हैं कि बड़ी संख्या में युवाओं की न तो शिक्षा में रुचि रह गयी हैं और न ही वे रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। विशेषकर अल्प शिक्षित नौजवान जो ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं, उनकी दिलचस्पी कृषि कार्यों में भी नहीं रह गयी है। कई बार वे शहरों या कस्बों में चले जाते हैं परन्तु उन्हें कोई काम नहीं मिलता तो वे अपनी ज़रूरतों को पूरा करने के लिये अपराध करने लगते हैं। इसकी शुरुआत अक्सर छोटी-मोटी वस्तुओं की चोरियों से होती है जो बाद में मोटर साइकल, मोबाइल, जेवर आदि चोरी में तब्दील हो जाती हैं। इनमें एक वर्ग रहता है जो नाबालिगों का होता है। वे अपने से बड़े अपराधियों के मार्गदर्शन और संगत में अधिक गम्भीर अपराधों की ओर बढ़ जाते हैं। ज्यादातर अपराधियों का रूझान नशीले पदार्थों की सेवन की ओर होता है। गांजा-शराब से लेकर नशे के इंजेक्शनों से टेबलेटों का सेवन तक इसमें शामिल है।

नाबालिगों का एक और वर्ग होता है जो मोबाइल, बाइक आदि के शौक पूरा करने के लिये चोरी-डकैती करते हैं। कई बार मित्रों की टोलियां बनाकर ये अवयस्क किशोर जेब काटने, दुकानों या घरों से उठाईगिरी करने लग जाते हैं। जेबों से मोबाइल, पैसे या बटुवे निकाल लेना, बस-ट्रेनों या भीड़-भाड़ वाली जगहों से चारी कर वे अपने न केवल शौक पूरा करते हैं बल्कि नशे के पदार्थ खरीदते हैं। इस तरह देखें तो नशे और अपराधों का निकट का सम्बन्ध होता है। नशे की लत इतनी अधिक होती है कि वे उसके लिये किसी भी हद तक जा सकते हैं।

पिछले दिनों खरोरा में हुई डकैती में तक कुछ नाबालिग शामिल थे। अब रायगढ़ में जो वारदात हुई है वह बतलाती है कि नाबालिग नशे के लिये कहां तक जा सकते हैं। रविवार की रात नशे के आदी तीन किशोरों और एक युवक ने एक ट्रेलर को देहजरी गांव के पास रोका। चालक का मोबाइल तथा 2600 रुपये नगद छीन लिये। ट्रेलर लेकर भी वे फरार हो गये। हालांकि पकड़ लिये गये।

उल्टा पुल्टा

पिता- पढ़ ले नालायक, कभी तूने अपनी कोई बुक खोलकर भी देखी है.
बेटा- हां पापा देखी है, बल्कि रोज देखता हूं उसे.
पिता- कौन सी बुक पढ़ने लगा है तू?
बेटा- फेस बुक।

## पैसे को लेकर विवाद, दो युवकों को चाकू मारा, पुलिस ने निकाला आरोपी का जुलूस




**नवापारा राजिम,** 3 जून (देशबन्धु)। नगर में एक बदमाश ने दो युवकों पर चाकू से हमला कर दिया। इस घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार नवापारा के सोमवारी बाजार निवासी भास्कर निषाद (23) मजदूरी करता है। 31 मई की रात करीब 10 बजे रामजानकी पारा निवासी महेंद्र उर्फबंटी कहार ने पैसे के लेनदेन को लेकर भास्कर को मोहल्ले में बुलाया। भास्कर जब मौके पर पहुंचा तो दोनों के बीच पैसे को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद महेंद्र उर्फबंटी ने गुस्से में आकर भास्कर से गाली-गलौज करते हुए चाकू से हमला कर दिया। इस दौरान बीच-बचाव करने आए कृष्णा उर्फकृष शर्मा (24) पर भी महेंद्र ने चाकू से हमला कर दिया।

**आरोपी गिरफ्तार निकाला गया जुलूस:** घटना के बाद महेंद्र भाग निकला। खून से लथपथ भास्कर निषाद और कृष शर्मा को अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद कृष शर्मा को रायपुर रेफर कर दिया गया। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी महेंद्र उर्फबंटी कहार पिता संजय कहार (23 वर्ष) के खिलाफबीएनएस की धारा 109, 115(2), 296, 351(2) के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने नवापारा नगर पालिका चौक से बस स्टैंड तक आरोपी का जुलूस भी निकाला।

नवापारा एसआई अरूण कुमार साहू ने बताया कि भास्कर निषाद और आरोपी महेंद्र उर्फबंटी कहार के बीच पैसौ को लेकर विवाद हुआ था। महेंद्र ने भास्कर और उसके साथ कृष्ण उर्फकृष पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी महेंद्र उर्फबंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

## कांग्रेस एवं भाजपा के दिग्गज नेता पहुंचे पूर्व विधायक शकुंतला साहू की मां को श्रद्धांजलि देने



**अमेरा/रोहांसी/बलौदाबाजार,** 3 जून (देशबन्धु)। कसडोल के पूर्व विधायक शकुंतला साहू की माँ लीला देवी साहू की निधन पश्चात उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित करने अलग अलग दिन में कांग्रेस एवं भाजपा के बड़े नेता श्रदांजलि देने ग्राम रसौटा पहूचे। जिसमे कसडोल विधायक संदीप साहू, भाटापारा विधायक इन्द्र साव, संजारी बालोद विधायक संगीता सिंहा, बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे, मानपुर विधायक इन्द्र शाह मंडावी, खैरागढ विधायक यशोदा वर्मा, पूर्व मंत्री शिव डहरिया, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिँहदेव सहित कई पूर्व विधायक तथा प्रदेश नेता पँहूचे जहां श्रद्धांजलि दी गई। वही मंगलवार को पीसीसी चीफदीपक बैज ग्राम रसौटा पँहूचकर स्व. लीलादेवी साहू की छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के कांग्रेस प्रभारी विजय जांगिड़, जिलाध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे, पूर्व विधायक चन्द्रदेव राय, पूर्व जिलाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, पूर्व जनपद अध्यक्ष खिलेन्द्र वर्मा, ब्लाक अध्यक्ष सुनील कुर्रे, जिला साहू सँघ अध्यक्ष सुनील साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

मंत्री टंकराम वर्मा ने दी श्रद्धांजलि-जिले के मंत्री टंकराम वर्मा पूर्व विधायक शकुंतला साहू की माँ लीला देवी साहू की असामायिक मृत्यू हो जाने पर उनके निज निवास रसौटा जाकर स्व लीला देवी साहू को पुष्पाँजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा इस दुख की घड़ी मे शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर विजय केशरवानी, सुनीता वर्मा, पूर्व जनपद सदस्य तुलसी डहरिया सहित मंडल पलारी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर ने दी श्रद्धांजलि-28 मई को पूर्व विधायक शकुंतला साहू की माँ पूर्व सरपंच हरिशंकर साहू की पत्नि लीला देवी साहू की असामायिक मृत्यू पश्चात उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित करने पूर्व विधानसभा >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## ट्रक ड्राइवर की लापरवाही से गोबरा नवापारा में हुआ बड़ा हादसा, बाल बाल बचे लोग



**नवापारा राजिम,** 3 जून (देशबन्धु)। बीती रात गोबरा नवापारा के रायपुर रोड स्थित गुरुद्वारा, साहू हार्डवेयर के पास एक ट्रक ड्राइवर की लापरवाही के कारण बड़ा हादसा टल गया। जिसमें एक परिवार बाल-बाल बच गया। रात करीब 11 बजे एक ट्रक अनियंत्रित होकर घर के बाहर खड़ी कार से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार दीवार तोड़ते हुए घर के अंदर जा घुसी। घरवालों ने बताया कि वे रात के बाहर बैठे थे और कुछ ही देर पहले सोने के लिए कमरे में गए थे। तभी यह हादसा हुआ, जिससे परिवार दहशत में आ गया। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन घर और कार को काफी नुकसान पहुंचा है। परिवार ने तुरंत पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और ट्रक ड्राइवर के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है।

## शासकीय महाविद्यालयों की जन भागीदारी समिति के लिए अध्यक्ष मनोनीत हुई जीना सुजीत निषाद



**नवापारा राजिम,** 3 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग ने अभनपुर क्षेत्र के चार शासकीय महाविद्यालयों में जन भागीदारी समिति के अध्यक्षों की नियुक्ति की है। नवापारा तहसील स्थित श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय के लिए वार्ड क्र. 14 की पार्षद जीना सुजीत निषाद और कन्या महाविद्यालय नवापारा के लिए वार्ड क्र. 3 की पार्षद लोमेश्वरी मयाराम साहू को विकास एवं प्रबंध समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इसके अलावा, काव्योपाध्याय हीरालाल शासकीय महाविद्यालय, अभनपुर के लिए मीना धनेश्वर साहू और नवीन शासकीय महाविद्यालय, तामासिवनी के लिए विवेक अनिल कुमार तिवारी को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

यह मनोनयन जिला प्रभारी मंत्री केदार कश्यप द्वारा अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू की अनुशंसा पर किया गया है। सभी मनोनीत अध्यक्षों का कार्यकाल रायपुर जिले के शासकीय महाविद्यालयों की विकास एवं प्रबंध समिति के रूप में होगा। नवमनोनीत अध्यक्षों ने अपने मनोनयन पर मंत्री केदार कश्यप, विधायक इंद्रकुमार साहू सहित अन्य का आभार व्यक्त किया और महाविद्यालयों व छात्र-छात्राओं के हित में कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। इन नियुक्तियों पर नवापारा भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, सहित अन्य ने बधाई दी है।

## स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों पर की कार्यवाही



**6 दुकानदारों पर चालान कांटा गया**

**धमतरी,** 3 जून (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सख्त कार्रवाई की गई। नगर निगम की टीम ने शहर में गंदगी फैलाने वाले 6 दुकानदारों पर कुल ?1400 का चालान किया। यह कदम स्वच्छता नियमों के उल्लंघन और सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलाने को लेकर उठाया गया।

इसके अतिरिक्त, टीम द्वारा 8 दुकानों की जांच की गई, जिसमें प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री पाई गई। कार्रवाई के दौरान लगभग 20 किलोग्राम झिल्ली, 1 किलोग्राम प्लास्टिक चम्मच और 1 किलोग्राम डिस्पोजल जब्त किया गया। यह प्लास्टिक वस्तुएं नगर निगम द्वारा प्रतिबंधित हैं क्योंकि ये पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती हैं और स्वच्छता अभियान के खिलाफ जाती हैं।

नगर निगम के अधिकारियों ने दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी कि भविष्य में नियमों का उल्लंघन करने पर और अधिक सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, नागरिकों से अपील की गई कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें और प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करें। यह कार्रवाई स्वच्छ भारत मिशन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## पुलिस द्वारा तीन अलग-अलग जगहों पर अवैध शराब परिवहन एवं बिक्री कर रहे चार आरोपियों के विरुद्ध की गई कार्यवाही



**धमतरी,** 3 जून (देशबन्धु)। थाना सिहावा को मुखबिर से सूचना मिला की शराब भट्ठी मोड़ के पास सिहावा के पास रास्ते में दो व्यक्तियों द्वारा बोलेरो वाहन में शराब परिवहन कर रहे की सूचना पर तत्काल थाना सिहावा पेट्रोलिंग मौके पर पहुंचकर बोलेरो वाहन क्र.सीजी 26 -के-2553 को रोककर उसमें सवार चालक सहित दोनों व्यक्तियों पूछताछ किया गया जो अपना-अपना नाम रिंकू मरकाम पिता सहदेव मरकाम 25 वर्ष एवं आशाराम मरकाम पिता कज्जा मरकाम 24 वर्ष दोनों साकिन आमाडीह थाना बिश्रामपुरी के रहने वाला बताये जो बोलेरो में अवैध रूप से शराब परिवहन करते मिले जिसके कब्जे से 10 बॉटल फ्रंट लाईन अंग्रेजी शराब, 1-1 बॉटल में 750-750 एम एल भरी कुल 7 लीटर 500 एमएल. कीमती 7,000 रूपये, प्रयुक्त बोलेरो वाहन क्र.सीजी.26-के 2553 कीमती 5,00,000 रूपये जुमला कीमती 5,07,000 रुपये जप्त कर थाना सिहावा में अप.क्र. 38/25 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही किया गया।

इस तरह थाना मगरलोड को मुखबिर से सूचना मिला की ग्राम दुधवारा बोरगांव पुल सामुदायिक भवन के पास एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है की सूचना पर तत्काल थाना मगरलोड पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर एक व्यक्ति भुनेश्वर निषाद पिता स्व. महेत्तर निषाद उम्र 51 वर्ष को अवैध रूप से शराब बिक्री करते मिले जिसके कब्जे से 24 पौवा देशी मशाला शराब कीमती 2400 रूपये, बिक्री रकम 240 रूपये जुमला कीमती 2640 रुपये जप्त कर थाना मगरलोड में अप.क्र. 77/25 धारा 34 (1) ख आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही किया गया।

इसी तरह थाना रूद्री को मुखबिर से सूचना मिला की ग्राम भटगांव देवांगन पारा में महिला द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री कर रही है की सूचना पर तत्काल थाना रूद्री पेट्रोलिंग द्वारा मौके पर पहुंचकर एक महिला तिलेश्वरी बाई पिता कमलेश साहू उम्र 33 वर्ष साकिन देवगांवपारा भटगांव द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करते मिली जिसके कब्जे से 13 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1040 रूपये जप्त कर थाना रूद्री में अप.क्र. 18/25 धारा 34 (1) ख आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना सिहावा से सउनि. दुलाल नाथ, प्रआर. रामकुमार कमलवंशी, आर. विष्णु मरकाम, चंडिकेश्वर चौहान थाना मगरलोड से सउनि. धनीराम नेताम, आर. गजानन साहू, गोविंदा धृतलहरे, सैनिक होमन गायकवाड़ थाना रूद्री से सउनि. घनश्याम वर्मा, आर. भावेश दास, मआर. शबा मेमन, गायत्री कुर्रे का विशेष योगदान रहा।

## वार्ड भ्रमण कर नागरिकों की समस्याओं से अवगत हुए नपाध्यक्ष



**महासमुंद,** 3 जून (देशबन्धु)। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू मंगलवार को शहर के वार्ड क्रमांक 5 के नागरिकों से मुलाकात कर उनका हाल जाना तथा उनकी समस्याएं सुनी। भ्रमण के दौरान वार्डवासियों ने श्री साहू को विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। जिसमें प्रमुख रूप से बादल गली के सामने स्थित गौरा चौरा का मरम्मत, चौक के पास के रंगमंच मरम्मत, वार्ड के विभिन्न गलियों में सड़कों की मरम्मत व सीसी रोड निर्माण, नालियों का जीर्णोद्धार, बोर में पंप लगाने सहित वार्ड के प्रमुख चौक चौराहों में सीसी कैमरा लगाने की मांग की गई। इसके अलावा हड्डी गोदाम के पास रहवासियों को आवास का लाभ प्रदान करने की मांग की गई। जिस पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री साहू ने समस्त मांगों पर शीघ्र कार्य करने आश्वस्त किया। वहीं पीएम आवास की मांग पर संबंधित विभाग प्रभारियों को सभी का फार्म भरने निर्देशित किया। वार्ड भ्रमण के दौरान श्री साहू ने नागरिकों के बीच बैठकर उनकी मांगों व समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना तथा वार्ड में समस्त मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही। इस दौरान छोटे बच्चों ने श्री साहू से मिलकर उनके साथ साथ वार्ड भ्रमण किया। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने व शहर का नाम रौशन करने बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

## मोर गांव मोर पानी अभियान अंतर्गत जनभागीदारी से बनेगा सोख्ता गड्ढा



**कलेक्टर ने ली समय सीमा की बैठक**

**महासमुंद,** 3 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक लेकर विकसित कृषि संकल्प यात्रा की प्रगति एवं एकमुश्त चावल वितरणए एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान, मोर गांव मोर पानी अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त लंबित आवेदनों के अतिशीघ्र निराकरण हेतु सभी विभागों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर रवि साहू, रविराज ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री लंगेह ने निर्देश देते हुए कहा कि विकसित कृषि संकल्प यात्रा राज्य सरकार की एक प्रमुख योजना है, जिसका उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी देना है। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसान योजनाओं का लाभ लें और उनकी आय में वास्तविक वृद्धि हो। इसके लिए फील्ड स्तर पर सफल किसानों से उनके अनुभव साझा किया जाए। ताकि अन्य किसान भी उनसे प्रेरित हो सके और उन्नत कृषि को अपना सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि किसानों को प्राकृतिक खेती, ड्रिप सिंचाई, जैविक खाद, बीज उपचार और मृदा स्वास्थ्य कार्ड के लाभों के बारे में विस्तार से बताया जाए। राजस्व विभाग की समीक्षा में राजस्व वसूली प्रकरणों में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से वसूली की कार्रवाई करते रहें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को मौसमी बीमारियों सहित कोविड जेएन.1 वेरिएंट से सतर्क रहने हेतु अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री लंगेह ने जून माह में चावल का एकमुश्त वितरण प्रक्रिया पर खाद्य, राजस्व और सहकारिता विभाग के अधिकारियों को सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने एक पेरड़ मां के नाम 2.0 अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि यह अभियान 5 जून से 30 सितंबर तक चलेगा, जिसके अंतर्गत स्कूल, आंगनबाड़ी, पंचायत भवन, अमृत सरोवर, तालाबों, प्रधानमंत्री आवासों के आसपास एवं माइनिंग क्षेत्रों में फलदार पौधे लगाया जाना है। कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में जल संचयन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मोर गांव मोर पानी अभियान के अंतर्गत सभी जनपदों के तकनीकी सहायकों को कम से कम 25 जल संरचनाओं के निर्माण का प्रस्ताव देने के निर्देश दिए गए थे। साथ ही जनभागीदार की सहायता से सभी प्रधानमंत्री आवास, आंगनवाड़ी, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## आर्थिक स्वालंबन के लिए महिला सहायता समूह को 2 लाख का समूह ऋण प्रदान किया गया




**नपा अध्यक्ष अशोक जैन ने प्रदान किया चेक**

**बलौदाबाजार,** 3 जून (देशबन्धु)। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत महिलाओं के स्वावलंबी जीवन के लिए छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा 2 लाख रुपये का चेक वार्ड क्रमांक 20 के दिल पसंद महिला स्व सहायता समूह को प्रदाय किया गया।

महिला समूह एस.एच.जी. को प्रदाय राशि से आपसी लेनदेन करने एवं प्राप्त राशि से अपने स्वयं का रोजगार संचालित करने व आपस में ऋण का अदान-प्रदान करना है। योजना अंतर्गत प्राप्त राशि से समूह की महिलाओं के द्वारा ब्यूटी पार्लर, सिलाई कार्य, मुर्गी पालन, जैसे कार्यों में उपयोग करती है।

नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने समूह की महिलाओं से राशि के उपयोग एवं प्राप्त ब्याज दर की जानकारी सहित आपसी लेनदेन की प्रक्रिया की जानकारी ली गई, महिला स्वयं सहायता समूह के प्रकरण को बैंक तक पहुंचाने एवं ऋण दिलाने में दीपिका बंजारे का योगदान रहा है, इस समुह को चेक >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## भारतीय भाषा समर कैंप का आयोजन बेमचा में




**महासमुंद,** 3 जून (देशबन्धु)। शासकीय प्राथमिक शाला बेमचा में 7 दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में भाषा को सुनने समझने बोलते व अन्य भाषाओं के साथ संवाद करने की क्षमता को विकसित करना है। प्रथम दिवस शाला प्रबंधन समिति के सदस्य विधायक प्रतिंनिधि रविकांत चंद्राकर द्वारा माँ सरस्वती की पूजन कर समर कैम्प का विधिवत शुभारंभ किया गया। शिक्षिका श्रीमती नंदिनी प्रधान एवं विवेक कुमार योगी द्वारा प्रथम व् द्वितीय दिवस बच्चों को उड़िया भाषा में अभिवादन अभिव्यक्ति संख्या वार्तालाप एवं वर्चुअल भ्रमण कराया गया। तृतीय व् चतुर्थ दिवस शिक्षिका श्रीमती सीमा चंद्राकर, श्रीमती भुनेश्वरी साहू द्वारा संगीत, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद** 3 जून (देशबंधु)। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6.4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 03 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए चार लाख रुपए के मान से कुल 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पासिद की मृतिका श्रीमती उर्मिला बाई निषाद, पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम मेमरा के मृतक मनोज रात्रे एवं सरायपाली विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम कुटेला के मृतक मुकेश दास के परिजन के लिए 04.04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# जल जीवन मिशन ने बदली कमार बसाहट कल्लेमेटा की तस्वीर

## अब पानी लाने दूर-दूर नहीं जाना पड़ता, घर-घर पहुंच रहा पानी

**धमतरी,** 3 जून (देशबन्धु)। धमतरी जिले के वनांचल क्षेत्र में बसे विशेष पिछड़ी जनजाति के कमार परिवारों को प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत अब पीने और निस्तारी के लिए भरपूर पानी मिलने लगा है। जिले के कमार बसाहट कल्लेमेटा में रहने वाले लोगों को पीने की पानी की व्यवस्था के लिए अपने घरों से दूर जंगलां, तालाबों या पोखरों तक जाना पड़ता था। पानी के लिए बहुत दूर तक जाने में लगने वाले शारीरिक श्रम, गर्मी-बरसात-ठंड के मौसम में होने वाली असुविधाओं के साथ-साथ पोखरों-तालाबों-नालों के अशुद्ध पानी के कारण होने वाली बीमारियों से भी लोगों को जुझना पड़ता था।

तकनीकी टीम ने सर्वेक्षण कर गांव के पास एक भूजल स्त्रोत पाया। इस अभियान के तहत कल्लेमेटा में पीने का पानी घर-घर पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन के तहत ओवरहेड पानी की टंकी का निर्माण किया गया और पूरे गांव में पाईप लाईनें बिछाईं गईं। अब प्रत्येक घर में एक नल कनेक्शन है, जिसमें स्वच्छ पेयजल उनके दरवाजे तक पहुंच रहा है। इससे जलजनित बीमारियों की घटनाओं में कमी के कारण ग्रामीणों विशेषकर बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार हुआ। कल्लेमेटा के ग्रामीणों की पानी लाने के लिए दूर जंगलों में जाने की



मजबूरी अब खत्म हो गई है। इससे उनका शरीरिक श्रम तो बचा ही है, इसके साथ ही आने-जाने में लगने वाले समय को वे अब वनोपज संग्रहण, घर-गृहस्थी संभालने, बच्चों की देखरेख आदि में लगा रहे हैं। कमारों के छोटे बच्चे भी बहुत खुश हैं। अब उन्हें पानी के लिए अपने स्कूलों की कक्षाओं को छोड़ना नहीं पड़ता है। गांव के युवा भी फील्ड टेस्ट किट का उपयोग करके पानी की गुणवत्ता की निगरानी में शामिल हैं, जिससे स्वामित्व और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा मिल रहा है।

कल्लेमेटा में परियोजना का शुभारंभ ना केवल सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल तक पहुंच प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया था, बल्कि सामुदायिक भागीदारी और स्थिरता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भी किया गया था। इसकी शुरूआत स्थानीय समुदाय को संगठित करने से हुई। ग्रामसभा की बैठकें आयोजित की गईं, जहां ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं को सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। ग्रामीणों ने कमार जनजाति के प्रतिनिधियों के साथ एक ग्राम जल और स्वच्छता समिति का गठन किया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि स्थानीय आवश्यकताओं और पारंपरिक ज्ञान का पूरा सम्मान किया जाए। समिति ने काम की निगरानी, जल संरक्षण प्रथाओं को बढ़ावा देने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने कार्यभार संभाला।

# डीपीआई और एससीईआरटी के एकीकरण की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद** 3 जून (देशबंधु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ, जिला शाखा महासमुंद के जिलाध्यक्ष ओम नारायण शर्मा ने राज्य की शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिया है। उन्होंने राज्यपाल मुख्यमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री, राज्य शिक्षा मंत्री और प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर लोक शिक्षण संचालनालय डीपीआई और राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद एससीईआरटी के एकीकरण तथा आकलन प्रक्रिया की जाँच के सुझाव दिए हैं। पत्र में उल्लेख किया गया है कि डीपीआई और एस सी ई आर टी के अलग.अलग कार्य करने से शिक्षा विभाग में समन्वय की कमी है। परस्पर विरोधी निर्देशों के कारण समय. समय पर शिक्षकों और विद्यार्थियों को भारी परेशानी होती है। विशेष रूप से कक्षा 1 से 8 तक के मासिक, तिमाही, अर्धवार्षिक और वार्षिक मूल्यांकन में भिन्नता भ्रम पैदा करती है। यह समस्या 2015 से 2025 तक शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित कर रही है। श्री शर्मा ने कहा डीपीआई और एससीईआरटी के एकीकरण से एक एकीकृत शिक्षा निदेशालय बनाया जाए, जिससे निर्देशों में एकरूपता आए और संसाधनों का दोहराव रुके। इससे प्रति वर्ष 1.2 करोड़ रुपये की बचत हो सकती है। उन्होंने राष्ट्रीय



शिक्षा नीति एनईपी 2020 के 5334 ढांचे के अनुरूप मूल्यांकन नीति लागू करने और 2015.2025 के आकलन दस्तावेजों की जाँच के लिए छह माह में स्वतंत्र समिति गठित करने का प्रस्ताव दिया। पत्र में राज्यपाल से हस्तक्षेप, केंद्रीय शिक्षा मंत्री से एन ई पी 2020 के कार्यान्वयन में सहयोग और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जो स्कूल शिक्षा विभाग भी देख रहे हैं उनसे त्वरित कार्रवाई का अनुरोध किया गया है। शिक्षकों और हितधारकों के साथ पारदर्शी विचार.विमर्श की माँग भी की गई है। शिक्षा के जानकारों का कहना है कि यह प्रस्ताव नीति.निर्माण में महत्वपूर्ण चर्चा का विषय बन सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि एकीकरण से प्रशासनिक जटिलताएँ कम होंगी, लेकिन इसके लिए विस्तृत अध्ययन आवश्यक है। श्री शर्मा ने आशा जताई कि सरकार उनके सुझावों पर गंभीरता से विचार करेगी। यह पहल छग की शिक्षा व्यवस्था को और सशक्त बनाने की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास है।

# आश्रम-छात्रावासों में बच्चों को घर जैसा माहौल दें :कलेक्टर

**गरियाबंद,** 3 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर बीएस उइके ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के सभी आश्रम और छात्रावास अधीक्षकों




की बैठक ली। उन्होंने कहा कि नए शैक्षणिक सत्र से पहले बच्चों के लिए सुरक्षित, सकारात्मक और घर जैसा वातावरण तैयार करें। साफ-सफाई, स्वास्थ्य जांच और गुणवत्तापूर्ण भोजन पर विशेष ध्यान दें।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि छात्रावास परिसर में समय पर सफाई हो। बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच कराई जाए। मच्छर-मक्खी से बचाव के उपाय किए जाएं। बरसात में जलभराव न हो, इसका ध्यान रखें। सभी छात्रावासों में ताजा और गर्म भोजन मिले। खाद्य सामग्री की गुणवत्ता और भंडारण व्यवस्था दुरुस्त हो। उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ सामाजिक, बौद्धिक और व्यावहारिक ज्ञान भी मिले। इसके लिए रोज समाचार पत्र पढ़वाएं। अधीक्षक अनुशासित, मृदुभाषी और प्रेरणादायक बनें, ताकि छात्र उनसे सीख सकें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ जी.आर. मरकाम, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग नवीन भगत, सहायक संचालक, मंडल संयोजक और विभिन्न छात्रावासों के अधीक्षक मौजूद रहे।

सहायक आयुक्त नवीन भगत ने बताया कि शासन की ओर से छात्रावासों में सभी जरूरी सुविधाएं दी जा रही हैं। अधीक्षकों से भवन, बिजली, पानी, शौचालय, बेड और भोजन की स्थिति की जानकारी ली गई। उन्होंने मीनू के अनुसार बच्चों को ताजा और गर्म भोजन देने के निर्देश दिए ।परिसर की खाली जगहों में फलदार पौधे लगाने और बागवानी करने के निर्देश भी दिए गए। इससे वातावरण हरा-भरा और स्वास्थ्यवर्धक रहेगा।

# अवैध अंग्रेजी-देशी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बिलाईगढ,** 3 जून(देशबंधु)। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तथा अति0 पुलिस अधीक्षक निमिषा पाण्डेय एवं उप पुलिस अधीक्षक सारंगढ़ अविनाश मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में मुखबीर की सूचना पर 40 पाव देशी प्लेन मदिरा ,02 बोतल अंग्रेजी शराब जुमला 08 लीटर700 स्रूशराब और मोटर साइकल के साथ 01 आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई है।



दिनांक 01.06.2025 को दौरान पेट्रोलिंग मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम बोंदा पंचधार मार्ग में एक व्यक्ति बिना नबर के मोटरसाइकिल में शराब रखकर बिक्री कर रहा है की सूचना पर मुखबिर के बताए स्थान पर घेराबंदी कर एक व्यक्ति को पकड़ा गया जिससे उसका नाम पता पूछने पर अपना नाम कृष्ण गोपाल कोड़ाकु पिता श्यामलाल कोडाकू उम्र 40 वर्ष निवासी तोरेसिंघा थाना बरमकेला निवासी बताया । उसके मोटरसाइकिल को चेक करने पर हैंडल में रखे एक सफेद थैला के अंदर 40 पाव देसी प्लेन मदिरा तथा दो बोतल रॉयल स्टैग अंग्रेजी शराब जुमला 8 लीटर 700 एमएल शराब मिला ।शराब के संबंध में पूछताछ करने पर बिक्री हेतु ले जाना बताया। आरोपी के कब्जे से कुल 8 लीटर 700 एमएल शराब तथा बिना नंबर के होंडा हिट मोटरसाइकिल को जप्त कर आरोपी को विधिवत् गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध थाना सरिया में अप0 क्र0-108/2025 धारा 34 (2) 59 (क) आबकारी एक्ट कायम कर आरोपी को आज दिनांक 02.06 2025 को रिमाण्ड पर भेजा गया है।

उपरोक कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रमोद यादव स.उ.निरी. सुमन चौहान , आर. दिलीप स्नेही राजकुमार,नर्मदा,प्यारे,दिलीप दिगंबर पटेल का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# नपाध्यक्ष ने किया द एजुकेशनल हब का शुभारंभ



**महासमुंद** 3 जून (देशबंधु)। सोमवार को नयापारा में स्व. हाजी हबीब कुरैशी की पुण्य स्मृति में द एजुकेशनल वे ट्यूशन क्लासेस का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षद राहुल आवड़े, मुश्ताक खान, पप्पू ठाकुर, मोहम्मद आफ्ताब कुरैशी, रशीद भाई, अब्दुल निशार , शहीद रजा, मोहम्मद जाकिर रजा, अब्दुल अजीम आदि उपस्थित थे। पालिकाध्यक्ष श्री साहू ने ट्यूशन क्लासेस का शुभारंभ पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह शिक्षा केंद्र न केवल विद्यार्थियों को ज्ञान की ओर अग्रसर करेगा। बल्कि स्व. हाजी हबीब कुरैशी के सामाजिक योगदान और मूल्यों को भी जीवंत बनाए रखेगा। मैं आयोजकों को इस पुनीत पहल के लिए बधाई देता हूँए और कामना करता हूँ कि यह संस्थान विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक सशक्त कदम सिद्ध हो। जागरूक नागरिकों की यह पहल निश्चित ही शहर के विद्यार्थियों को नई दिशा प्रदान करेगी। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया।

# महेश नवमी के अवसर पर सम्पूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन आज

**■ माहेश्वरी समाज द्वारा 4 जून को प्रातः 7 से 10 बजे तक खाटू श्याम मंदिर धमतरी में शिविर का आयोजन**



**धमतरी,** 3 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ प्रदेश माहेश्वरी सभा के मार्गदर्शन में प्रदेश के समस्त संगठनों में महेश नवमी अत्यंत श्रद्धा एवं उल्लास के साथ भव्य रूप में मनाई जाएगी। इस पावन अवसर को और अधिक सार्थक बनाने हेतु प्रदेश संगठन के स्वास्थ्य प्रकोष्ठ द्वारा थायरो केयर प्रयोगशाला के सहयोग से विशेष सम्पूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन धमतरी शहर सहित पूरे प्रदेश में 4 जून को एक साथ किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी सभा के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश मूंधड़ा ने उक्त शिविर को प्रदेश के लगभग सभी शहरों में कराने के लिये निर्देशित किया है। आज ही उनका जन्मदिन है। इसलिये जन्मदिन को यादगार बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य एवं रक्त जांच शिविर कराने के लिये कहा है। जिसकी लाचिंग उनके जन्मदिन के अवसर पर 20 मई को की गई।

माहेश्वरी समाज धमतरी द्वारा 4 जून को प्रातः 7 से 10 बजे तक खाटू श्याम मंदिर धमतरी में फुल बॉडी हेल्थ चेकअप कैंप रखा गया है। जिसमें 72 प्रकार के टेस्ट किये जाएंगे। धमतरी जिला माहे श्वरी सभा साउथजोन के अध्यक्ष किशन सारडा, माहेश्वरी समाज धमतरी के अध्यक्ष राजेन्द्र माहेश्वरी, माहेश्वरी महिला मंडल धमतरी अध्यक्ष तारा झंवर तथा माहेश्वरी युवा मंडल धमतरी के अध्यक्ष ऋषभ राठी ने समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। पंजीयन करने के लिये मोबाइल नंबर 97706-80088 पर संपर्क कर सकते हैं।

समाज के प्रमुख पदाधिकारियों ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर का उद्देश्य समाज के प्रत्येक सदस्य को समय रहते अपने स्वास्थ्य की जांच हेतु प्रेरित करना है, जिससे सभी दीर्घायु, स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन जी सकें। समाज की ओर से सभी स्थानीय संगठनों से सादर अनुरोध है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इस शिविर का आयोजन सुनिश्चित करें। यदि इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाना चाहते हैं, तो 25 मई से पूर्व अपने संगठन का नाम एवं इच्छुक प्रतिभागियों की जानकारी स्वास्थ्य प्रभारी अथवा कार्यक्रम संयोजक को अवश्य प्रदान करें। यह शिविर थायरो केयर के माध्यम से होगा, जिनके प्रतिनिधि प्रत्येक संगठन में जाकर ब्लड और यूरिन सैंपल लेंगे। यह टेस्ट खाली पेट ही होंगे। छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी सभा के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश मूंधड़ा, नंदकिशोर राठी प्रदेश सचिव स्वास्थ्य प्रभारी, डॉ. रवि राठी (9827162248), डॉ. श्रीकांत जाजू (7974067738), महेश नवमी-2025 के संयोजक गण गगन लड्ढा राजनांदगांव, राजेश मूंदड़ा रायपुर हैं।

# साय सरकार में धमतरी के विकास का सपना हो रहा साकार: चेतन हिन्दूजा

**धमतरी,** 3 जून (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के समापन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धमतरी को 213 करोड़ रुपए की सौगात दी। इस पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष चेतन हिन्दूजा ने कहा कि साय सरकार में धमतरी के विकास का सपना साकार हो रहा है। प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद रूप कुमारी चौधरी, कुरूद विधायक पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद, पूर्व विधायक रंजना साहू एवं पार्टी के वरिष्ठ जनों के सामूहिक प्रयास से मंच पर इनकी मौजूदगी में सीएम ने जो घोषणा की वह धमतरी के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गई है। इन जनप्रतिनिधियों ने दर्शा दिया कि सेवा और समर्पण की भावना से काम किया जाए तो विकास का रास्ता जरूर खुलता है।

सीएम ने हाईटेक बस स्टैंड के लिए 18 करोड़ की घोषणा की, इससे अर्जुनी-खपरी मार्ग में भव्य बस टर्मिनल बनेगा जिससे धमतरी समेत आसपास के लोगो को बेहतर सुविधा मिलेगी, 10.50 करोड़ की घोषणा ऑडोटोरियम के लिए की गई जिससे यहां विभिन्न सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमो के लिए एक अच्छी जगह लोगो को मुहैया होगी, साथ ही प्रतिभाओं को निखारने के लिए बेहतर मंच मिल सकेगा। सिहावा चौक से कोलियारी तक और रत्नाबांधा चौक से मुजगहन तक फोरलेन की स्वीकृति से यातायात का दबाव कम होगा और लोगो को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी। नगरी रोड से रोजाना हजारों लोग गुजरते है, जर्जर हालत के कारण लोगो को परेशानी हो रही थी, इस रोड के उन्नयन व सुदृढ़ीकरण के लिए 60 करोड़ की सीएम की घोषणा समस्या हल करने वाली एक बड़ी सौगात है। साय सरकार धमतरी के विकास के लिए संकल्पित है, पूर्व की बघेल सरकार की तरह धमतरी के साथ सिर्फ वादा कर छल नहीं किया जा रहा बल्कि यहाँ के विकास को पंख लगाने वाले कार्यो की सौगात दी गयी है। इसके लिए धमतरी के युवाओं की टीम के द्वारा जल्द ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद रूपकुमारी चौधरी, कुरूद विधायक अजय चंद्राकर को पत्र प्रेषित कर आभार व्यक्त किया जाएगा। साथ ही अंबेडकर चौक से गंगरेल तक सड़क चौड़ीकरण के लिए प्रयास किया जाएगा।



उल्लेखनीय है कि पूर्व में जब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी का आगमन धमतरी हुआ था तो सांसद रूप कुमारी चौधरी ने धमतरी नालंदा परिसर की मांग की थी जिस पर तत्परता से मुख्यमंत्री ने तत्काल प्रभाव से घोषणा कर उक्त मांग को पूरा किया।

## गरियाबंद में 5 जून को प्लेसमेंट कैम्प

**गरियाबंद,** 3 जून (देशबन्धु)। जिला रोजगार कार्यालय गरियाबंद में 5 जून (गुरुवार) को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन होगा। इसमें रायपुर की निजी कंपनियों द्वारा सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, मार्केटिंग सहायक सहित कुल 389 पदों पर भर्ती की जाएगी। 8वीं, 10वीं, 12वीं व स्नातक उत्तीर्ण आवेदक दो फोटो व शैक्षणिक प्रमाणपत्रों के साथ कैम्प में शामिल हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें- 07706-241269, 93295-59607।

## महिला आयोग की सुनवाई आज गरियाबंद में

**गरियाबंद,** 3 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक 4 जून को गरियाबंद आएंगी। वे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में महिलाओं के उत्पीड़न संबंधी मामलों की सुनवाई सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक करेंगी। संबंधित पक्षों को समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

## महाविद्यालय बिलाईगढ़ में मनाया तंबाकू निषेध दिवस व 'एक पेड़ मां के नाम' 2.0 का आगाज

**बिलाईगढ़** 3 जून (देशबंधु)। शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवम् यूथ रेड क्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के कार्यक्रम समन्वयक डॉ एल एस गजपाल की गरिमामय उपस्थिति में तंबाकू निषेध कार्यक्रम एवं च्च्एक पेड़ मां के नामज्ज2.0 अभियान की शुरुआत की गई इस अवसर पर रायपुर से आए प्रोफेसर गजपाल ने तंबाकू सेवन से होने वाली बीमारियों के बारे मे विस्तार से बताया साथ ही महाविद्यालय के प्रवेश द्वार पर आम के पौधा रोपण कर च्च्एक पेड़ मां के नामज्ज2.0 अभियान की शुरुआत कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति महाविद्यालय के स्वयं सेवकों, छात्र छात्राओं अधिकारी कर्मचारियों को जागरूक किया। विदित हो कि डॉ एल एस गजपाल एम ए समाज शास्त्र के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र छात्राओं का प्रैक्टिकल/वायवा परीक्षा संपन्न कराने बाह्य परीक्षक के रूप में महाविद्यालय पहुंचे थे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ उमाकांत मिश्र, वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक श्रीमती सुनीता विक्रम कोसले, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी तुलेश्वर सिंह ध्रुव जनभागीदारी व्याख्याता धनंजय , महाविद्यालय के कर्मचारी व एन एस एस स्वयं सेवक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## जेनेसिस कालेज धमतरी में कैरियर काउंसलिंग एवं सोशल इप्लुएंट्री मीट का आयोजन




**धमतरी,** 3 जून (देशबन्धु)। जेनेसिस कोलेज धमतरी में 1 जून से 12 वीं पास छात्रों के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को कैरियर संबंधी सही मार्गदर्शन प्रदान करना तथा सोशल मिडिया के प्रभावशाली व्यक्तियों से संवाद का अवसर उपलब्ध कराना हैं। इस कैरियर काऊंसलिंग में सोशल एनफूएंट्री मीट के विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ, कैरियर काउंसलर्स और लोकप्रिय सोशल मिडिया इप्लुएसर्स छात्रों से सीधाा संवाद करेगें।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को भविष्य की संभावनाओं, विभिन्न कैरियर विकल्पों और डिजिटल युग में सोशल मिडिया की भूमिका के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान कांउसलिग सेशन, इंटरैक्टिव पैनल डिस्कशन और लाइव क्यु एण्ड ए सत्र का भी आयोजन किया जाएगा। जेनेसिस कॉलेज के प्राचार्य शिरोमणि सोनी ने प्रेसवार्ता के माध्यम से बताया कि हमारा प्रयास है कि हम अपने छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक जीवन के लिए भी तैयार करें। इस तरह के आयोजनों से छात्रों को न केवल मार्गदर्शन मिलता है, बल्कि उन्हें अपने सपनों को साकार करने की प्रेरणा भी मिलती है। ट्रेनर्स के रूप में प्रो. अर्जित गोस्वामी, स्पर्श लखिना विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

## अवैध रूप से शराब बिक्री करते युवक गिरफ्तार, 37 पौवा देशी मसाला जब्त

**धमतरी,** 3 जून (देशबन्धु)। कुरूद पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की छत्तीसगढ़ ढाबा के पास एक व्यक्ति मोटर सायकल में शराब रखकर बेच रहा है। सूचना मिलते पुलिस तत्काल पहुंचकर बताये गए छत्तीसगढ़ ढाबा के पास हीरो मोटर सायकल क्र.ओडी-23- एन-4368 में बैठ कर शराब बिक्री कर रहा था, जिसे पकड़कर उनका नाम पता पूछने पर अपना नाम बलजीत सिंह पिता स्व. हरचरण सिंह उम्र 22 वर्ष, साकिन हाल पता मेघा का रहने वाला बताया, मोटर सायकल के उपर नीले रंग के पीट्ठू बैग के अंदर 37 पौवा देशी मसाला शराब प्रत्येक में 180-180 एम.एल. भरी हुई, कीमती 3700 रूपये, बिक्री रकम 500 रूपये एवं हीरो मोटर सायकल कीमती 40,000 रूपये, एक नग एप्पल मोबाइल 25,000 रू. कुल जुमला 69,200 रूपये को समक्ष गवाहों के जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना कुरुद में अप0 क्र0146/25 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी बलजीत सिंह को विधिवत् गिरफ्तार न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



उक्त कार्यवाही में थाना कुरूद से उनि. ईश्वर साकार, आर. सूरज देवदास, गोपाल चंद्राकर का विशेष योगदान रहा।

## रामपुर में देशी महुआ शराब के बनाने के लिए रखे 40 क्विंटल लाहन किया गया नष्ट

**धमतरी,** 2 जून (देशबन्धु)। थाना प्रभारी भखारा को मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम रामपुर में कुछ लोग अवैध शराब बिक्री कर रहे है। सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी भखारा के नेतृत्व में थाना भखारा स्टॉफ द्वारा विशेष अभियान चलाकर छोटी नहर नाली पार रामपुर में आरोपी देवेन्द्र कुमार बघेल पिता पवन कुमार बघेल उम्र 21 वर्ष साकिन रामपुर को अवैध रूप से शराब बिक्री करते घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसके पास एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी के अन्दर रखे देशी प्लेन मंदिरा शराब 20 पौवा एवं एक नीले रंग के कैरीबेग में रखे 16 पौवा देशी प्लेन मंदिरा शराब प्रत्येक में 180-180 एम.एल. कांच की शीशी में भरी हुई सीलबंद जुमला 6.480 बल्क लीटर कीमती 2880 रूपये एवं बिक्री रकम 500 रूपये कुल जुमला किमती 3380 रूपये को गवाहों के समक्ष जप्त आरोपी देवेन्द्र कुमार बघेल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। इसके अतिरिक्त ग्राम कोपेडीह में खेत में छिपाकर रखे गये शराब बनाने महुआ लहान लगभग 40 चिंटल को मौके पर नष्टीकरण किया गया है। अवैध शराब के विरुद्ध आगे भी इसी तरह की कार्यवाही जारी रहेगी। यह कार्यवाही एसडीओपी कुरूद के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भखारा एवं थाना भखारा स्टॉफ द्वारा की गई है।

## हरिश्चंद्र जाटवर 9 को कलेक्टर न्यायालय सारंगढ़ में हाजिरी दें

**बिलाईगढ़,** 3 जून। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने हरिश्चंद्र जाटवर पिता सुकालु जाटवर निवासी ग्राम परसाडीह थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ को छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के प्रकरण 202503321300016, धारा 6 (ग)की सुनवाई में उपस्थित होने के लिए 9 जून 2025 को न्यायालय कलेक्टर से पत्र जारी कर बुलाया है।



# प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द में समर कैंप का समापन



**फिंगेश्वर,** 3 जून (देशबन्धु)। शासन के निर्देशानुसार प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द मे सात दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों से जोड़कर प्रतिदिन अलग-अलग प्रकार से जानकारी दिया गया जिसे बच्चों ने भी पूरे तन्मयता के साथ ग्रहण किया। शिक्षक खोमन सिन्हा ने बताया कि हमारे प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द में विगत कई वर्षों से समर कैंप लगाया जा रहा है जिसका सार्थक परिणाम भी मिल रहा है। बच्चों को प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियां कराई जाती है जिसमें प्रथम दिवस रोल प्ले अभिवादन अभिव्यक्ति के बारे में जानकारी दिया गया और भारत माता की जय घोष के साथ नारा लगाया गया। इसी प्रकार नृत्य कला, चित्रकला, गायन, लेनदेन खरीददारी करना व्यंजन बनाना, नदी, तालाब, पहाड़ स्मारकों के साथ हमारे देश की वीर जवानों के बारे में जानकारी बच्चों को बहुत ही सुंदर तरीके से श्रवण कराया गया है प्रतिदिन समर कैंप में 40 से 45 बच्चे उपस्थित हो रहे थे।समर कैंप का आज अंतिम दिवस है जिसमें प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित छम्मन साहू ने आपदा प्रबंधन के अंतर्गत सांप बिच्छू जहरीले जीव जंतु से कैसे बचे इन पर बहुत ही अच्छे ढंग से प्रकाश डाला गया बच्चों को बताया गया कि अभी वर्तमान समय वर्षा ऋतु का है और हमें जहरीले जीव जंतु में सांप बिच्छू का सामना करना पड़ सकता है तो हम उनसे अपना बचाव कैसे करें जिसमें बताया गया कि जमीन पर ना सोए यदि जमीन पर सोते हैं तो मच्छरदानी का प्रयोग करें और दरवाजे खिड़कियों पर मिट्टी तेल फिनाइल का प्रयोग करें। जहरीले सांप का अलग से और दांत होता है इस प्रकार से बहुत सारी जानकारियां बच्चों को बताया गया और बच्चों से कहा गया कि अपने पालकों से कहना कि यदि खेत जाते हैं तो निश्चित रूप से एक लाठी लेकर खेत जाएं और उसको ठोकते हुए आगे बढ़े ऐसा करने से जहरीले जीव जंतु से बचा जा सकता है सांप को देखकर डरना नहीं चाहिए लेकिन निश्चित रूप से सावधानी बरतनी चाहिए। समर कैंप मे प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत सिर्राखुर्द के सरपंच देवेंद्र वर्मा प्रधान पाठक जगन्नाथ ध्रुव शिक्षक घनश्याम कंवर दुर्गेश विश्वकर्मा लीलाराम मतावले झंकेस सिन्हा छम्मन साहू राजा साहू ग्रामीणजन छात्र छात्राओं के साथ शिक्षक खोमन सिन्हा उपस्थित रहे।

## जिले में दाई-बबा महोत्सव का आयोजन आज

**बलौदाबाजार,** 3 जून (देशबन्धु)। जिले के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में आम जन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने हेतु प्रत्येक बुधवार स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाता है। राज्य शासन के निर्देशानुसार 4 जून 2025 को आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में दाई-बबा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। सी.एम.एच.ओ डॉ.राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि दाई बबा महोत्सव का उद्देश्य बुजुर्गों का सम्मान एवं स्वास्थ्य संबंधित सभी प्रकार की सेवाओं को प्रदान करते हुए बुजुर्गों के स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना है। आयोजन में मुख्य रूप से बुजुर्गों हेतु समग्र जांच के साथ-साथ आयुष्मान कार्ड, वय वंदन कार्ड एवं समस्त प्रकार का परामर्श देते हुए युवाओं को बुजुर्गों के स्वास्थ्य की देखभाल करने हेतु भी प्रेरित किया जाएगा। इसके साथ ही आयोजन में विभिन्न प्रकार की जांच जैसे शुगर, बीपी, हड्डी की समस्या, नेत्र से संबंधित बीमारियों की जांच, मानसिक रोग, वृद्धावस्था में पोषण तथा आयुष चिकित्सा संबंधित उपचार, गैर संचारी रोग संबंधित व्यक्तियों का उपचार एवं फॉलोअप भी किया जाएगा।

# डीएपी संकट से जूझ रहे किसान : विनोद



**महासमुंद,** 3 जून (देशबंधु)। पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि खरीफ सीजन में किसानों को डीएपी की अभूतपूर्व संकट का सामना अभी से करना पड़ रहा है। मानसून केरल आ चुकी है, सप्ताह भर के भीतर छत्तीसगढ़ में मानसून सक्रिय हो जाएगा। बीते कुछ दिनों पूर्व हुई बारिश के बाद जिले के किसान खरीफकी तैयारी के लिए थरहा लगाने खेतों की मताई आदि कर रहे हैं। कई किसान नर्सरी तैयार भी कर चुके हैं। ऐसे में डीएपी की सख्त आवश्यकता है, लेकिन सरकार द्वारा सहकारी समितियों में डीएपी उपलब्ध नहीं करा पाने के कारण किसानों को खुले बाजार में अधिक दामों पर डीएपी खरीदकर अतिरिक्त आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ रहा है।

श्री चंद्राकर ने कहा कि जिले के विभिन्ना सोसायटियों में डीएपी की कील्लत बनी हुई है। पटेवा, झलप क्षेत्र के विभिन्न समितियों में डीएपी नहीं मिल पा रहा है। डीएपी के स्थान पर 20-20-15 नामक एक अन्य खाद का विकल्प किसानों को सुझाया जा रहा है। किसान इस खाद को लेने में हिचकिचा रहे हैं, लेकिन दबाव डालकर जबरदस्ती उन्हें खाद लेने विवश किया जा रहा है। डीएपी धान के पौधों के लिए संजीवनी का कार्य करती है। समय पर डीएपी नहीं मिलने से पौधे विकसित नहीं हो पाते, जिससे धान के पौधों के विकास पर प्रभाव पड़ता है। सरकार किसानों से धान खरीदी से बचने उन्हें कृत्रिम रूप से खाद संकट पैदा कर धान के पैदावार को कम करना चाह रही है। श्री चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार किसानों के लिए ट्रबल इंजन साबित हो रही है। किसानों को डीएपी यूरिया खाद के लिए भटकना पड़ रहा है। साय सरकार किसानों को सोसाइटी में खाद उपलब्ध नहीं कर पा रही है। बड़े व्यापारियों के यहां पहले ही खाद डंप हो रहा है और किसानों को अतिरिक्त पैसा देकर बाजार में मजबूरी में ज्यादा पैसा से खाद बीज लेना पड़ता है यह सरकार सिर्फऔर सिर्फ बड़े उद्योगपतियों की सरकार है। बुवाई के समय किसानों को डीएपी खाद की ज्यादा जरूरत पड़ती है। डीएपी नहीं मिलने से बुवाई प्रभावित हो रहा है। सरकारी समितियां में पंजीकृत किसानों को कृषि भूमि के रकबे के हिसाब से डीएपी, यूरिया फसल के लिए दिया जाता है। लेकिन पंजीकृत किसानों के हिसाब से प्रशासन ने कोई तैयारी नहीं की। खरीफसीजन शुरू होने के माह भर पहले ही पर्याप्त खाद.बीज का भंडारण करना होता है। लेकिन यह सरकार किसानों को पूरी तरह नजर अंदाज करते हुए केवल बड़े उद्योगपतियों के हित में कार्य करने पूरी मशीनरी को लगा रहा है।

## कबीर जयंती पर सत्संग 11 को

**महासमुंद** 03 जून (देशबंधु)। कबीर जयंती के अवसर पर स्थानीय रायपुर रोड स्थित श्री कबीर मंदिर में 11 जून को एक दिवसीय सत्संग का आयोजन किया गया है। जानकारी देते हुए कबीर मंदिर के व्यवस्थापक जितेंद्र साहेब ने बताया कि मुख्य वक्ता के रूप में श्री कबीर निर्णय मंदिर ढेठा धमतरी के संत बलवान साहेब जी होंगे। वे अपने संत मंडली के साथ कबीर साहेब के 627 वीं जयंती पर उपस्थित रहेंगे। उन्होंने सत्संग में भाग लेने की अपील करते हुए बताया कि सत्संग, भजन सुबह 10 से ढाई बजे तक होगा। पश्चात ढाई बजे महाप्रसाद की व्यवस्था है।

## युवक ने मित्र को चाकू मारा, गिरफ्तार



**खरोरा,** 3 जून (देशबन्धु)। इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा 1 जून को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 31 मई को इसका बेटा भावेश वर्मा उम्र 15 साल रात में खाना खाकर ग्राम खरोरा में बन रहे मकान के बगल में स्थित लेबर रूम में सोने के लिये गया था जो रात्रि लगभग 02.30 बजे भीवेश उर्फ लल्ला द्वारा उस लेबर रूम में घुसकर पुरानी रंजिश के चलते अपने साथ लाये चाकू से भावेश वर्मा के सिर, दोनो हाथ, व पीठ में चोट पहुंचाया है कि रिपोर्ट पर कायमकर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान घटना स्थल का निरीक्षण कर प्रार्थी एवं आहत का कथन लेख किया गया है। घटना स्थल से भौतिक साक्ष्य खुन आलुदा मिट्टी, सादी मिट्टी, खून लगा हुआ कॉटन, सादा काटन,आहत का चप्पल एवं आरोपी का टोपी, गमछा को गवाहो के समक्ष जप्त किया गया है। आरोपी का गवाहो के समक्ष मेमोरण्डम लेख किया गया है। मेमोरण्डम के आधार पर आरोपी से घटना के पास से लोहे का टुटा हुआ धारदार चाकू प्लास्टिक के मुठ को जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध अपराध घटित करना पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से दिनांक 01/06/2025 को विधिवत् गिरफ्तार कर आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया जाता है।सोशल मीडिया में करता था आपत्ति जनक पोस्ट-वही आरोपी का इंस्टाग्राम देखे तो चाकू और बंदूक लेकर डराने धमकाने का पोस्ट हमेशा रहता है जिसकी छानबीन पुलिस कर रही है। पुलिस अब ऐसे सोशल मीडिया के असामाजिक तत्वों पर भी नजर रखी हुई है जो चाकू लेकर वीडियो बनाते है। मीडिया ने आरोपी से बातचीत की तो उसने बताया की चुनाव के समय किसी बात पर उसके पिता से विवाद हुआ था इसके बदले की आग उसके मन में सुलग रही थी और उसने नशे की हालत में यह जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित उन्हें नाबालिक गंभीर अवस्था में अस्पताल में शान भर्ती है तो वहीं दूसरी ओर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## खम्हरिया में आवास निर्माण का निरीक्षण व समस्याओं की समीक्षा

**नगरी,** 3 मई (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत खम्हरिया में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों के निरीक्षण एवं जनहित से जुड़ी समस्याओं की समीक्षा हेतु आज एक महत्वपूर्ण दौरा संपन्न हुआ। इस अवसर पर जनपद पंचायत नगरी की मुख्य कार्यपालन अधिकारी (ष्टश्वह्र) रोहित बोरझा, जनपद सदस्य क्षमा साहू, ग्राम पंचायत खम्हरिया के सरपंच श्री संतराम नेताम, रोजगार सहायक, आवास मित्र एवं तकनीकी निरीक्षण हेतु आवास इंजीनियर उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन आवासों की गुणवत्ता, प्रगति तथा लाभार्थियों को आ रही समस्याओं की विस्तार से समीक्षा की गई। अनेक स्थानों पर निर्माण कार्य में सामग्री की अनुपलब्धता, तकनीकी मार्गदर्शन की कमी तथा भुगतान में विलंब जैसी समस्याएं सामने आईं। इन समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को तत्काल निर्देशित किया गया। जनपद ष्टश्वह्र द्वारा स्पष्ट किया गया कि आवास योजना के तहत प्रत्येक पात्र हितग्राही को समय पर एवं गुणवत्ता युक्त आवास उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी मैदानी अमले को सतर्क एवं जिम्मेदार रहना होगा। उन्होंने आवास मित्र एवं रोजगार सहायक को यह सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया कि लाभार्थियों को योजना



की सभी जानकारी समय पर मिले और उनके आवेदन/शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए। जनपद सदस्य श्रीमती क्षमा साहू ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का कर्तव्य है कि वे योजनाओं के सही क्रियान्वयन पर सतत निगरानी रखें और पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने में पूर्ण सहयोग करें। ग्राम पंचायत के सरपंच श्री संतराम नेताम ने गांव में हो रही समस्याओं की जानकारी विस्तार से अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत की और उनके शीघ्र समाधान की अपेक्षा व्यक्त की। इस निरीक्षण के पश्चात उपस्थित सभी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं एवं समाधान का आश्वासन दिया।

## दाई-बाबा दिवस पर बुजुर्गों की होगी मुफ्त जांच

**गरियाबंद,** 3 जून। जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में 4 जून को हेल्थ मेला आयोजित होगा। इस दिन को 'दाई-बाबा दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। थीम होगी—'हमारे बुजुर्ग, हमारी धरोहर'। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि इसका उद्देश्य बुजुर्गों के सम्मान और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को मजबूत करना है। हेल्थ मेले की तैयारी के लिए विकासखंड स्तर पर अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और मितानिनों के माध्यम से बच्चों और परिवारजनों को प्रेरित किया जाएगा कि वे अपने दादा-दादी, नाना-नानी को स्वास्थ्य जांच के लिए मेले में जरूर लाएं। इस दिन सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में बुजुर्गों की विशेष जांच की जाएगी। इनमें मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोतियाबिंद, हड्डियों, मुख स्वास्थ्य, नाक-कान-गला, मानसिक स्वास्थ्य और संज्ञानात्मक परीक्षण शामिल हैं।

## हैंडपंप का संचालन सही हो

**पांडुका,** 3 जून। आम बाजार पाण्डुका में यह बोर संचालित होता है। सुबह शाम परंतु इसके आस पास की गंदगी तालाब से लगा हुआ है। झाड़िया उग आई है परंतु साफकरने वाला नही है। जिसका पानी पीने के लिए उपयोग किया जाता है। हर गुरूवार को गांव के लोग भी इसे उपयोग में लाते है। यहां पर गंदगी का आलम देख पानी पीना तो दूर इसके नजदीक जाना भी पसंद नही करेंगे। यहां पर पांच हेण्ड पंप है। जो बिगड़े पढ़े है तीन में पूर्व में बोर चलते थे सो आज तक बन नही पाया दो हेण्ड पंप लगे है ये भी बिगड़े है परंतु जब भी स्थिति नलो में पानी बंद होता है। उस वक्त ये काम आते है। पांच बोर हेण्ड पंप बिगड़े है ये कब बनेंगे। इन छोटी छोटी चिजों पर ध्यान देवे एवं साफसफाई कराएं।

## विश्व साइकिल दिवस पर डाक विभाग का कार्यक्रम



**पिथौरा,** 3 जून (देशबन्धु)। सायकल चालन आवागमन का सुलभ साधन है, पर्यावरण के अनुकूल है एवं उत्तम स्वास्थ्य के लिये आवश्यक भी है। आज 3 जून को 'विश्व सायकल दिवस के अवसर पर' छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल द्वारा रायपुर जीपीओ में ट्रेवल कवर एवं स्पेशल कैंसलेशन का विमोचन किया गया। इस समारोह में डाक विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं रायपुर शहर के प्रख्यात साइकिलिस्ट एवं टूर दाज्र्रायपुर ग्रुप के सदस्य श्री इंद्रसेन अग्रवाल, श्री सुयश शुक्ला उपस्थित रहे। सायकल चालन के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु डाक विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, पोस्टमैन एवं साइक्लिस्ट द्वारा डाक वस्तु भंडार टिकरापारा से रायपुर जीपीओ तक रैली भी निकाली गई।

# गरियाबंद जिले में एक पेड़ मां के नाम 2.0 महाअभियान की तैयारी पूरी, कल से शुभारंभ

**गरियाबंद,** 3 जून (देशबन्धु)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरूवार को गरियाबंद जिले में एक पेड़ मां के नाम 2.0 महाअभियान की शुरुआत की जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया जाएगा। विशेष बात यह है कि राज्यपाल रमन डेका इस दिन अपने द्वारा गोद लिए गए ग्राम मारवाडीह में वृक्षारोपण करेंगे। वे पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु व्यक्तिगत रूप से वृक्षारोपण करेंगे। इधर, प्रशासनिक स्तर पर महाअभियान की तैयारियां जोरो शोरो से जारी है। कलेक्टर बीएस उईके ने वृक्षारोपण की कार्ययोजना को समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए है। इस अभियान के अंतर्गत स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों एवं इको क्लब्स के माध्यम से 5 जून से 30 सितंबर 2025 तक वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया जाएगा। वन विभाग, वन विकास निगम तथा अन्य एजेंसियाँ भी इसमें भाग लेंगी। साथ ही मनरेगा, जल शक्ति अभियान, स्वच्छ भारत मिशन, स्मार्ट सिटी मिशन तथा ग्रीन हाईवे मिशन जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों को इस अभियान से जोड़ा जाएगा। प्राथमिकता के क्षेत्र में विद्यालय परिसरों, तीर्थ स्थलों, पार्कों, ग्रीन बेल्ट, नदी-नालों, नहरों, अमृत सरोवर, व प्रमुख सड़कों के किनारों को शामिल किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को भी वृक्षारोपण में भागीदार बनाया जाएगा। सभी गतिविधियों का अभिलेखीकरण कर च्व्र्क्चह्लह्वह्यह्नश्वज्ज पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा वृक्षारोपण से जुड़ी जानकारी इको क्लब माइक्रोसाइट और डोजेल पोर्टल पर दर्ज की जाएगी। इसके अलावा कलेक्टर ने 10 एकड़ भूमि पर वृक्षारोपण हेतु चिन्हांकन, पौधों की प्रजातियों का चयन, नर्सरी की तैयारी, और किचन गार्डन व बाड़ी के विकास पर भी विशेष ध्यान देने को कहा।

**राज्यपाल रमन डेका इस दिन अपने द्वारा गोद लिए गए ग्राम मारवाडीह में वृक्षारोपण करेंगे**

## पूर्व विधायक सुश्री शकुंतला साहू की माता जी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व रामसुंदर दास जी



**पलारी,** 3 जून (देशबन्धु)। विधानसभा कसडोल के पूर्व विधायक सुश्री शकुंतला साहू की माता लीला देवी साहू की बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया था। श्रद्धांजलि देने के लिए आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज डॉ महन्त रामसुन्दर दास जी निज -निवास रसौटा पहुंचे, छाया चित्र पर साल पुष्प अर्पित कर परिवार को सांत्वना प्रदान किये। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पूर्व जनपद अध्यक्ष खिलेंद्र वर्मा, हरि शंकर साहू, पार्षद भूषण ठेठवार, संवाददाता रज्जाक खान, कुर्मी समाजके राजप्रधान रामखिलावन वर्मा, निर्मल दास वैष्णव, पूर्व रजक बोर्ड अध्यक्ष लोकेश कन्नौजे, युवा नेता सुमित तिवारी, लाला वर्मा, हर्ष दुबे, किसान नेता शुकालू यादव, उमाकांत वर्मा, ललित वर्मा नेमीचंद साहू, उत्तम साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

## अघोषित विद्युत कटौती से जनता परेशान : भुवनेश्वर वर्मा

**पलारी,** 3 जून (देशबन्धु)। ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भुवनेश्वर वर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल सुहेला कनिष्ठ यंत्री को ज्ञापन सौपते हुऐ कहा कि एक तरफ छत्तीस गढ में सरप्लस बिजली है जिसे दूसरे राज्यो को बेचा जा रहा है वही दूसरी तरफ सुहेला हिरमी अंचल सहित पुरे ब्लाक मे हमेशा अघोषित विद्युत कटौती किया जा रहा है एक तरफ राज्य की साय सरकार सुशासन तिहार के रूप में त्योहार मना रही है दूसरी तरफ बिजली की आंख मिचौली से जनता परेशान है। जिला कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. अयाज अहमद फारूकी ने कहा कि हिरमी मे सब स्टेशन होने के बाद भी थोडी से हवा, पानी बदली आने पर बिजली गुल हो जाती हैं सब स्टेशन बनने से पहले कहा गया था कि हिरमी को इसका लाभ मिलेगा और लाईन बंद नही होगी यहां के लिए अलग से लाईन दिया जायेगा मगर सब स्टेशन बनने के बाद लोग ठगा महसूस कर रहे हैं कभी विद्युत कटौती के नाम पर कभी थोड़ी सी हवा पानी चलने पर विद्युत घंटो बंद रहती है जिससे गांव के लोगों में खास कर युवा वर्ग भारी आक्रोश व्याप्त है कलार समाज मंडलेश्वर प्रेम लाल सिन्हा ने कहा कि आजकल मीटर रीडिंग मे गडबडी और बेतहाशा बिजली बिल से लोग परेशान है सुहेला जनपद सदस्य भानु वर्मा ने कहा कि भाजपा सुशासन तिहार कर जनता के जले मे नमक छिडकने का काम कर रही है बिजली कटौती से सभी लोग परेशान है आखिर सरपलस बिजली के बाद भी अघोषित कटौती क्यो कि जा रही है



कनिष्ठ यंत्री सुहेला मनोज साहू ने कहा कि मौसम की वजह से इस समय थोडी परेशानी बढ जाती है हम लोग समय समय पर मेंटनेनश करते रहते हैं अगर कही भी परेशानी हो तो हमे तत्काल सुचित करें हमे जल्द से जल्द सुधारने की कोशिश करेगे। प्रतिनिधि मंडल में रवि अनंत ,तिमिर उपाध्याय , हिरमी उपसरपंच प्रेमानंद जायसवाल हरिश वर्मा संतोष चंद्राकार पिकेश जायसवाल दुष्यंत जोशी सहित लोग उपस्थित थे।

## निधन

### जेके पाण्डे

**नवापारा राजिम,** 3 जून।



समीपस्थ ग्राम पारागांव निवासी हरि हर हाईस्कूल के सेवानिवृत्त व्याख्याता जेके पाण्डेय 86 वर्ष का आकस्मिक निधन सोमवार शाम को हो गया। जिनकी अंत्येष्ठी आज मंगलवार को स्थानीय मुक्तिधाम में की गई। वे संतोष पाण्डेय स्व..राकेश पाण्डेय के पिता, शुभम, रजत पांडे के दादा थे।

### मेघराज रूपरेला

**महासमुंद,** 3 जून। स्थानीय महामाया पारा निवासी मेघराज रूपरेला 58 वर्ष का मंगलवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे जतिन रूपरेला के पिता व मनीष, दिनेश, दीपक, अभिषेक रुपरेला के चाचा थे।



### श्रीमती शांतिबाई लुनिया

**महासमुंद,** 3 जून। स्थानीय



गांधी चौक निवासी श्रीमती शांतिबाई लुनिया 75 वर्ष का 3 जून को निधन हो गया। अंतिम संस्कार भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे नरेंद्र लुनिया की धर्मपत्नी, अशोक लुनिया की भाभी, अजय, कमल, मुकेश, अभिषेक, अखिलेश, अंकित लुनिया की बडी मां एवं हर्ष भंसाली की नानी थी।

## प्रादेशिकी का शेष...

### कांग्रेस एवं भाजपा के....

अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल उनके निज निवास रसौटा पहुंचे। जहां स्व लीला देवी साहू को पुष्पाँजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा इस दुख की घड़ी मे शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए ढांढस बंधाया। इस अवसर उनके साथ पूर्व नगर पँचायत अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा, मँडल अध्यक्ष पवन वर्मा,पूर्व मँडल अध्यक्ष नँद वर्मा, मँडल अध्यक्ष दक्षिण मिथलेश मुकेश साहू, मुकेश साहू, मनोज वर्मा कृपाराम साहू सहित मँडल पलारी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मोर गांव मोर पानी अभियान...

स्वास्थ्य केन्द्रां, पंचायतों, छात्रावासों और स्कूलों में सोख्ता गड्ढा अनिवार्य रूप से बनाने के निर्देश दिए हैं। बरसात को ध्यान में रखते हुए पीएचई विभाग को पेयजल टंकियों में क्लोरिनेशन और स्वच्छता सुनिश्चित करने तथा पाइप लाइन में किसी भी प्रकार की लीकेज न हो, इसका प्रमाण पत्र जमा करने को कहा गया। इस दौरान पीएचई विभाग द्वारा बताया गया कि स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों और खेतों के समीप स्थित खुले बोरवेलों को चिन्हित कर बंद कराया जा रहा है।

### आर्थिक स्वालंबन के लिए...

वितरण के अवसर पर पार्षद हरजीत सिंह सलूजा, व शशिभूषण शुक्ला महिला स्व-सहायता समूह की रुखसाना बेगम, शशि यादव, हसीना बेगम, अमीर दीवान, राधिका पटेल, प्रीति यादव, संतोषी पैकरा, प्रमिला यादव तीज बाई, कशीमा सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थी।

### भारतीय भाषा समर...

चित्रकला और रसोइया श्रीमती हेमा कहार द्वारा उड़िया में मसालों सब्जियों व स्थानीय व्यंजनों के नाम बताए गए। पंचम दिवस सेवानिवृत शिक्षक भगतराम साहू,शिक्षिका सरल चंद्राकर एवं श्रीमती कुलेश्वरी चंद्राकर द्वारा देश की संस्कृति, स्वतंत्रता सेनानानियों,स्थानीय नायकों के बारे में जानकारियां दी गई। छठवें दिवस शिक्षिका श्रीमती खेमिन साहू द्वारा बच्चों को भूगोल इतिहास ऐतिहासिक स्थलों और नक्शे के संकेतों को पहचनाना बताया गया। अंतिम दिवस पर बच्चों के साथ प्रेरणा गीत गाया । शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती जांगड़े, रविकांत चंद्राकर एवं संकुल समन्वयक बेमचा टाकेश्वर साहू द्वारा पुरस्कार वितरण करते हुए कहा गया कि बच्चों की प्रतिभा को निखारने एवं उनके कौशलों को विकसित करने में समर कैंप बहुत ही लाभदायक व रोचक रहा। बच्चों व शिक्षकों ने इसमें बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

## आंगनबाड़ी केंद्र का सरपंच व जनपद सदस्य ने किया शुभारंभ



**सिमगा,** 3 जून (देशबन्धु)। कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 4 का शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया था । जहां ग्राम के सरपंच कमलेश साहू एवं जनपद सदस्य सुरेश साहू ने मिलकर नवीन आंगनबाड़ी केंद्र का फीता काटकर शुभारंभ किया । सरपंच कमलेश साहू ने बताया कि ग्राम के बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र का लाभ मिल सके इस उद्देश्य को लेकर ग्राम के पूर्व उप सरपंच रामेश्वर साहू के अथक प्रयास एवं पूर्व विधायक व भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के विशेष सहयोग से नवीन आंगनबाड़ी केंद्र का शुभारंभ हुआ है । जहां ग्राम के बच्चों को इसका लाभ मिलेगा ।

इस अवसर पर सेक्टर प्रभारी ग्राम के वरिष्ठ नागरिक जीवनलाल साहू ग्राम के पंचगण तथा महिलाएं भी बड़ी संख्या में उपस्थित थीं।

# मुसवाडीह में साहू समाज ने भक्त माता कर्मा जयंती बड़े उत्साह व श्रद्धा के साथ मनाई

**सिमगा,** 3 जून (देशबन्धु)। ग्राम मुसवाडीह में साहू समाज के द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती बड़े उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक इन्द्र साव उपस्थित हुए। आज प्रात: से भक्त मां कर्मा के मंदिर में ग्रामवासियों द्वारा पूजा अर्चना की गई एवं शाम में महिलाओं एवं बच्चियों के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई जिसमें विधायक इन्द्र साव भी शामिल हुए पश्चात मंदिर चौक में सभी ग्रामीण एवं साहू समाज के द्वारा विधायक इन्द्र साव का स्वागत किया गया इस अवसर पर विधायक साव ने भक्त माता कर्मा की जयंती की बधाई दी माता कर्मा से समस्त छत्तीसगढ़ियों के जीवन में सुख समृद्धि और शांति की कामना करते हुए कहा की भक्त माता कर्मा का जीवन सेवा, भक्ति ,त्याग और परोपकार की अनुपम मिसाल है वे भगवान श्री कृष्ण की अनन्य भक्त थी और उनके आदर्श आज भी जनमानस को प्रेरणा देता है उन्होंने समाज के लोगों को कहा कि मुझे आज आपके बीच में कार्य करने का जो अवसर मिला है वो माता का आशीर्वाद है जो आज विधायक के रूप में आपकी सेवा कर रहा हूं छत्तीसगढ़ में हमारे पूर्वज मितान की परंपरा को निभाते हुए सामाजिक समरसता बनाए हुए थे मितान बनाने की यह संस्कृति विलुप्त हो रही है आज भाई-भाई के बीच जो विवाद चल रहे हैं उनसे समाज का नुकसान हो रहा है हमें वही पुराना भाईचारा समाज में फिर से लाना है और खासकर युवाओं को नशे से दूर रहते हुए सामाजिक उत्थान एवं शिक्षा के क्षेत्र में बढ़-चढ़कर अपनी योग्यता को प्रदर्शित करना है ताकि समाज के सुधार में एक नई क्रांति आ सके सरपंच कमलेश यदु की मांग पर साव ने मंदिर चौक में हाई मस्ट लाइट और गांव के लिए अलग से ट्रांसफार्मर लगाने की घोषणा की इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने कहा संत माता कर्मा केवल साहू समाज के लिए नहीं बल्कि संपूर्ण मानव समाज के लिए एक आदर्श है उनकी भक्ति,सेवा समर्पण की भावना को हमें अपने जीवन में उतरना चाहिए समाज में एकता, सद्भावना और समर्पण की भावना बनाए रखने के लिए उनके आदर्शों को आत्मसात करना आवश्यक है इस अवसर पर ग्राम के सरपंच कमलेश यदु सत्यजीत शेंडे समय लाल साहू केवल साहू नारायण बंजारे,प्रभू यदू,रतिराज साहू त्रिलोचन देवांगन ओंकार साहू आदि ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# गहवई कूर्मि समाज ने किया मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**भाटापारा,** 3 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ गहवई कूर्मि क्षत्रिय समाज ने प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया कार्यक्रम का अयोजन केशरवानी भवन के पास लिंक रोड स्थित छत्तीसगढ़ गहवई कूर्मि क्षत्रिय समाज के सामाजिक भवन में हुआ, अतिथियों द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया,

कार्यक्रम में समाज के लगभग 160 छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रतिभावान विद्यार्थी अभिभावकों एवं सामाजिक जनों की उपस्थिति रहा, इस सत्र में सामाजिक स्तरीय टॉप टेन(प्राविन्य सूची) में सम्मिलित बच्चों के नामो की घोषणा कार्यक्रम में किया गया इसके अंतर्गत हाई स्कूल सर्टीफिकेट परीक्षा में कु.गामनी वर्मा 93.83%, कु.माही वर्मा 93%, कु. मुस्कान वर्मा 91.83%, कु.ज्योति वर्मा 89%, आर्यन वर्मा 87%, कु.जया वर्मा 86.67%, कोमल वर्मा 86%, कु.अंजली वर्मा 85.5%, कु.मांडवी वर्मा 83.5%, अंक प्राप्त किए!

इसी तरह हायर सेकण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में कु.निशा वर्मा 90%, कु. नेहा वर्मा 89%, कु.अंजली वर्मा 82.2%, कु.नेहा वर्मा 81.2%, कु.प्रीति वर्मा 81%, कु. आयुषी वर्मा 79.4%, कु.निधि वर्मा 79%, कु.रजनी देवी 78.6%, कु.रुबी वर्मा 78.4% कु डिकेश्वरी वर्मा 77.8% अंक प्राप्त किए,

प्रतिभावान विद्यर्थियों को अतिथिगणों द्वारा प्रशस्तिपत्र, मेडल एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया!

कार्यक्रम में प्रतिभावान विद्यर्थियों को उनके करियर निर्माण कर निर्धारित लक्ष्यो को प्राप्त करने के लिए समाज के शिक्षक श्री हरीश वर्मा, श्री पवन वर्मा श्री नोखेलाल वर्मा श्री अशोक कौशिक द्वारा केरियर गाइडेंस सम्बन्धी जानकारी दिए,



प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए समाज के केन्दीय अध्यक्ष श्री देवचरण वर्मा ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को अपनी क्षमता को पहचानकर आगे बढ़ने हेतु आ अभिप्रेरित किया उन्होने सभी विद्यर्थियों को बधाई एवं शुभकामनाए प्रेषित कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

इसी कड़ी में समाज के सलाहकार श्री उतरा कुमार ने अपने सम्बोधन में बालिकाओं की सफलता की तरह बालकों को भी शिक्षा के प्रति आगे आने की बात कही गई, उन्होंने कहा कि इस तरह की सम्मान से बच्चों का मनोबल बढ़ता है,

कार्यक्रम में समाज के केंद्रीय पदाधिकारी, प्रबंधन समिति के सदस्यों, राजप्रधानो, राजसचिवों ग्रामप्रमुखों के साथ विद्यार्थियों व अभिभावकों गरिमामय उपस्थिति रहा, कार्यक्रम का संचालन समाज के केंद्रीय सचिव श्री दिनेश वर्मा के किया

इस समारोह में प्रमुखरूप से पुनीत वर्मा, खुमान वर्मा,मोतीलाल वर्मा, रामगोपाल वर्मा दीपक कौशिक कृष्णकुमार वर्मा पवन वर्मा, मनोज वर्मा, रामनरायण वर्मा, रेखा वर्मा सुमित्रा वर्मा हिमित वर्मा संजू वर्मा जितेंद्र वर्मा रमेश वर्मा मालिक राम वर्मा रामावतार वर्मा मनहरण वर्मा भुनेश्वर वर्मा गयाराम वर्मा इत्यादि उपस्थिति रहें।

उक्त जानकारी समाज के केंद्रीय उपाध्यक्ष सुरेश कुमार देते हुए उपस्थित समाजिकजनों के प्रति आभार जताया।

# बरसात को देखते हुए खपरैल मरम्मत के कार्य में जुटे ग्रामीण

**राजिम बकली,** 3 जून (देशबन्धु)। बरसात पूर्व खपरैल की मरम्मत कर रहे ग्रामीण अंचल में बरसात को देखते हुए खपरैल मरम्मत के कार्य में ग्रामीण जुट गए हैं। ताकि उनका मिट्टी का आशियाना सुरक्षित रहे। खपरैल मरम्मत कर रहे ग्राम बकली के ग्रामीण ने विष्णु साहू तुलसी यदु ने बताया कि बंदरों की जमात उत्पात मचाकर खपरैल को अत्यधिक नुकसान पहुंचाते हैं जिसके मरम्मत में अत्यधिक धन खर्च हो जाता है। महंगाई में घर बनाना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि शासन की योजना पीएम आवास के लिए आवेदन दिया गया है स्वीकृति मिला तो थोड़ी आर्थिक मदद हो जायेगी।



# महिला के ईलाज हेतु एक लाख की आर्थिक सहायता प्रदाय किया गया

**बलौदाबाजार,** 3 जून (देशबन्धु)। गरीब व ईलाज कराने में अक्षम के ईलाज हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान किए जाने के अंतर्गत नगर के वार्ड क्रमांक 3 इंदिरा कॉलोनी की पीड़ित महिला के इलाज हेतु 100000 की राशि स्वीकृत की गयी। मुख्यमंत्री सहायता कोष से राशि प्रदाय हेतु केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा की अनुशंसा पर जो पीड़ित व्यक्ति ईलाज करा पानें में सक्षम नहीं है, ऐसे गरीब परिवार को सहयोग प्रदाय करने में कोई कमी नहीं की जाती, इसी के अंतर्गत नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के प्रयास से शानू रंजन पति इब्राहिम रंजन की सड़क दुर्घटना में रीड की हड्डी में तकलीफएवं बिस्तर से उठ नहीं पाने के कारण इलाज हेतु घर पहुंच कर एक लाख का चेक प्रदाय किया गया। इसके साथ ही कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा अति संवेदनशील एवं सेवा कार्य के परिचायक भी हैं, कोई भी पीड़ित मरीज या इलाज करने में सक्षम नहीं होने वाले व्यक्ति व परिवार को रायपुर से साधन उपलब्ध करा कर अस्पताल तक ईलाज हेतु लेकर जाने वह अन्य कार्यों में सहयोग प्रदान करने की व्यवस्था भी रखी गई है, घर पहुंच कर वार्ड क्रमांक 3 की पीड़िता को राशि उपलब्ध कराए जाने के दौरान वार्ड पार्षद श्रीमती रेखा पोषण पटेल, कन्हैया सेन, योगेश अग्रवाल, गुरुदत्त तिवारी सहित अन्य मोहल्ले वासी उपस्थित थे।



# ग्राम पंचायत ताराशिव के गौठान को गोद लिया

**बाबा बैदनाथ इस्पात लिमिटेड गैतरा द्वारा गौ सेवा का लिया संकल्प**

**तिल्दा नेवर,** 3 जून (देशबन्धु)। बाबा बैदनाथ इस्पात लिमिटेड गैतरा द्वारा एक सराहनीय कार्य किया गया है जिसकी प्रसंसा सर्वत्र की जा रही है कंपनी प्रबंधन द्वारा ग्राम पंचायत ताराशिव के सरपंच श्रीमती पूर्णिमा मनीष वर्मा की पहल पर बंद पड़े गौठान को पुन: चालू किया गया है गौ माताओं की रक्षा के लिए वर्तमान में दस लाख रूपये की लागत से सेड निर्माण करवाया गया है जिसका शुभारम्भ ग्राम पंचायत ताराशिव के जनप्रतिनधियों एवं ग्रामीणों द्वारा विधिवत पूजन कर किया गया।

आपको बता दे की वर्तमान समय में मवेशियों की वजह से हादसों की संख्या बढ़ गई है वही मवेशियों द्वारा फसलों को भी नुकसान पहुंचाया जाता है जिसे देखते हुए ताराशिव पंचायत द्वारा बाबा बैदनाथ इस्पात लिमिटेड गैतरा से सहयोग लेकर गौठान को पुन: चालू किया गया हैजिसमे रखे जाने वाले मवेशियों के रख रखाव ,चारा पानी ,चिकित्सा जैसे होने वाले सभी खर्चो का वहन कम्पनी प्रबंधन द्वारा किया जायेगा। गौ माता पूजा एवं गौठान रखरखाव के आयोजित इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के पुरोहित मुकेश शर्मा द्वारा गौरी गणेश एवं गौ माता का पूजा किया गया जिसमें प्रथम नागरिक श्रीमती पूर्णिमा मनीष वर्मा सरपंच, हेमंत वर्मा उपसरपंच , पंचगण विद्या वर्मा , मैना वर्मा , हेमलता साहू , उषा साहू , भानुमति वर्मा , एवं गांव के वरिष्ठ नागरिक संतराम वर्मा बलराम वर्मा, मदन वर्मा एवं, सरपंच रोशन यादव गौरखेड़ा ,चिचोली पूर्व सरपंच राज कुमार ठाकुर, गैतरा सरपंच दूरपति चंद्रवंशी रायखेड़ा सरपंच दिनेश वर्मा ,रजिया सरपंच योगेन्द्र साहू एवं ,ग्राम पंचायत ताराशिव के जनप्रतिनिधिगण और ग्रामीणजन उपस्थित रहे



टिकेश्वर सोनू मनहरे /अध्यक्ष जनपद पंचायत तिल्दा ने कहा की बाबा बैदनाथ इस्पात लिमिटेड गैतरा द्वारा सराहनीय पहल किया जा रहा है गौ माता की सेवा करना एक नेक कार्य है।

मनीष वर्मा /सरपंच प्रतिनिधि ग्राम ताराशिव ने कहा की बाबा बैदनाथ इस्पात लिमिटेड गैतरा द्वारा जो हमारे पंचायत के गौठान के रखरखाव और देखभाल की जिम्मेदारी ली गई है उसमे पंचायत द्वारा हर संभव सहयोग किया जायेगा।

# पात्र हितग्राहियों को आवास प्रमाण पत्रों का वितरण

**भाटापारा,** 3 जून (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद भाटापारा में आज प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को आवास प्रमाण पत्रों का वितरण समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष माननीय श्री शिवरतन शर्मा जी एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा जी उपस्थित रहे।

यह योजना उन लाखों नागरिकों के लिए आशा की किरण बनी है, जिन्होंने वर्षों से एक पक्के और सुरक्षित घर का सपना संजो रखा था। आज के आयोजन के माध्यम से भाटापारा नगर के अनेक जरूरतमंद परिवारों को वह सपना साकार करने का अवसर प्राप्त हुआ, जो केवल योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और जनप्रतिनिधियों की प्रतिबद्धता से संभव हो पाया है।

कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों में गहरी प्रसन्नता और उत्साह देखने को मिला। प्रमाण पत्र प्राप्त करते समय उनके चेहरे पर दिखाई देने वाली आत्मविश्वास भरी मुस्कान इस योजना की सफलता का जीवंत प्रमाण थी। यह केवल एक घर नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, सामाजिक सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नगर पालिका परिषद भाटापारा द्वारा इस योजना को पारदर्शिता एवं प्राथमिकता के साथ लागू किया जा रहा है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी पात्र परिवार वंचित न रह जाए।



शिवरतन शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना आज देश के हर उस नागरिक के जीवन में उजाला ला रही है, जो वर्षों से अपने सिर पर एक पक्की छत का सपना देख रहा था। यह योजना केवल ईंट और सीमेंट का घर नहीं, बल्कि सम्मान और आत्मनिर्भरता की नींव है।

अश्वनी शर्मा जी, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद भाटापारा ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि भाटापारा के प्रत्येक पात्र हितग्राही तक इस योजना का लाभ नियमानुसार और समयबद्ध रूप से पहुँचे। नगर पालिका की पूरी टीम इसके लिए संकल्पबद्ध है। आने वाले समय में और अधिक परिवारों को इसका लाभ दिलाने का प्रयास जारी रहेगा।

# वरिष्ठजनों की उपस्थिति में मनाया जा रहा चावल उत्सव

**हितग्राहियों को मिला तीन माह का एकमुश्त चावल**

**बलौदाबाजार,** 3 जून (देशबन्धु)। राज्य शासन द्वारा राशनकार्डधारी परिवारों को जून, जुलाई और अगस्त का चावल एक साथ प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। इस विशेष अवसर पर राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 1 से 7 जून तक चावल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत लकड़िया, कुकदा, सैहा उचित मूल्य दुकान में वरिष्ठजनों के उपस्थिति में चावल उत्सव मनाया गया। सभी पात्र हितग्राहियो को तीन महीने का चावल दिया गया। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार बरसात के मौसम में हितग्राहियो को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्यनसे बरसात पूर्व तीन माह का चावल एक मुश्त देने का निर्णय लिया है। चावल उत्सव के दौरान सम्बधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी हितग्राहियों को सुगमता से चावल वितरित करने के लिए विशेष प्रयास करेंगे।



इस अवसर पर हितग्राहियों को अपने नजदीकी राशन दुकान पर जाकर चावल प्राप्त करने का आग्रह किया जा रहा है।

# मौसमी बीमारियों से निपटने अस्पतालों में हो पुख्ता इंतजाम : कलेक्टर



**समितियों में खाद बीज का पर्याप्त भण्डारण के निर्देश**

**बलौदाबाजार,** 3 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनो ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में समय -सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने आगामी बारिश के मौसम में आम तौर पर होने वाले मौसमी बीमारियों से निपटने के लिए सभी अस्पतालों में पर्याप्त दवाई सहित अन्य आवश्यक इंतजाम दुरुस्त रखने तथा अलर्ट रहने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिये।

कलेक्टर ने कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्रों में भी सभी जरुरी व्यवस्थाएं हो तथा मैदानी अमलों को सक्रिय करें। मितानिनो की दवा पेटी में निर्धारित दवाईयां उपलब्ध हो। उन्होने कहा कि स्वास्थ्य विभाग कॉम्बैट टीम को भी अलर्ट रखें ताकि जरुरत के मुताबिक तत्काल स्थल पर आवश्यक सेवाएं प्रदान की जा सके। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को सभी पानी टांकियों की सफाई एवं वाटर टेस्टिंग कराने के निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट रुप से निर्देश दिये कि पेयजल के कारण कहीं बीमारी फैलती है तो पीएचई के अधिकारी पर कार्यवाही होगी। उन्होंने बरसात में नदी-नालों में बाढ़ से निपटने के लिए बाढ़ आपदा नियंत्रण टीम को भी अलर्ट रहने कहा है। इसके साथ ही जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को बाढ़ की सूचना तत्काल देने के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री सोनी ने कृषि विभाग के अधिकारियों को खरीफ सीजन हेतु सभी समितियों में खाद व बीज का पर्याप्त भण्डारण सुनिश्चित कराने के निर्देशित दिये ताकि किसानों को उर्वरक व बीज लेने में कोई दिक्कत न हो। उन्होंने कहा कि जिन समितियों में मांग ज्यादा है वहां प्राथमिकता से भण्डारण कराएं। कलेक्टर ने जिले में अकाशीय बिजली गिरने की अधिक घटनाओं को दृष्टगत रखते हुए ग्रामीणों को दामिनी एप्प डाउनलोड कराने तथा बचाव के उपाय की जानकारी देने कहा। इसके साथ ही पीएम आवासों में ताड़ित चालक या अर्थिंग प्लेट लगाने लोगों को प्रोत्साहित करने कहा। उन्होंने आगामी 16 जून से प्रारम्भ हो रहे स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव मनाने तथा लंबित जाति प्रमाण पत्र के आवेदनों का निराकरण करने कहा। उन्होंने आरबीसी 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा के मई माह में प्राप्त सभी प्रकरणों का निराकरण एक सप्ताह में पूरा करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने आगामी 15 से 30 जून तक जिले के 46 जनजाति बाहुल्य ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले धरती आबा अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि चयनित ग्राम पंचायतों में सभी योजनाओं का संतृप्तिकरण करना है। पहले योजनाओं से छूटे हुए व्यक्तियों का चिन्हांकन करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गोते, मिथलेश डोंडे सहित एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता लोगों के लिए मिसाल : पं.हरीश दुबे

**कटगी/बलौदाबाजार,** 3 जून (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत रामपुर (कटगी) में देवांगन परिवार द्वारा चल रहे श्रीमद् भागवत गीता पुराण के सातवें दिवस आचार्य पं. श्री हरीश दुबे ने सुदामा और श्री कृष्ण के चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि दोनो की मित्रता जगत के लोगों के लिए एक अनूठा उदाहरण है जहां एक दरिद्र ब्राम्हण और एक राजा के बीच की अटूट मित्रता दिखाई दी। उन्होंने बताया कि सुदामा संकोच के साथ द्वारिका पहुंचे परंतु जब श्री कृष्ण को अपने बाल सखा सुदामा के आने की खबर मिली तो वे नंगे पांव ही अपने मित्र के स्वागत हेतु दौड़ पड़े उन्हें आदर सत्कार के साथ अपने महल के अन्दर लेकर आये अपने बाल सखा सुदामा को दीन हीन, फटे पुराने वस्त्रों एवं उनके पैर में चुभे कांटों को देखकर कृष्ण रो पड़े एवं अपनी अश्रुओं की धारा से सुदामा के पैर धोये। कृष्ण के लिए भेंट हेतु लाए गए कंकड़ युक्त चांवल को देखकर कृष्ण ने उनसे पोटली छीन ली और उस कंकड़ युक्त चांवल को प्रेम पूर्वक बड़े ही चाव से खाने लगे। पहले कौर के साथ ही कृष्ण ने सुदामा को पहला लोक दूसरे कौर पर दूसरा लोक दान में दे दिया। अपने मित्र के कहने पर तो उन्होंने सुदामा के गांव के सभी घरों को सोने का महल बना दिया किन्तु आज ऐसे भी उदाहरण है जब एक मित्र अपने दूसरे मित्र की दयनीय स्थिति को देखकर उससे किनारा कर लेता है।



आज के कथा में उपस्थित हुए श्रद्धालुओं में शरद देवांगन, विरेन्द्र देवांगन, जितेन्द्र देवांगन, हेमलाल देवांगन, प्रमोद देवांगन, दिनेश देवांगन, गनपत देवांगन, पोतराम कैवर्य, संतोष देवांगन, शंकर कैवर्य, शिव नारायण, रामनारायण देवांगन आदि शामिल हुए।

# सूरमाल परिक्षेत्र क्र. 03 साहू समाज के सामुदायिक भवन का लोकार्पण

**विधायक द्वारिकाधीश यादव रहे मुख्य अतिथि**

**बागबाहरा,** 3 जून (देशबन्धु)। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कसेकेरा में साहू समाज के नव निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण समारोह मंगलवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव उपस्थित रहे। अध्यक्षता साहू समाज के जिला अध्यक्ष धरमदास साहू ने की, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में भेखलाल साहू,खेमराज साहू,देवेश साहू ,प्रेशम साहू,पोखराज साहू,हेमंत साहू, हरिशंकर यादव , राकेश साहू व बिंदेश्वरी यादव शामिल हुए।



समारोह की शुरुआत समाज की आराध्य देवी माता कर्मा की पूजा-अर्चना से हुई। इसके पश्चात अतिथियों के करकमलों से सामुदायिक भवन का विधिवत लोकार्पण किया गया। अपने उद्बोधन में विधायक यादव ने साहू समाज के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला।

बता दे इस भवन निर्माण हेतु विधायक निधि से 10 लाख रुपये की सहायता दी गई थी। श्री यादव ने कहा कि यह भवन समाज के सामूहिक आयोजनों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं सामाजिक एकजुटता का केन्द्र बनेगा। इस अवसर पर साहू समाज के विभिन्न परिक्षेत्रों से पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# उपभोक्ता आयोग ने किसान को दिलाया फसल बीमा क्षतिपूर्ति राशि

**बलौदाबाजार,** 3 जून (देशबन्धु)। फसल बीमा क्षतिपूर्ति की ब्याज सहित राशि एवं अन्य व्यय प्रदाय करने बीमा कम्पनी एवं बैंक को सेवा में दोषी मानते हुए जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार ने आदेश पारित किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक किसान जंग बहादूर सिंह द्वारा वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री फसल बीमा हेतु पंजीयन कराया था। उसके खाते से पैसा काटा गया था परन्तु किसान को फसल बीमा की राशि भुगतान नहीं की गई। कृषि खरीफ फसल धान में जो फसल बीमा काटा था उसमें ग्राम का पता ग्राम पंचायत अल्दा के स्थान पर पोर्टल में ग्राम बुड़गहन, तहसील तिल्दा दर्ज कर दिया गया। आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में शिकायत प्रस्तुत किया गया। आयोग के अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल, सदस्य हरजीत चावला एवं शारदा सोनी ने उभय पक्ष की सुनवाई पश्चात् इस मामले में बैंक एवं बीमा कम्पनी को सेवा में कमी का दोषी मानते हुये यूनाईटेड इंडिया इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड़ को बीमा क्षतिपूर्ति की राशि 1,57,182 रुपये तथा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ग्राम नेवरा को मानसिक एवं आर्थिक क्षति के रूप में 10000 रू. एवं वाद व्यय के रूप में 5000 रूपये तथा उस पर दावा प्रस्तुति दिनांक से अदायगी दिनांक तक छ: प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज आदेश दिनांक से 45 दिन के भीतर प्रदाय किये जाने का निर्णय सुनाया है।